सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 20 फरवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 50, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 1236 अंकों की गिरावट

अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव से सेंसेक्स तीन सत्रों से जारी तेजी पर विराम लगाते हुए 1,236.11 अंक टूटकर 82,498.14 अंक पर बंद हुआ। } 14

## हमारा संकल्प समावेशी व जिम्मेदार एआई को बढ़ावा देना : वैष्णव

केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विभिन्न नीतिगत मुद्दों के समर्थन में वास्तविक दुनिया में एआई के उपयोग की समझ बढ़ाने तथा बहुभाषी और संदर्भ-आधारित मूल्यांकन को मजबूत करने का संकल्प किया है। } 16



# एआई विजन पर आगे बढ़ रहा यूपी : योगी

## युवाओं के कौशल विकास व किसानों और स्मार्ट गवर्नेंस तक कर रहा मदद

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंडिया एआई इंपैक्ट समिट 2026 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत मानव-केंद्रित, जिम्मेदार और पारदर्शी एआई विजन को ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश इस दृष्टि को धरातल पर उतारने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का एम.एन.ए.वी. की भावना पर आधारित एआई का विचार न केवल तकनीकी प्रगति, बल्कि नैतिक, समावेशी और जवाबदेह नवाचार का मार्ग प्रशस्त करता है।

मुख्यमंत्री ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा कि इसी प्रेरणा से उत्तर प्रदेश में देश की पहली एआई सिटी लखनऊ में विकसित की जा रही है, जो विश्वस्तरीय नवाचार और प्रौद्योगिकी अनुसंधान का केंद्र बनेगी। साथ ही उन्नाव में देश के पहले एआई-समर्थित बहुविषयक विश्वविद्यालय का शुभारंभ किया गया है, जिसका उद्देश्य भविष्य के लिए तैयार



मानव संसाधन विकसित करना है। उन्होंने बताया कि एआई प्रज्ञा पहल के माध्यम से दस लाख से अधिक युवाओं को अत्याधुनिक तकनीकी कौशल से लैस किया जा रहा है, ताकि वे ...शेष पृष्ठ 14 पर

### 600 किमी रफ्तार वाली ट्रेन में सफर करेंगे योगी

लखनऊ। जापान की अत्याधुनिक मैग्लेव (मैग्नेटिक लेविटेशन) ट्रेन, जो चुंबकीय शक्ति के सहारे पटरी से ऊपर हवा में तैरते हुए चलती है, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जापान दौरे का विशेष आकर्षण बनने जा रही है। मुख्यमंत्री अपने जापान प्रवास के दौरान इस हाईस्पीड ट्रेन में 100 किलोमीटर की परीक्षण यात्रा करेंगे जिसमें 50 किलोमीटर जाना और 50 किलोमीटर की वापसी होगी। मैग्लेव ट्रेन को आधुनिक परिवहन का भविष्य माना जा रहा है। चुंबकीय तकनीक के कारण ट्रेन और ट्रैक के बीच प्रत्यक्ष संपर्क समाप्त हो जाता है, जिससे घर्षण लगभग शून्य हो जाता है। यही कारण है कि यह ट्रेन 600 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की गति हासिल करने में सक्षम है। जापान टोक्यो से नागोया के बीच मैग्लेव कॉरिडोर को वर्ष ...शेष पृष्ठ 14 पर

# पूरे देश में एसआईआर करायेगा चुनाव आयोग

## 22 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में अप्रैल तक शुरू की जायेगी प्रक्रिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से संबंधित तैयारी का काम जल्द से जल्द पूरा करने को कहा है, क्योंकि इस प्रक्रिया के अप्रैल से शुरू किये जाने के आसार हैं। एक बार यह प्रक्रिया पूरी हो जाने पर सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) इसके दायरे में आ जाएंगे।

आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, चंडीगढ़, दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, लद्दाख, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, दिल्ली, ओडिशा, पंजाब, सिक्किम, त्रिपुरा, तेलंगाना और उत्तराखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को लिखे पत्र में निर्वाचन आयोग ने कहा कि मतदाता सूची के अखिल भारतीय एसआईआर का आदेश पिछले साल जून में दिया गया था। बिहार में एसआईआर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और



नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में यह अभी जारी है। असम में एसआईआर के बजाय विशेष पुनरीक्षण 10 फरवरी को पूरा हो गया था। यह चुनाव आयोग की एक प्रक्रिया है। इसमें घर-घर जाकर लोगों से फॉर्म भरवाकर वोटर लिस्ट अपडेट की जाती है। 18 साल से ज्यादा के नए वोटरों को जोड़ा जाता है। ऐसे लोग जिनकी मौत हो चुकी है या जो दूसरी जगह शिफ्ट हो चुके हैं, उनके नाम हटाए जाते हैं।

### संक्षेप

#### कार डूबने से पति पत्नी व पुत्र की मौत

भरथना, इटावा। कस्बा के मुहल्ला मोतीगंज निवासी डालडा व्यापारी राजीव गुप्ता उर्फ कल्लन 60 वर्ष पुत्र स्व. रामकिशोर उर्फ मुनुआ व उनकी पत्नी मधु गुप्ता 55 वर्ष व उनके 26 वर्षीय बेटे शुभम गुप्ता की बीती रात्रि औरैया जनपद के थाना क्षेत्र अछल्दा स्थित ग्राम तुरुकपुर गंगनहर में कार के अनियंत्रित होकर डूबने से एक ही परिवार के तीनों सदस्यों की दर्दनाक मौत हो गई। डालडा व्यापारी परिवार सहित अपनी कार से औरैया क्षेत्र में एक शादी समारोह में भाग लेकर अछल्दा की ओर से अपने आवास भरथना वापस लौट रहे थे। अज्ञात कारणों के चलते अनियंत्रित होकर उनकी कार गंगनहर में कैसे और कब चली गई किसी को कुछ नहीं पता।

#### एटीएस ने खालिस्तानी आतंकवादी को दबोचा

लखनऊ। प्रतिबंधित खालिस्तान कमांडो फोर्स (केसीएफ) से जुड़े एक आतंकवादी को उत्तर प्रदेश आतंकवाद-रोधी दस्ता (एटीएस) और नोएडा पुलिस की संयुक्त टीम ने पंजाब से गिरफ्तार किया है। वह 1995 में जमानत मिलने के बाद से फरार था। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान सुखविंदर सिंह ढिल्लों उर्फ दयाल सिंह उर्फ राकेश शर्मा छिंदा के तौर पर हुई है, जो मूल रूप से पंजाब के कपूरथला का रहने वाला है। उसे 18 फरवरी को मोहाली जिले से पकड़ा गया, जहां वह छिपा हुआ था।

#### रमजान मुबारक



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:14 | 5:02 | 6:04 | 5:12 |



#### आज का मौसम

अधिकतम : 27.06 डिसे.
न्यूनतम : 14.00 डिसे.

#### भीतर पढ़ें


- अयोध्या में सुगम दर्शन के लिए कोई शुल्क नहीं (पृष्ठ-02)
- अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम से खेल को मिलेगी गति : योगी (पृष्ठ-02)
- चांदी 18,000 रुपये की छलांग से 2.6 लाख पर (पृष्ठ-14)
- इसी साल दुर्लभ स्थायी चुंबक का होगा उत्पादन (पृष्ठ-14)
- भारत के कृषि उत्पाद और वाहन निर्यात में होगी वृद्धि (पृष्ठ-14)


# नये अवसरों के द्वार खोलेगा एआई : मोदी

## मानव-केंद्रित दृष्टिकोण को अपनाने की परिकल्पना ○ संप्रभुता और समावेशिता पर विशेष जोर

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की पहुंच सभी तक सुनिश्चित किए जाने की वकालत करते हुए बृहस्पतिवार को मानव विजन का अनावरण किया जिसके तहत संप्रभुता और समावेशिता पर विशेष जोर देते हुए तेजी से उभरती इस प्रौद्योगिकी के उपयोग एवं मानव-केंद्रित दृष्टिकोण को अपनाने की परिकल्पना की गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा एआई हमारे तंत्रों को अधिक स्मार्ट, अधिक दक्ष व अधिक प्रभावी बनाएगा। यह लोगों के लिए रचनात्मक भूमिकाएं अपनाने के लिए और अवसरों के द्वार खोलेगा। एआई रोजगार के नये अवसर प्रदान करेगा और भारतीय युवाओं को रोजगार दिलाने में बड़ी मदद करेगा।

प्रधानमंत्री ने एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत का मानना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता दुनिया की भलाई के लिए वास्तव में तभी काम आएगी जब इसे साझा किया जाएगा और इसके कोड सार्वजनिक होंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश एआई से डरता नहीं है बल्कि इसमें भविष्य की संभावनाएं देखता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सभी का कल्याण और खुशहाली एआई के लिए हमारा मापदंड है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मनुष्य महज डेटा बिंदु या कच्चा माल न बनकर रह जाएं। मोदी ने कहा मैं एआई के लिए मानव (एमएएनएवी) दृष्टिकोण प्रस्तुत करता हूं जिसमें एम का अर्थ मोरल एंड इथिकल सिस्टम्स (नैतिक एवं नीतिपरक प्रणालियां), ए से तात्पर्य अकाउंटेबल गवर्नेंस (जवाबदेह शासन), एन से तात्पर्य नेशनल सॉवेरिनिटी (राष्ट्रीय संप्रभुता), ए से तात्पर्य एक्सेसबल इंड इन्क्लूसिव (सुलभ और समावेशी) और वी से तात्पर्य वैलिड एंड लेजिटिमेट (वैध और कानूनी) है। इस शिखर सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा, स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गी पॉहमेलॉ सहित दुनिया भर के नेता और कई प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) उपस्थित थे। मोदी ने कहा कि भारत का मानव दृष्टिकोण 21वीं सदी की एआई-संचालित दुनिया में मानवता के कल्याण के लिए ...शेष पृष्ठ 14 पर



### भारत-फ्रांस साझा दृष्टिकोण के लिए सहमत

नयी दिल्ली। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत और फ्रांस मिलकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लिए एक ढांचा तैयार करने पर काम करेंगे जिसमें नवाचार को जिम्मेदारी के साथ और प्रौद्योगिकी को मानवता के साथ जोड़ा जाएगा। मैक्रों ने कहा कि बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों के बीच ...शेष पृष्ठ 14 पर



### एआई में प्रगति करने वाला युग लाने की क्षमता

नयी दिल्ली। गूगल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुंदर पिचाई ने बृहस्पतिवार को कृत्रिम मेधा (एआई) को तीव्र प्रगति के युग की शुरुआत करने वाली प्रौद्योगिकी करार दिया जिसमें नई वैज्ञानिक खोजों को संभव बनाने एवं उभरती अर्थव्यवस्थाओं को विकास के पारंपरिक चरणों को पार करने में ...शेष पृष्ठ 14 पर



### अब रविवार को भी हो सकेगी रजिस्ट्री

लखनऊ। प्रदेश में अब रविवार को भी रजिस्ट्रियां हो सकेंगी। रजिस्ट्री कार्यालयों के रोस्टर में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग की महानिरीक्षक नेहा शर्मा की तरफ से शासनादेश जारी किया गया है। जिन तहसीलों में एक से अधिक उपनिबंधक कार्यालय हैं वहां पर यह सुविधा लागू होगी। शासनादेश के मुताबिक जिस तहसील में एक से अधिक उप निबंधक कार्यालय हैं वहां नया रोस्टर लागू कर दिया गया है। रोस्टर के अनुसार तहसीलों में एक उपनिबंधक कार्यालय रविवार को भी खोला जाएगा। इसके अलावा भी कई महत्वपूर्ण परिवर्तन किए गए हैं।

रजिस्ट्रियों में आधार की अनिवार्यता के बाद सुधार को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। रजिस्ट्री के लिए बड़ी संख्या में लोग दूसरे शहरों और राज्यों से भी आते हैं, रविवार को अवकाश के कारण रजिस्ट्री कार्यालय बंद रहता है जिसके कारण अतिरिक्त अवकाश लेना पड़ता है। इसके अलावा विभिन्न विभागों की विकास योजनाओं के तहत भी बड़ी संख्या में भूमि क्रय की जा रही है जिनमें संबंधित विभागों के प्रतिनिधि छह बजे के बाद ही उप निबंधक ...शेष पृष्ठ 14 पर

# अंतिम चरण में है नक्सलवाद, जल्द होगा खात्मा

## संयुक्त अभियानों में उठाये गये निर्णायक कदम : जीपी सिंह

एजेंसी

गुवाहाटी। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक जी.पी. सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि नक्सलवाद अपने अंतिम चरण में है और गृह मंत्री अमित शाह द्वारा की गई घोषणा के अनुसार मार्च तक देश से इस समस्या को पूरी तरह से खत्म कर दिया जाएगा।

बल के महानिदेशक (डीजी) सिंह ने गुवाहाटी में बल की डीजी परेड को संबोधित करते हुए कहा कि सीआरपीएफ ने पिछले साल अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ संयुक्त अभियानों में नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक कदम उठाए हैं। उन्होंने सीआरपीएफ की जनरल ड्यूटी बटालियन और कोबरा कमांडो की भूमिकाओं को रेखांकित करते हुए कहा नक्सलियों के खिलाफ अभियानों में हमने अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। अन्य



सुरक्षा एजेंसियों के साथ संयुक्त अभियानों में निर्णायक कदम उठाए गए हैं। सिंह ने कहा नक्सलवाद अपने अंतिम चरण में है। जैसा कि केंद्रीय गृह मंत्री ने घोषणा की है, उसी के अनुसार मार्च 2026 तक यह पूरी तरह से खत्म हो जाएगा। जम्मू कश्मीर में अपने बल की भूमिका का उल्लेख करते हुए महानिदेशक ने कहा कि यह आतंकवादियों के खिलाफ संयुक्त अभियानों में शामिल है। उन्होंने भारी बर्फबारी वाले क्षेत्रों में शिविर स्थापित करने तथा उन क्षेत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कर्मियों की सराहना की। सिंह ने पूर्वोत्तर, विशेष रूप से मणिपुर में तैनात कर्मियों की भी सराहना की, जो क्षेत्र में कानून और व्यवस्था बनाए रखने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा हमारा बल एक निष्पक्ष एजेंसी के रूप में इस क्षेत्र के लोगों का विश्वास जीतने में सक्षम रहा ...शेष पृष्ठ 14 पर

### पुलिस मुठभेड़ में चार बदमाश गिरफ्तार, 3.6 किलोग्राम सोना बरामद

मिर्जापुर। अहरौरा इलाके में पुलिस ने लूटा गया 3.678 किलोग्राम सोना बृहस्पतिवार को बरामद किया और मुठभेड़ के बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। मुठभेड़ में दो घायल हो गए। 17 फरवरी को छत्तीसगढ़ स्थित बिलासपुर के एक जौहरी से ये सोना लूटा गया था।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने कहा कि मुठभेड़ अहरौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनिया दरी के पास बृहस्पतिवार सुबह हुई। उन्होंने कहा कि बिलासपुर में लूटा गया लगभग पूरा सोना बरामद कर लिया गया है, हालांकि सत्यापन जारी है। मुठभेड़ में पूर्वी दिल्ली निवासी विजय लांबा और गौतमबुद्ध नगर निवासी मोनू उर्फ राहुल उर्फ रोहित के पैरों में गोली लगी है। गिरफ्तार किए ...शेष पृष्ठ 14 पर

# समस्याओं का त्वरित समाधान प्राथमिकता : धामी

## मुख्यमंत्री ने चिन्यालीसौड़ में 'जन-जन की सरकार' अभियान की कमान संभाली

प्रमुख संवाददाता

उत्तरकाशी (उत्तराखंड)। उत्तराखंड सरकार की महत्वाकांक्षी पहल जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार के तहत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चिन्यालीसौड़ पहुंचकर शासन और जनता के बीच की दूरी को पाटने का बड़ा संदेश दिया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्वतीय और दूरस्थ क्षेत्रों के निवासियों को तहसील और जिला मुख्यालयों की भागदौड़ से मुक्ति दिलाकर, उनके घर के पास ही समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागीय स्टालों का गहन अवलोकन किया और सीधे ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को जन-



शिकायतों के 'ऑन-स्पॉट' समाधान के निर्देश दिए। प्रदेश भर में अब तक 600 से अधिक शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। जिसमें 5 लाख से अधिक नागरिकों की सहभागिता और हजारों लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ हुआ है। सीमांत क्षेत्रों के विकास पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि चिन्यालीसौड़ और गौचर हवाई पट्टियों से जल्द ही हेलीकॉप्टर सेवाओं का संचालन शुरू किया जाएगा। सेना के सहयोग से संचालित होने वाली ये सेवाएं न केवल आपदा प्रबंधन में मददगार साबित होंगी, बल्कि चारधाम यात्रा और ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** यीडा क्षेत्र में 400 करोड़ का होगा निवेश, 7000 सर्वर रैक की होगी क्षमता, पांच एकड़ भूमि आवंटन के लिए सरकार ने कॉर्पोरेशन को सौंपा पत्र

# यमुना एक्सप्रेसवे पर बनेगा हाईपर स्केल डेटा सेंटर

विशेष संवाददाता

लखनऊ/ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश को डिजिटल और टेक्नोलॉजी हब के रूप में स्थापित करने के प्रदेश सरकार के संकल्प को एक और बड़ी सफलता मिली है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में बी.के. सेल्स कॉर्पोरेशन लगभग 400 करोड़ रुपये के निवेश से एक अत्याधुनिक हाइपरस्केल डेटा सेंटर स्थापित करेगा। गुरुवार को यीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बी.के. सेल्स कॉर्पोरेशन को डेटा सेंटर स्थापना हेतु पांच एकड़ भूमि आवंटन के लिए पत्र सौंपा।

इस अवसर पर अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शैलेन्द्र कुमार भाटिया भी उपस्थित रहे। उत्तर भारत में डिजिटल अवसंरचना को सशक्त बनाने की दिशा में यह परियोजना मील का पत्थर सिद्ध होगी। इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट



का नेतृत्व कैलटेक (कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) के पूर्व छात्र करण गुप्ता करेंगे। यीडा सेक्टर में पांच एकड़ के प्राइम भूखंड पर स्थापित की जा रही यह हाइपरस्केल डेटा सेंटर परियोजना दो अत्याधुनिक डेटा सेंटर भवनों के रूप में विकसित होगी। इसकी कुल नियोजित क्षमता लगभग 7000 सर्वर रैक की होगी। परियोजना में दो चरणों में करीब 400 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा तथा पूर्ण संचालन के बाद लगभग 100 योग्य पेशेवरों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। भूमि हस्तांतरण के 18 माह के भीतर व्यावसायिक संचालन प्रारंभ करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह डेटा सेंटर उच्च घनत्व डिजिटल संचालन और तेजी से बढ़ते एआई सेगमेंट को विशेष समर्थन प्रदान करेगा। साथ ही, यह व्यवसायियों, सरकारी संस्थाओं और डिजिटल स्टार्टअप्स को अत्याधुनिक डिजिटल अवसंरचना उपलब्ध कराते हुए क्षेत्र में डेटा स्टोरेज, क्लाउड सेवाओं और एआई आधारित समाधानों के विकास को नई गति देगा। राज्य सरकार की डेटा सेंटर नीति, निवेश-अनुकूल वातावरण और सिंगल विंडो क्लियरेंस प्रणाली के कारण प्रदेश में बड़े निवेशकों का विश्वास लगातार बढ़ा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी विजन के अनुरूप यह निवेश प्रदेश को ...शेष पृष्ठ 14 पर

# गोरखपुर में ऑपरेशन के बाद 9 मरीजों ने खोयी आंखों की रोशनी

जिला संवाददाता

गोरखपुर। शहर के एक निजी अस्पताल में एक नेत्र शिविर में मोतियाबिंद के ऑपरेशन के बाद संक्रमण होने से नौ मरीजों की एक आंख निकालनी पड़ी और नौ अन्य मरीजों की एक आंख की रोशनी चली गई। अधिकारियों ने अस्पताल को सील कर जांच के आदेश दिये हैं।

> न्यू राजेश हाईटेक हॉस्पिटल में आयोजित नेत्र शिविर के दौरान 30 मरीजों का किया था ऑपरेशन

आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को कहा कि न्यू राजेश हाईटेक हॉस्पिटल में एक फरवरी को आयोजित नेत्र शिविर के दौरान 30 मरीजों का ऑपरेशन किया गया था। ऑपरेशन के 24 घंटों के भीतर, कई मरीज गंभीर दर्द और ऑपरेशन वाली आंख से स्राव होने की शिकायत करने लगे। अधिकारियों ने पुष्टि की कि कम से कम 18 लोगों में संक्रमण विकसित हुआ और उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें दिल्ली, लखनऊ और वाराणसी के उच्च केंद्रों में रेफर किया गया। उन्होंने बताया कि एक मरीज़ की आंख की रोशनी हालांकि बाद में आंशिक रूप से वापस आ गई। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि अस्पताल को सील कर दिया गया है और मामले में मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए ...शेष पृष्ठ 14 पर

# अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम से खेल पर्यटन व निवेश को मिलेगी नयी गति : योगी

विशेष संवाददाता (vol)

- गोरखपुर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के लिए इंडियन ऑयल करेगा सहयोग
- उत्तर प्रदेश सरकार व इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बीच हुआ एमओयू



**लखनऊ।** गोरखपुर में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड 60 करोड़ रुपये का सहयोग प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में गुरुवार को उत्तर प्रदेश सरकार और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बीच इस संबंध में एमओयू पर हस्ताक्षर सम्पन्न हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह स्टेडियम केवल एक खेल संरचना नहीं, बल्कि पूर्वी उत्तर प्रदेश की उभरती प्रतिभा को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम से क्षेत्र में खेल पर्यटन, निवेश और आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने इंडियन ऑयल के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि सार्वजनिक-निजी सहभागिता का यह मॉडल राज्य के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण में सीएसआर के माध्यम से सहयोग प्रदान करने के लिए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वाराणसी में भी एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम निमार्णाधीन है, जिसे जून 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित है। वहीं, गोरखपुर क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण के लिए बजट में आवश्यक प्रावधान किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में खेलो इंडिया और फिट इंडिया मूवमेंट जैसे अभियानों के माध्यम से खेल भावना और फिटनेस की संस्कृति को नई दिशा दी है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष के बजट में राज्य सरकार ने प्रत्येक मंडल में स्पोर्ट्स कॉलेज स्थापित करने की व्यवस्था की है। इसके अतिरिक्त, मेरठ में मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का निर्माण भी तीव्र गति से प्रगति पर है। बता दें कि प्रस्तावित स्टेडियम में 30,000 दर्शकों की क्षमता होगी और इसे पूर्णतः अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा। अत्याधुनिक पिच, प्रैक्टिस एरिया, फ्लडलाइट्स, आधुनिक ड्रेसिंग रूम, मीडिया सेंटर और हाई-एंड स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ यह स्टेडियम बड़े अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी करने में सक्षम होगा। साथ ही, यह युवा खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, कौशल-विकास और उत्कृष्टता को नई दिशा देगा। परियोजना को दिसंबर 2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित है। इंडियन ऑयल के चेयरमैन अरविंदर साहनी ने एमओयू को समूह के लिए गर्व की बात बताया। उन्होंने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि इंडियन ऑयल समूह उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण विकास में हर संभव सहयोग के लिए तत्पर है। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तेज गति से ह्यस्पोर्ट्स पावरह्व बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। गोरखपुर में प्रस्तावित यह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम उसी दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

# अयोध्या में गुजरात, उत्तराखंड सरकार के बनेंगे राज्य भवन

आशीष मौर्य




**लखनऊ।** अयोध्या में ग्रीनफील्ड टाउनशिप तेजी से आकार ले रहा है। उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद से संचालित यह महत्वाकांक्षी परियोजना रामनगरी को आधुनिक, पर्यावरण-अनुकूल और स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता में शामिल इस योजना से अयोध्या न केवल धार्मिक पर्यटन का केंद्र बनेगी, बल्कि निवेश, आवास और आधुनिक सुविधाओं का भी प्रमुख हब बन जाएगी। परियोजना का कुल प्रस्तावित क्षेत्रफल लगभग 1407 एकड़ है, जिसमें से वर्तमान में करीब 720 एकड़ भूमि पर भौतिक कब्जा आवास विकास परिषद को प्राप्त हो चुका है। यह भूमि श्री राम जन्मभूमि मंदिर से मात्र 4.5 किलोमीटर दूर सरयू नदी के तट पर स्थित है। आवास विकास अधिशासी अभियंता अमन त्यागी ने बताया की योजना के अंतर्गत भूमि विकास, गृहस्थान एवं बाजार योजना, पूरक योजना तथा प्रथम पूरक योजना के तहत अधिग्रहण कार्य तेजी से चल रहा है। विकास कार्यों में ट्रंक रोड, ट्रंक ड्रेन, केवल डक्ट, वाह्य विद्युतीकरण, आंतरिक सड़कें, सब स्टेशन और पंप हाउस का निर्माण प्रमुखता से हो रहा है। इन कार्यों से क्षेत्र का समग्र स्वरूप बदल रहा है और आधुनिक नगरीय ढांचा मजबूत हो रहा है। योजना में राज्य भवनों के निर्माण के लिए गुजरात, उत्तराखंड, महाराष्ट्र और गोवा सरकारों को भूखंड आवंटित किए जा चुके हैं। ये राज्य भवन अयोध्या में अपनी सांस्कृतिक उपस्थिति दर्ज कराएंगे और धार्मिक-सांस्कृतिक पर्यटन को नई गति देंगे।

इसी तरह, मठ-आश्रमों के लिए कुल 21 भूखंड आवंटित हो चुके हैं, जो धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। होटल निर्माण के लिए 9 प्लॉट आवंटित किए गए हैं, जिससे निवेशकों की दिलचस्पी लगातार बढ़ रही है। पांच सितारा होटलों से लेकर अन्य आतिथ्य सुविधाओं तक यहां विकसित होंगी, जो पर्यटकों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखकर तैयार की जा रही हैं।

**300 आवासीय भूखंडों का आवंटन पूरा हो चुका :** आवासीय खंड में विशेष रुचि दिखाई दे रही है। योजना में 100 से 200 वर्ग मीटर आकार के लगभग 300 आवासीय भूखंडों का आवंटन पूरा हो चुका है। यह प्लॉट 100 वर्ग मीटर, 150 वर्ग मीटर और 200 वर्ग मीटर में उपलब्ध हैं। 2025 के अंत में हुई ड्रॉ और नंबरिंग प्रक्रिया के बाद कई आवंटियों को औपचारिक आवंटन पत्र मिल चुके हैं। रेरा पंजीकृत इस परियोजना में अंडरग्राउंड यूटिलिटीज, 36 मीटर चौड़ी सड़कें, ग्रीन-ब्लू कॉरिडोर (तालाबों का विकास करेंगे) जैसी सुविधाएं होंगी। परियोजना में हरित क्षेत्रों, झीलों, वेलनेस हब, हाईटेक पार्क और सुपर-स्पेशियलिटी मेडिकल सेंटर जैसी आधुनिक सुविधाओं पर जोर दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप अयोध्या को सोलर सिटी और स्मार्ट सिटी बनाने की दिशा में यह टाउनशिप महत्वपूर्ण है। 'नव्य अयोध्या' अवधारणा के तहत आध्यात्मिकता और आधुनिकता का संतुलन बनाया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण के लिए सस्टेनेबल डेवलपमेंट पर फोकस है, जिसमें सौर ऊर्जा, हरित क्षेत्र और नवीकरणीय संसाधनों का उपयोग प्रमुख है।

**शहरी विकास का नया मॉडल साबित होगी :** राम मंदिर के उद्घाटन के बाद अयोध्या में पर्यटन और निवेश की लहर आई है, और यह टाउनशिप उस विकास को नई ऊंचाई देगी। परियोजना की प्रगति से स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा। रोजगार सृजन, होटल-आतिथ्य क्षेत्र का विस्तार और रियल एस्टेट में निवेश के अवसर बढ़ेंगे। निवेशकों के लिए यह सुनहरा मौका है, क्योंकि अयोध्या का विकास तेजी से हो रहा है और प्रॉपर्टी मूल्यों में वृद्धि की संभावना मजबूत है। परिषद की वेबसाइट पर अपडेट्स उपलब्ध हैं और आवंटन प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से चल रही है। कुल मिलाकर अयोध्या ग्रीनफील्ड टाउनशिप रामनगरी को विश्व स्तर की आधुनिक नगरी बनाने का माध्यम बनेगी। जहां प्राचीन गौरव और आधुनिक सुविधाएं एक साथ फलें-फूलेंगी। यह योजना न केवल अयोध्या बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के शहरी विकास का नया मॉडल साबित होगी।

# पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग में 25 शिकायतों की जनसुनवाई, कई मामलों का निस्तारण

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने गुरुवार को इंदिरा भवन स्थित आयोग कार्यालय में विभिन्न जनपदों से प्राप्त 25 शिकायतों एवं पत्रावलियों पर जनसुनवाई कर समस्याओं का निस्तारण किया। सुनवाई के दौरान कई मामलों में संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए तथा कुछ प्रकरणों में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित कराई गई।

लखनऊ निवासी रामआसरे सिंह के मामले में उपनिदेशक व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मिशन पद पर चयन के बावजूद कार्यभार न दिलाए जाने की शिकायत पर आयोग ने संज्ञान लिया। निदेशक कौशल विकास मिशन की अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उपस्थित अधिकारी को कार्यभार ग्रहण कराए जाने के बाद आयोग को अवगत कराने के निर्देश दिए गए।

आजमगढ़ निवासी सोहित यादव के मामले में उपजिलाधिकारी ने अवगत कराया कि भूमि सीमांकन कर पत्थरगड़ी कराते हुए प्रकरण का निस्तारण कर दिया गया है। सहारनपुर के राजीव सैनी के मामले में विकास प्राधिकरण द्वारा नक्शा पास न किए जाने पर सुनवाई हुई, जिसमें पैरामाउंट हाउसिंग सोसाइटी के निदेशक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए गए।

बाराबंकी के प्रवीन कुमार के मामले में पुलिस अधीक्षक की ओर से अवगत कराया गया कि निष्पक्ष जांच के लिए विवेचना क्षेत्राधिकारी फतेहपुर से हटाकर क्षेत्राधिकारी हैदरगढ़ को सौंप दी गई है। वहीं बरेली के जगन्नाथ प्रसाद गंगवार प्रकरण में अधिकारियों ने बताया कि प्लॉट आवंटन के बाद रजिस्ट्री कर कब्जा लिया जा सकता है, जिसके बाद शिकायत का निस्तारण कर दिया गया। अन्य मामलों में अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

# श्रीराम मंदिर अयोध्या में सुगम दर्शन के लिए कोई शुल्क नहीं

**लखनऊ।** विधानपरिषद में प्रश्नों का उत्तर देते हुए उप मुख्यमंत्री व नेता सदन विधान परिषद केशव प्रसाद मौर्य ने स्पष्ट किया कि वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर का संचालन मंदिर न्यास परिषद की ओर से किया जाता है और सुगम दर्शन शुल्क का निर्णय भी न्यास परिषद ही करता है, जबकि राम मंदिर अयोध्या में सुगम दर्शन के लिए कोई शुल्क निर्धारित नहीं है। उन्होंने बताया कि जनवरी 2025 से जनवरी 2026 के बीच काशी में सुगम दर्शन के लिए लगभग 10.7 लाख श्रद्धालुओं को दर्शन पर्ची जारी की गई।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में मंदिरों में सामान्यतःसुगम दर्शन शुल्क लागू करने का निर्णय संबंधित मंदिर प्रबंधन या ट्रस्ट की ओर से लिया जाता है। सरकार केवल सुरक्षा और व्यवस्थाओं की निगरानी करती है। उन्होंने बताया कि काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर बनने के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2017 में जहां लगभग 77 लाख श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे थे, वहीं वर्ष 2025 में यह संख्या बढ़कर 17 करोड़ से अधिक हो गई। उन्होंने यह भी बताया कि विदेशी श्रद्धालुओं की संख्या में भी वृद्धि हुई है। वर्ष 2014 में जहां लगभग 28 हजार विदेशी श्रद्धालु आए थे, वहीं वर्ष 2024 में यह संख्या करीब 3.99 लाख और वर्ष 2025 में 3.21 लाख रही। उन्होंने कहा कि बेहतर व्यवस्थाओं और बुनियादी सुविधाओं के कारण देश-विदेश से श्रद्धालुओं का विश्वास बढ़ा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार तीर्थ स्थलों की पवित्रता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों काशी, अयोध्या, और प्रयागराज सहित अन्य तीर्थ स्थलो में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या राज्य की बेहतर व्यवस्थाओं का प्रमाण है।

# जापान व सिंगापुर के लिए 500-500 एकड़ भूमि प्रस्तावित

## यमुना एक्सप्रेस-वे : यीडा ने शासन को भेजी सूचना

विशेष संवाददाता (vol)




- सेक्टर-5ए में जापानी सिटी, सेक्टर-7 में सिंगापुर सिटी का प्रस्ताव

**लखनऊ।** यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने जापान सिटी और सिंगापुर सिटी के विकास को लेकर औपचारिक प्रस्ताव शासन को भेज दिया है। 18 फरवरी 2026 को जारी पत्र में प्राधिकरण ने अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन को अवगत कराया है कि प्राधिकरण क्षेत्र में इन दोनों प्रस्तावित सिटीज के लिए भूमि चिन्हित कर ली गई है। प्राधिकरण के सीईओ आरके सिंह ने बताया कि इन दोनों सिटी को लेकर भूमि अधिग्रहण से संबंधित योजना तैयार कर ली गई है।

पत्र के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आधिकारिक प्रस्तावित जापान और सिंगापुर यात्रा के संदर्भ में प्राधिकरण क्षेत्र के अंतर्गत जापान सिटी और सिंगापुर सिटी के लिए क्षेत्र चिन्हित कर सूचना उपलब्ध कराए जाने की अपेक्षा की गई थी। इसी क्रम में प्राधिकरण ने सेक्टर-5ए और सेक्टर-7 को इन परियोजनाओं के लिए प्रस्तावित किया है। प्राधिकरण की महायोजना के अंतर्गत सेक्टर-7 और सेक्टर-5ए मल्टीपर्पज औद्योगिक क्षेत्र के रूप में नियोजित हैं।

इन क्षेत्रों में औद्योगिक उपयोग न्यूनतम 70 प्रतिशत निर्धारित है। इसके साथ ही आवासीय उपयोग अधिकतम 12 प्रतिशत, वाणिज्यिक उपयोग अधिकतम 13 प्रतिशत तथा संस्थागत सुविधाएं न्यूनतम 5 प्रतिशत तक निर्धारित हैं। पत्र में कहा गया है कि इन सेक्टरों को एक इंटीग्रेटेड औद्योगिक सिटी के रूप में विकसित किया जा सकता है। जापानी सिटी के लिए सेक्टर-5ए ग्रेटर नोएडा में 500 एकड़ क्षेत्र प्रस्तावित है। इसी प्रकार सिंगापुर सिटी के लिए सेक्टर-7, ग्रेटर नोएडा में 500 एकड़ भूमि प्रस्तावित की गई है। दोनों ही परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण किया जाना प्रस्तावित है। इन सेक्टरों का विकास ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन) मोड पर किए जाने का प्रस्ताव है।

# पिछड़ा वर्ग कल्याण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सरकार प्रतिबद्ध



**लखनऊ।** प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने विधानसभा में प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि वर्तमान सरकार पिछड़ा वर्ग कल्याण से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वित्त विकास निगम योजना वर्ष 1993-94 में प्रारंभ हुई थी, लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों के समय इसमें अनियमितताएं और दुरुपयोग के आरोप सामने आए, जिसके चलते वर्ष 2012-13 में इसे बंद कर दिया गया।

मंत्री कश्यप ने सदन को अवगत कराया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वर्तमान सरकार ने वर्ष 2019 में केंद्र के राष्ट्रीय निगम का लगभग 57 करोड़ रुपये का बकाया ऋण चुकाकर निगम की साख बचाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने पिछड़ा वर्ग हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता के साथ योजनाओं को पुनर्जीवित करने का काम किया है।

छात्रवृत्ति वितरण का उल्लेख करते हुए मंत्री कश्यप ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में लाखों छात्र छात्रवृत्ति से वंचित रह गए थे। इसके विपरीत वर्तमान सरकार ने रिकॉर्ड स्तर पर लगभग 38 लाख विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति वितरित कर उन्हें शिक्षा से जोड़ने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य किसी भी पात्र छात्र को योजनाओं के लाभ से वंचित न रहने देना है। मंत्री कश्यप ने कहा कि योगी सरकार सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्ध है। पिछड़ा वर्ग और दिव्यांगजन सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं के माध्यम से सरकार शिक्षा, रोजगार और आर्थिक उन्नयन के नए अवसर उपलब्ध करा रही है, जिससे समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया जा सके।

# आरटीई में प्रथम चरण के आवेदन हुए दुगुने

## इस वर्ष प्रथम चरण की संख्या 2.61 लाख पार, 97% अधिक आये आवेदन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार (आरटीई) योजना के प्रति अभिभावकों का बढ़ता विश्वास इस वर्ष ऐतिहासिक आंकड़ों के रूप में सामने आया है। योगी सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता, सरलता और व्यापक जनजागरूकता पर विशेष बल दिया। इसके सकारात्मक परिणाम वर्ष 2026-27 के प्रथम चरण के आवेदनों में स्पष्ट दिखाई दे रहा है। प्रथम चरण में कुल 2,61,501 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि गत वर्ष 2025-26 में इसी अवधि में 1,32,446 आवेदन आए थे। इस प्रकार आवेदनों में लगभग 97 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। यह वृद्धि न केवल योजना की बढ़ती लोकप्रियता को दशार्ती है, बल्कि यह भी संकेत देती है कि आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्ग के अभिभावकों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति जागरूकता और विश्वास पहले से कहीं अधिक सुदृढ़ हुआ है।

**जागरूकता और सरलीकरण बना सफलता का आधार :** प्रदेश सरकार ने आरटीई योजना को समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचाने के लिए बहुआयामी प्रयास किए। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित अभिभावक-उन्मुख संवाद कार्यक्रम, स्थानीय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार, ग्राम और वार्ड स्तर पर जागरूकता अभियान तथा आवेदन प्रक्रिया के सरलीकरण ने योजना की स्वीकार्यता को नई ऊंचाई दी। ऑनलाइन आवेदन प्रणाली को अधिक उपयोगकर्ता के लिए अनुकूल बनाया गया जिससे ग्रामीण एवं अर्द्धशहरी क्षेत्रों के अभिभावकों को भी सहजता से आवेदन करने का अवसर मिला। साथ ही, समयबद्ध सूचना उपलब्ध कराने, हेल्पडेस्क की व्यवस्था और विद्यालयों की जवाबदेही सुनिश्चित करने जैसे कदमों ने पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और भरोसेमंद बनाया।

**समावेशी शिक्षा की दिशा में मजबूत कदम :** आरटीई योजना के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्लूएस) एवं वंचित वर्ग (डीजी) के बच्चों को निजी विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश का प्रावधान है। बढ़ते आवेदनों से स्पष्ट है कि अभिभावक अब इस अवसर को लेकर अधिक जागरूक और आश्वस्त हैं। योगी सरकार की प्राथमिकता रही है कि शिक्षा सामाजिक सशक्तीकरण का माध्यम बने। नई शिक्षा नीति, डिजिटल प्लेटफॉर्म के विस्तार, विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं के उन्नयन और नामांकन अभियानों ने मिलकर एक ऐसा वातावरण तैयार किया है, जिसमें हर वर्ग के बच्चों को समान अवसर मिल सके।

**सामाजिक परिवर्तन का संकेत :** बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आवेदनों में लगभग दोगुनी वृद्धि केवल सांख्यिकीय उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह सामाजिक सोच में आए सकारात्मक परिवर्तन का भी द्योतक है।

# आचार्य नरेन्द्र देव की पुण्यतिथि पर सपाइयों ने पुष्पांजलि की अर्पित

**लखनऊ।** अखिलेश यादव का मानना है कि आचार्य जी के नेतृत्व में ही देश में समाजवादी आंदोलन की शुरूआत हुई थी। वे प्रमुख शिक्षाविद, कई भाषाओं के विद्वान, बौद्ध दर्शन के गंभीर अध्येता और राजनीति में अजातशत्रु थे। सपा उनके रास्ते पर चलने के लिए संकल्पित है। आचार्य जी का जीवन सादगी, शुचिता और राष्ट्र सेवा का प्रतीक था। प्रख्यात समाजवादी चिंतक आचार्य नरेन्द्र देव की 70वीं पुण्यतिथि पर गुरुवार को लखनऊ में गोमती तट पर मोती महल के पीछे उनकी समाधि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विधानसभा में नेता विरोधी दल माता प्रसाद पाण्डेय एवं पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने समाधिस्थल पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर आचार्य जी के परिवार के यशोवर्धन, मीरावर्धन, देवक वर्धन, प्रियांशी अग्रवाल तथा देविका वर्धन भी मौजूद थे। मोती महल ट्रस्ट के महामंत्री राजेश सिंह, अरूण कुमार श्रीवास्तव, डॉ. फिदा हुसैन तथा सपा के महानगर अध्यक्ष फाखिर सिद्दीकी ने भी पुष्पांजलि दी। इनके अतिरिक्त जगदीप यादव, अनुराग मिश्र, प्रदीप कनौजिया, पायल सिंह, राजवीर, प्रशांत, उपेन्द्र सिंह, गजेन्द्र मिश्र, हरीश चंद्र लोधी, सतेन्द्र राजपूत, हिमांशु तिवारी, परवेज, मनीष यादव, राजकुमार राजा, इमरान, अनीस अहमद लारी, संतोष राव, अमित सक्सेना, अरूण यादव, विनय यादव, नवनीत तिवारी, राकेश रावत, राजेन्द्र तिवारी ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किये।



# एमएसएमई क्षेत्र प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़

## यूपी में 96 लाख एमएसएमई इकाइयां, 3 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने विधानसभा में बजट पर बोलते हुए एमएसएमई क्षेत्र को उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताया। उन्होंने वर्ष 2026-27 के लिए उद्योग विभाग, लघु उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन के लिए 3800 करोड़ रुपये से अधिक का बजट पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 19 प्रतिशत अधिक है।

मंत्री सचान ने कहा कि प्रदेश में 96 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयां संचालित हैं, जो 3 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार दे रही हैं। वर्ष 2017-18 में जहां लगभग 46,500 करोड़ रुपये का ऋण वितरण हुआ था, वहीं वर्तमान में यह बढ़कर 2.57 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। इसी प्रकार निर्यात 88,967 करोड़ रुपये से बढ़कर लगभग 1.86 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है, जिसमें एमएसएमई का प्रमुख योगदान है। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का उल्लेख करते हुए बताया कि बिना ब्याज और बिना गारंटी ऋण के माध्यम से हजारों युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और अन्य योजनाओं के माध्यम से लाखों युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। सरकार ने इन योजनाओं के लिए बजट में पर्याप्त प्रावधान सुनिश्चित किया है। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना को प्रदेश की पहचान बताते हुए मंत्री ने कहा कि प्रशिक्षण, टूलकिट, वित्तीय सहायता और विपणन सहयोग से लाखों कारीगरों को लाभ मिला है। ओडीओपी उत्पादों को जीआई टैग दिलाने, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जोड़ने और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने के प्रयास लगातार जारी हैं। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत पारंपरिक कारीगरों को प्रशिक्षण और आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मंत्री ने बताया कि फ्लैटेड फैक्ट्री, प्लग एंड प्ले पार्क, तकनीकी उन्नयन योजना और औद्योगिक भूमि नीतियों के माध्यम से उद्यमियों को सस्ती भूमि, आधुनिक अवसंरचना और वित्तीय प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

आगरा, लखनऊ और वाराणसी में यूनिटी मॉल निमार्णाधीन हैं, जो ओडीओपी और भारतीय उत्पादों के लिए वैश्विक विपणन केंद्र बनेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य युवाओं को रोजगार मांगने वाला नहीं बल्कि रोजगार देने वाला बनाना है।

# कौशल विभाग से सीधी सरकारी नौकरी नहीं : मंत्री कपिल देव अग्रवाल



लखनऊ। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने विधानसभा में प्रश्नों का उत्तर देते हुए स्पष्ट किया कि कौशल विकास विभाग के अंतर्गत सीधी सरकारी नौकरी देने का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवाओं में नियुक्ति प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से ही होती है और यही व्यवस्था सभी शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण संस्थानों पर समान रूप से लागू है। मंत्री अग्रवाल ने बताया कि विभाग का मुख्य फोकस युवाओं को उद्योगों की मांग के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार योग्य बनाना है। विभिन्न औद्योगिक संगठनों और इंडस्ट्री एसोसिएशनों के साथ नियमित समन्वय स्थापित कर प्रशिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में अवसर दिलाने की दिशा में काम किया जा रहा है। प्रशिक्षण साझेदारों को लक्ष्य दिया गया है कि कम से कम 70 प्रतिशत प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ा जाए। उन्होंने बताया कि युवाओं को रोजगार से सीधे जोड़ने के लिए प्रत्येक नोडल आईटीआई में मासिक रोजगार मेले आयोजित किए जाते हैं, जबकि प्रत्येक तीन माह पर मंडल स्तरीय रोजगार मेले आयोजित होते हैं। इसके अलावा पूरे प्रदेश में पांच बड़े रोजगार मेलों के आयोजन की भी योजना है, जिनमें प्रतिष्ठित कंपनियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। मंत्री अग्रवाल ने कहा कि सरकार का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना, उनका आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें हुनरमंद बनाकर रोजगार उपलब्ध कराना है। कौशल विकास योजनाओं के माध्यम से युवाओं को व्यापक अवसर प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# नेचुरल फॉर्मिंग हब बन रहा उत्तर प्रदेश 298 करोड़ रुपये से होगा विस्तार

विशेष संवाददाता (vol)

- बुंदेलखंड पर विशेष फोकस, सातों जिलों में जलधारण क्षमता बढ़ने से खेती अधिक टिकाऊ बनेगी और लागत घटेगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में प्राकृतिक खेती को मिशन मोड में आगे बढ़ाते हुए योगी सरकार ने बड़ी पहल की है। सक्रिय रणनीति बनाकर प्रदेश के सभी 75 जनपदों में कुल 94,300 हेक्टेयर क्षेत्रफल तक प्राकृतिक खेती का विस्तार किया गया है। यह जल्द ही एक लाख हेक्टेयर तक पहुंचने वाला है। इस व्यापक अभियान में बुंदेलखंड पर फोकस रखा गया है, जहां विशेष कार्यक्रम के जरिए इसे सफल मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है। योगी सरकार रासायनिक निर्भरता कम कर टिकाऊ कृषि व्यवस्था स्थापित करने के लिए नेचुरल फार्मिंग पर विशेष जोर दे रही है।

योगी सरकार ने बुंदेलखंड के सभी जनपदों झांसी, ललितपुर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, बांदा और चित्रकूट में 23,500 हेक्टेयर क्षेत्र पर गो-आधारित प्राकृतिक खेती का विशेष कार्यक्रम शुरू किया है। इस क्षेत्र में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देकर योगी सरकार कृषि को अधिक टिकाऊ और लाभकारी बनाने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। जीवामृत और घनजीवामृत के प्रयोग से रासायनिक खाद और कीटनाशकों पर निर्भरता घटेगी। इससे खेती की लागत कम होगी और किसानों की आय बढ़ाने का रास्ता मजबूत होगा। योगी सरकार का फोकस 'कम लागत, ज्यादा लाभ' वाले कृषि मॉडल पर है। गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि प्राकृतिक खेती से मिट्टी की संरचना सुधरती है और जलधारण क्षमता बढ़ती है। बुंदेलखंड के साथ ही कम वर्षा वाले क्षेत्रों में यह पहल खेती को अधिक टिकाऊ बनाएगी। यह कदम क्षेत्रीय कृषि अर्थव्यवस्था के लिए गेमचेंजर साबित हो सकता है। सरकार किसानों को प्राकृतिक खेती की तकनीकों से जोड़ने के लिए बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रही है। इससे प्राकृतिक कृषि प्रणाली को मुख्यधारा में लाने और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिल रही है।

प्राकृतिक उत्पादों की ब्रांडिंग और पर्यावरण-अनुकूल कृषि प्रणाली के प्रसार से किसानों की आय में वृद्धि के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलेगा।

संक्षेप

## वकीलों ने कामकाज का किया बहिष्कार

प्रतापगढ़। बाराबंकी तथा रामपुर में हाल में हुई वकीलों की हत्याओं की घटना से नाराज साथियों ने गुरुवार को यहां न्यायिक कामकाज का बहिष्कार किया। संयुक्त अधिवक्ता संघ की हुई तहसील परिसर में हुई आम सभा में वकीलों ने कहा कि सरकार द्वारा वकीलों पर रोज हो रहे प्राणघातक हमलों के बावजूद एडवोकेट्स प्रोटेक्सशन एक्ट लागू नहीं किया जा रहा है। अधिवक्ताओं ने बाराबंकी जिले में अधिवक्ता शोएब तथा रामपुर में अधिवक्ता फारूक अहमद की हुई हत्याओं में आरोपियों पर रासुका लगाये जाने की भी मांग उठायी हैं। आमसभा की अध्यक्षता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अम्बुज पाण्डेय व संचालन महामंत्री हरिश्चन्द्र पाण्डेय ने किया। संयोजन उपाध्यक्ष आशीष तिवारी ने किया। इस मौके पर विपिन शुक्ल, शैलेन्द्र सिंह, टीपी यादव, केके शुक्ला, रोशन सरोज, सिन्टू मिश्रा, अबरार अहमद, रामकिंकर शुक्ल, शिवनारायण शुक्ल, उमाशंकर मिश्रा, पारसनाथ सरोज, ओपी जायसवाल, रामअभिलाष यादव, सुशील शुक्ल, शेष तिवारी, राजेश सरोज, बीडी पटेल आदि अधिवक्ता रहे।

## एल्डर कमेटी की बैठक आज

प्रतापगढ़। संयुक्त अधिवक्ता संघ की एल्डर कमेटी की आज शुक्रवार को दिन में दो बजे तहसील सभागार में बैठक होगी। इसमें अगले निर्वाचन समेत विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया जायेगा। यह जानकारी कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र ने दी है।

## चालीस लीटर अवैध शराब बरामद, केस

प्रतापगढ़। आबकारी विभाग द्वारा विशेष अभियान के तहत गुरुवार को विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर चालीस लीटर कच्ची शराब बरामद की गयी है। विशेष प्रवर्तन दल के द्वारा लीलापुर थाने के छेमरसरैया, लालगंज थाने के रमणपुरवा, मेढावांमें आरोपियों के पास से कच्ची शराब बरामद की है। आबकारी निरीक्षक अशोक कुमार की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम का केस दर्ज किया गया है। लालगंज के मेढावां में दबिश के दौरान कोतवाली के एसएसआई अरूण कुमार सिंह भी फोर्स के साथ मौजूद रहे।

## पूर्व प्रधान श्रीनाथ के निधन पर जताया गया दुःख

प्रतापगढ़। नगर पंचायत के सांगीपुर वार्ड निवासी पूर्व प्रधान श्रीनाथ तिवारी (85) के निधन पर गुरुवार को यहां शोकसभा हुई। वहीं क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना व सांसद प्रमोद तिवारी ने भी पूर्व प्रधान श्रीनाथ के निधन पर गहरा दुःख जताया है। विधायक के कैम्प कार्यालय पर हुई शोकसभा में पूर्व प्रधान श्रीनाथ तिवारी के द्वारा पार्टी को लम्बे समय तक दी गई सेवाओं को अविस्मरणीय कहा गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्रा व संचालन चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने किया। इस मौके पर संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी, वरिष्ठ अधिवक्ता दयाशंकर तिवारी, सभासद कैलाशनाथ तिवारी, शिवकुमार द्विवेदी, गिरीश मिश्रा, रामेश्वर तिवारी, आचार्य प्रभाकर नाथ शुक्ल, रमाशंकर तिवारी, विनय जायसवाल आदि रहे।

# गलत ऑपरेशन के बाद क्लीनिक को क्लीन चिट

### बच्चे की मौत का मामला, डॉक्टरों के नाम का लगा बोर्ड

जिला संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** अवैध रूप से संचालित बताए जा रहे श्री साईं फार्मा क्लीनिक में प्रसव के दौरान नवजात की मौत और महिला के कथित गलत ऑपरेशन के मामले में स्वास्थ्य विभाग की जांच पूरी हो गई है। लेकिन जांच रिपोर्ट ने न्याय की उम्मीद लगाए बैठे पीड़ित परिवार को बड़ा झटका दिया है। जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट में क्लीनिक और संबंधित आशा कार्यकर्ता को राहत देते हुए कहा कि क्लीनिक पर डॉक्टरों के नाम का बोर्ड लगा था, जिससे भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई। इसी आधार पर मामले को बंद कर दिया गया। पीड़ित आशीष ने जिलाधिकारी से शिकायत कर आरोप लगाया था कि उसकी पत्नी का प्रसव श्री साईं फार्मा क्लीनिक में कराया गया। वहां कथित लापरवाही के चलते उसके बच्चे की मौत हो गई और उसकी पत्नी का गलत ऑपरेशन कर दिया गया। आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान गंभीर त्रुटि हुई, जिससे महिला की शारीरिक स्थिति आज भी सामान्य नहीं हो सकी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य



विभाग को जांच के निर्देश दिए थे। इसके बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्तर से टीम गठित कर क्लीनिक और संबंधित लोगों से पूछताछ की गई। हालांकि रिपोर्ट सामने आने के बाद सवाल उठने लगे हैं कि क्या जांच निष्पक्ष थी या केवल औपचारिकता पूरी की गई। जांच टीम ने न तो बच्चे की मौत के लिए किसी को जिम्मेदार ठहराया और न ही महिला के गलत ऑपरेशन के आरोपों की गहन पड़ताल की। जिस क्लीनिक के रजिस्ट्रेशन पर पहले से सवाल थे, उसे केवल ह्लभ्रम फैलाने वाला बोर्डह्व बताकर मामले से अलग कर दिया गया। पीड़ित का कहना है कि डिलीवरी और ऑपरेशन इसी क्लीनिक में हुआ था, लेकिन जांच रिपोर्ट में इस तथ्य को स्पष्ट रूप से स्वीकार नहीं किया गया। इस पूरे प्रकरण में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रजत कुमार चौरसिया की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। प्रश्न यह है कि जब क्लीनिक के संचालन और वहां हुए इलाज को लेकर गंभीर आरोप थे, तो जांच को केवल बोर्ड तक सीमित कर क्यों समाप्त कर दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रजत कुमार चौरसिया ने कहा कि जांच रिपोर्ट में जांच टीम ने केवल क्लीनिक पर बोर्ड लगने की बात कही है। जिससे भ्रम फैलाया जा सकता है। महिला का ऑपरेशन कहां हुआ। बच्चे की मौत कहां हुई। इस पर सीएमओ ने कहा कि अभी मैं जांच रिपोर्ट पढ़ा नहीं हूं, पढ़कर बताऊंगा।

## परीक्षा देने पहुंचा छात्र गेट पर गिरा, इकलौते बेटे की मौत



सिद्धार्थनगर- जिले में इंटरमीडिएट परीक्षा देने पहुंचे एक छात्र की परीक्षा केंद्र के गेट पर गिरकर मौत हो गई। इस घटना ने स्कूल प्रशासन, पुलिस और शिक्षा विभाग की संवेदनहीनता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। थाना चिल्हिया क्षेत्र के ग्राम बभनी, पोस्ट उदयराज निवासी रवि यादव पुत्र राधेश्याम यादव बुधवार को करौंदा नानकार स्थित गायत्री पब्लिक स्कूल परीक्षा केंद्र पर कक्षा 12 की परीक्षा देने पहुंचा था। वह दूसरे शिफ्ट की परीक्षा के लिए निर्धारित समय पर केंद्र पहुंचा था।

जैसे ही रवि स्कूल के मुख्य गेट पर पहुंचा, उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। यह देखकर वहां मौजूद छात्र और अन्य लोग घबरा गए। हालांकि, उस समय स्कूल प्रशासन की ओर से तत्काल कोई ठोस पहल नहीं की गई। परीक्षा केंद्र पर पुलिसकर्मी भी तैनात थे, लेकिन किसी ने भी तत्काल जिम्मेदारी निभाने की पहल नहीं की। मृतक छात्र का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। स्थानीय लोगों और साथियों ने रवि यादव को तत्काल करौंदा नानकार स्थित एक निजी क्लीनिक पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन और साथ के लोग उसे लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे, लेकिन वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद रवि यादव को मृत घोषित कर दिया। रवि यादव अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसकी मौत की खबर के बाद परिवार में गहरा सदमा है।

## जनसमस्याओं के समाधान में शिथिलता बर्दाश्त नहीं

### डीएम ने जनता दर्शन में सुनीं आठ शिकायतें



**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने प्रतिदिन की भाँति गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में आम नागरिकों की समस्याएँ गंभीरतापूर्वक सुनीं। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल आठ शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें राजस्व, विकास, सामाजिक कल्याण तथा आधारभूत सुविधाओं से जुड़े प्रकरण शामिल रहे। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायत को संवेदनशीलता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही अब स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी प्रकरणों पर समयबद्ध कार्यवाही करते हुए आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए।

उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि समस्त जिला स्तरीय अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों में प्रत्येक कार्यदिवस प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक अनिवार्य रूप से जनसुनवाई करें। प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयसीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और त्वरित समाधान की व्यवस्था को सुदृढ़ करना प्रशासन की प्राथमिकता है। जनता दर्शन कार्यक्रम के माध्यम से आम नागरिकों को सीधे अपनी बात रखने का अवसर मिल रहा है, जिससे प्रशासन और जनमानस के बीच संवाद और विश्वास सुदृढ़ हो रहा है।

## युवक ने दुकान पर पेट्रोल डालकर लगायी आग

### सीसीटीवी में सामानों पर पेट्रोल छिड़कता दिखा

सिद्धार्थनगर- जिले के जोगिया उदयपुर थाना क्षेत्र के कडजहवा गांव में एक दुकान पर पेट्रोल डालकर आग लगाने की घटना सामने आई है। यह वारदात 18 और 19 फरवरी की दरम्यानी रात करीब 3:34 बजे हुई,



जिसका पूरा घटनाक्रम पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा नुकसान टल गया।

गांव निवासी पवन की मकान से सटी दो दुकानें हैं। सीसीटीवी फुटेज में एक नकाबपोश युवक दुकान के पास आता दिखाई दे रहा है। वह दुकान के शटर के बाहर रखे नमक, गेहूं, चावल और अन्य सामानों पर पेट्रोल छिड़कता है। इसके बाद युवक आग लगाकर मौके से फरार हो जाता है।

आग लगते ही दुकान के बाहर रखा सामान जलने लगा और लपटें उठने लगीं। हालांकि, दुकान का शटर लोहे का होने के कारण आग दुकान के भीतर नहीं फैल सकी। बाहर रखा अनाज और अन्य सामान जलकर खाक हो गया, लेकिन आग सीमित दायरे में ही रही। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित पवन ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और सीसीटीवी फुटेज को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर अभय सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, लेकिन तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया जाएगा। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## जनसमस्याओं का हल पुलिस की प्राथमिकता

### एसपी ने सुनीं समस्याएं, दिए निर्देश



श्रावस्ती। जनपद के पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान आमजन की विभिन्न समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर न्याय की अपेक्षा व्यक्त की। जनता दर्शन के दौरान पारिवारिक विवाद, रुपये के लेन-देन से संबंधित प्रकरण तथा अन्य सामाजिक व आपराधिक मामलों से जुड़े प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक मामले को संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ सुनते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों को शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान पुलिस की प्राथमिकता है। किसी भी शिकायत को लंबित न रखते हुए निर्धारित समयावधि में उसका प्रभावी निस्तारण किया जाए, ताकि फरियादियों को अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। जनता दर्शन कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस प्रशासन और आम नागरिकों के बीच प्रत्यक्ष संवाद स्थापित हो रहा है। इससे न केवल शिकायतों का शीघ्र समाधान संभव हो रहा है, बल्कि आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास भी सुदृढ़ हो रहा है।

पुलिस प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया कि जनता की समस्याओं के समाधान के लिए यह पहल निरंतर जारी रहेगी, जिससे पारदर्शी, जवाबदेह और संवेदनशील पुलिस व्यवस्था की स्थापना हो सके।

## बांसी परिक्षेत्र में मिलावटी व सिंथेटिक दूध से बने सामानों की बिक्री जोरों पर

बांसी सिद्धार्थनगर। जिले के बांसी तहसील कस्बा परिक्षेत्र में सिंथेटिक दूध से बने चाय मिष्ठान पानीर अन्य कई खाने पीने वाले सामानों की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही हैं ,तो वही स्थानीय नागरिक सूत्रों का कहना है कि मिलावटी व सिंथेटिक दूध से बने खाने पीने वाले सामग्री के रूप में आम जनमानस को जहर परोसा जा रहा हैं ,जो की आने वाले समय में जान लेवा व कई तरह के गम्भीर बीमारियों की चपेट में आ कर धन के साथ जन हानि पहुंचाने से इन्कार नहीं किया जा सकता है, जब कि मिलावटी एवं सिंथेटिक दूध से बने मिष्ठान एवं चाय पनीर की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही हैं, वहीं पार्ट 2 के हिसाब से नकली खोए के प्रयोग से मिष्ठान आदि की बिक्री भी कतिपय दुकानदार कर रहे है, इस तरह के गोरखधंधे कर साथ ही नागरिकों के जेब पर डांका डाला जा रहा है , बताया जा रहा सम्बंधित से सेटिंग कर अधिकांश बड़े व चर्चित दुकान दारो का सेटिंग के चलते इस तरह के अवैध गोरख धंधे को चलाने वाले दुकानदार दिन दूना रात चौगुना मालामाल हो कर अनकूत सम्पत्ति भी हासिल कर चुके हैं , जब कि मिलावटी सेंथिटिक दूध से बने चाय मिष्ठान पानीर के विक्रेता अधिकांश दुकानदारो द्वारा आम जनमानस को खाने पीने के सामान के रूप में गम्भीर बीमारियों के साथ जहर परोसा जा रहा है, तो वहीं आम जनमानस के जीवन के साथ खिलवाड़ होना बताया जा रहा , कहां जा रहा है विभागीय मेहरबानी व सेटिंग के चलते मिलावट खोरों का यह गोरखधंधा धड़ल्ले से जारी हैं, इस गोरखधंधे में बांसी कस्बा परिक्षेत्र सहित खेसरहा तेलौरा तिलौली डिडई सकारपार सोनकर चौराहा व अन्य कई स्थानों पर उक्त गोरखधंधा धड़ल्ले से जारी हैं,वहीं बांसी के कई चर्चित दुकानदारों के ऊपर सफेद पोश नेता का बचाव हेतु सहयोग किए जाने की बात व सिर पर अपरोक्ष रूप से हाथ होना स्थानीय नागरिक सूत्रों द्वारा बताया गया।

## अवैध वसूली और तस्करी में संलिप्तता का आरोपी सिपाही निलंबित

कौशांबी। कौशांबी जिले के संदीपन घाट थाने में तैनात एक सिपाही को अवैध वसूली और तस्करी में संलिप्तता के आरोपों में निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि जिले के संदीपन घाट थाने में तैनात सिपाही आशीष कुशवाहा पर थाना स्तर पर अपराधियों को संरक्षण देने, गोपनीय सूचनाएं लीक करने, अवैध वसूली और तस्करी में संलिप्तता के आरोप लगे थे। उन्होंने बताया कि कुशवाहा पर लगे आरोपों की जांच चायल के पुलिस क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह को सौंपी गई थी जिन्होंने बुधवार को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। कुमार ने बताया कि सिपाही आशीष कुशवाहा पूर्व में कोखराज थाने में तैनात था और उसके अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों से संबंध होने की जानकारी मिली है। जांच में अवैध वसूली तथा तस्करी से जुड़े मामलों में सिपाही की संलिप्तता भी उजागर हुई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ऐसे कृत्य गंभीर अनुशासनहीनता और स्वेच्छाचार को दर्शाते हैं लिहाजा सिपाही आशीष कुशवाहा को बुधवार देर रात निलंबित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## मेगा विधिक सहायता शिविर का भव्य आयोजन

श्रावस्ती। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेशानुसार तथा जनपद न्यायाधीश राकेश घर दुबे के मार्गदर्शन में दिनांक 22 फरवरी 2026 को तथागत सभागार, कलेक्ट्रेट भिनगा, जनपद श्रावस्ती में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रावस्ती प्रद्युम्न कुमार मिश्र ने दी। उन्होंने बताया कि शिविर में जनपद के अंतर्गत कार्यरत समस्त राजकीय विभाग अपने-अपने स्टॉल स्थापित करेंगे। संबंधित विभागों के प्रतिनिधि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की पात्रता, आवश्यक दस्तावेजों एवं आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी आमजन को प्रदान करेंगे। इच्छुक नागरिकों का पंजीकरण कर पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से आच्छादित किया जाएगा। शिविर में विकास, समाज कल्याण, दिव्यांग सशक्तिकरण, शिक्षा, बैंकिंग, कृषि एवं पशुपालन, आवास एवं नगर विकास, ग्रामीण विकास, पुलिस तथा श्रम कल्याण सहित अनेक विभागों की सहभागिता सुनिश्चित रहेगी। इस मेगा शिविर का उद्देश्य प्रत्येक वर्ग तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण करना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अधिक से अधिक नागरिकों से शिविर में उपस्थित होकर लाभ उठाने की अपील की है।

## गांवों के हर घर को मिली अनूठी घरौनी पहचान

श्रावस्ती। ग्रामीण अंचलों में वर्षों से मकानों का न तो कोई अधिकृत नक्शा होता था और न ही स्थायी संख्या। राजस्व अभिलेखों में आबादी क्षेत्र तो दर्ज रहता था, किंतु व्यक्तिगत स्वामित्व स्पष्ट न होने से आए दिन पारिवारिक तथा पड़ोसी विवाद जन्म लेते थे। इन्हीं समस्याओं के स्थायी समाधान हेतु भारत सरकार की स्वामित्व योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्रामीण आबादी सर्वेक्षण एवं अभिलेख संक्रिया विनियामली 2020 लागू की, जिसके तहत प्रत्येक आवास स्वामी को घरौनी प्रदान की जा रही है। इस प्रक्रिया में सर्वप्रथम ग्राम सभाओं के माध्यम से ग्रामीणों को योजना की जानकारी दी जाती है। तत्पश्चात आबादी क्षेत्र की निजी, सरकारी तथा अर्ध-सरकारी भूमि और भवनों का चिन्हांकन किया जाता है। आधुनिक ड्रोन प्रौद्योगिकी से सर्वेक्षण कर सटीक मानचित्र तैयार किए जाते हैं। भूखंडों की क्रम संख्या निर्धारित कर स्वामियों की सूची ग्राम पंचायत में प्रकाशित की जाती है। सूची प्रकाशन के बाद उपजिलाधिकारी द्वारा आपत्तियाँ आमंत्रित कर सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाता है। आवश्यक होने पर जिलाधिकारी स्तर पर भी सुनवाई का प्रावधान है। सभी आपत्तियों के समाधान उपरांत संशोधित मानचित्र के साथ ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) तैयार कर गृह स्वामियों को वितरित किए जाते हैं। प्रदेश में कुल 1,10,344 ग्राम अधिसूचित किए गए हैं, जिनमें से 90,530 ग्रामों में वास्तविक ड्रोन सर्वेक्षण की कार्यवाही संचालित हुई। दिसंबर 2025 तक सभी 90,530 ग्रामों का सर्वेक्षण पूर्ण हो चुका है। अब तक 71,344 ग्रामों में 1,09,11,057 घरौनियाँ तैयार अथवा वितरित की जा चुकी हैं। यह पहल ग्रामीण समाज में स्वामित्व की स्पष्टता, शांति और सौहार्द स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध हो रही है।

## वरिष्ठ नागरिकों की होगी निःशुल्क मोतियाबिंद सर्जरी

श्रावस्ती। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. अमरनाथ यति ने जनसामान्य को अवगत कराया है कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत जनपद के 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों की निःशुल्क मोतियाबिंद सर्जरी कराई जाएगी। यह सर्जरी जनपद स्तरीय स्वास्थ्य सेवा समिति द्वारा चयनित स्वयंसेवी संस्था अथवा अधिकृत अस्पताल के माध्यम से संपन्न की जाएगी। योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं असहाय वृद्धजनों को नेत्र उपचार की सुलभ सुविधा प्रदान कर उनकी दृष्टि सुरक्षित रखना है। योजना के अंतर्गत बीपीएल कार्डधारक, अंत्योदय कार्डधारक, निराश्रित तथा वृद्धाश्रम में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता दी जाएगी। पात्र एवं इच्छुक वृद्धजन आवश्यक दस्तावेज–आधार कार्ड, सहमति पत्र तथा स्वयं अथवा परिजन का मोबाइल नंबर–कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, कक्ष संख्या 49, कलेक्ट्रेट परिसर भिनगा, श्रावस्ती में जमा कर सकते हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने पात्र लाभार्थियों से योजना का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की है।

## राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन में पोषण पोटली बांटी

सैफई, इटावा। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय यूपीयूएमएस, सैफई के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के तत्वावधान में ग्राम पंचायत वघुईया के प्राथमिक विद्यालय में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा ग्राम पंचायत वघुईया को टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से गोद लेने की घोषणा भी की गई। कार्यक्रम में उपस्थित संकायाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. आदेश कुमार ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक समय तक लगातार खांसी, तेजी से वजन कम होना अथवा लगातार कमजोरी महसूस हो रही हो, तो उसे तुरंत टीबी की जांच करानी चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ डॉ. बृजेंद्र कुमार सिंह ने भी उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि समय पर टीबी की पहचान, नियमित उपचार और संतुलित पोषण युक्त आहार से रोगी शीघ्र स्वस्थ हो सकता है। उन्होंने जानकारी दी कि वर्तमान में जनपद में 3380 क्षय रोगियों का उपचार चल रहा है तथा 469 ग्राम पंचायतों में से 29 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित होने के लिए पात्र एलिजिबल क्राइटेरिया की श्रेणी में हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा ग्राम पंचायत वघुईया को गोद लिए जाने की सराहना की।

## बाल चिकित्सालय व आईटीआई को लेकर मोना ने किया सवाल

जिला संवाददाता

**प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मिश्रा मोना ने विधानसभा में नियम-51 के तहत ह्यअविलम्बनीय लोकमहत्व के विषय पर वक्तव्य के जरिये लालगंज में नवनिर्मित पचास बेड के महिला एवं बाल चिकित्सालय के अब तक क्रियाशील न होने तथा विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत बेलहा में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के भी संचालन शुरू न होने का मुद्दा सरकार के समक्ष उठाया है। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने अपने वक्तव्य में सरकार से लालगंज नेशनल हाईवे पर बने ट्रामा सेन्टर को भी पूर्ण क्षमता से संचालित कराये जाने पर जोर दिया है। गुरुवार को विधानसभा में दिये गये वक्तव्य में सीएलपी नेता आराधना मिश्रा मोना ने सरकार से कहा कि उनके



निर्वाचन क्षेत्र में पिछले 2017 से लगभग दस करोड़ की लागत से आईटीआई का भवन बनकर तैयार है। उन्होंने सरकार को बताया कि भवन बन जाने के बावजूद पिछले नौ वर्षों में वहां अभी तक कक्षाएं शुरू नहीं हो पायी हैं। विधायक मोना ने बताया कि काउंसिलिंग में छात्रों को कॉलेज आवंटित कर दिया जाता है। उन्होंने बताया कि आवंटन के बावजूद पढ़ाई के लिए छात्रों को जिला मुख्यालय जाना पड़ता है। इससे प्रतिभाशील छात्रों को चालीस से पचास किलोमीटर की दूरी का आर्थिक बोझ व समय की बबार्दी की पीड़ा झेलनी पड़ रही है। उन्होंने सरकार से सवाल दागा है कि जिन एजेंसियों को इस संस्थान के संचालन की जिम्मेदारी दी गयी है, आखिर इसकी जवाबदेही तय करने के लिए क्या प्राविधान है। वहीं उन्होंने सरकार से इस संस्थान में गरीब और मध्यमवर्ग के बच्चों के हितों की रक्षा के लिए सरकारी संस्थानों के मानक के अनुसार फीस लगभग सात सौ से एक हजार तक ही रखे जाने की भी मांग उठायी है। उन्होंने सरकार से संस्थान के स्वीकृत पदों के सापेक्ष भर्ती अविलम्ब किये जाने का भी अनुरोध किया है। उन्होंने सरकार से गम्भीरतापूर्वक कहा है कि वह कौशल विकास व रोजगार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत युवाओं के हित में आईटीआई का गुणवत्तापूर्ण संचालन शुरू कराये। वहीं बुधवार की रात अपने वक्तव्य के जरिये लालगंज में नेशनल हाईवे स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में एनआरएचएम के एमसीएच विंग योजनान्तर्गत पचास बेड के मैटरनिटी एण्ड चाइल्ड केयर विंग के निर्माण पूर्ण हो जाने के बावजूद अभी तक इसके संचालन न होने पर भी सरकार की तगड़ी घेराबंदी की। उन्होंने कहा कि महिलाओं व बच्चों के चिकित्सा की यहां सुविधा का इस अस्पताल के भवन बन जाने के बावजूद अभी भी अभाव बना हुआ है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में चिकित्सा एवं चिकित्सा स्टाफ नियुक्त न होने के कारण महिलाओं एवं बच्चों को इलाज में काफी असुविधा हो रही है। उन्होंने अस्पताल में चिकित्सा स्टाफ के साथ चिकित्सीय उपकरण व संसाधनों की पूर्णता के साथ इसके शीघ्र संचालन की सरकार के सामने जोरदार मांग उठायी।

## जंक्शन पर ओएचई इंसुलेटर टूटा, 50 मिनट ट्रैक बाधित

इटावा। जंक्शन के यार्ड में बुधवार शाम ओवरहेड इलेक्ट्रिक ओएचई लाइन का इंसुलेटर टूटने से करीब 50 मिनट तक डाउन रेलवे ट्रैक प्रभावित रहा। तकनीकी खराबी के चलते वंदे भारत, तेजस, शताब्दी समेत कई प्रमुख ट्रेनों को अलग-अलग स्टेशनों पर रोकना पड़ा। मरम्मत के बाद संचालन बहाल होने पर यात्रियों ने राहत की सांस ली। मैनपुरी और रामनगर रेलवे क्रॉसिंग के बीच खंभा संख्या पर ओएचई को सप्लाई देने वाला इंसुलेटर अचानक टूट गया। शाम करीब 5.57 बजे ओएचई बार-बार ट्रिप करने लगी, जिससे डाउन ट्रैक पर ट्रेनों की आवाजाही बाधित हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार करीब 5 बजे तेज धमाके की आवाज सुनाई दी थी। सूचना मिलते ही एसएसई ओएचई यतेंद्र राजपूत, स्टेशन अधीक्षक पीएम मीना, आरपीएफ इंस्पेक्टर दिनेश कुमार और टावर वैगन टीम मौके पर पहुंची।

## आत्महत्या के लिए उकसाने वाले को 8 वर्ष का कारावास

### कोर्ट ने 30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया



सिद्धार्थनगर- आत्महत्या के लिए उकसाने के एक मामले में बुधवार को न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए आठ वर्ष के कठोर कारावास और 30 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह फैसला जिला एवं सत्र न्यायालय सिद्धार्थनगर के न्यायाधीश अजय कुमार श्रीवास्तव तृतीय ने सुनाया। यह मामला थाना ढेबरुआ क्षेत्र के केवटलिया गांव से संबंधित है। वर्ष 2020 में आरोपी धर्मराज उर्फ पुजारी पुत्र जगदेव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और साक्ष्य एकत्र कर आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने साक्ष्य और गवाहों के बयान न्यायालय में प्रस्तुत किए। सभी तथ्यों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद न्यायालय ने आरोपी को दोषी पाया। न्यायाधीश ने धर्मराज उर्फ पुजारी को भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत दोषी करार देते हुए आठ वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही, उस पर 30 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में आरोपी को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इस मामले में पुलिस और अभियोजन पक्ष द्वारा लगातार प्रभावी पैरवी की गई। जिला मॉनिटरिंग सेल, अभियोजक राजेश तिवारी और न्यायालय में पैरवी कर रहे मुख्य आरक्षी इमामुद्दीन की इसमें सक्रिय भूमिका रही। उनके प्रयासों से न्यायालय में साक्ष्य और गवाहों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जा सका, जिससे आरोपी के खिलाफ आरोप सिद्ध हुए। न्यायालय के इस फैसले को गंभीर अपराधों के खिलाफ एक सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

संक्षेप

## ओटीएस का तीसरा चरण 28 फरवरी को होगा समाप्त

गोला, गोरखपुर। शासन द्वारा जारी विद्युत उपभोक्ताओं को विल भुगतान में बडी राहत योजना के निर्देश अनुपालन का तीसरा चरण आगामी 28 फरवरी को समाप्त हो जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए अवर अभियंता अजय कुमार कन्नौजिया ने बताया की शासन द्वारा जारी विद्युत बिल भुगतान मे भारी छुट योजना का तीसरा चरण समापन के तरफ है ।जो भी उपभोक्ता इस महाछुट योजना का लाभ नही ले पाये है वे लोग जल्द से जल्द रजिस्ट्रेशन करा ले और भारी लाभ उठायें ।रजिस्ट्रेशन सहज जन सेवा केंद्र एवं विधुत सब स्टेशन से हो रहे है।

## वैज्ञानिक तकनीकी से खेती करें और बढ़ायें उत्पादन : डॉ पूजा

गोला, गोरखपुर। खेती के घटते क्षेत्रफल बढ़ती जनसंख्या हर नागरिकों को पौष्टिक भोजन की आवश्यकता एवं उपलब्धता किसान भाइयों के आर्थिक विकास के लिए आवश्यक है कि खेती वैज्ञानिक तकनीकी आधुनिक कृषि यंत्रों संतुलित उर्वरक उन्नतशील बीज फसल सुरक्षा उपाय सरकार की लाभकारी योजनाओं का उपयोग कर की जाए तभी देश खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनेगा। और पर्यावरण प्रदूषण कम होगा। उक्त जानकारी गुरुवार को बेलघाट विकास खंड परिसर में आत्मा योजनान्तर्गत आरपीएल आधारित दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण के दुसरे दिन मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख डॉ पूजा सिंह कौशिक ने दी। कार्यक्रम में जिला उद्यान अधिकारी डॉ पारसनाथ डॉ एसपी सिंह डॉ मनोज बृजेश शाही तारकेश्वर मिश्र ने सब्जी की खेती बागवानी उद्यान विभाग की योजनाओं प्राकृतिक खेती सरकार की योजनाओं का उचित प्रबंधन खेती में कृषि यंत्रों की उपयोगिता संतुलित उर्वरक उन्नतशील बीज फसल अवशेष प्रबंधन बीज शोधन आदि पर दी विस्तार से जानकारी। प्रशिक्षण में रणवीर शाही सुशील शाही दुर्गेश शाही रोहित शाही सुरेंद्र सिंह रमेश सिंह श्याम देव सिंह देवेंद्र सिंह ने भी सरकार की योजनाओं आदि पर विस्तार से दी जानकारी। अध्यक्षता डॉ के पी सिंह और संचालन पूर्व अपर जिला कृषि अधिकारी राम अधार यादव तथा धन्यवाद ज्ञापन भाजपा मंडल अध्यक्ष बजरंगी सिंह ने किया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरेश वर्मा रणविजय कुमार कृष्ण कुमार अंकित सहित सभी कर्मचारी गणों ने सहयोग किया ।इस अवसर पर विजय प्रताप सिंह वकील सिंह चंद्रभान यादव कृष्णकांत अनूप मिश्रा बबलू सिंह शत्रुघ्न संदीप नरसिंह सहित अधिक संख्या में किसान गण एवं जनप्रतिनिधि और कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## माय भारत बजट क्वेस्ट 2026: छात्रों को मिलेगा प्रधानमंत्री से मिलने का अवसर




चौरीचौरा, गोरखपुर। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के माय भारत केंद्र गोरखपुर के अंतर्गत चौरी चौरा स्थित नेक्सस कंप्यूटर सेंटर में माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 के संबंध में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन माय भारत वॉलंटियर एवं मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित पंडित महामना फाउंडेशन ट्रस्ट केसंस्थापक सचिन गौरी वर्मा द्वारा गोरखपुर की जिला युवा अधिकारी सीमा पाण्डेय के निर्देशन में किया गया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिन गौरी वर्मा ने विद्यार्थियों को बताया कि माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 युवाओं को देश की बजट प्रक्रिया से जोड़ने की एक महत्वपूर्ण पहल है ।उन्होंने जानकारी दी कि इस प्रतियोगिता में चयनित विद्यार्थी को सीधे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने और उनसे संवाद करने का अवसर प्राप्त होगा, जिसका संपूर्ण व्यय भारत सरकार द्वारा वहन किया जाएगा ।प्रतियोगिता के प्रथम चरण में 30 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जा रहे हैं। प्रथम चरण में सफल प्रतिभागी द्वितीय चरण में बजट विषय पर निबंध लेखन करेंगे। निबंध में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री से सीधे संवाद करने का ऐतिहासिक अवसर प्राप्त होगा।

# एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ऑनलाइन जुड़े रहें, जनता दर्शन की करेंगे निगरानी



गोरखपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने अपने कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित थानों को त्वरित व निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिए। पहले भी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नियमित रूप से जनता की शिकायतों का समाधान करते रहे हैं, लेकिन अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद जनता दर्शन की ऑनलाइन निगरानी की जा रही। जनता दर्शन के दौरान भूमि विवाद, मारपीट, महिला उत्पीड़न, साइबर अपराध, पारिवारिक विवाद सहित विभिन्न प्रकार की शिकायतें सामने आईं। एसएसपी ने प्रत्येक प्रार्थना पत्र का अवलोकन कर संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि मामलों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। एसएसपी डॉ. कौस्तुभ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि फरियादियों के साथ संवेदनशील व्यवहार किया जाए और उन्हें कार्रवाई की प्रगति से अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि थाने स्तर पर ही अधिकतर मामलों का समाधान कर दिया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से उच्च कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

प्रतिदिन सुबह 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित होने वाले जनता दर्शन में कोई भी नागरिक अपनी समस्या सीधे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के समक्ष रख सकता है। मुख्यमंत्री की ऑनलाइन निगरानी से इस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया गया है।

## जिलाधिकारी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं



गोरखपुर। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दर्शन में आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। पूर्व में भी जिलाधिकारी नियमित रूप से जनता की शिकायतें सुनकर उनके समाधान के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं, लेकिन अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद जनता दर्शन की ऑनलाइन निगरानी की जा रही जनता दर्शन में भूमि विवाद, राजस्व संबंधी प्रकरण, पेंशन, आवास, राशन कार्ड, चिकित्सा सहायता, शिकायतों के निस्तारण में देरी तथा अन्य प्रशासनिक मामलों से जुड़े प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों और विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अब जनता दर्शन से ऑनलाइन जुड़े रहेंगे और उसकी निगरानी कर रहे। शासन स्तर से स्पष्ट किया गया है कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इससे शिकायत निस्तारण प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही और मजबूत होगी। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि फरियादियों के साथ संवेदनशील व्यवहार किया जाए और उन्हें उनकी शिकायत की प्रगति से अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकतर मामलों का समाधान तहसील और विभाग स्तर पर ही किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से कलेक्ट्रेट के चक्कर न लगाने पड़ें। जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी ने कुछ मामलों में तत्काल फोन कर संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा की जाएगी और देरी पाए जाने पर जवाबदेही तय की जाएगी। प्रतिदिन निर्धारित समय पर आयोजित होने वाले जनता दर्शन कार्यक्रम में कोई भी नागरिक अपनी समस्या सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रख सकता है। मुख्यमंत्री की ऑनलाइन निगरानी से इस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया गया है। जनता दर्शन में आए कई फरियादियों ने बताया कि उच्च स्तर की निगरानी से उन्हें न्याय मिलने की उम्मीद और मजबूत हुई है। प्रशासन ने दोहराया है कि जनसुनवाई केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जनता को राहत दिलाने का सशक्त माध्यम है, और हर शिकायत पर गंभीरता से कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## मासूम छात्र नाले में गिरा पेट में घुसी सरिया, सड़क पर तड़प कर मौत

### -5वीं में पढाई करता था मृतक मासूम



गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र अन्तर्गत महानगर के वार्ड नंबर-5, मनबेला, राप्ती नगर विस्तार कॉलोनी के पास साइकिल से जा रहा एक छात्र नाले में गिर गया। जिससे नाले में लगा सरिया उसके पेट में धंस गया। राहगीरों ने उसे किसी तरह नाले से बाहर निकाला, लेकिन उसके शरीर से तेजी से खून निकल रहा था और वह सड़क पर ही तड़प रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस एंबुलेंस से उसे बीआरडी मेडिकल कॉलेज ले गई। यहां इमरजेंसी में करीब 30 मिनट तक इलाज के बाद बच्चे ने दम तोड़ दिया।

जानकारी के मुताबिक, चिलुआताल थाना क्षेत्र के मुड़ीला उर्फ मुंडेरा निवासी श्याम सुंदर चौरसिया के 3 बेटों में सबसे बड़ा बेटा कन्हैया बुधवार की देर शाम दोस्तों के साथ महानगर के वार्ड नंबर-5, मनबेला, राप्ती नगर विस्तार कॉलोनी के पास साइकिल चलाने गया था। वापस लौटते समय वह साइकिल समेत नाले में गिर गया। वहां खड़ी सरिया उसके शरीर में धंस गई। छात्र की चीख सुनकर आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। बच्चे को बाहर निकालकर सड़क पर लिटाया। उसके पेट में धंसी सरिया निकाली। इससे काफी तेज खून बहने लगा। छात्र सड़क पर दर्द से तड़पता रहा। इस दौरान लोग उसे दिलासा देते रहे- घबराओ मत, तुम ठीक हो जाओगे ।सूचना पर पहुंची पुलिस एंबुलेंस से उसे बीआरडी मेडिकल कॉलेज ले गई। यहां इमरजेंसी में करीब 30 मिनट तक इलाज के बाद बच्चे ने दम तोड़ दिया। घटना बुधवार शाम चिलुआताल थाना क्षेत्र की है।

पिता श्याम सुंदर ने बताया कि बेटे को साइकिल चलाने का बहुत शौक था। वह अक्सर दूसरे बच्चों से साइकिल मांगकर चलाता था, जिस पर घर में उसे डांट पड़ती थी। यह देखकर अच्छा नहीं लगता था। इसलिए 14 फरवरी (वेलेंटाइन डे) को मैंने 2600 रुपए की साइकिल खरीदकर उसे गिफ्ट की थी। शाम को दुर्घटना की खबर मिलते ही वह अवाक रह गया। उस समय वह बाजार में सब्जी बेच रहा था। इसी बीच घटना की सूचना मिली तो मैं भागते हुए मौके पर पहुंचा। वहां कन्हैया सड़क पर दर्द से तड़प रहा था। इसके बाद मैं उसे बीआरडी मेडिकल कॉलेज लेकर गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### नाले का ढक्कन खुला होने से बच्चे की हुई मौत

श्याम सुंदर ने आरोप लगाया कि ठेकेदार ने अतिरिक्त लोहे की सरिया नहीं हटाई थी। नाले का ढक्कन भी खुला छोड़ दिया गया था। इसी लापरवाही से उनके बेटे की मौत हो गई। डॉक्टरों का कहना था कि बच्चे के शरीर में धंसी सरिया को मौके पर नहीं निकालना चाहिए था। उसे सरिया समेत ही अस्पताल लाना चाहिए था। सरिया निकाल देने से ज्यादा खून बह गया। स्थानीय लोगों ने गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों पर भी सवाल उठाए हैं। नाला निर्माण कार्य में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। चिलुआताल थाना प्रभारी सूरज सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है। बच्चे के शव का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

## चौपाल में ग्रामीणों की सुनी समस्या




उरुवा, गोरखपुर। नगर पंचायत उरुवा में गुरुवार के दिन भाजपा सरकार, आपके द्वार‍ कार्यक्रम को लेकर पहले दिन की शुरूआत सुबह वार्ड नंबर दो सुल्तानी और दोपहर वार्ड नंबर चौदह भरवलिया में नगर पंचायत चेयरमैन रामफेर कन्नौजिया की अध्यक्षता में चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। चौपाल कार्यक्रम में जनता से कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी रुबरु होते हुए दोनों जगह चौपाल में सरकार द्वारा जनता के लिए चलाई जा रही कन्या सुमंगला योजना, गरीब कन्या विवाह योजना, प्राथमिक विद्यालय कायाकल्प योजना, मुख्यमंत्री सृजन योजना, वंदन योजना, पीएम आवास योजना, पेंशन तथा शुद्ध पेयजल, स्वच्छता अभियान व बिजली पानी सड़क जैसी सहित कई योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस पर दोनों वार्डो की कुछ जनता द्वारा रास्ते की समस्या, जल निकासी के लिए नाली, पेंशन, राशनकार्ड की समस्या, महिला स्नान घर तथा पार्क की मांग को लोगों ने प्रमुखता से उठाया। जिसपर अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा द्वारा ग्रामीणों को समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने का आश्वासन दिया है। और जनता इस तरह के आयोजन की सराहना भी किया। इस मौके पर चेयरमैन रामफेर कन्नौजिया, नवीन कुमार उर्फ मुन्ना सिंह, अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा, सभासद राजकुमार यादव, संजय यादव, मंजीत सिंह, पवन कुमार शर्मा, गौरव सिंह, प्रियांशु सिंह, अभिषेक जायसवाल, राहुल सिंह सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## चेयरमैन ज्योति गुप्ता ने सागर महाराज से आशीर्वाद लिया

### जैन समाज ने चेयरमैन का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया

इटावा। शहर के पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर, लालपुरा में आचार्य सन्मति सागर महाराज के अंतिम शिष्य आचार्य सुबल सागर महाराज ससंघ विराजमान हैं। उनके पावन सान्निध्य में इन दिनों क्षेत्र में धर्ममय एवं आध्यात्मिक वातावरण व्याप्त है। आचार्य श्री के सान्निध्य में भव्य पच्चीस मंडलीय सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन अत्यंत श्रद्धा एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। विधान का शुभारंभ विधानकर्ता शाशिकांत जैन ग्वालियर द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। प्रातःकाल भगवान श्रीजी का अभिषेक संपन्न हुआ तथा आचार्य श्री के मुखारविंद से शांति धारा बोली गई ।शांति धारा करने का सौभाग्य विवेक जैन, पीयूष जैन, सोनू जैन, सौरभ जैन, सुनील जैन, अभिषेक जैन, भोलू जैन सहित युवा टीम को प्राप्त हुआ। विधान में पुरुषों एवं



महिलाओं ने पीले वस्त्र, मुकुट व मालाएं धारण कर भक्ति भाव से सहभागिता की। विधान में पात्र सौधर्म इंद्र विवेक जैन, कुबेर इंद्र विशाल जैन मेडिकल, महेंद्र इंद्र महावीर प्रसाद जैन, यज्ञनायक इंद्र शैलेश जैन तथा राजाश्री पाल सौरव जैन द्वारा हवनकुंड में 108 मंत्रों से आहुतियां अर्पित की गईं। संपूर्ण विधान हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति गुप्ता व पकज यादव प्रधान भरथना ने आचार्य श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया। जैन समाज अध्यक्ष संजू जैन एवं पूजा जैन द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष का पगड़ी व तिलक लगाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर पूरन जैन, रोहित जैन, वैभव जैन, गौरव जैन सहित श्री दिगंबर जैन साधु सेवा समिति के पदाधिकारी एवं सकल दिगंबर जैन समाज के अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। संचालन चक्रेश जैन द्वारा किया गया।

## इंटर के छात्र की सड़क हादसे में मौत

इटावा। फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र में बुधवार देर शाम एक सड़क हादसे में इंटर के छात्र सूर्य प्रताप उर्फ निखिल (18) की मौत हो गई। वह हिंदी की परीक्षा देकर बाइक से घर लौट रहा था, तभी तेज रफ्तार पिकअप ने उसे टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल छात्र ने सैफई स्थित आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में इलाज के दौरान गुरुवार सुबह दम तोड़ दिया। शहर की एकता कॉलोनी निवासी सूर्य प्रताप उर्फ निखिल सुमन विद्यापीठ इंटर कॉलेज में 12वीं कक्षा का छात्र था। बुधवार को वह यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा देने चम्पानेर स्थित लाला राम इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर गया था। परीक्षा समाप्त होने के बाद देर शाम वह बाइक से वापस लौट रहा था।

## कुर्मी समाज ने मनायी छत्रपति शिवाजी की जयंती



इटावा। कूर्मि क्षत्रिय समाज एवं मराठा समाज के संयुक्त तत्वाधान में मराठा समाज ने अपने व्यपारिक प्रतिष्ठानों को बन्द कर छत्रपति शिवाजी महाराज की जयन्ती मे होमगंज से छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति को हाथों में लेकर पैदल मार्च करते हुए शोभायात्रा ढ़ोल नगाड़े तथा जोशीले नारे जय भवानी जय शिवाजी, हर हर महादेव, नमों पार्वती पतेय हर हर महादेव के आदि के नारो के साथ तलैया मैदान गूंजा, पुरविया टोला में पहुँच कर स्थापित छत्रपति महाराज की मूर्ति का जल, दूध, दही, शहद आदि पूजन समग्री से अभिषेक कर फूलो की माला तथा नारियल फोड़कर तथा मराठी में थाल सजाकर आरती कर आदम्य साहस रणनीति और स्वाभिमान के प्रतीक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयन्ती पर शत्शत्नमन किया।

मराठा समाज के अध्यक्ष प्रकाश जाधव एवं उपाध्यक्ष चन्दू पाटिल ने सयुक्त रूप से बताया छत्रपति शिवाजी महाराज वीर योद्धा ही नही दूरदर्शी, महान शासक थें कूर्मि क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष अरुण कुमार एवं धर्मेश कुमार मौधू ने बताया कि 17 वीं शताब्दी में हिंदवी स्वाराज्य की स्थापना की थी। मराठा समाज के संरक्षक बसंत पाटिल एवं रघुनाथ काका ने कहा कि .विदेशी और अत्याचारी शासको से मुक्ति के लिए धर्म व स्वादेश की रक्षा करने का वीणा उठाया। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. हरीशंकर पटेल ने भारत के प्रधानमंत्री तथा उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री से अपील की कि छत्रपति महाराज की जयन्ती पर अवकाश की घोषणा तथा सरकार द्वारा जयन्ती को जोर शोर से भी मनायी जाएं।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ




जसवंतनगर। चै. सुघर सिंह एजुकेशनल एकेडमी की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा ग्राम कोकावली स्थित प्राथमिक विद्यालय में सात दिवसीय विशेष शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मैनेजिंग डायरेक्टर, सचिव अनुज मोंटी यादव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। ऐसे शिविर छात्रों में सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करते हैं। ग्राम प्रधान नीलम ने ग्राम पंचायत की ओर से शिविर के सफल संचालन हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। डायरेक्टर डॉ. संदीप पांडेय एवं प्राचार्य डॉ. जितेंद्र यादव ने स्वयंसेवकों को एनएसएस के आदर्श वाक्य मैं नहीं, तुम की भावना के साथ समाज सेवा के कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा उत्तीर्ण करना नहीं, बल्कि समाज के प्रति कर्तव्यों का निर्वहन करना भी है। कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि 19 से 25 फरवरी तक आयोजित शिविर में स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, नशा मुक्ति जागरूकता, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर तथा विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रथम दिवस स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

## ऑनलाइन सीएनजी सेवा शुरू, वाहन चालकों को राहत




जसवंतनगर, इटावा। कचैरा बाईपास मार्ग पर काशीराम कॉलोनी के सामने स्थित संतोष भुवनेश किसान सेवा केंद्र पर ऑनलाइन सीएनजी सेवा का शुभारंभ कर दिया गया है। इससे क्षेत्र के वाहन चालकों को अब स्थानीय स्तर पर ही सीएनजी भरवाने की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी और दूर स्थित पंपों पर निर्भरता कम होगी। पंप प्रबंधन के अनुसार स्टेशन पर 24 घंटे सीएनजी उपलब्ध रहेगी। साथ ही यहां पेट्रोल, डीजल और एयर पंप जैसी अन्य सुविधाएं भी संचालित हैं। ऑनलाइन सीएनजी सेवा शुरू होने से विशेष रूप से वाणिज्यिक एवं निजी वाहनों को समय और ईंधन लागत में बचत होने की उम्मीद है। स्थानीय टैक्सी, ऑटो व मालवाहक वाहन चालकों ने इसे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण सुविधा बताया है। सेवा शुभारंभ अवसर पर डॉ. बृजेश चंद्र यादव, डॉ. भुवनेश चंद्र यादव तथा पूर्व ब्लॉक प्रमुख अनुज मोंटी यादव सहित कंपनी प्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में जीवी राम मनोहर वाइस प्रेसिडेंट, नवनीत तिवारी, रवि सिंह चैहान हेड सीएनजी प्रोजेक्ट्स, रितेश मिश्रा, देवेंद्र चाहर, अतुल यादव, ऋषभ शर्मा, अतुल सिंह व प्रकाश यादव की भी उपस्थिति रही। स्थानीय नागरिकों ने क्षेत्र में ऑनलाइन सीएनजी सुविधा शुरू होने को सराहनीय कदम बताते हुए कहा कि इससे पर्यावरण अनुकूल ईंधन के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा और शहर में स्वच्छ ऊर्जा के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।

## लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेसियों का धरना -प्रदर्शन



इटावा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय एवं उनके कार्यकताओं के ऊपर पुलिस द्वारा किए गए लाठी चार्ज के विरोध में आज जिला अध्यक्ष आशुतोष दीक्षित के नेतृत्व में नुमाइश परिसर में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के नीचे बैठकर शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन किया गया। आपको बताते चलें कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 17 फरवरी को मनरेगा बचाओ संग्राम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में विधानसभा घेराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा जैसे जन कल्याणकारी कार्यक्रम को खत्म कर दिये जाने की योजना सरकार की दमनकारी नीति की सोच है। इसके विरोध में पूरे प्रदेश के कांग्रेसजनों द्वारा प्रदेश की राजधानी लखनऊ पहुंचकर शांतिपूर्ण विरोध मार्च निकाला गया, परंतु भाजपा सरकार द्वारा शांतिपूर्ण विरोध मार्च में लाठी चार्ज करके इसे रोकने की कोशिश की जिसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय सहित कई कार्यकर्ता व नेता घायल हुए। विरोध दर्ज करने वालों में जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित, शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद, पीसीसी मेंबर कोमल सिंह कुशवाहा, पीसीसी मेंबर प्रशांत तिवारी, पीसीसी मेंबर कुसुमलता उपाध्याय, जिलाप्रवक्ता वाचस्पति द्विवेदी, जिलाप्रवक्ता प्रेरणा जुबैरी, मनरेगा कोऑर्डिनेटर सचिन शंखवार, एनएसयूआई अध्यक्ष आसिफ जादरान, रणवीर सिंह यादव, धर्मेंद्र कुमार व विपिन कुमार पाल सहित तमाम कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## पंकज अवस्थी एड. को प्रमाण पत्र सौंपा

इकदिल, इटावा। परशुराम सेवा समिति के प्रदेश कार्यालय मोहल्ला कायस्थान इकदिल में परशुराम समिति औरैया के जिलाध्यक्ष पंकज अवस्थी एड. का प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट ने पट्टिका पहनाकर स्वागत किया और जिलाध्यक्ष औरैया के पद पर मनोनीत होने का प्रमाण पत्र सौंपा स इस मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों ने श्री अवस्थी को बधाई दी। इसके बाद एक बैठक कर समिति की ओर से ब्लड डोनेट कैंप के आयोजन को लेकर चर्चा हुई जल्द ही एक आवश्यक बैठक कर औरैया में ब्लड डोनेट का आयोजन किया जाएगा।


## कार्यालय नगर पंचायत ऊगू, जनपद-उन्नाव

पत्रांकः- 628/ई-निविदा सू./न.पं.ऊगू/2025-26 दिनांकः- 18/02/2026

**ई-निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना CM-NSY योजनान्तर्गत जारी पत्र संख्याः-1/1234527/2026/मु.म.न.सृ.यो./001-2-1992327 नगर विकास अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक 11/02/2026 के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत ऊगू, उन्नाव मे निर्माण कार्यो हेतु ई-निविदा प्रतिशत दर पर आमन्त्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो हेतु निविदा डाल सकता है।

**:- निविदा अपलोड एवं तकनीकी वित्तीय बिड खोलने का विवरणः-**

| | | |
|---|---|---|
| (a) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन की तिथि | 19/02/2026 |
| (b) | वेबसाइट पर आनलाइन निविदा डाउनलोड की तिथि | 19/02/2026 प्रातः 09:00 बजे से |
| (c) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 12/03/2026 अपरान्ह 01:00 बजे |
| (d) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | 12/03/2026 अपरान्ह 02:00 बजे |
| (e) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय | तकनीकी निविदा खोलने के उपरान्त |
| (f) | ई-निविदा खोलने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत ऊगू, उन्नाव |

**नोटः**- निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण/नियम व शर्ते वेबसाइट www.etender. up.nic.in पर उपलब्ध है अथवा किसी भी कार्य दिवस मे कार्यावधि तक कार्यालय नगर पंचायत ऊगू, उन्नाव से सम्पर्क करते हुए प्राप्त कर सकते है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत ऊगू, उन्नाव**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत ऊगू, उन्नाव**

संक्षेप

## खेत में लगी बाबा साहेब की प्रतिमा क्षतिग्रस्त

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करनपुर में खेत में स्थापित भीमराव रामजी अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त पाए जाने से क्षेत्र में हलचल मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर प्रतिमा की मरम्मत कराई। जानकारी के अनुसार ग्राम करनपुर निवासी ऋषिकांत गौतम ने नेशनल हाईवे 730 के किनारे अपने खेत में बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित कर रखी है। गुरुवार को खेत पर पहुंचने पर प्रतिमा की एक उंगली क्षतिग्रस्त मिली। इसकी जानकारी आसपास के लोगों को दी गई, जिसके बाद ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना मिलने पर कोतवाल अम्बर सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस की मौजूदगी में प्रतिमा की मरम्मत कराई गई, जिससे स्थिति सामान्य हुई। पुलिस का कहना है कि प्रतिमा को क्षति किसने और किन परिस्थितियों में पहुंचाई, इसकी जांच की जा रही है।

## कांग्रेसियों पर हुए लाठी चार्ज के विरोध में धरना

लखीमपुर खीरी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रहलाद पटेल के नेतृत्व में लखीमपुर के कम्पनीबाग में महात्मा गाँधी की प्रतिमा के समक्ष 17 फरवरी, 2026 को लखनऊ में हुए विधान सभा घेराव के दौरान कॉंग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सहित कई नेताओं एवं कार्यकर्ताओं पर हुए लाठी चार्ज के विरोध में गाँधी पार्क में 11:00 बजे से 2:30 बजे तक धरना प्रदर्शन किया गया। सभी उपस्थित कांग्रेस जनों ने प्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन के द्वारा अपनाई जा रही दमनकारी नीतियों का पुरजोर विरोध किया। मनरेगा बचाओ संघर्ष कार्यक्रम के अंतर्गत राज्यों पर अतिरिक्त वित्तीय भार डाल देने की भाजपा की केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की गई और प्रदेश सरकार के रवैये पर खेद प्रकट किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉंग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने की इस मौके पर राजेन्द्र गुप्ता, रामपाल शाक्य, मोहन चन्द्र उत्प्रेती, प्रेम कुमार वर्मा, कृष्ण किशोर मिश्रा, ललित, राम पाल शाक्य, रवि तिवारी, अमित गुप्ता सहित आदि मौजूद रहे।

## हार्ट अटैक से दो लोगों की मौत

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र में लगातार हो रही हार्ट अटैक की घटनाओं से लोग दहशत में है इसी बीच दो गांवों में दो लोगों की हार्ट अटैक से मौत हो गई सूचना पर पहुंचे गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर परिजनों को ढांढस बंधाया है। बुधवार को गाजी समुदाय के प्रमुख नेता इसरार उर्फ तौले 65 वर्षीय को दिल का दौरा पड़ने से आनंन-फानन में इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल लेकर दौड़े तब तक दम तोड़ दिया सूचना पर पहुंचे सांसद आनंद भदौरिया, क्रांति कुमार, सगीर आलम सिद्दीकी, इकरार खां, कार्तिक तिवारी, अशफाक उल्ला खान, डा जुबेर, जयकरन बाजपेई, समेत तमाम प्रमुख लोगों ने उनके आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की है। दूसरी घटना गांव गुलौली के श्याम बहादुर सिंह और छोटे भैया सेवानिवृत्त अध्यापक की हार्ट अटैक पडने करने से मौत हो गई है दुखद घटनाओं पर विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह दुख जताते हुए कहा उनका पहला प्रयास रहेगा मोहम्मदी में हृदय रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति को लेकर प्रयासरत हैं।

# बसंतकालीन गन्ना बुवाई को निकली किसान जागरूकता रैली



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। बसंतकालीन गन्ना बुवाई को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड की गोला इकाई द्वारा किसान जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ चीनी मिल गेट से किया गया, जिसे ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर ने फीता काटकर रवाना किया।

इकाई प्रमुख राकेश यादव, डिस्टिलरी हेड सहदेव त्यागी, वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना पी.एस. चतुर्वेदी, सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति गोला बलवंत चैधरी, इंजीनियरिंग हेड के.के. तिवारी, प्रोडक्शन हेड पी.सी. गुप्ता तथा आईटी हेड संदीप कटियार ने हरी झंडी दिखाकर रैली को आगे बढ़ाया। इकाई प्रमुख ने बताया कि रैली मिल परिक्षेत्र के सैकड़ों गांवों से होकर गुजरेगी और किसानों को बसंतकालीन गन्ना बुवाई एवं पेड़ी प्रबंधन के संबंध में जागरूक करेगी। रैली के दौरान मिल प्रबंधन और गन्ना विभाग के अधिकारी किसानों को उन्नतशील गन्ना प्रजातियों जैसे को० 0118, को० 15023, कोलख० 14201, कोशा० 13235 तथा जलभराव वाले क्षेत्रों के लिए को० 98014 व कोलख० 94184 की बुवाई के लिए प्रेरित करेंगे। वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना ने किसानों से प्रतिबंधित एवं अनामित गन्ना प्रजातियों की बुवाई न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वीकृत प्रजातियों की बुवाई से उत्पादन और चीनी परता में सुधार होगा।

रैली में सहायक महाप्रबंधक गन्ना, प्रबंधक सत्येंद्र कुमार मिश्र, संजीव चौधरी, अपर प्रबंधक गन्ना सुनील सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## विकासखंड धौरहरा का स्टेट क्वालिटी मॉनिटर ने किया निरीक्षण

धौरहरा खीरी। स्टेट क्वालिटी मॉनिटर मनरेगा ओम प्रकाश चौबे ने विकास खंड धौरहरा की विभिन्न ग्राम पंचायतों में संचालित कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत सरसवा में हाट बाजार का जायजा लिया गया। इसके बाद ग्राम पंचायत हरदी पहुंचकर आंगनबाड़ी केंद्र, पोषण वाटिका एवं बाल वाटिका का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया। विशेष रूप से आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण को लेकर स्टेट क्वालिटी मॉनिटर ने खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने पहली बार इस प्रकार का गुणवत्तापूर्ण आंगनबाड़ी निर्माण कार्य देखा है।

इसके उपरांत विकासखंड कार्यालय में तकनीकी सहायक व अन्य कर्मचारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में मनरेगा से संबंधित तकनीकी बारीकियों पर विस्तार से चर्चा की गई। टीम ने पत्रावलियों में टेंडर, कोटेशन तथा कार्यों की माप संबंधी अभिलेखों का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण से संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों में उत्साह का माहौल देखा गया।

## गोकर्ण कॉरिडोर निर्माण के जेई पर हमले में अज्ञात पर एफआईआर दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। गोकर्ण कॉरिडोर निर्माण कार्य से जुड़े एक अवर अभियंता पर हमला किए जाने के मामले में कोतवाली पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।मूल रूप से लखनऊ के आलमबाग क्षेत्र निवासी नितिन कुमार सिंह, जो वर्तमान में गोकर्ण कॉरिडोर परियोजना में अवर अभियंता के पद पर तैनात हैं, ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 13/14 फरवरी की दरम्यानी रात करीब 11 से 12 बजे के बीच वह महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर निर्माण कार्य और व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रहे थे। परगना मजिस्ट्रेट के वहां से जाने के बाद वह मिल डायवर्जन रोड पर पैचिंग कार्य देखने के लिए पैदल आगे बढ़े। आरोप है कि अम्बेडकर तिराहे के पास पहुंचने से पहले ही एक दर्जन से अधिक अज्ञात लोगों ने उनका पीछा करते हुए घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। हमलावरों ने लात-घूंसों और थप्पड़ों से पिटाई की। तहरीर में यह भी उल्लेख है कि किसी हमलावर ने नुकीली वस्तु का प्रयोग किया, जिससे चेहरे और गाल पर खरोंच व सूजन आई है। पीड़ित ने बताया कि वह बाहरी जनपद का होने के कारण हमलावरों के नाम नहीं जानता, लेकिन सामने आने पर पहचान सकता है। घटना के बाद से परियोजना से जुड़े कर्मचारी भी दहशत में बताए जा रहे हैं। तहरीर में पूर्व में श्रमिकों के साथ मारपीट की घटनाओं का भी जिक्र किया गया है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपितों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं और मामले की विवेचना जारी है।

## लड़के ने लड़की वालों पर जबरन शादी कर लेने का लगाया आरोप

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव गुलौली में एक पिता ने अपने पुत्र की गांव के एक परिवार के लोगों पर लड़की से जबरन शादी कर लेने की धमकी मिलने पर पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।पीड़ित विनय कुमार ने बताया उसका पुत्र श्याम अविवाहित है वह एक ज्वेलर्स की दुकान पर काम कर रहा है। गांव के एक पिता अपने परिवार के लोगों के साथ शादी की बातचीत शुरू की जिस पर लड़के के पिता ने अपनी पुत्री की दुखद मौत हो जाने के चलते अभी बात शुरू न करने की बात कहने पर भड़क गए परिवार के लोगों के साथ मिलकर जबरन शादी कर लेने की धमकी देने लगे जिसका विरोध करने पर लड़की के पिता ने मामले में पुलिस से शिकायत कर देने पर लड़के ने शादी से इनकार कर दिया है जिस पर पिता ने अपने लड़के को बचाने के लिए पुलिस से गुहार लगाई है। उधर पुलिस का कहना है शादी की कोई रस्म हुई नहीं ऐसे में जबरन शादी करने के मामले की जांच कराई जा रही है दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## ओबीसी प्रकरण में डॉ. पीयूष शुक्ला पर मुकदमा, गिरफ्तारी की मांग तेज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो को लेकर ओबीसी समाज में आक्रोश के बाद गोला नगर निवासी डॉ. पीयूष शुक्ला के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। पटेल संस्थान के अध्यक्ष राजीव पटेल ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है और कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

राजीव पटेल का आरोप है कि 5 फरवरी को डॉ. पीयूष शुक्ला द्वारा सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में ओबीसी समाज के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। साथ ही कुर्मी समाज के संरक्षक एवं पूर्व दर्जाप्राप्त राज्य मंत्री सुरजन लाल वर्मा से हुई फोन वार्ता को रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर साझा किया गया, जिस पर समाज के लोगों ने कड़ी आपत्ति जताई। मामले में ओबीसी समाज के प्रतिनिधियों ने साक्ष्यों सहित गोला कोतवाली में तहरीर दी थी। आरोप है कि प्रारंभ में मुकदमा दर्ज करने में विलंब हुआ, जिसके बाद समाज के लोग सीओ कार्यालय पहुंचे। बाद में सदर चैराहे पर धरना दिया गया। सूचना पर पहुंचे एडिशनल एसपी के हस्तक्षेप के बाद नामजद मुकदमा दर्ज किया गया। राजीव पटेल ने सीओ रमेश कुमार तिवारी और कोतवाल अम्बर सिंह की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि यदि आरोपी की गिरफ्तारी शीघ्र नहीं की गई और संबंधित अधिकारियों का स्थानांतरण नहीं हुआ तो ओबीसी समाज व्यापक आंदोलन करेगा। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि डॉ. पीयूष शुक्ला के विरुद्ध विधिक प्रावधानों के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है और शांति व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता है।

## मंडी समिति के भ्रष्टाचार का मुद्दा विधायक ने उठाया



जौनपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी की मंडी में कथित वित्तीय अनियमितताओं को लेकर सदन में गुरुवार को उस समय तीखी बहस छिड़ गई जब सपा विधायक डॉ. रागिनी सोनकर ने विभागीय भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया।

उन्होंने मंत्री से सीधे पूछा कि जब मंडी और सड़कों के रखरखाव की जिम्मेदारी विभाग की है, तो करोड़ों रुपये के कथित घोटाले पर अब तक ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की गई। विधायक ने आरोप लगाया कि 12 लाख रुपये की लागत वाले सड़क कार्य के लिए 3 करोड़ 74 लाख रुपये का भुगतान किया गया, 35 वर्ष पुरानी चारदीवारी को नव निर्माण दर्शाकर भुगतान कराया गया, उपनिदेशक कार्यालय में फॉल्स सीलिंग के नाम पर 40 लाख रुपये खर्च दिखाए गए जबकि वास्तविक कार्य मात्र 2 लाख 84 हजार रुपये तक का पाया गया। इसी प्रकार चिनाई कार्य में 11 लाख के स्थान पर 25 लाख रुपये का भुगतान किए जाने का भी आरोप लगाया गया। उन्होंने कहा कि बार-बार जांच और ब्लैकलिस्टिंग के बावजूद उन्हीं लोगों को दोबारा कार्य दिया जाना गंभीर अनियमितता की ओर संकेत करता है और उन्होंने संबंधित जांच समिति के दस्तावेज सदन की मेज पर रखने की बात कही।इसके साथ ही उन्होंने छोटे व्यापारियों पर लगाए गए नए कर का मुद्दा भी उठाया और कहा कि नींबू, अदरक, लहसुन और प्याज जैसे आवश्यक वस्तुओं के व्यापारियों से माल के प्रदेश में प्रवेश करते ही कर वसूला जा रहा है, जबकि पड़ोसी राज्यों में ऐसा प्रावधान नहीं है। उन्होंने प्रश्न किया कि क्या सरकार इस कर को वापस लेने पर विचार करेगी। मंत्री ने अपने जवाब में विभाग द्वारा कराए गए विकास कार्यों और सड़कों की मरम्मत का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि विपक्षी क्षेत्रों में 283 करोड़ रुपये से कार्य कराए गए हैं तथा भाजपा और एनडीए विधायकों की मांग पर 1200 करोड़ रुपये की सड़कों का निर्माण कराया गया है। इसी तरह उन्होंने अपनी उपलब्धियों की गिनानी शुरू कर दी। विधायक ने स्पष्ट किया कि उनका मूल प्रश्न विभाग में कथित भ्रष्टाचार और जवाबदेही से जुड़ा है, जबकि मंत्री द्वारा उपलब्धियों का विवरण दिया गया। सदन में इस मुद्दे को लेकर पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली और मामले की निष्पक्ष जांच तथा पारदर्शी कार्रवाई की मांग जोर पकड़ती रही।

## रमजान के पहले दिन बाजार में दिखी रौनक

सिंगाही खीरी। रमजान के महीने का गुरुवार से आगाज होने पर मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में खासी रौनक दिखाई दी। सभी मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ देखने को मिली। मुस्लिमों में पहले रोजे और तरावीह की नमाज को लेकर उत्साह देखा गया। रमजान के पाक महीने में गुरुवार को पहले रोजे पर मुस्लिम समाज के लोगों ने सुबह सेहरी करने के साथ पहला रोजा रखा और शाम को इफ्तार की तैयारी के लिए बाजार में फलों और रमजान के शरबत, पकौड़ी, व्यंजनों की खरीदारी की। इस दौरान रोजेदारों ने पांच वक्त की नमाज पढ़ी। नगर पंचायत की तरफ से रमजान को देखते हुए कस्बे में साफ सफाई कराई गई। रमजान का महीना शुरू होते ही बाजार में खजूर व फलों की मांग बढ़ गई। नगर पंचायत चेयरमैन मोहम्मद कय्यूम ने सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और मस्जिदों के आसपास क्षेत्रों में रमजान के दौरान विशेष सफाई रखने की सफाई कर्मियों को हिदायत दी। हर मुसलमान का फर्ज है कि रमजान के दिनों में खूब दुआ करें। मदीना मस्जिद के इमाम मौलाना इमामत हुसैन ने बताया कि इस्लाम की बुनियाद पांच चीजों पर है, इनमें से एक रमजान के रोजे पुरुष पर फर्ज है। हदीस-ए-पाक से जन्नत के आठ दरवाजे हैं, इनसे से एक दरवाजे का नाम रय्यान है। इसमें वही दाखिल होंगे जो रोजा रखते हैं। हर चीज की एक जकात है, बदन की जकात रोजा है। रमजान का तीन अशरा है इसका पहला अशरा रहमत का, दूसरा अशरा मगफिरत का और तीसरा अशरा जहन्नम से निजात का है। रोजा सिर्फ पेट का ही नही आंख, कान दिमाग हाथों का है। मालदारों के लिए नसीहत है कि उन पर अपने माल (दौलत) की ढाई प्रतिशत जकात देना फर्ज है। उन्होंने बताया कि रमजान के दिनों में खूब दुआ करें। रमजान के दिनों में तरावीह खास नमाज है। इसका खास एहतराम करें क्योंकि तरावीह की नमाज साल में एक बार आती है। तरावीह की नमाज के बाद सीधे घर पर जाकर आराम करें और अगले रोजे की तैयारी करें। बेवजह घूमने की इस्लाम इजाजत नहीं देता। और दिखावे से परहेज करना भी जरूरी है।

## गन्ना भुगतान व जर्जर सड़क मुद्दे पर किसानों का ज्ञापन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने तहसील परिसर पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। एसडीएम की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार भानू प्रताप सिंह को ज्ञापन देकर मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई।

संगठन के पदाधिकारियों ने ज्ञापन में गोला नवीन मंडी समिति क्षेत्र में महरताला से लोहिया पुल तक जर्जर मार्ग के पुनर्निर्माण की मांग उठाई। किसानों का कहना है कि खराब सड़क के कारण आवागमन प्रभावित होता है और उपज मंडी तक पहुंचाने में दिक्कतें आती हैं। मार्ग को लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित कर निर्माण कराने की भी मांग की गई।

किसानों ने बढ़ती लागत और महंगाई का हवाला देते हुए गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 200 रुपये प्रति कुंटल बोनस दिए जाने की मांग की। साथ ही क्षेत्र की चीनी मिल पर गन्ना किसानों का लंबित भुगतान तत्काल जारी कराने की बात कही। ज्ञापन में नकली खाद, कीटनाशक और रासायनिक दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने, दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने तथा दूध, पनीर और खोया में मिलावट पर प्रभावी नियंत्रण की मांग भी शामिल रही। किसानों ने डेयरी उत्पादों का उचित मूल्य तय करने की आवश्यकता पर बल दिया। वक्ताओं ने कहा कि समस्याओं के समाधान में विलंब होने पर संगठन लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करेगा। ज्ञापन के दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमनदीप सिंह संधू, जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## विद्या मंदिर के पूर्व छात्र ने जेईई मेन्स में लहराया परचम




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। जेईई मेन्स प्रथम चरण में 99.57 परसेंटाइल हासिल करने वाले मेधावी छात्र अश्वनी तिवारी को विद्यालय परिसर में सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय प्रशासन ने विशेष समारोह आयोजित कर छात्र और उनके अभिभावकों का अभिनंदन किया।

मोहम्मदाबाद निवासी कृषक हरीश तिवारी के पुत्र अश्वनी तिवारी ने कठिन परिश्रम के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने हाईस्कूल में 90 प्रतिशत तथा इंटरमीडिएट में 86 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। उनकी प्रारंभिक शिक्षा से लेकर इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गोला गोकर्णनाथ में हुई है। सम्मान समारोह में प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया और कोषाध्यक्ष ईश्वर दीन वर्मा ने छात्र को माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही उनके माता-पिता को भी स्मृति चिह्न प्रदान कर बधाई दी गई। वक्ताओं ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद अश्वनी ने अनुशासन और निरंतर अध्ययन से सफलता प्राप्त की है, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों और विद्यार्थियों ने तालियों से छात्र का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय परिवार ने विश्वास जताया कि अश्वनी आगामी आईआईटी एडवांस परीक्षा में भी बेहतर प्रदर्शन कर जनपद लखीमपुर खीरी का नाम राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करेंगे।

## संयुक्त बैठक में सड़क सुरक्षा के बिन्दुओं पर चर्चा

जौनपुर। यातायात पुलिस ने जीरो फैटिलिटी से संबंधित सुधारात्मक कार्यों एवं अपेक्षित बिंदुओं पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में परिवहन विभाग, नेशलन हाइर्व एथासरिटी, लोक निर्माण विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने सहभागिता की।बैठक के दौरान सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट) के सुधार, साइन बोर्ड एवं संकेतकों की सुदृढ़ व्यवस्था, सड़क मरम्मत कार्यों की प्रगति तथा आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था को प्रभावी बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही, निदेशालय द्वारा प्राप्त दिशा-निदेर्शों से सभी संबंधित विभागों को अवगत कराया गया एवं उनके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समन्वित कार्यवाही सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

## यात्रियों की सुविधा के लिए अस्थायी महिला-पुरूष सहज शौचालय स्थापित हो

हलिया, मीरजापुर। हलिया कस्बा स्थित हनुमान मंदिर के समीप बस व जीप स्टैंड होने के चलते राहगीरों और यात्रियों, खासकर महिलाओं को शौचालय की दिक्कत का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को देखते हुए खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी के मार्गदर्शन में एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव, पंचायत सचिव कौशलेन्द्र राय और ग्राम प्रधान शिव बाबू सेठ द्वारा अदवा नदी किनारे अस्थायी महिला एवं पुरुष विंध्य सहज शौचालय लगवाया गया है।ग्राम प्रधान शिव बाबू सेठ ने बताया कि यात्रियों और राहगीरों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था कराई गई है, ताकि किसी को भी शौच के लिए इधर उधर न जाना पड़े।एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव ने बताया कि ग्राम पंचायत और क्षेत्र पंचायत के सहयोग से यह अस्थायी सुविधा शुरू की गई है जिससे सफर करने वाले लोगों को खुले में शौच करने की मजबूरी न रहे।

## विन्ध्य तक्षशिला नेशनल एकेडमी में कल संगम का आयोजन

सोनभद्र। विन्ध्य तक्षशिला नेशनल एकेडमी, उरमौरा में गुरुवार को श्कल संगमश प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एस.एन.सिंह (आई.एफ.एस), राजस्थान सरकार के द्वारा किया गया। बच्चों ने स्वागत गीत से उनका स्वागत किया।प्रदर्शनी में बच्चों ने तरह-तरह के क्राफ्ट, बनाये जो बहुत आकर्षक थे। विज्ञान प्रदर्शनी में चंद्रयान 3, ज्वालामुखी, जल तरंग, इलेक्ट्रि सर्किट,



कम्प्यूटर के मॉडल्स आदि, हिन्दी, अंग्रेजी और संस्कृत में भी साहित्य एवं व्याकरण के प्रोजेक्ट प्रस्तुत किये गये।प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण फर्श पर भारत के मानचित्र में भौगोलिक विभाजन, राजनैतिक विभाजन, फसलें तथा नेशनल पार्क को दशार्या गया। वासत्व में बच्चों की मेहनत एवं प्रयास सराहनीय है।प्रदर्शनी को सफल बनाने में डा० अंजली विक्रम सिंह, कंजन श्रीवास्तव, चंचल, शालिनी, रिया, वन्दना, काजल, आदि की अहम भूमिका रही।

# इग्नू प्रवेश व पुनः पंजीकरण की तिथि 28 फरवरी तक बढ़ी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सीजीएन पीजी कॉलेज में संचालित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र पर जनवरी सत्र 2026 के लिए ऑनलाइन एवं ओडीएल मोड के अंतर्गत प्रवेश और पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर 28 फरवरी कर दी गई है। विस्तारित तिथि तक अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे।

इग्नू क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि स्नातक, परास्नातक, डिप्लोमा तथा परास्नातक डिप्लोमा कार्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया ऑनलाइन जारी है। उन्होंने कहा कि इग्नू मुक्त, दूरस्थ और डिजिटल माध्यम से उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने वाला अग्रणी केंद्रीय विश्वविद्यालय है, जहां लचीले और किफायती ढंग से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाती है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप इंटरमीडिएट उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम, तीन वर्षीय ऑनर्स स्नातक कार्यक्रम तथा बहुविषयक कला, विज्ञान और वाणिज्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं। विश्वविद्यालय में जनवरी और जुलाई सत्र में वर्ष में दो बार प्रवेश की सुविधा उपलब्ध है। अध्ययन केंद्र पर बीए, बीकॉम, एमए (हिंदी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, इतिहास, ग्रामीण विकास) सहित छह माह के रोजगारपरक सर्टिफिकेट कोर्स तथा एक वर्षीय डिप्लोमा कार्यक्रम जैसे आपदा प्रबंधन, ग्रामीण विकास, अनुवाद अध्ययन, खाद्य एवं पोषण में भी प्रवेश जारी है। गृहिणियां, कामकाजी व्यक्ति और अन्य अभ्यर्थी अपनी सुविधा के अनुसार इन पाठ्यक्रमों में नामांकन करा सकते हैं। प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को स्वचालित स्थायी शैक्षणिक खाता पंजीकरण और डीईबी आईडी अनिवार्य रूप से बनानी होगी। आवेदन के दौरान शैक्षिक प्रमाण-पत्र, श्रेणी प्रमाण-पत्र, पासपोर्ट आकार का फोटो और हस्ताक्षर की स्कैन प्रति अपलोड करनी होगी।

विश्वविद्यालय में इंटरमीडिएट में 40 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने वाले, प्राइवेट परीक्षा देने वाले या गैप ईयर वाले छात्र भी प्रवेश के पात्र हैं। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए बीए और बीकॉम में नामांकन शुल्क अत्यंत न्यून रखा गया है। प्रवेश के लिए टीसी या माइग्रेशन प्रमाण-पत्र की आवश्यकता नहीं है। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं या अध्ययन केंद्र समन्वयक डॉ. अरुण कुमार सिंह से संपर्क कर सकते हैं।

## समूह की महिलाओं को दिया गया तीन दिवसीय प्रशिक्षण



लखीमपुर खीरी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत समूह बुक कीपर माड्यूल विषयक पर समूह की महिलाओं को तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण जिला ग्राम विकास विभाग संस्थान लखीमपुर में दिया गया। इस संदर्भ में जिला प्रशिक्षण अधिकारी ग्राम विकास विभाग मनीष चंद्र ने बताया कि वित्तीय वर्ष में लखपति दी दी एवं बुक कीपर की राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन समूह की 750 महिलाओं को प्रशिक्षण दे चुके हैं। 1300 महिलाओं को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य मिला है। जिला रिसोर्स पर्सन एवं जिला मिशन प्रबंधक इकाई एस आई आर डी द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है। दो बेच लखपति दी दी, दो बेच बुक कीपर के राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत तीन दिवसीय चल रहे हैं। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली समूह की महिलाओं को प्रमाण पत्र राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन स्वत रोजगार द्वारा दिया जायेगा। प्रशिक्षण लेने वालीसमूह की महिलाओं के खानपान का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

## मेगा कैंप में डीएम का ऋण वितरण का निर्देश

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में सीएम युवा उद्यमी विकास योजना और पीएम सूर्याघर योजना की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।जिलाधिकारी द्वारा बैंक प्रतिनिधियों से सीएम युवा उद्यमी विकास योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदन, ऋण वितरण और स्वीकृति की जानकारी ली गई।इस दौरान उन्होंने 20 फरवरी को आयोजित होने वाले मेगा कैंप में अधिक से अधिक आवेदन कराने तथा ऋण वितरण की प्रक्रिया को गति देने के निर्देश दिए।उन्होंने निर्देशित किया कि जिन भी आवेदन में अपूर्ण दस्तावेज लगे हैं आवेदनकर्ता से संपर्क करते हुए आवेदन पूर्ण कराएं, अनावश्यक आवेदन रिजेक्ट ना किया जाए।इसके साथ ही उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना की प्रगति की समीक्षा की तथा आवेदन बढ़ाने तथा अपेक्षित प्रगति के निर्देश दिए।मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, नगर मजिस्ट्रेट इंद्रनंदन सिंह, उपायुक्त उद्योग, एलडीएम सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## खसरा-रूबेला उन्मूलन अभियान के तहत विद्यालय में लगाया गया एमआर टीका

सोनभद्र। वीरांगना विद्या मंदिर स्कूल रावर्ट्सगंज में खसरा-रूबेला टीकाकरण दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों को एमआर (खसरा-रूबेला) का टीका लगाया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित अभियान के तहत सरकारी एवं निजी विद्यालयों में विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिसका उद्देश्य खसरा और रूबेला जैसी संक्रामक बीमारियों के उन्मूलन के साथ बच्चों को गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बचाना है।कार्यक्रम में पहुंचीं एएनएम सरोज कुमारी ने बच्चों को टीका लगाया और अभिभावकों से समय पर टीकाकरण कराने की अपील की। उन्होंने नारा दियाकृ़खसरा-रूबेला बीमारी को हटाएंगे, एमआर का टीका जरूर लगवाएंगे।़ विद्यालय की प्रधानाचार्य ने बताया कि अब तक लगभग 50 बच्चों का टीकाकरण किया जा चुका है तथा शेष बच्चों का टीकाकरण जारी है। इस अवसर पर शिक्षक श्रवण दुबे, शिव कुमार, पूजा, रजिया खातून, शिवांगी सहित अन्य अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### सड़क हादसे में वृद्ध की मौत

जौनपुर। नगर के वाजिदपुर पेट्रोल पंप के पास सड़क हादसे में एक वृद्ध की मौत हो गयी। बताते है कि मूल रूप से बदलापुर निवासी 45 वर्षीय वीरेंद्र प्रताप अस्थाना नगर के हुसैनाबाद मोहल्ले में रह रहे थे। बुधवार की देर शाम वे किसी कार्य से लाइन बाजार थाना क्षेत्र के वाजिदपुर पेट्रोल पंप के सामने से गुजर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों की मदद से उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने वाराणसी स्थित बीएचयू ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उन्हें लेकर रात में वाराणसी पहुंचे, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद रात करीब डेढ़ बजे उन्होंने दम तोड़ दिया।

### सिंचाई को गई महिला से छेड़खानी, मारपीट

जौनपुर। सुरेरी थाना क्षेत्र के एक गांव की एक महिला ने गांव के ही युवक पर छेड़खानी और मारपीट का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार सुरेरी थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनके पति गुजरात के सूरत में रहते हैं। गांव का ही एक युवक अक्सर उसके साथ छेड़खानी करता है और मोबाइल फोन पर अभद्र बातें करता है। महिला का आरोप है बीते 18 बुधवार को सुबह करीब 9 बजे वह खेत में पानी भरने गई थीं, तभी आरोपी वहां पहुंच गया और उनके साथ मारपीट करते हुए छेड़खानी की। शोर मचाने पर वह मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की। वहीं सुरेरी पुलिस पिड़िता की शिकायत पर नीलू सिंह पुत्र गांधी सिंह निवासी राईपुर थाना सुरेरी पर बीएनएस की धारा मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक सुरेरी राजेश कुमार मिश्र ने बताया मामले में बी एन एस की धारा 115(2) व 74 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### स्कार्पियो आटो में टक्कर, चार लोग घायल

जौनपुर। जिले के अलीगंज बाजार में गुरुवार को एक तेज रफ्तार पहिया वाहन स्कॉर्पियो और यात्रियों से भरी ऑटो के बीच जोरदार टक्कर में ऑटो में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गयें हैं। इस घटना के बाद आसपास लोग घटनास्थल पर पहुंचें और हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए लोगों को क्षतिग्रस्त हुए ऑटो से बाहर निकाला और तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा दिया। डॉक्टरों के मुताबिक घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है। हादसे में घायल अन्य लोगों की हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर करने की बात सामने आई है। जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने स्कॉर्पियो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### अवैध खनन पर शिकंजा, हाइवा सीज

ओबरा/सोनभद्र। जनपद में अवैध खनन और अवैध परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 25 घन मीटर अवैध गिट्टी से लदा हाइवा वाहन पकड़ा है। बग्गा नाला के समीप वाहन संख्या यूपी64सीटी2945 को जांच के दौरान रोका गया, जिसमें अवैध रूप से गिट्टी का परिवहन किया जा रहा था। टीम को देखते ही चालक मौके से फरार हो गया, जबकि सह चालक संदीप पाल को हिरासत में लेकर बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के पर्यवेक्षण में की गई। संयुक्त टीम में क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार और खान निरीक्षक अतुल दुबे शामिल रहे। खान निरीक्षक की तहरीर पर थाना ओबरा में मु0अ0सं0 34/2026 के तहत धारा 303(2), 317(2), 285 बीएनएस, धारा 4/21 खान एवं खनिज अधिनियम तथा धारा 3 सार्वजनिक संपत्ति निवारक अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर वाहन सीज कर दिया गया है। पुलिस फरार चालक मनोज पाल, वाहन स्वामी और संबंधित खनन इकाई संचालक की तलाश में दबिश दे रही है तथा जनपद पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन के विरुद्ध अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा।

# 500 करोड़ की जीएसटी चोरी के दो वांछित गिरफ्तार



आजमगढ़। 500 करोड़ की जीएसटी चोरी के अभियोग में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार किए गए।

जनपद में कर अपवंचन एवं संगठित आर्थिक अपराधों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कन्धरापुर पुलिस द्वारा जीएसटी चोरी से संबंधित अभियोग में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। 03 सितंबर 2025 को अविनाश चन्द्र राय, सहायक आयुक्त (प्रभारी), राज्यकर सचल दल, आजमगढ़ द्वारा वाहन संख्या यूपी 14 जीटी6325 एवं पी810एचएक्स4887 को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के निकट जनपद आजमगढ़ में जांच हेतु रोका गया था। जांच के दौरान पाया गया कि क्रेता, विक्रेता द्वारा अस्तित्वहीन, बोगस फर्मों के नाम पर कूटरचित इनवॉयस एवं ई-वे बिल जारी कर ओल्ड आयरन तीन टापर स्क्रैप परिवहन किया जा रहा था, जो कि जीएसटी अधिनियम-2017 की धारा-31 सहपठित नियम-46 एवं ई-वे बिल नियम 138 का उल्लंघन है तथा भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। प्रकरण में कई फर्मों की संलिप्तता पाई गई जिसमें सर्वश्री विद्या ट्रेडर्स, रायपुर, छत्तीसगढ़, सर्वश्री अविराज ट्रेडिंग, शिमला, हिमाचल प्रदेश, श्री मुनि जी ट्रांसपोर्ट कंपनी, पटना, बिहार अन्य संगठित फ्रॉडस्टर समूह हैं, उक्त संबंध में थाना कन्धरापुर पर धारा 318(4) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ की गई, जिसकी विवेचना व0उ0नि0 रमेश कुमार द्वारा की जा रही थी। विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन, सीडीआर विश्लेषण एवं तकनीकी जांच में दो अभियुक्तों की संलिप्तता प्रकाश में आई। अभियुक्त विजय कुमार यादव पुत्र बहादुर यादव, निवासी ग्राम तकिया गोपालपुर, थाना नवीन मॉडर्न, जनपद श्रावस्ती (उम्र लगभग 55 वर्ष), अविराज शर्मा पुत्र विमलेश शर्मा, निवासी बी-152सी प्रगति बिहार, चैधरी चट्टी के पास, कल्याणपुर विकास नगर, थाना गुडम्बा, जनपद लखनऊ कमिश्नरेट (उम्र लगभग 21 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान पाया गया कि अविराज ट्रेडिंग कंपनी के नाम पर पैन कार्ड, आधार कार्ड, मोबाइल नंबर एवं अन्य दस्तावेजों का उपयोग कर फर्म का पंजीयन कराया गया। जीएसटी विभागीय जांच में उक्त फर्म कूटरचित पाई गई, जबकि उसके नाम पर माल की खरीद दर्शाई गई, जिससे राजस्व की हानि हुई। सीडीआर विश्लेषण से अभियुक्त विजय कुमार यादव द्वारा घटना के समय अन्य संदिग्ध व्यक्तियों से निरंतर संपर्क में होना पाया गया।

## 5 करोड़ के आभूषण लूट कर भाग रहे बदमाश गिरफ्तार



मीरजापुर। जिले की पुलिस को गुरुवार को बड़ी सफलता मिली है। यहां 5 करोड़ के आभूषण लूट कर भाग रहे बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है।

बताया गया है कि छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में आभूषण व्यवसाई से 17 फरवरी को करोड़ों के आभूषण लूटे थे, लूट घटना में शामिल 4 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के मुताबिक अहरौरा पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो बदमाशों को पैर में गोली लगी है। बदमाशों के पास से 3 किलो 678 ग्राम सोने के आभूषण, 1,46,100 रुपए, एक अवैध पिस्टल, 2 तमंचा व कारतूस, मोबाइल और एक कार बरामद हुआ है। पुलिस अधीक्षक ने पत्रकार वार्ता कर इसका खुलासा किया है। बताते चलें कि छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में बीते 17 फरवरी को कार से जा रहे आभूषण व्यवसाई को टक्कर मारकर घायल करने के बाद कार सवार चार बदमाशों ने करोड़ो के आभूषण लूट की घटना को अंजाम देने के बाद दिल्ली के लिए भाग रहे थे। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने पत्रकार वार्ता कर खुलासा करते हुए बताया कि लूट की घटना को अंजाम देकर भागते बदमाशों के बारे में छत्तीसगढ़ पुलिस से बराबर इनपुट मिल रहा था। गुरुवार को सुबह अहरौरा थाना क्षेत्र के सक्तेशगढ़ जंगल में बदमाशों के साथ मुठभेड़ हो गया जिसमें दो बदमाशों विजय लांबा और मोनू उर्फ गुंडवा के पैर में गोली लगी। उनको अस्पताल में उपचार कराया गया है। पकड़े गए बदमाशों में विजय लांबा पर दिल्ली, हरियाणा, गौतमबुद्ध नगर सहित कई जिलों में 67 के करीब मुकदमे दर्ज हैं, वहीं मोनू उर्फ गुंडवा पर 11 मुकदमें दर्ज है। बदमाशों को पकड़ने वाली पुलिस टीम को 25 हजार का इनाम दिया जा रहा है।

# लाठीचार्ज के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन




जौनपुर। लखनऊ में शांति तरीके से विधानसभा घेराव करने जा रहे कांग्रेसियों पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किए जाने के खिलाफ कांग्रेस के अध्यक्ष डा प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष वृहस्पतिवार को धरना प्रदर्शन किया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की अगुवाई में मनरेगा बहाल किए जाने को लेकर सोमवार को शांतिपूर्ण तरीके से किए जा रहे प्रदर्शन पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया जाना योगी सरकार की तानाशाही नीति को उजागर करती है, भाजपा सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए आंदोलनों को पुलिस द्वारा कुचलने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है।

डा.प्रमोद सिंह ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश की हालत ठीक नहीं है, महिलाओं की सुरक्षा खतरे में, पढ़े लिखे नौजवान बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं, मजदूरों के लिए सरकार के पास कोई योजना ही नहीं है, किसान परेशान हैं, प्रदेश में कानून व्यवस्था बदहाल है, शासन प्रशासन मनमाने तरीके से काम कर रहा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने मनरेगा मजदूरों के अधिकारों को वापस दिलाये जाने की बात कहते हुए कहा कि जी राम जी योजना गरीबों मजदूरों और महिलाओं के शोषण को बढ़ावा देगा और गांवों का विकास भी ठप हो जायेगा ।शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आरिफ खान ने कांग्रेसियों पर लाठीचार्ज की कार्यवाही को बर्बरतापूर्ण बताते हुए का कि तथाकथित डबल इंजन की सरकार अपने खिलाफ उठने वाली आवाज से डर गयी है, अपनी विफलताओं को छुपाने के लिए ब्रिटिश हुकूमत की तरह आन्दोलन कारियो पर लाठीचार्ज और गिरफ्तारियां कराकर लोकतंत्र की हत्या कर रही है।

आरिफ खान ने कहा कि किसानों, मजदूरों और नौजवानों के अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता इस तानाशाह सरकार के खिलाफ मजबूती के साथ संघर्ष करता रहेगा। देवराज पांडेय, शेर बहादुर सिंह, विनय तिवारी, राकेश सिंह डब्बू, लाल प्रकाश पाल, अमन सिंहा, शाहनवाज मंजूर, वरुणा शंकर चतुवेर्दी, अरविंद यादव,राजीव निषाद, प्रवेश निषाद, रोहित सोनकर, सलमान, ताहिर अली, अशरफ अली,रोहित पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़

जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। जनपद के थाना अतरौलिया क्षेत्र में पुलिस ने गुरुवार तड़के बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन व क्षेत्राधिकारी बूढ़नपुर कौस्तुभ त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई।

पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम भवानीपुर के एक छप्पर के अंदर अवैध तमंचों का निर्माण किया जा रहा है। सूचना पर उनि मायापति पाण्डेय व उनि उमेश चन्द मय हमराह मौके पर पहुंचे और दबिश दी। पुलिस को देखकर दो आरोपी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए, जबकि एक आरोपी को समय लगभग 03:35 बजे गिरफ्तार कर लिया गया। मौके से एक तमंचा .315 बोर, एक जिंदा कारतूस .315 बोर, एक तमंचा .303 बोर, दो अर्द्धनिर्मित तमंचे तथा तमंचा बनाने की फैक्ट्री सहित उपकरण (ग्लैण्डर मशीन, आरी ब्लेड, रेती, छैनी, हथौड़ा, लोहे की पाइप आदि) बरामद किए गए। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान विन्ध्यांचल (55 वर्ष) पुत्र स्व. राधिका निवासी ग्राम देवलर थाना राजेसुल्तानपुर जनपद अम्बेडकरनगर के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने बताया कि वह अपने साथियों विरजा निवासी सहदेवगंज थाना महाराजगंज तथा अंगद सिंह निवासी भवानीपुर थाना अतरौलिया के साथ मिलकर अवैध तमंचों का निर्माण करता था। तैयार तमंचों को कारतूस सहित बेचकर आर्थिक लाभ कमाया जाता था। फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का गठन कर दिया गया है। इस मामले में थाना अतरौलिया पर मु0अ0सं0 65/26 धारा 3/5/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। विवेचना उ0नि0 अनिल कुमार द्वारा की जा रही है। पुलिस टीम में उ0नि0 मायापति पाण्डेय, उ0नि0 उमेश चन्द, का0 राजकरन सोनकर और का0 सुशील चैधरी शामिल रहे। जनपद पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध शस्त्र निर्माण एवं तस्करी के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

विंढमगंज/सोनभद्र। स्थानीय क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुडिसेमर स्थित सतत वाहिनी नदी तट के प्राचीन शिव मंदिर पर बाबा वेद मोहनदास ब्रह्मचारी के नेतृत्व में आयोजित महा विष्णु यज्ञ व नवाह पारायण के प्रथम दिन सुबह लगभग 10 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली गई। करीब एक किलोमीटर लंबी कतार में यजमान डोमन कुशवाहा, भगवान यादव, रामजन्म कुशवाहा, विद्यानंद यादव, विजय चैरसिया, कमलेश पाल, राजकुमार कुशवाहा के साथ पूर्व विधायक हरिराम चेरो सहित हजारों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्रद्धालुओं ने बाबा डीहवार से सटे छठ घाट पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जल भरकर जयकारों के बीच यज्ञशाला पहुंचकर कलश की स्थापना की।

आयोजक बाबा वेद मोहनदास ब्रह्मचारी ने बताया कि सर्वमंगल की कामना से स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से दूसरी बार यह महा विष्णु यज्ञ व नवाह पारायण आयोजित किया गया है। कलश यात्रा यज्ञशाला से निकलकर मुडिसेमर मार्ग, मां काली मंदिर रोड, बैंक रोड, सब्जी मंडी, साहू चौक, हवाई गली, हलवाई चैक होते हुए भारतीय इंटरमीडिएट कॉलेज के खेल मैदान से सटे छठ घाट पहुंची, जहां बाहर से आए विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बाद जल स्थापना की गई। पूरे आयोजन के दौरान प्रतिदिन प्रवचन, रात्रि में रासलीला तथा विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई है, जबकि यात्रा के दौरान स्थानीय पुलिस व यज्ञ समिति के कार्यकर्ता मुस्तैदी से व्यवस्था संभालते रहे।

# विधिक सहायता सेवा शिविर का प्रचार-प्रसार तेज



मड़िहान, मीरजापुर। मड़िहान तहसील परिसर सभागार के साथ फामेर्सी कॉलेज में मेगा वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर आयोजन के प्रचार प्रसार में पहुंची पूर्व कालिक सचिव ने विधिक जागरूकता अभियान पर जोर दिया।

ओम साईं विंध्य कालेज ऑफ फामेर्सी तीसुही प्रांगण में बुद्धवार को पहुंची पूर्व कालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पल्लवी सिंह ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में मेगा वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन 22 फरवरी को जीआईसी मैदान महुवरिया में होना सुनिश्चित हुआ है। जिसमें जनपद के समस्त विभागों के द्वारा राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के चिन्हित लाभार्थियों को लाभ दिया जाएगा। जिसमें राजस्व विभाग, जिला प्रोवेशन अधिकारी, महिला एवं बाल कल्याण विभाग, श्रम विभाग, नगर पालिका परिषद, खाद्य सुरक्षा रसद विभाग, पंचायती राज विभाग, कौशल विकास विभाग परिवहन विभाग के साथ दर्जनों विभागीय अधिकारी मौजूद रहेंगे। जहां हर विभाग के अलग अलग स्टॉल लगेंगे जहां पहले से लाभान्वित लाभार्थियों के साथ साथ हर नए बेरोजगारों को भी सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी ।जिससे बेरोजगारी में कमी आने के साथ साथ हर व्यक्ति की इनकम में इजाफा हो सके। जहां प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, कौशल विकास योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, स्टैंडअप इंडिया महिला और एसटी, एसटी उद्यमियों के लिए ऋण, प्रधानमंत्री फसल बीमा, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि के बारे में संपूर्ण जानकारी दी जानीं है।

# दुद्धी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर कुलभूषण पाण्डेय तो सचिव पद पर दिनेश हुए निर्वाचित



दुद्धी, सोनभद्र। दुद्धी बार एसोसिएशन वर्ष 2026 की नई कार्यकारिणी के लिए गुरुवार को गहमा-गहमी के बीच चुनाव सम्पन्न हुआ।

दुद्धी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव के कड़े मुकाबले में अध्यक्ष पद पर कुलभूषण पाण्डेय को निर्वाचित घोषित किए गए, उन्होंने 85 मत प्राप्त किया जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वन्दी रामपाल जौहरी को 84 मत मिले, इस तरह मात्र एक मतो से कुलभूषण पाण्डेय विजय घोषित किए गए ।सचिव पद के लिए दिनेश कुमार और पवन कुमार दूबे के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। जिसमें दिनेश कुमार को सचिव पद के लिए 5 मतों के अंतर से विजय घोषित किए गए। पवन कुमार दूबे को 83 मत मिले वहीं दिनेश कुमार को 88 मत प्राप्त हुए। अध्यक्ष पद के लिए दो मत अवैध घोषित किया गया ।मतगणना के बाद जैसे ही परिणामों की घोषणा हुई तो साथी अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष और सचिव को फूल -मालाओं से लाद दिया।

गुरुवार को चुनाव परिणाम की घोषणा करते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रेमचंद जायसवाल ने बताया कि आज हुए मतदान प्रक्रिया में कुल 206 मतदाता पंजीकृत थे जिसमें से 171 लोगों ने मतदान किया,जिसमें 2 मत अवैध पाए गए ।अध्यक्ष और सचिव के अलावा इन पदों पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रविंद्र कुमार, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर के पद हेतु महेंद्र कुमार कन्नौजिया और कृष्णदेव शामिल हैं,उपाध्यक्ष 2 वर्ष से ऊपर के पद के लिए आलोक कुमार सिंह और एम जे अहमद हैं ।कोषाध्यक्ष पद के लिए विष्णु कुमार सिंह एवं सह सचिव प्रशासन के लिए रामसागर को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। पूरी चुनाव एवं मतगणना में सहायक चुनाव अधिकारी कृष्ण कुमार एड,बिहारी लाल एड,जय प्रकाश तिवारी एड तथा देवी शरण एड ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

दुद्धी बार एसोसिएशन की पूरी टीम नवनिर्वाचित अध्यक्ष की अगुवाई में श्री संकटमोचन मंदिर जाकर मथा टेका और आशीर्वाद लिया। अधिवक्ताओं ने नव निर्वाचित टीम को फूल -मालाओ से लाद कर एवं मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी ।इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से कस्बा इंचार्ज हरिकेश राम आजाद,एसआई श्याम जी यादव अपनी टीम के साथ मुस्तैद रहे।

## कालिया नाग मर्दन के लीला का मंचन



सोनभद्र। कालिया नाग के फन पर कृष्ण के नृत्य की लीला को देखने के लिए लीला प्रेमियों की भीड़ उमड़ पड़ी। नगर के रामलीला प्रांगण में आयोजित रासलीला के चतुर्थ दिवस कालिया नाग के मान मर्दन की लीला का मंचन किया गया। वृन्दावन से आए कलाकारों ने शानदार लीला का मंचन कर लीला प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्री कृष्ण रासलीला के मंचन के दौरान कलाकारों द्वार दिखाया गया कि श्रीकृष्ण मित्रों के साथ यमुना नदी के किनारे गेंद से खेल रहे थे। भगवान ने जोर से गेंद फेंकी और वो यमुना में जा गिरी। गेंद भारी होने से वो सीधे यमुना के तल पर चली गई। समस्या यह थी कि उस समय यमुना में कालिया नाग रहता था। पांच फनों वाला नाग बहुत खतरनाक और विषधर था ।उसके विष से यमुना काली हो रही थी और उसी जहर के कारण गोकुल के पशु यमुना का पानी पी कर मर रहे थे। कान्हा बहुत छोटे थे, लेकिन मित्रों के जोर के कारण उन्होंने तय किया कि गेंद वो ही निकाल कर लाएंगे ।कान्हा ने यमुना में छलांग लगा दी। कृष्ण ने कालिया नाग की पूंछ पकड़कर उसे मारना शुरू कर दिया। कालिया नाग अपने प्राण की रक्षा के लिए कृष्ण से दुहाई देने लगा। कृष्ण ने उसे यमुना छोड़कर समुद्र में जाने के लिए वचबद्ध किया। इसके बाद कालिया नाग के फन पर नृत्य किया ।इस तरह भगवान कृष्ण ने मथुरावासियों को कालिया नाग के साथ यमुना को उसके विष से मुक्ति दिलाई। इससे पूर्व बांके बिहारी की अनुपम छटा की भव्य आरती की गई ।इस अवसर पर समिति के संरक्षक-जितेंद्र सिंह, कृष्ण मुरारी गुप्ता, संयोजक रामप्रसाद यादव, अध्यक्ष सचिन गुप्ता, महामंत्री धीरज जालान, राकेश गुप्ता, बचाऊं पाण्डेय, संदीप चौरसिया अशोक श्रीवास्तव मनोज सिंह, हर्षवर्धन, राजेश सोनी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## फांसी पर लटकी मिली विवाहिता की लाश

जौनपुर। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जोगियापुर में फांसी पर संदिग्ध अवस्था में विवाहिता की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मामले को लेकर चर्चा का बाजार गर्म है। बताया गया है कि जोगियापुर निवासी सुनील कुमार निषाद की तीस वषीर्या पत्नी संजू देवी की लाश बीती रात साढ़े तीन बजे दुपट्टे के सहारे टीन सेड में फांसी पर लगे बांस में लटकी हुई थी। यह देखकर घर में चीख-पुकार सुनकर आसपास के रहने वाली मोहल्ला निवासी भी बड़ी संख्या में पहुंच गए। बताते हैं कि उसका पति शराबी है जो प्रतिदिन शराब पीकर घर आकर हंगामा किया करता था। विवाहिता ने कुछ दिन पूर्व इस घटना की जानकारी इलाका पुलिस को दिया था लेकिन पुलिस द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई न की थी जिसके कारण विवाहिता असंतुष्ट रहा करती थी। और उसका पति प्रतिदिन घर में हंगामा किया करता था। विवाहिता नगर के मोहल्ला रूहट्टा में स्थित होली चाइल्ड स्कूल में दाई का काम किया करती थी इससे वह अपने बच्चों का पालन पोषण कर रही थी। वह पांच बच्चों की मां भी थी जिसमें एक पुत्र और चार पुत्री है और उसका विवाह वर्ष 2010 में हुआ था। इसका मायका गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र बिंझवार सारंग गांव में बताया गया है। यह घटना घटित होने के बाद पुलिस पर सवालिया निशान खड़ा हो गया है चर्चा है कि पुलिस अगर सही समय पर पति के खिलाफ कार्रवाई किया होता तो आज यह महिला की मौत होने से शायद बच जाती। फिलहाल इलाके में लोग इस घटना को जहां संदिग्ध मान रहे हैं वहीं पुलिस मौत का सही कारण जानने के लिए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## प्रशिक्षित कर बीएलओ से कार्य संपादित कराये

जौनपुर। जिलाधिकारीजिला निर्वाचन अधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में निर्वाचन कार्यो की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित एईआरओ से लॉजिकल डिस्क्रिपेंसीज, नो मैपिंग, दस्तावेज सत्यापन, नोटिस निर्गतन इत्यादि के संदर्भ में जानकारी लेते हुए समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि बीएलओ को प्रशिक्षित करते हुए ससमय कार्य संपादित कराया जाए। निर्वाचन का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, उप जिला निर्वाचन अधिकारी परमानंद झा, नगर मजिस्ट्रेट इंद्र नंदन सिंह, ईआरओ, एईआरओ, सुपरवाइजर, सहित अन्य उपस्थित रहे।

## डीजे-बाइक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

आजमगढ़। जिले के देवगांव कोतवाली क्षेत्र के देवगांव कोतवाली क्षेत्र के आजमगढ़ जिले के देवगांव कोतवाली क्षेत्र के लालगंज बाईपास तिराहे (नहर के समीप) गुरुवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। विपरीत दिशा से आ रही डीजे वैन और बाइक की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में एक युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। देवगांव कोतवाली क्षेत्र के नरायनपुर नेवादा गांव निवासी विपिन कुमार (18) तथा चन्द्रभानपुर छावनी निवासी रोहित कुमार (18) बाइक से लालगंज से देवगांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान वाराणसी से आजमगढ़ की ओर विपरीत पटरी से आ रही डीजे वैन से उनकी आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तत्काल सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय लालगंज पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने विपिन कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल रोहित कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। वही मामले की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने डेड बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले में शिकायत मिलने पर मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## जलालगंज और शिवपुर में भी रूकेगी शटल एक्सप्रेस



जौनपुर। सुपरफास्ट शटल एक्सप्रेस अब जलालगंज और शिवपुर स्टेशनों पर भी रुकेगी। रेल मंत्रालय ने इन दोनों स्टेशनों पर ट्रेन के प्रयोगात्मक ठहराव को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय यात्रियों की सुविधा के लिए लिया गया है। यह ट्रेन प्रतिदिन सुबह 6 बजे वाराणसी से रवाना होकर लगभग 10:10 बजे लखनऊ चारबाग स्टेशन पहुंचती है। वापसी में, यह लखनऊ से शाम 6 बजे चलकर रात लगभग 10:10 बजे वाराणसी पहुंचती है। यह सुपरफास्ट शटल सप्ताह के सातों दिन नियमित रूप से संचालित होती है। नए ठहरावों के लागू होने के बाद ट्रेन की समय-सारिणी में मामूली बदलाव हो सकता है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी जल्द ही जारी की जाएगी।

## तटबंध टूटने के तीन दिन बाद नहर का संचालन शुरू, किसानों को मिली राहत

हलिया, मीरजापुर। विकास खंड स्थित क्षेत्र अदवा बांध से संचालित हलिया रजवाहा नहर का तटबंध तीन दिन पहले टूट गया था जिससे क्षेत्र में सिंचाई कार्य पूरी तरह बाधित हो गया था ।गुरुवार को मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद नहर में दोबारा पानी छोड़ा गया है ।नहर संचालन शुरू होने से किसानों को बड़ी राहत मिली है ।स्थानीय किसानों का आरोप है कि मरम्मत कार्य में सिंचाई विभाग की लापरवाही के कारण तीन दिन तक सिंचाई व्यवस्था ठप रही, जिससे गेहूं सहित अन्य फसलें सूखने की कगार पर पहुंच गई थीं। नहर में पानी छोड़े जाने के बाद किसानों के चेहरों पर खुशी साफ दिखी ।अदवा बांध से निकली हलिया रजवाहा नहर से अहूगी कलां,हलिया,हथेड़ा भटवारी चककोटार, सोठिया सहित दर्जनों गांवों की सिंचाई की जाती है ।नहर का तीन दिन संचालन बंद रहने से फसलों की सिंचाई बुरी तरह प्रभावित हो गई थी ।इस संबंध में जेई सिद्धार्थ यादव ने बताया कि नहर का तटबंध दुरुस्त करा कर पानी छोड़ दिया गया है।

## वरिष्ठ अधिवक्ता के निधन पर शोक की लहर

मीरजापुर। फौजदारी न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता तथा चुनार भाजपा विधायक अनुराग सिंह के मौसा जी 79 वर्षीय नरेंद्र नाथ सिंह का बुधवार को निधन हो गया। बताते चलें कि 79 वर्षीय अधिवक्ता नरेन्द्र नाथ सिंह इधर काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। बुधवार को रात तकरीबन 8 बजे उन्होंने अपने वासलीगंज (लक्ष्मण प्रसाद की गली) स्थिति आवास पर जीवन की अंतिम सांस ली है। वह अपने पीछे एक भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। उनके एकलौते बेटे हेमंत सिंह ने बताया कि उनके पिता श्री देर शाम तक ठीक रहे, देर शाम अचानक तबीयत बिगड़ी और चिकित्सक लगातार उनके स्वास्थ्य सुधार की दिशा में लगे हुए थे कि उन्होंने देह त्याग परम धाम को हो लिए। जानकारी होते ही काफी संख्या में लोगों की भीड़ शोक संवेदना जताने के लिए उमड़ पड़ी रही। गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार नगर के चौबेघाट स्थिति गंगा तट पर किया गया जहां मुखाग्नि उनके बड़े एकलौते बेटे हेमंत सिंह ने दी। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## एसआईआर: वोटर सही कराये अपना नाम



शाहगंज (सोनभद्र)। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण ((एसआईआर) अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र घोरावल के भाग संख्या 241 उच्च प्राथमिक विद्यालय ढुटेर बूथ पर गुरूवार को नोटिस पाने वाले मतदाताओं ने साक्ष्य के रूप में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर अपना नाम निर्वाचक नामावली में सही कराये ।उक्त मतदान केंद्र पर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) प्रतिक्षा एवं कंप्यूटर ऑपरेटर गोविंद ने इस कार्य को विधिवत संपादित किये। इसमें विद्यालय के प्रधानाध्यापक यतिनंदनलाल व सफाई कर्मी लाल बहादुर आदि ने भी सहयोग किये। इस मौके पर सुधेन्द्र पांडेय रामसिंह, ममता, सुषमा, संगीता,सुनीता, मंजू, संदीप मौर्य, कमलेश सिंह, नन्हकू सेठ, राधेश्याम मौर्य सहित तमाम मतदाता मौजूद रहे।

संक्षेप

## वृहद ऋण शिविर 20 फरवरी को

**देवरिया, 19 फरवरी** ।उपायुक्त उद्योग ने बताया कि राज्य नोडल अधिकारी, सीएम युवा सेल मिशन कार्यालय द्वारा प्रदेश के समस्त जनपदों में वृहद ऋण शिविर कार्यक्रम आयोजित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में जनपद देवरिया में भी वृहद ऋण शिविर का आयोजन 20 फरवरी को सायं 4बजे विकास भवन सभागार, देवरिया में किया जाएगा।इस शिविर में एलडीएम, समस्त जिला समन्वयकों एवं विभिन्न बैंक शाखाओं के माध्यम से संचालित शासकीय ऋणपरक योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति प्रमाण-पत्र एवं डेमो चेक वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम का आयोजन अग्रणी जिला प्रबंधक तथा संबंधित विभागों के समन्वय से किया जाएगा। उपायुक्त उद्योग ने समस्त इच्छुक आवेदकों से अपील की है कि वे योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त करने तथा ऋण संबंधी लाभ लेने हेतु निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ उठाएं।

# भारत को स्वच्छ और विकसित बनाने के लिए आगे आयें युवा: सुमित त्रिपाठी




**कुशीनगर**। युवा देश की ऊर्जा होते हैं। देश आर्थिक, सामाजिक और आध्यात्मिक प्रगति का आधार युवा हैं।युवाओं में रचनात्मकता, क्रियात्मकता और ऊर्जा होती है जिससे किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। भारत को स्वच्छ और विकसित बनाना है तो इसके युवाओं को आगे आना होगा। संचार क्रांति के बाद युवाओं के हाथ में मोबाइल और सोशल मीडिया के माध्यम से आज बड़ी ताकत आ गई है।वर्तमान समय में युवाओं ने नेपाल, श्रीलंका और बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन किया है।यह सोशल मीडिया की ताकत है।यह युवाओं की ताकत है।उपरोक्त विचार एन एस एस विशेष शिविर के दूसरे दिन मुख्य अतिथि सुमित त्रिपाठी ने एनएसएस शिविर में मीडिया बनाम सोशल मीडिया और युवा विषयक गोष्ठी में कही। मुख्य वक्ता डॉ गौरव तिवारी ने बताया कि मीडिया का शाब्दिक अर्थ है माध्यम। यह शब्द अब समाचार माध्यमों के लिए रूढ़ हो गया है।अब यह उन सभी माध्यम के लिए प्रयोग होता है जो समाचार हम तक पहुंचाते हैं। प्राचीन मीडिया जिसे हम समाचार पत्र या टीवी माध्यम के रूप में जानते हैं उसमें प्रशिक्षित लोग काम करते थे।उसका एक लहजा तय होता था। उक्त माध्यम से प्रसारित खबरों के लिए संबंधित समाचार पत्र या व्यक्ति उसकी जिम्मेदारी लेता था।वर्तमान सोशल मीडिया में अप्रशिक्षित लोगों की भरमार है।इसके साथ ही सोशल मीडिया पर प्रसारित खबरें अप्रमाणित और बहुधा तथ्यहीन होती है।सबसे बड़ी बात उसकी जिम्मेदारी तय करने वाला कोई नहीं है। यही सोशल मीडिया का सबसे बड़ा अंधकार पक्ष है।यह प्रशिक्षण के अभाव के कारण होता है।इसमें भाषा और भंगिमा के स्तर पर कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है।यह स्वच्छंद है। यह स्वतंत्रता तो देता है लेकिन यह बेलगाम स्वतंत्रता नागरिक जीवन में अमर्यादित व्यवहार या विचार को प्रसारित करने की सुविधा भी देता है।इससे समाज जीवन की गरिमा गिरती है। बौद्धिक सत्र की अध्यक्षता कर रहे डॉ दिनेश तिवारी ने बताया कि मोबाइल आपकी सभी बाते सुन रहा है।जिस विषय के बारे में आप चर्चा करते हैं उससे संबंधित बाते और विज्ञापन सोशल मीडिया दिखाना शुरू कर देता है। सोशल मीडिया के दुरुपयोग इस हद तक है कि कई बार यह दंगों और सत्ता तक कारण बना है जबकि जिस बात को लेकर आंदोलन हुआ वास्तविकता उससे भिन्न थी।इसने रिश्तों की गरिमा को तार तार किया है। इसने निःसंदेह दुनिया भर की सूचनाओं तक आपकी पहुंच सुनिश्चित की है।इसने सभी को स्वतंत्रता दी है।इसका दुरुपयोग और सदुपयोग हमारे हाथ में है। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक सिब्बु यादव ने किया। बौद्धिक सत्र के अतिथियों का परिचय एवं स्वागत कार्यक्रम अधिकारी डॉ निगम मौर्य ने किया। विषय प्रवर्तन कार्यक्रम अधिकारी डॉ पारस नाथ और आभार ज्ञापन डॉ जितेंद्र मिश्र ने किया।

## किशोर लापता पुलिस व स्वजन खोजने में जुटे

**मथुरा**। जिला आगरा के थाना जगनेर के गांव चैरे का बरगंवा निवासी 9 वर्षीय दुष्यंत पुत्र हरिओम 10 फरवरी को थाना छाता के गांव तरौली जनूबी में अपनी ननिहाल में मां संजू के साथ शादी समारोह में सामिल होने आया था। वृंदावन रिश्तेदारी में भी शादी में 21 फरवरी शामिल होना था। इसलिए वह अपनी ननिहाल में रुका हुआ था ।18 फरवरी बुधवार को दोपहर 12 बजे वह अपनी नानी सावित्री से प्लाट में खेलने की कहकर घर से निकला था। शाम तक घर नहीं लौटा तो परिजनों ने इधर उधर तलाशना शुरू किया। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता न चल सका। तरौली निवासी नारायण सिंह ने अपने भांजे दुष्यंत की अचानक गायब होने की सूचना शाम को छाता पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस गांव में पहुंचकर खोज में जुट गई। रात भर आस पास के सी सी टी वी कैमरे खंगाले गए जिनमें दुष्यंत गांव के बाहर की ओर जाता हुआ दिख रहा था। गुरुवार दिन में डॉग स्कॉयड की टीम ने बालक दुष्यंत को खोजने काफी प्रयास किया ।

## उप राज्यपाल मनोज सिन्हा आज बनकटाशिव के यज्ञ में शामिल होंगे

**भटनी(देवरिया)** ।स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम बनकटाशिव मे चल रहे सार दिवसीय श्रीलक्ष्मीनारायण प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ महोत्सव मे केन्द्र सरकार के पूर्व पूर्व संचार एवं प्राद्यौगिकी मंत्री रेल राज्यमंत्री व जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा शामिल होंगें ।उक्त आशय कि जानकारी देते हुए रामगुलाम राय पी जी कालेज बनकटाशिव सल्लहपुर भटनी के प्रबन्धक एवं यज्ञ के आयोजक प्रभात कुमार राय ने बताया कि मुख्य अतिथि जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा आज श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव सहित अन्य पूज्य देवतागण की विग्रह प्राण प्रतिष्ठा दोपहर एक बजे होना सुनिश्चित है । आयोजक ने बताया कि सारी तैयारियां पुरी हो चुकी है ।उ प्र बिहार एवं क्षेत्रीय जनता को अधिक से अधिक संख्य में भाग लेने की अपील किया है ।वहीं पुलिस प्रशासन सुरक्षा को लेकर सतर्क हो गया है ।

## कृष्ण लीला सुनकर श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

**भटनी(देवरिया)**।स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम बनकटाशिव में चल रहे श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ एवं विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पंचम दिन कथावाचिका लक्ष्मीप्रिया ने श्रीकृष्ण के बाल लीला का मर्मस्पर्शी वर्णन करते हुए श्रीकृष्ण बाल लीलापूतना बध रासलीला से लेकर कंस बध की कथा सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया ।अपने कथा के माध्यम से बाल चरित्र के दौरान किये गये कार्यों जैसे इन्द्र के घमंड को तोडने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपने अंगुली पर उठाने कार्य किये से लोगो को अहंकार, अन्याय करने वालो को देकर समाज मे समरसता कायम करने का सन्देश दिया ।कथा के दौरान आज भी कार्यक्रम के आयोजक प्रभात कुमार राय द्वारा चार दर्जन विशिष्ट लोगो सम्मानित किया गया ।

## इग्नू में प्रवेश तिथि 28 फरवरी तक बढ़ी

**कुशीनगर**। घर बैठे उच्च गुणवत्ता युक्त प्रामाणिक शिक्षा प्राप्त कराने वाले भारत सरकार के सबसे बड़े केंद्रीय विश्वविद्यालय इग्नू ( इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ) में जनवरी सत्र में प्रवेश की तिथि विस्तारित हुई है। यह तिथि अब 28 फरवरी हो गई है। बी ए, बी कॉम, एम ए एवं विभिन्न डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स में प्रवेश लिया जा सकता है। उक्त जानकारी इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक और बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुशीनगर में हिंदी के आचार्य प्रोफेसर गौरव तिवारी ने देते हुए बताया कि इग्नू में परीक्षा का स्वरूप वार्षिक है अर्थात वर्ष में एक बार ही परीक्षा देने की व्यवस्था है जिससे कामकाजी लोगों को ज्यादा अवकाश लेने की जरूरत नहीं होती।

## बनकटा शिव में निकली भव्य शोभायात्रा



**भटनी (देवरिया)**।स्थानीय क्षेत्र के बनकटा शिव में आयोजित श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ एवं विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा यज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर सल्लहपुर, मठिया, खोरीबरी रामपुर तथा जंगली जलपा माता मंदिर होते हुए डुमरी मार्ग से पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जयघोष करते हुए पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया।शोभायात्रा के उपरांत प्रातःकाल यज्ञ मंडप में भगवान शिव की मूर्ति का दिव्य अधिवास संस्कार वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न किया जाएगा। इस अवसर पर भगवान शिव के श्रीविग्रह के प्रत्येक अंग—हाथ, चरण, मुख, नाभि एवं शिवलिंग स्वरूप—पर समस्त देवी-देवताओं का आवाहन कर अधिवास कराया जाएगा।आयोजकों के अनुसार अधिवास की यह पावन प्रक्रिया विग्रह में देवशक्तियों के आवाहन एवं स्थापना का प्रतीक है, जिससे प्रतिमा को पूर्णतः चेतन एवं दिव्य स्वरूप प्रदान किया जाता है। मंत्रोच्चार, हवन एवं पूजन के साथ वातावरण भक्तिरस से ओत-प्रोत रहेगा।अधिवास के उपरांत भगवान शिव का विधिवत पूजन-अर्चन किया जाएगा। तत्पश्चात वैदिक रीति से श्रीविग्रह को उसके निर्धारित स्थान पर अचल प्रतिमा के रूप में स्थापित कर भव्य प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होगी। इस दिव्य अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

# भांडीरवन में गूंजा आ गए अवध बिहारी, अब आयेंगे कृष्ण मुरारी



**मथुरा**। भांडीरवन में आयोजित धार्मिक सभा श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुद्दे को लेकर जनसमर्थन जुटाने का मंच बन गई। कार्यक्रम में पहुंचे हिंदू पक्षकार एवं अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि उनका लक्ष्य किसी प्रकार का टकराव नहीं बल्कि कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से जन्मभूमि के वास्तविक गर्भगृह स्थल पर मंदिर निर्माण कराना है। उन्होंने कहा कि देश की दिशा तभी बदलेगी जब धार्मिक और सांस्कृतिक संस्थाएं सशक्त होंगी। जन्मभूमि प्रकरण को केवल अदालत तक सीमित न रखते हुए समाज तक ले जाने के उद्देश्य से जनसंवाद अभियान चलाया जा रहा है। ह्लचलो गांव की ओरह्व और ह्लश्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति ज्योति यात्राह्व के माध्यम से लोगों से संपर्क कर समर्थन जुटाया जा रहा है, जिसका विस्तार देश से बाहर भी ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी और अमेरिका तक पहुंच चुका है।सभा में मौजूद लोगों से जब पूछा गया कि कौन-कौन जन्मभूमि स्थल के दर्शन कर चुका है तो बड़ी संख्या में लोगों ने हाथ उठाकर प्रतिक्रिया दी। वक्ताओं ने ऐतिहासिक संदर्भों का उल्लेख करते हुए दावा किया कि विभिन्न आक्रमणकारियों के समय मंदिर ध्वंस के प्रमाण मिलते हैं तथा परकोटे की दीवारों पर आज भी धार्मिक प्रतीक चिन्ह दिखाई देते हैं। उन्होंने पुरातत्व सर्वे की मांग दोहराते हुए कहा कि वैज्ञानिक जांच से तथ्य स्पष्ट हो सकते हैं।महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उपलब्ध ऐतिहासिक आधारों पर 23 दिसंबर 2020 को न्यायालय में वाद दायर किया गया था, जिसके बाद शुरू हुआ कानूनी संघर्ष अब व्यापक जन आंदोलन का रूप लेता जा रहा है। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण तक शांतिपूर्ण अभियान जारी रहेगा।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों से वास्तविक गर्भगृह स्थल पर मंदिर निर्माण के समर्थन में राय ली गई, जिस पर सभी ने हाथ उठाकर सहमति जताई और हुआ गए हैं ।

## चिट्ठी न कोई संदेश जाने वो कौन सा देश जहां तुम चले गए...




**कसया, कुशीनगर**।नगर स्थित डीडी मंत्रा नृत्य एवम संगीत विद्यालय द्वारा आयोजित एक शाम गायक स्व. जगजीत सिंह के नाम गजल कार्यक्रम में प्रशिक्षु गीतकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मुग्ध कर दिया।

बुधवार की शाम को आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत माता सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में शिखा और इसरावती, संजू गणेश वंदना प्रस्तुत किया। इसके बाद रीता ने ' तेरे आने की जब खबर महके गाया जो काफी पसंद किया गया। प्रियांशु ने गाया तुमको देखा तो ये ख्याल आया, राकेश ने गाया कोई फरियाद तेरे दिल में दबी हो जैसे। निशा ने गाया अगर हम कहे और वो मुस्कुरा दे काफी सराही गई। यसुदीप ने ये दौलत भी ले लो ये शोहरत भी ले लो सुनाकर मच को ऊंचाई प्रदान की। प्रियंका ने गाया चिट्ठी न कोई संदेश जाने वो कौन सा देश जहां तुम चले गए गाकर सबको भाव विभोर कर दिया। संस्था के निदेशक कृष्णानंद त्रिपाठी ने कहा कि स्व. जगजीत सिंह ख्यातिलब्ध गजल गायक थे। उनकी गायकी ने जीवन के हर लम्हे को छुआ है। संस्था गीत, संगीत के क्षेत्र में कलाकारों को तराशने का कार्य कर रही है। आने वाले समय में ये प्रतिभाशाली कलाकार बड़े फलक पर अपनी मेधा का परचम लहराएंगे।

## कांग्रेसियो ने लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की



**देवरिया** ।मनरेगा बचाओ संग्राम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 17 फरवरी को लखनऊ में आयोजित विधानसभा घेराव कार्यक्रम के दौरान हुए पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में गुरुवार को नगर पालिका परिषद स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष शांतिपूर्ण बैठ कर कांग्रेसीयों ने विरोध दर्ज कराया। जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने कहा कि मनरेगा बचाओ संग्राम के अन्तर्गत विधानसभा घेराव के दौरान पुलिस द्वारा लाठी चार्ज करके इसे रोकने की कोशिश की गई, जिसमें माननीय प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सहित कई नेता एवं कार्यकर्ता घायल हो गए। भाजपा सरकार का दमनकारी कृत्य बताते हुए जिलाध्यक्ष ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने आगे कहा कि मनरेगा श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा हेतु पार्टी का संघर्ष जारी रहेगा। मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस पूर्वी जोन के पूर्व अध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, मनरेगा कोआर्डिनेटर सत्य प्रताप मिश्रा अंशु, नागेंद्र शुक्ला, सुभाष राय,वरुण राय, जिला उपाध्यक्ष भरत मणि त्रिपाठी,जुलेखा खातून, अब्दुल जब्बार,जिला प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्रा, शहर अध्यक्ष मिर्जा खुर्शीद, जिला महासचिव आलोक त्रिपाठी राजन,मनोज मणि त्रिपाठी, रामप्रवेश सिंह, सच्चिदानंद मिश्र,मधु शर्मा,रीता देवी, कुलदीप यादव,किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय,सुहेल अंसारी, जिला सचिव पन्नालाल पाठक,ब्लाक अध्यक्ष मुजफ्फर हुसैन मंसूरी, रमेश कुशवाहा, निर्मला वर्मा,डॉ.सीपी चौहान, राशिद अंसारी, विनोद त्रिपाठी, धनंजय यादव,रविन्द्र मल्ल, विरेन्द्र त्रिपाठी,रजनीश उपाध्याय, विजय कुमार सिंह सहित दर्जनों कांग्रेसी मौजूद रहै ।

# मंडलायुक्त ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण



**मथुरा**।मंडलायुक्त नगेंद्र प्रताप द्वारा आज मथुरा जिले में बृज तीर्थ विकास परिषद द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों का अधीनस्थ अधिकारियों साथ निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम आयुक्त महोदय ने वृंदावन स्थित पर्यटक सुविधा केंद्र के विस्तारीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। यहां तीन ब्लॉक में बनाए जा रहे बिल्डिंग परिसर का जायजा लिया। संबंधित अधिकारी को ससमय व गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए।

तत्पश्चात आयुक्त महोदय ने बरसाना में निमार्णाधीन टीएफसी एवं मल्टीलेवल पार्किंग परिसर का निरीक्षण किया। अवगत कराया गया कि यहां कार, बस और ई रिक्शा वाहनों की पार्किंग के साथ श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए डोमेंट्री तथा रूम भी बनाए जा रहे हैं। निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए निर्देश दिए कि सभी टॉयलेट ब्लॉक में वेंटिलेशन बनाए जाएं। गुणवत्ता का ध्यान एवं निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए बिल्डिंग परिसर के आंतरिक और बाह्य विकास कार्य दो माह में पूर्ण किया जाए। फायर सेफ्टी के समुचित इंतजाम होने चाहिए। वहीं एंट्री गेट के दोनों ओर बनाई जा रही दुकानों का निर्माण कार्य भी दो माह में पूर्ण किया जाए। कमई करहला ग्राम में निमार्णाधीन बृजनाथ की समाधि स्थल का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। तत्पश्चात आयुक्त महोदय ने नंदगांव में शनिदेव मंदिर के पास बन रहे परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण किया। अवगत कराया गया कि लगभग 2800 मीटर लम्बा परिक्रमा मार्ग का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। लगभग 350 मीटर मार्ग तक टाइल्स बिछाई जा रही है और परिक्रमा मार्ग के किनारे कच्चा पाथवे बनाया जा रहा है, जिस पर मिट्टी डाली जाएगी।

आयुक्त महोदय ने टाइल्स की गुणवत्ता की जांच की। बिछायी गई टाइल्स जगह जगह टूटी फूटी होने और गैप ठीक से नहीं भरे जाने पर आयुक्त महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी। निर्देश दिए कि कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए टाइल्स बिछाई जाए। पाथवे किनारे मिट्टी रोकने हेतु रिटेनिंग वॉल बनाई जाए।

इसके अलावा परिक्रमा मार्ग के बीच में आ रहे विद्युत पोल को किनारे शिफ्ट कराने हेतु संबंधित विभाग से पत्राचार करने के निर्देश दिए। श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत परिक्रमा मार्ग पर शौचालय बनाए जाने हेतु स्थल चिन्हित करने के निर्देश दिए।

## याद किये समाजवाद के पुरोधा आचार्य नरेन्द्रदेव

देवरिया । महान शिक्षा विद, स्वतंत्रता सेनानी एवं समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक आचार्य नरेंद्र देव को उनके स्मृति दिवस पर रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जन संपर्क कार्यालय पर आयोजित स्मृति दिवस कार्यक्रम में याद करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि आचार्य नरेंद्र देव समाजवाद के अक्षय वटवृक्ष हैं जो स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख सेनानी,काशी विद्यापीठ एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति ,समाजवादी पार्ट के संस्थापक सदस्य, विधान सभा और राज्यसभा के सदस्य रहे हैं और आजीवन समाजवादी रीति -नीति को कायम रखते हुए जीवन जिये हैं।

सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने आचार्य नरेंद्र देव को याद करते हुए कहा कि उनका मानना था कि समाजवादियों का साध्य एक ऐसे समतामूलक समाज का निर्माण करना है जो परस्पर विरोधी एवं शोषित, आर्थिक वर्ग विहीन हो।उन्होंने ₹बौद्ध धर्म दर्शन₹, ₹अभिधर्मकोश₹ एवं ₹राष्ट्रीयता और समाजवाद₹ नामक किताबों सहित कई अन्य किताबो की रचना की हैं।

आचार्य नरेंद्र देव को उनके स्मृति दिवस पर रामप्यारे यादव, राजू यादव, सतेंद्र यादव, सुरेश नारायण सिंह,मोतीलाल सिंह, सुनील कुमार,कमला यादव, मोहन यादव, अयोध्या वर्मा,नगीना यादव, सतेंद्र यादव, लल्लन यादव, संतोष मद्धेशिया आदि ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## रोजगार मेले में 259 का प्रारंभिक चयन

देवरिया। राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम परिसर, देवरिया में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में कुल 402 रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। विभिन्न क्षेत्रों की कुल 09 कंपनियों ने मेले में भाग लेते हुए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया, जिनमें से 259 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक रूप से चयन किया गया।

# बुद्धा पार्क में पांच करोड़ के निर्माण कार्य पर उठे पारदर्शिता के सवाल

- क्या दफन हो जायेगा नोटिस की ओट में पांच करोड़ रुपये के निर्माण की गुणवत्ता व मानक पर उठ रहे सवाल
- क्या पांच करोड की परियोजना का सच सिर्फ स्पष्टीकरण से होगा तय होगा

जिला संवाददाता

**कुशीनगर**। जिला मुख्यालय रवीन्द्रनगर स्थित कलेक्ट्रेट के ठीक सामने बुद्धा पार्क में लगभग पांच करोड़ रुपये की लागत से चल रहे निर्माण कार्य पर उठे गंभीर सवालों का जिस प्रकार औपचारिक स्तर पर निस्तारण किया गया, उसने पारदर्शिता और जवाबदेही के दावों की साख पर गहरी चोट की है। मीडिया में गुणवत्ता, मानक और निगरानी को लेकर गंभीर आरोप सामने आए पर जिलाधिकारी ने नोटिस जारी किया, कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियंता ने स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया और इसके साथ ही प्रकरण को लगभग समाप्त मान लिया गया। किन्तु सवाल यह है कि क्या सार्वजनिक धन से जुड़ी इतनी बड़ी परियोजना का सच महज विभागीय स्पष्टीकरण से सच साबित हो जायेगा? क्या बिना स्वतंत्र तकनीकी जांच और पारदर्शी परीक्षण के किसी भी निर्माण को ह्यमानक के अनुरूपह्व घोषित कर देना पर्याप्त प्रशासनिक प्रक्रिया माना जा सकता है ?कलेक्ट्रेट के दहलीज के सामने करोडो की लागत से कराये गये निर्माण अब उस व्यवस्था की विश्वसनीयता की परीक्षा बन गया है जो पारदर्शिता का दावा कर रही है ?बतादे कि बुद्धा पार्क स्थल कलेक्ट्रेट के सामने व मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय और अन्य विभागीय दफ्तरों से सटा हुआ है। यह क्षेत्र प्रशासनिक दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील माना जाता है। विशेषज्ञो का कहना है कि इस स्थान पर हो रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और मानकों को लेकर संदेह पैदा हो रहा है और उसका समाधान सिर्फ कार्यदायी संस्था यूपीआरएनएस के अधिशासी अभियंता के स्पष्टीकरण तक सीमित है, तो यह व्यापक निगरानी व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न उठना स्वभाविक है।

### जांच या कोरमपूर्ति

जानकारो की माने तो तकरीबन पांच करोड़ रुपये की परियोजना, वह भी प्रशासनिक मुख्यालय के सामने, यदि आरोपों के घेरे में हो तो सामान्यतः अपेक्षा की जाती है कि स्वतंत्र तकनीकी एजेंसी से गुणवत्ता परीक्षण कराया जाए, निर्माण सामग्री की लैब रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए, माप-पुस्तिका (एमबी) और भुगतान विवरण की समीक्षा हो,इसके अलावा थर्ड-पार्टी ऑडिट कराया जाए। अब तक ऐसी किसी स्वतंत्र जांच की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या कार्रवाई केवल औपचारिकता निभाने तक सीमित रही? अभियंता का तर्क है ह्लकार्य मानक के अनुरूप है।ह्व लेकिन सवाल यह है मानक की पुष्टि किसने की? क्या किसी स्वतंत्र एजेंसी ने गुणवत्ता परीक्षण किया?

क्या सैंपल की लैब रिपोर्ट सार्वजनिक की गई?क्या माप-पुस्तिका का सत्यापन कराया गया?जब जांच का आधार सिर्फ वही विभाग हो जिस पर आरोप लगा है, तो निष्पक्षता पर सवाल उठना लाजमी हैं।



विधि विशेषज्ञों के अनुसार, सार्वजनिक धन से जुड़े मामलों में पारदर्शिता केवल दावा नहीं, बल्कि दस्तावेजी प्रमाण और स्वतंत्र सत्यापन होती है।

विधि विशेषज्ञो का कहना है कि सार्वजनिक निर्माण कार्यों में पारदर्शिता केवल दावा नहीं, बल्कि प्रक्रिया के तहत स्वतंत्र एजेंसी द्वारा विन्दुवार व निष्पक्ष जांच से सिद्ध होती है। निर्माण कार्य के गुणवत्ता व मानक पर उठे सवालो के बाद अगर इन प्रक्रियाओं का पालन नहीं हुआ, तो यह प्रशासनिक जवाबदेही के सिद्धांत से विपरीत है।

## अंकुर बेधक कीट नियंत्रण के लिए कारगर है कीटनाशक मसाक्रा: ओम प्रकाश गुप्ता

**कसया, कुशीनगर**। गन्ना बुवाई से कटाई तक किसी न किसी भाग में कीटों का प्रकोप होता रहता है। कीटों के प्रकोप से औसतन 15 से 20 प्रतिशत गन्ने का उपज घट जाता है तथा चीनी परता भी प्रभावित होता है। तापक्रम बढ़ने की दशा में गन्ना फसल में अंकुरबेधक कीट का प्रकोप होता है। जिसको किसान अपनी भाषा में पिहीका कीट कहते हैं। यह जानकारी कसया तहसील क्षेत्र के ग्राम बकनहा निवासी गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केन्द्र- पिपराइच गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक/ कृषि वैज्ञानिक ओम प्रकाश गुप्ता ने उन्नत खेती की चर्चा करते हुए कहीं। बताया कि पिहीका कीट नियंत्रण के लिए मसाक्रा 4% दानेदार ( कलोरेन्ट्रानीली प्रोल- 4% ) गन्ना बोते समय नाली में प्रयोग करें। अंकुरबेधक पिहीका कीट से प्रभावित गन्ने का पौधा दिखाते हुए वैज्ञानिक श्री गुप्ता ने बताया कि इस कीट की सूड़ी भूरे मटमैले रंग की होती है तथा पीठ पर 5 बैगनी रंग की धारिया पायी जाती है। इसकी सूड़ी पौधे के मुलायम तने में बारिक छेद बनाकर अंदर घुसती है तथा गोंफ-सीका को खाती हुई नीचे की तरफ जाती है। जिसकी वजह से गोंफ-सीका सूख जाता है। खीचने पर आसानी से निकल जाता है। किनारे की दोनो पत्तिया हरी रहती है। इस कीट के प्रकोप से 30 से 40% पौधे नष्ट हो जाते हैं। तापक्रम पर निर्भर करता है। इस कीट के नियंत्रण के विषय के प्रश्न पर गन्ना विशेषज्ञ श्री गुप्ता ने बताया कि प्रभावित पौधों को काट कर निकाल दें, गर्मी के दिनो में भरपूर सिंचाई करे, इस समय गन्ना बोते समय मात्रा 8 किग्रा प्रति एकड़ मसाक्रा- 0.4% दानेदार नाली में प्रयोग करें नहीं लगेगा पिहीका कीट, इस कीट की 6 पीढियां पायी जाती है। मई में प्रयोग करने पर मथमुड़िया कीट का नियंत्रण करता है।

संक्षेप

## भीषण आग कई घर राख

सीतापुर। रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत उमरी गणेशपुर के तुलापुरवा में गुरुवार शाम करीब चार बजे भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने कई रिहायशी मकानों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे भारी नुकसान हुआ। घटना में दो महिलाएं झुलस गईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार दिलाया गया। आग से साहेब लाल पुत्र महलू, विकास पुत्र साहेब लाल, बहाऊ पुत्र छेद्दू, काशीराम पट्टे और कृपालाल पुत्र साहेब लाल के घरों को गंभीर क्षति पहुंची। ग्रामीणों के मुताबिक साहेब लाल के परिवार को सर्वाधिक नुकसान हुआ है। घरों में रखा अनाज, कपड़े, बिस्तर व अन्य घरेलू सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गया। सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई, लेकिन उसके पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काफी हद तक काबू पा लिया। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। क्षेत्रीय लेखपाल को सूचना दे दी गई है, ताकि नुकसान का आकलन कर पीड़ित परिवारों को राहत सहायता उपलब्ध कराई जा सके। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## एसआईआर में छूटे नाम बढ़ाने के निर्देश

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के राव राम बक्स सिंह सभागार में एस आई आर व आयुष्मान कार्ड को लेकर उप जिलाधिकारी रणविजय सिंह ने ब्लॉक सुमेरपुर बीघापुर व आंशिक पुरवा के कोटेदारों की बैठक ली जिसमें एस आई आर के अंतर्गत छूटे हुए नाम बढ़ाने के निर्देश दिए तथा फार्म छः उपलब्ध कराए गए। वही आयुष्मान कार्ड को लेकर उप जिलाधिकारी ने सभी कोटेदारों से बनाने की अपील की और कहां कि इस कार्य में बी एल ओ का पूरा सहयोग करें ताकि कोई नाम छूटने न पाये। बैठक के दौरान उप जिलाधिकारी ने होली की शुभकामनाएं दी और होली के विवादित स्थान के संबंध में भी जानकारी ली। बैठक में सप्लाई अधिकारी मनोज कुमार तथा सप्लाई बाबू रोहतास मौजूद रहे।

## भाजपा नेता ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

पाटन, उन्नाव (वीओएल)। भगवंत नगर विधानसभा क्षेत्र में अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को भाजपा नेता समाजसेवी अविचल शुक्ला ने सघन जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्राम धानी खेड़ा के ताल कटोरा स्टेडियम में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन फीता काटकर तथा बल्लेबाजी करके किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला आफजाई किया तथा उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने की बात कही। क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजक सुमित द्विवेदी का भी आभार ज्ञापित किया और कहा कि ऐसे आयोजनों से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्राप्त होता है किंतु खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। अविचल शुक्ला अपने सघन जनसंपर्क अभियान के तहत लगभग तीन दर्जन गांव में पहुंचकर लोगों से संपर्क किया और कन्याओं की शादियों में पहुंच कर बर बधू को आशीर्वाद दिया। वहीं जगह-जगह पर उनका भव्य स्वागत सम्मान किया गया। जिसमें तेज सिंह खेड़ा में पवन मिस्त्री, पहन में अखिलेश पटेल, मानपुर में श्यामू तिवारी, मेडी.लाल खेड़ा में ज्ञानेंद्र लोधी, चांदपुर में सुरेश कहार, इंदा मऊ में शत्रुघ्न सिंह, मोहकमपुर में शिव मोहन सिंह, भगवंत नगर में नरेश मिश्रा सहित आदि स्थानों पर जनसंपर्क कर भाजपा की विचारधारा का प्रचार प्रसार किया।

## नियम विरुद्ध एसडीएम पर आदेश का आरोप

सीतापुर। बिसवां बार एसोसिएशन की मंगलवार को हुई बैठक में उपजिलाधिकारी (प्रशासनिक) शिखा शुक्ला के खिलाफ तीखा प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें बार अध्यक्ष दिनेश कुमार श्रीवास्तव के प्रार्थनापत्र पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि वाद, अपील ह्लचन्द्र प्रकाश आदि बनाम अंशुल श्रीवास्तव आदिह्न में उत्तरदाता पक्ष के अधिवक्ता दिनेश कुमार श्रीवास्तव के न्यायालय में उपस्थित होने के बावजूद उनका पक्ष सुने बिना ही 28 फरवरी की निर्धारित तिथि से पूर्व आदेश पारित कर दिया गया। इतना ही नहीं, 17.02.2026 को संशोधित आदेश जारी कर दिया गया, जिसे अधिवक्ताओं ने न्यायिक प्रक्रिया की खुली अनदेखी बताया। मामले को गंभीर बताते हुए बार एसोसिएशन ने सर्वसम्मति से 19 से 21 फरवरी तक न्यायिक कार्यों के बहिष्कार का निर्णय लिया है।

# बड़ी मालियत के मामलों में विशेष सतर्कता जरूरी : डीएम



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। बड़ी मालियत के लेखपत्रों के निष्पादन में पूर्ण पारदर्शिता, विधिक शुचिता तथा अभिलेखीय शुद्धता हर हाल में सुनिश्चित की जाए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह निर्देश डॉ. राजागणपति आर. ने गुरूवार को बड़ी मालियत के लेखपत्रों के स्थलीय निरीक्षण के दौरान दिए।

जनपद में बड़ी मालियत के दस्तावेजों के पारदर्शी एवं विधिसम्मत निष्पादन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने सहायक महानिरीक्षक निबंधन, सीतापुर के साथ संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। यह कार्रवाई माह जनवरी में संपादित बड़ी मालियत के लेखपत्रों की सत्यता एवं प्रक्रियागत अनुपालन की जांच के क्रम में की गई। निरीक्षण के दौरान तहसील सिधौली अंतर्गत ग्राम न्यो राजपुर तथा ग्राम अलमापुर से संबंधित अभिलेखों एवं भूमि प्रलेखों का मौके पर सत्यापन किया गया। अधिकारियों ने संबंधित स्थलों का भौतिक निरीक्षण कर अभिलेखों में दर्ज विवरण, भूमि की वास्तविक स्थिति, स्वामित्व, उपयोग और पंजीकरण प्रक्रिया के अनुपालन का परीक्षण किया। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि राजस्व एवं निबंधन विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करें कि किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो और सभी प्रकरण नियमानुसार ही संपादित किए जाएं। उन्होंने कहा कि बड़ी मालियत के मामलों में विशेष सतर्कता बरतना आवश्यक है, ताकि शासन को राजस्व की क्षति न हो और आमजन के हित सुरक्षित रहें। सहायक महानिरीक्षक निबंधन, सीतापुर ने बताया कि बड़ी मालियत के दस्तावेजों की समय-समय पर जांच शासन की प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पंजीकरण प्रकरणों में वास्तविक मूल्यांकन, सही विवरण तथा विधिक औपचारिकताओं का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

## बरिया डीह प्राथमिक विद्यालय तीन दिन से बंद पड़ा, बिना पढ़ाई लौट रहे छात्र

सीतापुर। हरगांव विकास क्षेत्र स्थित बरिया डीह प्राथमिक विद्यालय पिछले तीन दिनों से बंद पड़ा है। विद्यालय में ताला लटका होने के कारण छात्र-छात्राएं बिना पढ़ाई किए ही घर लौटने को मजबूर हैं। इस स्थिति से अभिभावकों में भारी रोष व्याप्त है और बच्चों की पढ़ाई बाधित होने से उनकी चिंता बढ़ गई है। खंड शिक्षा अधिकारी रमाकांत मौर्य ने बताया कि विद्यालय में कुल तीन शिक्षकों की तैनाती है। इनमें से शिक्षिका नीलम अनुरागी चाइल्ड केयर लीव (सीसीएल) पर हैं, जबकि शिक्षक निशांत राय मेडिकल अवकाश पर चल रहे हैं। वहीं प्रधानाध्यापक पीयूष




गुप्ता बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए। ग्रामीणों की शिकायत पर बीईओ द्वारा विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय बंद मिला और प्रधानाध्यापक अनुपस्थित पाए गए। बीईओ रमाकांत मौर्य ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रधानाध्यापक के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की संस्तुति कर दी गई है। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही शिक्षण व्यवस्था सुचारु कराई जाएगी।

## होली, रमजान व ईद पर शांति को लेकर पीस कमेटी की बैठक



फतेहपुर। आगामी त्योहारों होली, रमजान, ईद-उल-फित्र आदि को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने हेतु कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में पीस कमेटी की बैठक जिलाधिकारी रविंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

डीएम ने सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि त्योहारों को भाईचारे के साथ मनाने की परंपरा को कायम रखा जाए। उन्होंने आमजन से एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करने और शांति बनाए रखने की अपील की।प्रमुख निर्देशजिलाधिकारी ने त्योहारों के दौरान सुरक्षा, बिजली, पानी, सफाई आदि सुविधाओं पर विशेष जोर दिया। मुख्य निर्देश इस प्रकार हैं:होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण कर बिजली तारों को सुरक्षित किया जाए।जहां पीस कमेटी बैठक बाकी है, तुरंत कराई जाएमंदिर-मस्जिदों के आसपास सफाईचूना छिड़काव सुनिश्चित हो।सड़कों के गड्ढे तत्काल भरवाए जाएं, अतिक्रमण हटाए जाएं।डीजे निर्धारित समय-डेसिबल में बजे असामाजिक तत्वों पर पाबंदी लगे।जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बने, अफवाहों का खंडन हो, मिलावटी खाद्य पर कार्रवाई हो।फायर सेफ्टी, स्वास्थ्य केंद्रों पर एम्बुलेंस, विद्युत आपूर्ति निर्बाध रहे।मस्जिदों के पास प्रतिबंधित पशु न घुसें, नालियों की सफाई हो।उपस्थित प्रमुख अधिकारी व सदस्यबैठक में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना प्रशिक्षु आईएएस नौशीन, अपर जिलाधिकारी अविनाश त्रिपाठी व सुनील कुमार, सभी उपजिलाधिकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी पुलिस क्षेत्राधिकारी, खाद्य अधिकारी, अधिशासीअभियंतापीडब्ल्यूडी-विद्युत, नगर पालिका ईओ आदि मौजूद रहे। संभ्रांत नागरिकों में प्रदेश उपाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद बीरेंद्र पाण्डेय जिलाध्यक्ष व्यापार मंडल शिवचन्द्र शुक्ला, आदर्श व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रदीप गर्ग शामिल हुए।यह बैठक जिले में सौहार्दपूर्ण माहौल सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी। सभी विभागों को प्राप्त सुझावों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

## पीडब्ल्यूडी कंपाउंड में अटेवा की बैठक विजय कुमार बंधु का जोरदार स्वागत




उन्नाव (वीओएल)। अटेवा पेंशन बचाओ मंच के प्रदेश अध्यक्ष एवं एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु का पीडब्ल्यूडी कंपाउंड, में अटेवा की जनपद शाखा द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

अटेवा जनपद शाखा के जिला संयोजक अर्पित मिश्र ने विजय कुमार बंधु को माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली, सेवा सुरक्षा तथा टीईटी अनिवार्यता समाप्त करने जैसे मुद्दों को लेकर बड़े और संगठित आंदोलन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अटेवा पेंशन बचाओ मंच हर हाल में पुरानी पेंशन योजना लागू करवाकर रहेगा और इसके लिए चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। सभा में मुख्य रूप से श्रीराम (जेई), महामंत्री राजकरन, बाल कृष्ण अवस्थी, महेंद्र सिंह, शिवसहाय तिवारी, संजय कुमार कनौजिया, कृष्ण शंकर मिश्रा, संदीप भारती, शुभम शुक्ला, ओम प्रकाश पाल एवं वीरेंद्र सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया।

## बंजर भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाया



सीतापुर। तहसील बिसवां के ग्राम टिकरा में बुधवार, 19 फरवरी 2026 को राजस्व विभाग ने अवैध निर्माण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए गाटा संख्या 246/0.162 से पक्का अतिक्रमण हटवा दिया। संबंधित भूमि अभिलेखों में बंजर श्रेणी में दर्ज पाई गई थी। कार्रवाई उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला की उपस्थिति में राजस्व टीम द्वारा अभिलेखों के सत्यापन के बाद की गई। प्रशासन ने बुलडोजर की सहायता से अवैध ढांचे को ध्वस्त कर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सरकारी व बंजर भूमि पर किसी भी प्रकार का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासनिक कदम का स्वागत करते हुए इसे सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। यह अभियान सीतापुर प्रशासन की चल रही अतिक्रमण विरोधी मुहिम का हिस्सा है।

## जिला अस्पताल में पहुंचा खांसी सिरप, मरीजों को मिली राहत

खबर का असर

उन्नाव। दैनिक वॉयस ऑफ लखनऊ में प्रकाशित खबर का असर दिखाई दिया है। जिला अस्पताल में बीते एक माह से खांसी का सिरप उपलब्ध न होने के कारण मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। मौसम में बदलाव के चलते खांसी से पीड़ित मरीज दवा वितरण कक्ष से बिना सिरप लिए मायूस होकर लौटने को मजबूर थे।

गत 18 फरवरी को अखबार ने मरीजों से बातचीत कर इस समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इतना ही नही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से जवाबदेही भी सुनिश्चित की। खबर प्रकाशित होने के बाद जिम्मेदार अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया। परिणामस्वरूप



जिला अस्पताल की व्यवस्था बदहाल

उन्नाव। मौसम में बदलाव के कारण खांसी, सांस के मरीज बढ़ रहे हैं। लेकिन जिला अस्पताल का हाल ये है कि करीब एक माह से दवा वितरण स्टोर में खांसी का सिरप खत्म है। जिला अस्पताल में 1500 से ज्यादा मरीज ओपीडी पहुंच रहें हैं। इनमें खांसी और सांस के मरीज भी बढ़ रहें हैं। खांसी का सिरप बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी आयु के मरीजों को दिया जाता है। सांस के मरीज को भी खांसी के सिरप की जरूरत होती है, लेकिन एक महीने से खांसी का सिरप खत्म चल रहा है। सिरप न मिलने से रोजाना 100 से 150 मरीज मायूस होकर वापस जा रहें हैं।

बोले मरीज

आवास-विकास निवासी नीलम ने बताया एक सप्ताह से खांसी आ रही है। लेकिन दवा वितरण कक्ष में खांसी का सिरप नहीं है।

बीघापुर के मदन ने बताया उसे बुखार के साथ खांसी है। अस्पताल में बताया गया खांसी का सिरप खत्म चल रहा है।

इसकी जानकारी जब सीएमएस डॉ राजीव गुप्ता से की गई तो उन्होंने बताया सीएमएसडी में खांसी का सिरप नहीं है, प्रयास किया जा रहा है अस्पताल में खांसी का सिरप जल्द आ जाए।

गुरुवार को दवा वितरण कक्ष में खांसी का सिरप उपलब्ध करा दिया गया। जिससे मरीजों को दवा मिलनी शुरू हो गई। अखबार द्वारा लगातार उठाए जा रहे जनहित के मुद्दों का असर अब अस्पताल की व्यवस्थाओं पर भी दिखाई दे रहा है।

फार्मासिस्ट दिनेश वर्मा ने बताया कि पिछले कुछ समय से अस्पताल में खांसी का सिरप उपलब्ध नहीं था। अब सिरप की आपूर्ति हो गई है और दवा वितरण कक्ष से मरीजों को नियमित रूप से सिरप दिया जा रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि आगे मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।

# नलकूप की भूमि पर अवैध निर्माण एसडीएम ने जांच कमेटी गठित की



मौरावां, (वीओएल)। नगर पंचायत मौरावां के वार्ड नंबर 6 में स्थित नलकूप संख्या एक की भूमि पर अवैध निर्माण का मामला सामने आया है। नगर पंचायत में कार्यरत चौकीदार तहजीब आलम पर इस सरकारी भूमि पर मकान और दुकान बनाने का आरोप है। वार्ड नंबर 9 के सदस्य सुल्तान बेग ने इस निर्माण को अवैध बताते हुए उपजिलाधिकारी और मुख्यमंत्री को शिकायत पत्र भेजा था।

उन्होंने निर्माण को ध्वस्त करने की मांग की थी। इसके बाद, नगर पंचायत प्रशासन ने भवन पर नोटिस चस्पा कर चैकीदार तहजीब आलम को भू-स्वामित्व संबंधी अभिलेखों के साथ बुलाया था और नगर पंचायत अधिनियम के तहत कार्रवाई का अंतिम नोटिस भी दिया था। हालांकि, नोटिस के बावजूद बिल्डिंग बनकर तैयार हो गई। इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों पर निष्क्रियता का आरोप लगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार अधिकारियों को 24 घंटे के भीतर अवैध कब्जा हटाने के आदेश देते रहे हैं। इस संबंध में कई अखबारों में खबरें भी प्रकाशित हुईं, अब इन खबरों का संज्ञान लेते हुए एसडीएम ने एक जांच कमेटी गठित की है। नायब तहसीलदार नीरज चतुवेर्दी और लेखपाल निशांत वर्मा मौके पर जांच के लिए पहुंचे। इस दौरान मौरावां नगर पंचायत के कर्मचारी भी मौके पर मौजूद रहे। मामले में अब देखना होगा कि स्थानीय प्रशासन द्वारा क्या कार्रवाई की जाती है।

## दवा विक्रेता वेलफेयर एसोसिएशन की वार्षिक बैठक संपन्न



उन्नाव (वीओएल)। गुरुवार को दवा विक्रेता वेलफेयर एसोसिएशन की वार्षिक बैठक का आयोजन दरोगा बाग स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में किया गया। जिसमें पदाधिकारियों की सहमति से पुरानी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए, नई कार्यकारिणी का चयन किया गया। जिसमें सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मयंक बाजपेई को सर्वसम्मति से पुनः निर्विरोध अध्यक्ष चुना और नए पदाधिकारियों में जिला उपाध्यक्ष पद पर अमरीश शुक्ला, जिला महामंत्री पद पर ऋषभ पांडे, सचिव पद पर शरद तिवारी, जिला सदस्यता प्रमुख विवेक कुमार, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार, जिला मीडिया प्रभारी शिवम द्विवेदी, प्रचार मंत्री कृष्ण कुमार यादव, जिला उप सचिव अभिलाष शर्मा, जिला कार्यकारिणी सदस्य पारूल यादव, सत्यम पांडे, आशीष शुक्ला सहित अन्य को चुना गया। नवनिर्वाचित सदस्यों ने एसोसिएशन के उद्देश्य और कर्तव्यों का पूरी ईमानदारी से पालन करने की शपथ ली। उक्त बैठक का आयोजन एसोसिएशन के क्षेत्रीय कार्यालय में किया गया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के गठन पर सभी पदाधिकारियों ने एक दूसरे को बधाई दी और जनहित में विभाग द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति, टीबी मुक्त भारत और एचआईवी से वचाव जैसे जागरूकता अभियान लगातार जारी कार्यो को आगे भी करते रहने का संकल्प लिया।

## सीएम योगी से नगर पालिका अध्यक्ष की मुलाकात विकास प्रस्तावों को शीघ्र मंजूरी का आश्वासन



खैराबाद/सीतापुर। योगी आदित्यनाथ से खैराबाद नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती बेबी गुप्ता एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने लखनऊ स्थित 5 कालीदास मार्ग आवास पर मुलाकात की। मुलाकात के दौरान नगर में संचालित विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। इनमें अमृत सरोवर सौंदर्यीकरण, अटल पार्क, गौरी देवी मंदिर में वंदन योजना के तहत कार्य तथा सफाई व्यवस्था प्रमुख रूप से शामिल रहे। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि खैराबाद से जुड़े विकास प्रस्तावों एवं बड़ी परियोजनाओं को शासन स्तर पर प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति दी जाएगी। अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने बस अड्डा निर्माण, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के आधुनिकीकरण, भुईंया ताली तीर्थ स्थल के विकास, शीतला देवी, भुईंया ताली, गौरी देवी एवं पूर्वी देवी मंदिरों तक सुगम मार्ग व प्रकाश व्यवस्था, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट, अन्त्येष्टि स्थल तथा नगर में स्टेडियम निर्माण की मांग रखी। मुलाकात के दौरान अध्यक्ष की पुत्री अवंशिका भी मौजूद रहीं। मुख्यमंत्री ने उनसे संवाद किया और बच्ची ने उन्हें गुलाब का फूल भेंट किया। मुख्यमंत्री ने सभी मांगों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए खैराबाद के समग्र विकास का भरोसा दिया।

## भाजपा सरकार की नीतियों से क्षुब्ध कांग्रेसियों ने सत्याग्रह कर जताया विरोध

फतेहपुर। देश में बढ़ी बेरोजगारी, मंहगाई व मनरेगा योजना का स्वरूप बदलने को लेकर आज कचेहरी प्रांगण में कांग्रेसी जनों द्वारा गांधी प्रतिमा के सामने बैठकर शांतिपूर्वक सत्याग्रह किया गया एवं गांधी जी का भजन रघुपति राघव राजाराम गाते हुए उनके बताये मार्ग पर चलते हुए बराबर भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों का विरोध करते रहने का संकल्प किया गया। सत्याग्रह में जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि आज पूरे देश में भाजपा पोषित व्याप्त भ्रष्टाचार देश को खोखला कर चुका है, मंहगाई से त्रस्त आम जन मानस कराह रहा है उस पर भी तरस न खाकर अब ग्रामीण मजदूरों के हित में चल रही मनरेगा योजना के पूरे ढांचे को बदल कर उनका अधिकार छीना जा रहा है जिसे कांग्रेस हर हालात में नहीं होने देगी। सत्याग्रह में मुख्यरूप से उपस्थित जिला उपाध्यक्ष सुधाकर अवस्थी, कलीम उल्ला सिद्दीकी पार्टी प्रवक्ता ई देवी प्रकाश दुबे, राजीव लोचन निषाद, राजू लोधी, आशीष गौड़, आरिफ खान, मनोज घायल, अमर नाथ कैथल, राम नरेश महराज, रिक्की सरदार, शमशाद भाई, अनुग्रह नारायण उर्फ पुत्तन मिश्र, आदित्य श्रीवास्तव, आनंद सिंह गौतम, सुधीश पांडेय, हम्माद हुसैन, अभय शुक्ला, आदि लोग मौजूद रहे।

## कांग्रेस नेताओं का भाजपा सरकार पर हमला

सीतापुर। कांग्रेस के मनरेगा बचाओ अभियानह्व के तहत जनपद के देहात क्षेत्रों में लगातार जनसभाएं आयोजित की जा रही हैं। अभियान के पांचवें दिन नया गांव, नरहरपुर, निघोवा, फत्तेपुर, मातिनपुर और बड़ेलिया बाजार में कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को मनरेगा योजना में किए गए बदलावों की जानकारी दी गई। नेताओं ने आरोप लगाया कि मनरेगा योजना के स्वरूप में परिवर्तन कर इसे कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में शिव प्रकाश सिंह ने कहा कि देशहित में कांग्रेस की पुनः वापसी समय की मांग है। सुनीला रावत ने कहा कि राहुल गांधी गरीबों के हक की लड़ाई संसद से लेकर सड़क तक लड़ रहे हैं और अब जनता को भी जागरूक होकर साथ खड़ा होना होगा। राधेश्याम कनौजिया ने अपने अधिकारों के लिए संघर्ष का आह्वान किया, जबकि कन्हैया लाल कश्यप ने कहा कि धर्म और जाति की राजनीति से ऊपर उठकर वास्तविक मुद्दों पर ध्यान देने की जरूरत है। विष्णु गौतम ने आरोप लगाया कि शिक्षा व्यवस्था को कमजोर कर वंचित वर्गों को पीछे धकेला जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए जनसमर्थन जुटाने का आह्वान किया।



## प्रशिक्षण के दौरान हंगामा, नशे में सफाईकर्मी ने प्रधान पर चप्पल से किया हमला

सीतापुर। ब्लॉक परिसर में गुरुवार दोपहर राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के प्रशिक्षण के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक सफाईकर्मी ने कथित रूप से नशे की हालत में ग्राम प्रधान पर चप्पल से हमला कर दिया। घटना के बाद आक्रोशित प्रधानों ने ब्लॉक परिसर में जमकर हंगामा किया और कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। ग्राम पंचायत महेवा के प्रधान सोनेलाल वर्मा के अनुसार, आरोपी उनकी पंचायत का निवासी है और रोहिला ग्राम पंचायत के पिपरझला मजरे में तैनात है। आरोपी के चचेरे भाई का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची से अपात्र पाए जाने पर हटाया गया था, जिसे लेकर वह रंजिश रखता था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आरोपी सभागार में घुसकर गाली-गलौज करने लगा और अचानक चप्पल से हमला कर दिया। एडीओ पंचायत प्रेम कुमार ने बताया कि आरोपी ड्यूटी से अनुपस्थित था और नशे में विवाद कर रहा था। इंस्पेक्टर जेबी पांडेय ने कहा कि आरोपी हिरासत में है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



## अनुशासनहीनता में सफाई कर्मी निलंबित

सीतापुर। जनपद के महोली विकास खंड की ग्राम पंचायत पिपरझला में तैनात सफाई कर्मी विश्वनाथ अंबेडकर को अनुशासनहीनता के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई जिला पंचायत राज अधिकारी डॉ. निरीश चंद्र साहू द्वारा की गई। बताया गया है कि एडीओ पंचायत की ओर से प्रस्तुत जांच रिपोर्ट में आरोप लगाया गया कि संबंधित सफाई कर्मी नियमित रूप से गांव में सफाई कार्य के लिए नहीं जाते थे। साथ ही ग्राम प्रधान के साथ विवाद और असहयोगात्मक व्यवहार की भी शिकायत सामने आई थी। रिपोर्ट में कार्य के प्रति लापरवाही और अनुशासनहीन आचरण का उल्लेख किया गया, जिसके आधार पर निलंबन की कार्रवाई की गई। मामले की विस्तृत जांच के लिए एडीओ पंचायत खैराबाद ओमप्रकाश को नामित किया गया है। जांच पूरी होने के बाद अग्रिम विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## कार की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

सीतापुर। कोतवाली देहात क्षेत्र में बृहस्पतिवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। नेशनल हाईवे पार करते समय तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। मृतक की पहचान आजाद नगर बिजवार निवासी 60 वर्षीय रामसहाय के रूप में हुई है। वह पैदल हाईवे पार कर रहे थे, तभी लखनऊ की ओर से आ रही कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रामसहाय ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली देहात इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

संक्षेप

## सपा विधायक ने सदन में उठायें जनहित के मुद्दे

**बांदा।** सपा विधायक विशंभर सिंह यादव ने बजट सत्र में बबेरू विधानसभा क्षेत्र के जनहित के मुद्दों को सदन में उठाया है। उन्होने बबेरू कस्बे में जाम की समस्या को प्रमुखता से उठाया। सपा विधायक ने कस्बे में रिंगरोड बाईपास का निर्माण, रोडवेज बस अड्डे को शीघ्र पूरा कराने, जल जीवन मिशन के तहत खोदे गए रास्तों को ठीक कराने और बुंदेलखंड में कर्ज की मार झेल रहे किसानों का कर्ज माफ करने व बेरोजगारी पर भी प्रश्न पूंछा। विधायक ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार बजट को बहुउपयोगी साबित कर रही है लेकिन धरातल पर काम कुछ नही होता। प्रदेश का अति पिछड़ा क्षेत्र बुंदेलखंड हमेशा सूखा और बाढ़ की मार झेलता आ रहा है लेकिन इस बजट में बुंदेलखंड के लिए कुछ न दिया जाना बुंदेलखंडवासी अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। बजट पर बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए कदम नही उठाया गया। तीर्थ क्षेत्र चित्रकूट को भी कुछ हासिल नही हुआ है। इस सरकार में बेरोजगारी, महंगाई चरम पर है। किसान नौजवान परेशान है। उन्होने कहा कि प्रदेश का बजट मजदूर, किसान व नौजवान विरोधी है।

## क्षेत्र पंचायत की बैठक में लिए गये प्रस्ताव

**बांदा।** क्षेत्र पंचायत की बैठक में जल जीवन मिशन के तहत गांव में पाइप लाइन लीकेज को लेकर क्षेत्र पंचायत सदस्यों और प्रधानों ने गर्मजोशी से मुद्दा उठाया। ब्लाक प्रमुख रमाकांत पटेल की अध्यक्षता में हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक में कार्ययोजना के लिए प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास, एनआरएलएम, स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण कार्यक्रम, समाज कल्याणकारी योजनाओं, मनरेगा योजना वित्त वर्ष सहित कई अन्य बिंदुओं पर चर्चा व प्रस्ताव, क्षेत्र पंचायत सदस्यों से लिए गए। खंड विकास अधिकारी गरिमा अग्रवाल ने सभी ग्राम पंचायतों में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होने कहा कि जिस ग्राम पंचायत में पीएम आवास सर्वे नहीं हुआ वहां के प्रधान व सचिव जानकारी दें। ब्लाक प्रमुख रमाकांत पटेल ने कहा कि क्षेत्र में अधूरे पड़े काम पूरे किए जाएं। बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों के खिलाफ उच्चाधिकारियों को पत्र भेजा जाए। बैठक में जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत यादव, खंड शिक्षा अधिकारी संतोष वर्मा, सुधीर गुप्ता, निधि गुप्ता, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान सचिव मौजूद रहे।

## किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म, नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार

**बांदा।** अतर्रा कस्बे में मानवता को शर्मशार करने वाली घटना सामने आई है यहां एक नाबालिग किशोर सहित दो युवकों ने 15 वर्षीय किशोरी को बाइक में बहलाकर कस्बे के स्टेशन रोड स्थित एक होटल में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। बीते मंगलवार को हुई इस घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को मिली तो पुलिस ने नाबालिग किशोर सहित तीनों आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर लिया। गुरूवार को मेडिकल कराने के बाद सभी को जेल भेजा गया है। मामले के विवेचक क्षेत्राधिकारी व पुलिस सभी पहलुओं की जांच में जुटी हुई है। पीड़िता की ओर से दी गयी तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के विरूद्ध सामूहिक दुष्कर्म सहित कई धाराओं में आपराधिक मुकदमा दर्ज किया गया था। नाबालिग किशोर को जनपद चित्रकूट की बच्चा जेल में भेजा गया है। जबकि दो आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद बांदा जेल भेजा गया है।

## पंजीकरण को लेकर हुई बैठक

अयोध्या। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत 18-20 आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं तथा पात्र महिला मतदाताओं के अधिकाधिक पंजीकरण हेतु महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शैक्षणिक संस्थानों, महाविद्यालयों एवं प्रशिक्षण केंद्रों में विशेष अभियान चलाकर नए मतदाताओं के फार्म-6 भरवाए जाएं, जिससे सभी पात्र युवा मतदाता सूची में शामिल हो सकें। साथ ही महिला मतदाताओं के शत-प्रतिशत पंजीकरण के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा आदि है।

# बी-पैक्स में धान की खरीद बंद डीएम से लक्ष्य बढ़ाने की मांग



जिला संवाददाता

**बांदा।** धान खरीद क्रय केन्द्र बी-पैक्स अतर्रा का लक्ष्य बढ़ाए जाने को लेकर अध्यक्ष ने जिलाधिकारी को पत्र भेजा है। दीन दयाल द्विवेदी अध्यक्ष बी-पैक्स अतर्रा, मंडल महामंत्री भारतीय जनता पार्टी ने जिलाधिकारी को भेजे पत्र में कहा है कि धान क्रय केन्द्र बी-पैक्स अतर्रा में लगभग 1300 क्विंटल किसानों का धान रखा है। करीब 200 क्विंटल धान पैक्स के संचालक और सदस्यों का धान नंबर के इंतजार में घर पर रखा हुआ है। बी-पैक्स की खरीद 20 जनवरी को बंद कर दी गयी थी।

- अधिकारियों की मनमानी, 1300 क्विंटल धान डंप

आरएम से बात करने पर जानकारी दी गयी कि आपका लक्ष्य पूरा हो चुका है जबकि दूसरे सभी खरीद केन्द्र चल रहे हैं। धान खरीद अधीनस्थ अधिकारियों की निरंकुशता के चलते किसानों का समितियों से मोह भंग हो रहा है। सरकार किसानों के लिए समितियों को माध्यम बना रही है।

लेकिन अधिकारियों के निरंकुश होने के कारण समितियों का हाल बेहाल होता जा रहा है। अध्यक्ष का कहना है कि 19 फरवरी को आर एम और डिप्टी से बात करने पर उन्होने लक्ष्य पूरा होना बताया जबकि बी-पैक्स में प्रतिदिन 100 क्विंटल धान की खरीद हो रही है, इसे बढ़ाए जाने की जरूरत है। उन्होने जिलाधिकारी से लक्ष्य बढ़ाने की मांग की है।

# मेडिकल कॉलेज में एससी सीट पर मुस्लिम डॉक्टर की तैनाती

जिला संवाददाता

बांदा। आरक्षण नियमों की मेडिकल कॉलेज बांदा में खुलेआम धज्जियां उड़ाई गई हैं। यहां अनुसूचित जाति कोटे की सीट पर एक मुस्लिम डॉक्टर की नियुक्ति करने का मामला सामने आया है और यह लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है। सूत्रों का कहना है कि मुस्लिम डॉक्टर की हुई नियुक्ति आरक्षित श्रेणी के पद के लिए थी लेकिन कॉलेज प्रशासन ने नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए उस पर मुस्लिम डॉक्टर को तैनाती दे दी है। इस मामले पर मेडिकल कॉलेज के प्रभारी प्रिंसिपल डॉ सुनील कौशल से पूंछने पर उन्होने कोई ठोस जवाब नही दिया और गोल-मोल जवाब देते रहे। कहा कि यह डॉक्टर पहले यहां जे आर, एस आर रह चुके हैं इसलिए उन्हे इस पद पर तैनाती दी गयी है। हालांकि नियुक्ति प्रक्रिया में आरक्षण के प्राविधान और चयन मानकों पर स्पष्ट जवाब मांगने पर वह लगातार टाल-मटोल करते रहे। जानकारी के अनुसार तैनात किए गये डॉक्टर साजिद का रिकॉर्ड विवादों से भरा रहा है।

- नियमों की उड़ाई गयी धज्जियां, जांच की मांग
- प्राचार्य की मेहरबानी से सवाल खड़े होना लाजिमी है
- सामाजिक संगठनों ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की

उन पर पहले भी गंभीर आरोप लग चुके हैं लेकिन कॉलेज प्रशासन और प्रिंसिपल स्तर से आज तक कोई कार्रवाई नही हुई। वह लगातार महीनों तक बगैर सूचना गायब रहे। विभागीय स्तर पर कई पत्र भेजे गये लेकिन जांच कमेटी और प्राचार्य ने शिकायत को निजी स्वार्थ के चलते दबा दिया। स्थिति यह है कि अक्सर वह ड्यूटी के समय भी नदारद रहते हैं लेकिन प्राचार्य की मेहरबानी से सवाल खड़े होना लाजमी है।

कॉलेज स्टॉफ व मेडिकल छात्रों का कहना है कि आरोप यदि सत्य पाए गये तो यह न महज आरक्षण कानून का घोर उल्लंघन है बल्कि मेडिकल कॉलेज की पारदर्शी छवि और विश्वसनीयता पर भी गंभीर सवाल खड़ा करती है। इस मामले को लेकर कई सामाजिक संगठनों ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की है ताकि आरक्षित पद का हक कोई दूसरा न छीन सके।

## घंटाघर पर कांग्रेस ने दिया धरना



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को घंटाघर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के नीचे धरना प्रदर्शन किया। धरने के दौरान कांग्रेस नेताओं ने लखनऊ में विधानसभा घेराव के समय पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि इस कार्रवाई में महिलाओं और बच्चों समेत प्रदेश अध्यक्ष अजय राय भी चोटिल हुए, जिससे कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है। अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से मनरेगा मजदूरों की लड़ाई लड़ रही थी और इसके लिए प्रदेशभर में 45 दिन का अभियान चलाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने जा रहे कार्यकर्ताओं पर सरकार ने तानाशाही रवैया अपनाते हुए दमनकारी कार्रवाई कराई और पुलिस ने लाठीचार्ज कर गिरफ्तारियां कीं, जिनमें मनरेगा मजदूर और महिलाएं भी शामिल थीं। उन्होंने कहा कि इस घटना से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में रोष है और पार्टी आगे की लड़ाई के लिए सड़कों पर उतरने को तैयार है। इस मौके पर जिला महासचिव शशिकांत दीक्षित, जिला महिला अध्यक्ष नेहा तिवारी, पूर्व नगर अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## कब्रिस्तान चौकीदार प्रकरण में जांच कमेटी गठित

**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद द्वारा इमामी कब्रिस्तान के चैकीदार से जुड़े मामले में जांच के आदेश जारी किए गए हैं। अधिशासी अधिकारी के आदेश के अनुसार, चैकीदार यूनिस खां द्वारा 9 फरवरी 2026 को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया था कि इमामी कब्रिस्तान नदीपार में वह पिछले चार वर्षों से कार्यरत हैं और उनके कार्य से मुस्लिम समाज कमेटी तथा नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी संतुष्ट हैं।प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख किया गया कि वार्ड संख्या-10के पार्षद अफजुल रहमान द्वारा उन्हें समय-समय पर हटाने की धमकी दी जाती है तथाकथित रूप से 5 हजार रुपये और पार्षद की लड़की की शादी के समय 10 हजार रुपये लिए जाने की बात कही गई है। चैकीदार ने आरोप लगाया कि पैसे न देने पर उन्हें कार्य से हटाने की धमकी दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर पालिका परिषद ईओ ने प्रकरण की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की है। समिति में अवर अभियंता खुशबू खान, राजस्व निरीक्षक आशुतोष तथा राजस्व निरीक्षक सीमा कुशवाहा को शामिल किया गया है। समिति को निर्देश दिए गए हैं कि वह तीन दिनों के भीतर जांच पूर्ण कर आख्या प्रस्तुत करे। नगर पालिका प्रशासन ने आदेश के कड़ाई से पालन के निर्देश दिए हैं। वहीं, मामले के सामने आने के बाद स्थानीय स्तर पर चर्चा तेज हो गई है और सभी की निगाहें अब जांच रिपोर्ट पर टिकी

## जिला और सत्र न्यायालय, ललितपुर परिसर में चलाया गया सघन चेकिंग अभियान



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में गुरूवार को जिला एवं सत्र न्यायालय, ललितपुर परिसर में व्यापक एवं सघन चेकिंग की गई। यह चेकिंग अभियान न्यायालय परिसर की संवेदनशीलता एवं सुरक्षा-व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए चलाया गया। क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार के नेतृत्व में कोतवाली ललितपुर पुलिस, एंटी-सैबोटाज टीम एवं अग्निशमन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा समन्वित रूप से निरीक्षण एवं चेकिंग की कार्यवाही की गई। न्यायालय परिसर के समस्त प्रवेश एवं निकास द्वारों, प्रतीक्षालय व उसके आसपास के क्षेत्र, पार्किंग स्थल, वाहन स्टैण्ड तथा अन्य संवेदनशील स्थानों का गहन निरीक्षण किया गया। एंटी-सैबोटाज टीम द्वारा मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुरूप संदिग्ध व्यक्तियों एवं वस्तुओं की सूक्ष्म जांच की गई तथा आवश्यक उपकरणों के माध्यम से परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित की गई। चेकिंग के दौरान अधिवक्ताओं, वादकारियों एवं अन्य आगंतुकों से समन्वय स्थापित करते हुए शांति एवं मयार्दा बनाए रखते हुए तलाशी की कार्यवाही संपादित की गई। अग्निशमन विभाग द्वारा अग्नि सुरक्षा उपकरणों, अग्निशमन यंत्रों एवं आपातकालीन निकास मार्गों का परीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# शराब के पैसे न देने पर युवक से मारपीट, जान से मारने की धमकी

**ललितपुर।** देवगढ़ रोड रेलवे स्टेशन के पास स्थित एक कलारी पर शराब के लिए पैसे मांगने को लेकर विवाद हो गया। पैसे देने से इनकार करने पर युवक के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महरौनी के ग्राम खिरिया लटकनजू निवासी देवेन्द्र पुत्र किशनलाल ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि 17 फरवरी 2026 की रात करीब 8.30 बजे वह देवगढ़ रोड रेलवे स्टेशन के पास एक कलारी पर मौजूद था। तभी नई बस्ती, चंडी माता मंदिर क्षेत्र निवासी उदय पराशर वहां पहुंचा और उससे शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा।आरोप है कि पैसे देने से मना करने पर उदय पराशर गाली-गलौज करने लगा और लात-घूंसों से मारपीट की। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित अपने घर चला गया और अगले दिन कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 115(2), 119(1), 351(3) व 352 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक आलोक कुमार को सौंपी गई है।

- देवगढ़ रोड स्थित कलारी पर हुई घटना, नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

### शराब के नशे में दामाद ने की पत्नी की पिटाई, जान से मारने की धमकी

ललितपुर। थाना बार क्षेत्र में शराब के नशे में दामाद द्वारा पत्नी के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।थाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कल्यानपुरा निवासी मुलायम (48) पुत्र मंगल सहरिया ने थाना बार में दी तहरीर में बताया कि उसने अपनी पुत्री राजकुमारी (लगभग 20 वर्ष) का विवाह कुछ वर्ष पूर्व ग्राम सेमराडांग निवासी राजकुमार सहरिया पुत्र पूरन सहरिया के साथ किया था। आरोप है कि विवाह के बाद से ही उसका दामाद आए दिन शराब पीकर उसकी बेटी के साथ मारपीट व प्रताड ?ा करता था।पीड़ित पिता के अनुसार, 15 फरवरी 2026 की रात करीब 8 बजे जब उसकी पुत्री गांव सेमराडांग में खेत पर रखवाली कर रही थी, तभी आरोपी दामाद ने शराब के नशे में लाठी-डंडों से उसकी पिटाई की और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। साथ ही धमकाया कि यदि उसने मायके पक्ष या पुलिस को घटना की जानकारी दी तो उसे जान से मार देगा।बताया गया कि 16 फरवरी को थाना बार पुलिस द्वारा पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण भी कराया गया, लेकिन आरोपी द्वारा दबाव बनाए जाने के कारण तत्काल रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी। बाद में पीड़िता ने अपने पिता को घटना की सूचना दी, जिसके बाद वह अपनी पत्नी के साथ गांव पहुंचा और बेटी को लेकर थाना बार में लिखित शिकायत दी।पुलिस ने आरोपी राजकुमार सहरिया के खिलाफ बीएनएसकी धारा 115(2), 351(3) व 352 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## रेलवे स्टेशन तिराहे पर मारपीट कर टैक्सी के शीशे तोड़े

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन तिराहे पर चार अज्ञात युवकों द्वारा एक युवक और उसके परिजनों के साथ मारपीट व गाली-गलौज करने तथा टैक्सी में तोडफोड़ करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस के अनुसार ग्राम गंगारी निवासी 22 वर्षीय शिवा राजा पुत्र कीरत सिंह ने दी गई तहरीर में बताया कि 16 फरवरी 2026 की शाम वह अपने परिवार के साथ कुण्डेश्वर से दर्शन कर घर लौट रहा था। शाम करीब 7.15 बजे रेलवे स्टेशन रोड तिराहे पर देवगढ़ की ओर से आए चार अज्ञात युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया।आरोप है कि रास्ते से हटने को कहने पर उक्त युवकों ने पीड़ित और उसके परिजनों के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उसकी टैक्सी (नंबर यू.पी.94 ए.टी. 4067) के शीशे तोड़ दिए और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया, लेकिन अभी तक कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी है। इस संबंध में कोतवाली पुलिस ने बीएनएस 2023 की धारा 115(2), 324(2), 351(3) व 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक आलोक कुमार को सौंपी गई है।

# बिना वैकल्पिक व्यवस्था कार्रवाई का विरोध, रोजी-रोटी पर संकट बताकर लगायी गुहार

**ललितपुर।** शहर के नई बस्ती/नजाई बाजार क्षेत्र में वर्षों से फुटपाथ पर सब्जी बेचकर जीविका चलाने वाले विक्रेताओं का आक्रोश बुधवार को खुलकर सामने आया। प्रशासन द्वारा हटाए जाने की कार्रवाई के विरोध में बड़ी संख्या में सब्जी विक्रेताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अपनी पीड़ा व्यक्त की और राहत की मांग की।

- फुटपाथ सब्जी विक्रेताओं का फूटा आक्रोश

विक्रेताओं का कहना है कि वह लंबे समय से निर्धारित स्थान पर सब्जी विक्रय कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। नगर पालिका प्रशासन की ओर से समय-समय पर हटाने की चेतावनी दी जाती रही है, जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। उनका आरोप है कि बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के उन्हें बार-बार हटाने की कार्रवाई की जा रही है, जो गरीब मेहनतकश लोगों के साथ अन्याय है। ज्ञापन में सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में नगर पालिका से कई बार संपर्क किया, लेकिन स्पष्ट आदेश या ठोस समाधान की जानकारी नहीं दी गई।

ऐसे में वे असमंजस और भय के माहौल में काम करने को मजबूर हैं। विक्रेताओं ने जिलाधिकारी से मांग की है कि या तो उन्हें वर्तमान स्थान पर ही दुकान संचालित करने की अनुमति प्रदान की जाए अथवा नगर प्रशासन की ओर से समुचित वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराया जाए, ताकि उनका रोजगार सुरक्षित रह सके और परिवार का भरण-पोषण प्रभावित न हो।

ज्ञापन पर कपूर चंद, मनोज कुशवाहा, मोहम्मदअली, महेश, राकेश, कैलाश, शैलेंद्र, अरशद, रवि, वीरेंद्र, रोहित, जितेंद्रराजपूत, सबीना, अफजल, लक्ष्मी, अनीश, इमरान, सरमन, नाजो, गीता सहित अनेक फुटपाथ सब्जी विक्रेताओं के हस्ताक्षर दर्ज हैं।

# पुलिस लाठी चार्ज के विरोध में कांग्रेसियों ने दिया धरना



**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा बीते दिनों मनरेगा बचाओ संग्राम में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के विधानसभा घेराव के दौरान प्रदेश अध्यक्ष माननीय अजय राय सहित सैकड़ो कांग्रेस कार्यकताओं पर पुलिस की लाठी चार्ज के विरोध में आज गांधी पार्क सिविल लाइनमें जिला एवं शहर कांग्रेस पार्टी के संयुक्त तत्वाधान में एकदिवसीय धरना देकर अपना विरोध दर्ज कराया। धरना स्थल पर एक सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने तथा संचालन जिला कांग्रेस प्रवक्ता शीतला पाठक ने किया । धरने में उपस्थित कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा आजादी की लड़ाई में कांग्रेस ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया, देश के मान सम्मान के सामने कभी घुटने नहीं टेके गरीबों, नौजवानों के लिए ऐसी योजनाओं को अमली जामा पहनाया जिससे देश में गरीबी और नौजवानों में बेरोजगारी खत्म की जा सके मनरेगा जैसी योजना और सरकारी नौकरियों में निरंतर वैकेंसी इसका उदाहरण है, लेकिन वर्तमान सरकार ने कांग्रेस की योजनाओं को दरकिनार कर गरीबों की योजना को समाप्त करने तथा नौजवानों की नौकरियों में रोक लगाने का काम किया है। उन्होंने कहा अब बहुत हो चुका कांग्रेस पार्टी ईट का जवाब पत्थर से देना जानती है। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्णा गौतम ने कहा जिस जज्बे और साहस से कांग्रेस ने अपनी कुबार्नी देकर भारत देश में आजादी दिलाई भारतीय जनता पार्टी उसको खत्म करना चाह रही उन्होंने कहा देश एवं प्रदेश में नफरत का बीच बोकर सत्ता में आई भाजपा सरकार को बेनकाब कर उसे सत्ता से बेदखल करना होगा, । पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह कांग्रेस जनों का आवाहन किया जिस प्रकार आजादी की लड़ाई में कांग्रेसियों ने अंग्रेजों को भारत से भगा दिया आज फिर उसी जज्बे के साथ भारतीय जनता पार्टी को इस देश से मिटाना होगा । संचालन कर रहे पार्टी प्रवक्ता शीतला पाठक ने कहा आज देश के नौजवानों में राहुल गांधी आईकान के रूप में है और देश का नौजवान राहुल गांधी में अपना भविष्य देख रहा है उन्होंने कहा माननीय राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर भाजपा अपनी दूषित मानसिकता प्रदर्शित कर रही है कांग्रेस पार्टी द्वारा बनाए गए उद्योगों को बेचनेएवं योजनाओं को बदलने के का प्रयास कर रही है। धरने को संबोधित करने वाले प्रमुख लोगों में पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा, पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा ,राम अवध पासी, उमेश उपाध्याय, सेवादल जिला अध्यक्ष फ्लावर नकवी, महानगर अध्यक्ष बसंत मिश्रा, युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रामेंद्र त्रिपाठी, दलित प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रामसागर रावत, दिनेश शुक्ला, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मोहम्मद आमिर, महिला प्रकोष्ठ की महानगर अध्यक्ष नाजिश फातिमा थे ।

## दुष्कर्मी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

**महोबा।** पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कनविक्शन के क्रम में पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के नेतृत्व में जनपद महोबा पुलिस द्वारा की गयी गुणवत्तापूर्ण विवेचना एवं अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप विशेष पाक्सो कोर्ट महोबा द्वारा नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त चरनदास पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम झिन्ना, थाना मझगवां जनपद हमीरपुर को दोषसिद्ध पाते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 35000 रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई।

## सचल दल में तैनात अध्यापक चला रहा किराने की दुकान, वीडियो वायरल

**ललितपुर।** बोर्ड परीक्षा-2026 के दौरान सचल दल में तैनात एक शिक्षक का ड्यूटी समय में अपनी किराने की दुकान चलाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि कम्पोजिट विद्यालय निवाई में तैनात शिक्षक धर्मेन्द्र जैन, जिनकी परीक्षा ड्यूटी लगी हुई थी, वह निर्धारित समय में विद्यालय या ड्यूटी स्थल पर उपस्थित रहने के बजाय अपनी दुकान पर व्यस्त पाए गए।बताया जा रहा है कि यदि संबंधित दिन शिक्षक की परीक्षा ड्यूटी नहीं थी तो उन्हें विद्यालय में उपस्थित रहना अनिवार्य था, लेकिन इसके विपरीत वे दुकान संचालन करते नजर आए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बोर्ड परीक्षाओं के दौरान शिक्षकों की जिम्मेदारी और सतर्कता बेहद महत्वपूर्ण होती है, ऐसे में इस तरह की लापरवाही गंभीर मानी जा रही है। हालांकि, इस मामले में संबंधित शिक्षक की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। वहीं, शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो और शिकायत की जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## हाईस्कूल में 112 में से 111, इण्टर में 257 में से 247 परीक्षार्थी रहे उपस्थित

**ललितपुर।** जनपद में गुरुवार को आयोजित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा-2026 शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। परीक्षा केन्द्रों पर प्रशासन की कड़ी निगरानी के बीच विद्यार्थियों की उपस्थिति संतोषजनक रही। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार हाईस्कूल (विषयकृकम्प्यूटर) परीक्षा में कुल 112 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें 75 बालक और 37 बालिकाएं शामिल थीं।इनमें से 111 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 1 छात्र अनुपस्थित रहा।

अनुपस्थित परीक्षार्थियों में कोई बालक नहीं था, जबकि 1 बालिका अनुपस्थित रही। वहीं इंटरमीडिएट (व्यावसायिक) परीक्षा में कुल 257 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें 159 बालक और 98 बालिकाएं थीं। परीक्षा में 247 परीक्षार्थियों ने भाग लिया, जबकि 10 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे। अनुपस्थितों में 7 बालक और 3 बालिकाएं शामिल हैं। परीक्षा केन्द्रों पर नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई थीं। केन्द्र व्यवस्थापकों एवं कक्ष निरीक्षकों की निगरानी में परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुइ

।प्रशासन ने बताया कि कहीं से भी किसी प्रकार की अव्यवस्था या नकल की सूचना प्राप्त नहीं हुई। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आगामी परीक्षाएं भी इसी तरह शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# अवध विवि में संयुक्त शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में संयुक्त शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले विशाल धरना दिया गया। साथ ही शिक्षक न्याय पदयात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर, अमेठी, बाराबंकी, गोंडा, बहराइच एवं अयोध्या जनपदों से बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल हुए। इससे परिसर खचाखच भर गया। धरने की मुख्य मांग अंबेडकर नगर प्रशासन द्वारा एक महाविद्यालय के प्राचार्य एवं दो शिक्षकों के विरुद्ध की गई कार्रवाई को तत्काल वापस लेने की रही। शिक्षक संघ ने एसडीएम की कार्रवाई को निंदनीय बताते हुए तीखी भत्र्सना की। ज्ञापन में कहा गया है कि उपजिलाधिकारी सदर, अम्बेडकरनगर ने बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के महाविद्यालय परिसर में प्रवेश किया और अनधिकृत रूप से परीक्षार्थियों की सघन तलाशी ली। उन्होंने महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. शुचिता पाण्डेय के साथ दुर्व्यवहार किया और उनका अपमान किया। यह कार्यवाही एक विश्वविद्यालय के रूप में विश्वविद्यालय की स्वायत्तता में सीधा हस्तक्षेप है और संस्थानी के संघीय ढांचे को क्षतिग्रस्त करने जैसा है। ज्ञापन में मांग की गई हैं कि अम्बेडकरनगर जिला प्रशासन बीएनकेबी पीजी कॉलेज की प्रो शुचिता पाण्डेय एवं अन्य शिक्षकों के विरुद्ध दर्ज उपर्युक्त एफआईआर को तत्काल रदद करे। उपजिलाधिकारी सदर



अम्बेडकरनगर तशा सिंह को उनके इस अनधिकृत एवं अवैधानिक कृत्य हेतु नोटिस जारी किया जाए तथा उनकी सेवापुस्तिका में प्रतिकृत प्रविष्टि की जाए। जिलाधिकारी, अंबेडकरनगर द्वारा इस सपूर्ण घटनाक्रम में जिला प्रशासन की भूमिका के लिए लिखित रूप से खेद प्रकट किया जाए। जिलाधिकारी, अंबेडकरनगर व अन्य जनपदों के प्रशासनों को निर्देशित किया जाय कि बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के उच्च शिक्षण संस्थानों के परिसर में उनका प्रवेश न हो। अध्यक्ष डॉक्टर जनमेजय तिवारी ,प्रोफेसर डॉक्टर अमूल्य कुमार सिंह, डॉक्टर अमित कुमार झा, डॉक्टर घनश्याम यादव, डॉक्टर गुप्ता, डॉक्टर अखिलेश पटेल, डॉक्टर पूनम शुक्ला, डॉक्टर उदल कुमार डॉक्टर वेद प्रकाश बेदी ,डॉक्टर शिव बहादुर तिवारी के साथ हजारों शिक्षक उपस्थित रहे।

# चुनाव आयोग का निर्णय

सुधार समय की सबसे बड़ी मांग है। जब प्रकृति में हर कुछ परिवर्तित होता रहता है तो मानव समाज क्यों स्थिर और जड़ बने रहनाचाहता है। इस पर विचार किए जाने की जरूरत है। यथावत रहने की नीति -रीति कभी किसी को प्रगति के दरवाजे तक नहीं पहुंचाती। केंद्रीय आयोग विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर लंबे समय से प्रतिपक्षी दलों के निशाने पर है। उसे भाजपा के राजनीतिक हथियार के तौर पर निरूपित किया जा रहा है लेकिन चुनाव सुधार की अहमियत से कौन इनकार कर सकता है। हर साल कुछ युवा आयु के उस मुकाम पर पहुंचते हैं कि उनका नाम मतदाता सूची से जोड़ा जाए और जो मृत्यु को प्राप्त हो गए हैं, उनका नाम मतदाता सूची से हटाया जाए। लंबे समय से मतदाता सूची के शुद्धिकरण का कार्य लंबित था लेकिन जब इस दिशा में प्रयास शुरू हुए। मतदाता सूची का शुद्धिकरण अभियान शुरू हुआ तो कई राज्यों में इसका विरोध आरंभ हो गया। प्रतिपक्ष ने अदालतों के भी दरवाजे खटखटाए लेकिन वहां से भी प्रतिपक्ष को निराशा ही हाथ लगी। मतदाता सूची में घुसपैठियों की उपस्थिति वाकई चिंताजनक है और यह राष्ट्र की सुरक्षा के लिए भी अत्यंत घातक है। राजनीति जितनी जरूरी है, देश की सुरक्षा भी उतनी ही आवश्यक है। चुनाव आयोग ने विपक्ष की दबावी राजनीति के समक्ष घुटने टेकने की बजाय परम दृढ़ता का परिचय दिया है और




राजनीतिक दलों से स्पष्ट तौर पर कहा है कि वे देश के 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अप्रैल में संभावित विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के लिए तैयार रहें। उक्त राज्यों में एसआईआर से संबंधित तैयारी का काम जल्द पूरा किया जाए क्योंकि यह प्रक्रिया अप्रैल से शुरू की जा सकती है। गौरतलब है कि ए क बार यह प्रक्रिया पूरी हो गई तो सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश इसके दायरे में आ जाएंगे। आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, चंडीगढ़, दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, लद्दाख, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, दिल्ली, ओडिशा, पंजाब, सिक्किम, त्रिपुरा, तेलंगाना और उत्तराखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को पत्र लिखकर चुनाव आयोग ने न केवल इस बावत जानकारी दी है बल्कि यह भी कहा है कि मतदाता सूची के अखिल भारतीय विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का आदेश गत वर्ष जून में ही उसके द्वारा दिया जा चुका है। बिहार में एसआईआर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में यह अभी जारी है। असम में एसआईआर के बजाय विशेष पुनरीक्षण 10 फरवरी को पूरा हो गया था। विपक्षकार आरोप है कि चुनाव आयोग उसके मतदाताओं के नाम काट रहा है और ऐसा वह केंद्र सरकार के इशारे पर कर रहा है। उत्तर प्रदेश में एसआईआर सूची के प्रकाशन की तिथि फिर बढ़ा दी गई है। चुनाव सुधार वक्त की सबसे बड़ी जरूरत है। इसे इस आधार पर कि कहीं चुनाव हो रहे हैं, बाधित नहीं किया जासकता। एसआईआर की अवधिपर सवाल उठाना कुछ हद तक वाजिब हो सकता है लेकिन यह भी सोचा जाना चाहिए कि देश में कहीं न कहीं कोई न कोई चुनाव होताही रहता है तो क्या सुधार की प्रक्रिया को इस आधार पर स्थगित करना देशहित में होगा। अगर मतदाता सूची ही निरापद नहीं रही तो देश निरापद कैसे रह सकता है। समस्या गिनाने से बेहतर यह होगा कि समाधान तलाशा जाए। मतदाता सूची में किसी भी तरह की गड़बड़ी देश को संकट में डाल सकती है। अगर राजनीतिक दलों को यह लगता है कि चुनाव के दौरान मतदाता सूची में सुधार नहीं होना चाहिए तो उन्हें बार-बार के चुनाव से बच ना चाहिए। दुनिया के कई देशों में सारे चुनाव एक साथ होते हैं और शेषसमय जनप्रतिनिधि अपने देशके विकास पर नियोजित करते हैं। भारत सरकार ने तो एक देश एक चुनावका नारा भी दे रखा है लेकिन यह बात भी विपक्ष के गले नहीं उतर पा रही है। मतदाता सूची में कोई घुसपैठी न शामिल हो, यह तो तय होना ही चाहिए।

### विचार

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना करोड़ों तीर्थ-स्थान से प्राप्त होता है।

-सूरदास.

संगठन में अपार शक्ति है। संगठित होकर ही शक्तिशाली शत्रु पर विजय पायी जा सकती है।

-गेटे.

जो अपने कर्तव्य को अच्छी तरह करने की शिक्षा पा चुके हैं। वह मनुष्य से संबंध रखने वाले सभी कामों को भली-भांति करेगा।

-रूसो.

पुस्तकों का मूल्य रत्नों से भी अधिक है। क्योंकि रत्न बाहरी चमक-दमक दिखाते हैं जबकि पुस्तकें अंतःकरण को उज्ज्वल करती हैं।

-महात्मा गांधी.

वह शासक अत्याचारी है जो स्वेच्छा के अतिरिक्त कोई नियम नहीं जानता।

-वाल्टेयर.

# शोध की मौलिकता या नवाचार का दिखावा

वीना गौतम

> गलगोटियासे जुड़े रोबोट के प्रदर्शन से यह उम्मीद थी कि यह भारत की स्वदेशी क्षमता का उदाहरण होगा लेकिन जब यह सामने आया कि यह चोरी की करतूत थी तो यह एक तरह से नवाचार का झूठा अभिनय भर नहीं था, जघन्य अपराध था। सरेआम आंखों में धूल झोंकने की कोशिश थी। यह चोरी हमारी नवाचार संस्कृति के खोखलेपन का प्रतीक बन गयी है।

देश की राजधानी नई दिल्ली में जारी एआई समिट में हर तरफ गलगोटिया रोबो प्रकरण की ही धूम है। भले इन पंक्तियों के लिखे जाने के समय समिट स्थल में इस प्राइवेट यूनिवर्सिटी की तकनीकी उपस्थिति खत्म कर दी गयी हो लेकिन समिट में मौजूद देशी-विदेशी डेलीगेट्स की जुबान पर इसी की चर्चा है। यह स्वाभाविक भी है। गलगोटिया रोबो प्रकरण केवल एक तकनीकी त्रुटि भर नहीं, इसने हमारी नवाचार क्षमता को ही नहीं अपितु संस्कृति को भी शर्मसार कर दिया है। जिस मंच पर भारत को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और रोबोटिक्स की वैश्विक शक्ति के रूप में प्रस्तुत होना था, वहीं इस घटना ने हमारी तैयारी, ईमानदारी और मौलिकता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। यह एक प्राइवेट यूनिवर्सिटी का निजी अपराध भर नहीं है और न इसे समिट स्थल से खेदने के बाद एक राष्ट्र के तौर पर जो हमारी छवि को धक्का लगा है, उसमें किसी किस्म की कमी आयेगी। सच तो यह है कि आने वाले सालों-दशकों तक हम इस फजीहत की कीमत चुकाते रहेंगे और प्रतिभा के विश्व मंच पर मजाक का विषय बनाये जाते रहेंगे। इसलिए समिट खत्म होने के बाद, देश की छवि को धक्का पहुंचाने के लिए एक ईमानदार कमेटी के जरिये गलगोटिया यूनिवर्सिटी के अपराध की कड़ी सजा तय की जानी चाहिए ताकि फिर कोई संस्थान जुगाड़ की धोखाधड़ी से देश को शर्मसार न कर सके।

एआई समिट जैसे अंतरराष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रमों में विश्वविद्यालयों और संस्थानों को अपने सर्वश्रेष्ठ शोध और तकनीक दिखाने का अवसर मिलता है। गलगोटिया से जुड़े रोबोट के प्रदर्शन से यह उम्मीद थी कि यह भारत की स्वदेशी क्षमता का उदाहरण होगा, लेकिन जब यह सामने आया कि चोरी की करतूत थी तो यह एक तरह से नवाचार का झूठा अभिनय भर नहीं था, जघन्य अपराध था। सरेआम आंखों में धूल झोंकने की कोशिश थी। यह वैसा ही था जैसे कोई खिलाड़ी ओलंपिक में किसी दूसरे का पदक चुराकर खुद की जीत का दावा कर दे। यह चोरी आज हमारी नवाचार संस्कृति के खोखलेपन का प्रतीक बन गयी है। भारत आज एआईए सेमीकंडक्टर और रोबोटिक्स में वैश्विक निवेश आकर्षित करने की कोशिश कर रहा है। ऐसे




में इस तरह की घटनाएं विदेशी निवेशकों के मन में हमारे प्रति न केवल संदेह पैदा करती हैं बल्कि भारतीय संस्थानों की विश्वसनीयता पर भी प्रश्न चिह्न लगाती हैं। इससे ऐसी मक्कार यूनिवर्सिटी का कुछ नहीं बिगड़ता लेकिन वास्तविक मेहनत कर रहे वैज्ञानिकों और छात्रों के प्रयासों को नुकसान पहुंचता है। इसे ही कहते हैं एक गंदी मछली पूरे तालाब को गंदा कर देती है।

### सामयिक

दरअसल भारत में जुगाड़ एक शब्द नहीं बल्कि धोखाधड़ी की संस्कृति बनती जा रही है। एक समय था जब जुगाड़ उस किसान की रचनात्मकता से जन्मी थी, जिसने टूटी मशीन को तार और लकड़ी से जोड़कर फिर से चलाया, उस मैकेनिक की सूझबूझ में दिखी जिसने सीमित संसाधनों में असंभव को संभव बनाया। लेकिन आज यही जुगाड़, जो कभी संसाधन-कमी की विवशता से पैदा हुआ था, नैतिकता और मौलिकता की सीमा लांघकर शॉर्टकट संस्कृति में बदल गया है।

गलगोटिया रोबो प्रकरण इस संकट का एक प्रतीकात्मक उदाहरण बन गया है, जहां जुगाड़ और नवाचार के बीच की रेखा धुंधली हो गयी है। यह घटना केवल एक संस्थान या एक प्रोजेक्ट की नहीं, बल्कि उस व्यापक मानसिकता की ओर संकेत करती है जिसमें हम दूसरे की मेहनत अपना बताने में झिझकने के बजाय स्मार्ट होना समझते हैं। भारत में जुगाड़ का इतिहास औपनिवेशिक और आर्थिक अभाव के दौर से जुड़ा है। जब संसाधन सीमित थे, तब लोगों ने कम लागत में समाधान खोजे। लेकिन आज यह घटना एक व्यापक समस्या की ओर संकेत करती है। भारत में कई संस्थानों में शोध की गुणवत्ता से अधिक ब्रांडिंग पर जोर है। एआई और रोबोटिक्स को मार्केटिंग टूल की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसे समय में इस तरह की हरकत का मतलब है वास्तविक प्रयोगशाला अनुसंधान और फंडिंग से कन्नी काटना लेकिन श्रेय लूटने में आगे रहना।

गलगोटिया रोबो को एक अत्याधुनिक भारतीय एआई रोबोट के रूप में प्रदर्शित किया गया। लेकिन बाद में सामने आया कि उसके कई सॉफ्टवेयर और क्षमताएं मूल रूप से पहले से उपलब्ध विदेशी ओपन.सोर्स प्लेटफॉर्म या अन्य डेवलपर्स के कोड पर आधारित थीं, जिन्हें पर्याप्त श्रेय दिए बिना स्वदेशी नवाचार के रूप में प्रस्तुत किया गया। यहां दो महत्वपूर्ण प्रश्न उठते हैं।

पहला यह कि क्या यह वास्तविक नवाचार था या केवल मौजूदा तकनीक का पुनर्पैकेजिंग कर हम चालाकी से ऐसा साबित करना चाह रहे थे। दूसरा यह कि क्या हम दूसरों की मेधा को अपने जुगाड़ पैकेजिंग से दुनिया के सामने छाती ठोंककर प्रस्तुत करने की जहालत कर रहे थे। कम से कम इतनी बेशर्मी हमें नहीं दिखानी चाहिए। यह घटना इसलिए गंभीर है क्योंकि यह केवल तकनीकी गलती नहीं, बल्कि नवाचार की नैतिकता से जुड़ा प्रश्न है और जुगाड़ तथा नवाचार में महत्वपूर्ण अंतर है। जुगाड़ तत्काल समस्या का अस्थायी समाधान है जबकि नवाचार किसी समस्या का मौलिक, स्थायी और वैज्ञानिक समाधान है। जुगाड़ अक्सर काम चलाने के लिए होता है, जबकि नवाचार नई राह बनाने के लिए होता है। यह एक गलगोटिया का कुकृत्य भर नहीं है बल्कि भारत में कई स्टार्टअप्स विदेशी ऐप्स की हूबहू नकल करके उन्हें मौलिक भारतीय समाधान के रूप में पेश किया है। वर्ष 2010-2020 के बीच भारत में लॉन्च हुए दर्जनों ई-कॉमर्स और सोशल मीडिया ऐप्स वास्तव में अमेरिकी या चीनी मॉडल की प्रतिलिपि थे। इनमें से अधिकांश इसीलिए टिक नहीं पाए क्योंकि उनमें मौलिकता का अभाव था।

जुगाड़ संस्कृति का सबसे बड़ा नुकसान आत्मभ्रम है। इसकी सफलता से हम यह मानने लगते हैं कि मौजूदा चीजों को जोड़कर प्रस्तुत करना भी नवाचार है। इसी धारणा के चलते हम दूसरे के विचार को अपना बताकर उसे अपनी उपलब्धि के रूप में पेश करने लगते हैं। यह मानसिकता व्यक्ति और समाज दोनों को नुकसान पहुंचाती है। 1990 के दशक में चीन पर भी कॉपी करने वाले देश का ठप्पा लग गया था। लेकिन उसने भारी निवेश कर अपने शोध संस्थान बनाए। वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित किया और धीरे-धीरे अपनी मौलिक तकनीक विकसित की। आज पूरी दुनिया चीन का लोहा मानती है।

दूसरी तरफ भारत को दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम वाला देश माना जाता है। वर्ष 2025 तक भारत में 1 लाख से अधिक स्टार्टअप पंजीकृत हो चुके थे। लेकिन इनमें से बहुत कम स्टार्टअप डीप टेक या मौलिक तकनीक पर काम करते हैं। इस समस्या की जड़ हमारी शिक्षा प्रणाली में भी है। भारत में प्रोजेक्ट्स में मौलिकता की बजाय कॉपी-पेस्ट का आम चलन है। शोधपत्रों में प्लेगियारिज्म के मामले आम बात है। जब छात्र स्तर पर ही मौलिकता को महत्व नहीं मिलता, तो पेशेवर जीवन में भी यही मानसिकता जारी रहती है।

बहुत हो चुका ये सब आज एआईए रोबोटिक्स और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे क्षेत्रों में वैश्विक प्रतिस्पर्धा बहुत तेज है। अमेरिका, चीन और यूरोप अरबों डॉलर शोध में निवेश कर मौलिक तकनीक विकसित कर रहे हैं। ऐसे में यदि भारत केवल जुगाड़ पर निर्भर रहा, तो वह तकनीकी उपभोक्ता बना रहेगा, निर्माता नहीं। गलगोटिया प्रकरण यह दिखाता है कि हम नवाचार की जगह दिखावा कर रहे हैं।

### सोशल मीडिया

उत्तर प्रदेश विधानसभा में प्रस्तुत किया गया बजट लोकलुभावन ज्यादा तथा जनता के वास्तविक उत्थान एवं प्रदेश में सर्वसमाज के विकास का कम प्रतीत होता है। मायावती.



एआई तकनीक का इस्तेमाल देश की तरक्की के लिए होना चाहिए। किसानों और जन सामान्य की आर्थिक समृद्धि के लिए होना चाहिए। पीएम मोदी.



शिवाजी महाराज ने भारतीय संस्कृति और सभ्यता की रक्षा के लिए मुगलों को मुंहतोड़ जवाब दिया और हर चुनौती का मजबूती से सामना किया। सीएम योगी.



# ध्यान सबसे बड़ी कुंजी

### अंतर्दृष्टि

दुःख पर ध्यान दोगे तो हमेशा दुःखी रहोगे। सुख पर ध्यान देना शुरू करो। दरअसल, तुम जिस पर ध्यान देते हो वह चीज सक्रिय हो जाती है। ध्यान सबसे बड़ी कुंजी है। दुख को त्यागो। लगता है कि तुम दुख में मजा लेने वाले हो, तुम्हें कष्ट से प्रेम है। दुख से लगाव होना एक रोग है, यह विकृत प्रवृत्ति है, यह विक्षिप्तता है। यह प्राकृतिक नहीं है, यह बदसूरत है, पर मुश्किल यह है कि सिखाया यही गया है। याद रखो कि मानवता पर रोग हावी रहा है, निरोग नहीं और इसका भी एक कारण है। असल में स्वस्थ व्यक्ति जिंदगी का मजा लेने में इतना व्यस्त रहता है कि वह दूसरों पर हावी होने की फिक्र ही नहीं करता। अस्वस्थ व्यक्ति मजा ले ही नहीं सकता, इसलिए वह अपनी सारी ऊर्जा वर्चस्व कायम करने में लगा देता है। जो गीत गा सकता है, जो नाच सकता है, वह नाचेगा और गाएगा, वह सितारों भरे असामान के नीचे उत्सव मनाएगा, लेकिन जो नाच नहीं सकता, जो विकलांग है, जिसे लकवा मार गया है, वह कोने में पड़ा रहेगा और योजनाएं बनाएगा कि दूसरों पर कैसे हावी हुआ जाए। वह कुटिल बन जाएगा। जो रचनाशील है, वह रचेगा। जो नहीं रच सकता, वह नष्ट करेगा, क्योंकि उसे भी तो दुनिया को दिखाना है कि वह भी है। जो प्रतिभाहीन है, जिसमें रचनाशीलता नहीं है, जो घटिया है, जो मूर्ख है, ऐसे सभी लोग वर्चस्व स्थापित करने के मामले में काफी चालाक होते हैं। वे हावी रहने के तरीके और जरिए खोज ही निकालते हैं। वे राजनेता बन जाते हैं। वे पुरोहित बन जाते हैं। और चूंकि जो काम वे खुद नहीं कर सकते, उसे वे दूसरों को भी नहीं करने दे सकते। इसलिए वे हर तरह की खुशी के खिलाफ होते हैं। जरा इसके पीछे का कारण देखो। अगर वह खुद जिंदगी का मजा नहीं ले सकता तो वह कम से कम तुम्हारे मजे में जहर तो घोल ही सकता है। इसीलिए सभी तरह के विकलांग एक जगह जमा होकर अपनी बुद्धि लगाते हैं ताकि जोरदार नैतिकता का ढांचा खड़ा कर सकें और फिर उसके आधार पर हर चीज की भर्त्सना कर सकें। बस कुछ न कुछ नकारात्मक खोज निकालना है, वह तुम्हें मिल ही जाएगा, क्योंकि वह तो समस्त सकारात्मकता के अंग के रूप में होता ही है। जब तुम प्रेम करते हो, तो नफरत भी कर सकते हो। जो व्यक्ति नपुंसक है और प्रेम नहीं कर सकता, वह हमेशा नकारात्मक पर ही जोर देगा। वह हमेशा नकारात्मक को ही बढ़ा-चढ़ाकर पेश करेगा। वह हमेशा तुमसे कहेगा- अगर तुम प्रेम में पड़े तो दुख उठाओगे। तुम जाल में फंस जाओगे, तुम्हें तकलीफें भोगनी होंगी।

# सामने से हटो, सत्ता में आने दो

### व्यंग्यलोक

नेताओं को हमेशा सत्ता की चिंता रहती है। सत्ता हर ताले की चाबी है। सत्ता ही समाधान की ऐसी सीढ़ी है जिसके द्वारा जन कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त होता है। वे अपने इर्द-गिर्द खड़ी भीड़ को हटाते हुए यही तो कह रहे हैं कि सामने से हट जाओ और उन्हें सत्ता में आने दो। वे सत्ता के लिए कुछ भी कर सकते हैं।

सत्ता उनका ईमान और धर्म है। सत्ता उनके जीवन का आदर्श और अंतिम लक्ष्य है। वे सत्ता में आने वाले तमाम रोड़ों-अड़चनों को राजी-बेराजी, साम, दाम, दण्ड और भेद की नीति से हटाने को पूर्णतया तत्पर हैं। सत्ता जीवन का सत्य और चरम है। तभी तो वे कुछ कर पायेंगे। मसलन परिवारजनों को नौकरी, ठेका, परमिट, लाइसेंस देना है तो अपनी सात पीढ़ियों के लिए माकूल प्रबन्ध भी करके जाना है ताकि उन्हें भीख का कटोरा हाथ में न लेना पड़े। सत्ता में शरीर फूल कर कुप्पा हो जाता है। गोल-मटोल चेहरे पर छोटी-छोटी दो आँखें गिद्ध दृष्टि से भी ज्यादा तेज और चालाक हो जाती हैं। सत्ता से मोतियाबिन्द नहीं होता। तमाम रोग बिना सत्ता के होते हैं, इसलिए वे सत्ता को चाहते हैं। इसके लिए वे बार-बार अन्तरात्मा की आवाज पर दल बदलते हैं। सिद्धान्तों को धूल चटाते हैं और खुद थूक कर चाटते हैं। उन्हें सत्ता का इतना जबरदस्त फोबिया है कि वे हार जाने पर भी राजनीति नहीं छोड़ते। यही क्यों बात-बात में राजनीति करना उनकी आदत है।

झूठ, आश्वासन और झाँसों के सहारे वे अपने को यहाँ तक ले आये हैं, सत्ता की ही देन है कि उनके पास भौतिक सुख सुविधाओं का अथाह भंडार है। कई फैक्ट्रियाँ, कई होटल, बड़े-बड़े शहरों में विशाल कोठियाँ और फार्म हाउस। उनके बच्चे महँगे स्कूलों में पढ़ते हैं, कारों में घूमते हैं तथा विदेशों में सैर सपाटे को जाते हैं। वे खुद भी हवाई जहाजों में घूमते हैं तथा सर्वोच्च शिखर पर बने रह कर देश को धोखेबाजी का अपना ताण्डव दिखाते हैं। उनका पूरा जीवन पाखण्ड और छलावे से भरा है। यह सब चलता रहे, इसलिए उन्हें सत्ता में आने दो।

उनका कहना है कि वे वर्षों तक विपक्ष में बैठ कर गाल बजाते रहे और दाँत पीसते रहे, इसलिए भी अब उन्हें सत्ता में आने दो सत्ता में वे क्यों नहीं आयें, उन्होंने अपने दल में अब बेधड़क निर्भीकता से सबको घुसा लिया है। चाहे वे उनकी विचारधारा के हैं या नहीं। उनका विचार सिर्फ इतना-सा है कि सत्ता उनसे कहीं दूर नहीं चली जाये। इसलिए वे बेमेल गठबंधन और समझौतों पर समझौता मात्र सत्ता के लिए किये चले जा रहे हैं। इसलिए भी उन्हें सत्ता में आने दो। सत्ता के लिए साम्प्रदायिकता फैलाते हैं। दो वर्गों को लड़ा कर अपना वोट बैंक सुनिश्चित करते हैं। लूटपाट करवाते हैं, हत्या, आगजनी और बदलात्कार भी बार-बार करवाते रहते हैं। सत्ता पाना ही हमारी उपलब्धि है और इसके लिए हम किसी भी तरह की रोक- टोक बर्दाश्त नहीं कर सकते। रही बात रीति-नीति को तो वह हमारे लिए मायने रखती ही नहीं। **पूरन शर्मा**

# हाशिये पर खड़े लोगों की सुरक्षा ही असली विकास



### आईना

किसी भी समाज की सच्ची प्रगति उसकी ऊंची इमारतों या तेज आर्थिक वृद्धि से नहीं बल्कि इस बात से मापी जानी चाहिए कि वह अपने सबसे कमजोर, वंचित और हाशिए पर खड़े नागरिकों को कितना न्यायपूर्ण, सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन प्रदान करता है। 20 फरवरी को मनाया जाने वाला सामाजिक न्याय का विश्व दिवस मानव सभ्यता की उस मूल चेतना का प्रतीक है, जिसके बिना न तो शांति संभव है और न ही टिकाऊ विकास। इस दिवस की स्थापना इसलिए की गई थी ताकि गरीबी, बेरोजगारी, सामाजिक बहिष्कार, असमानता और भेदभाव जैसी जटिल वैश्विक समस्याओं के समाधान के लिए देशों के बीच साझा प्रतिबद्धता को मजबूती मिल सके। यह एक चेतावनी भी है कि बढ़ती असमानताएं समाज की नींव को भीतर से कमजोर कर रही हैं और साथ ही एक अवसर भी है कि समय रहते ठोस नीतियों, संवेदनशील शासन और सामूहिक प्रयासों से इस प्रवृत्ति को बदला जा सकता है।

वर्ष 2026 में सामाजिक न्याय का विश्व दिवस की थीम है समावेशन को सशक्त बनानाः सामाजिक न्याय के लिए अंतर को पाटना। यह थीम स्पष्ट करती है कि असमानताओं को कम करने के लिए केवल आर्थिक विकास पर्याप्त नहीं है। जरूरी यह है कि विकास की प्रक्रिया में समाज के हर वर्ग की वास्तविक भागीदारी सुनिश्चित हो। समावेशन का अर्थ केवल योजनाओं का लाभ पहुंचाना नहीं बल्कि निर्णय-निर्माण की प्रक्रिया में उन लोगों की आवाज को स्थान देना है, जो अब तक हाशिए पर रहे हैं। जब तक नीतियां केवल केंद्रों में बनती रहेंगी और उनका प्रभाव जमीनी स्तर तक नहीं पहुंचेगा, तब तक सामाजिक न्याय एक अधूरा लक्ष्य बना रहेगा।

यह दिवस विशेष प्रासंगिकता रखता है क्योंकि आज की दुनिया एक गहरे संक्रमणकाल से गुजर रही है। वैश्वीकरण, तकनीकी प्रगति, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जलवायु परिवर्तन और भू-राजनीतिक तनावों ने आर्थिक व सामाजिक ढांचों को तेजी से बदला है। इन बदलावों का लाभ जहां कुछ सीमित वर्गों तक सिमट गया है, वहीं बड़ी आबादी, विशेषकर गरीब, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक, महिलाएं, प्रवासी, दिव्यांगजन और अल्पसंख्यक समुदाय, और अधिक असुरक्षित होती जा रही है। ऐसे समय में सामाजिक न्याय केवल नैतिक आदर्श नहीं, नीति और शासन की अनिवार्य प्राथमिकता बन चुका है। सामाजिक न्याय की अवधारणा अवसरों, संसाधनों और अधिकारों के निष्पक्ष वितरण से जुड़ी है। इसका मतलब यह नहीं कि सभी को समान परिणाम मिलें बल्कि यह है कि सभी को समान अवसर उपलब्ध हों। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आवास और कानूनी सुरक्षा तक समान पहुंच इसके मूल स्तंभ हैं। जब किसी व्यक्ति का भविष्य उसकी जाति, लिंग, धर्म, जन्मस्थान या आर्थिक स्थिति से तय होने लगे, तब यह स्पष्ट संकेत होता है कि समाज में न्याय का संतुलन बिगड़ चुका है। आज वैश्विक स्तर पर असमानताओं की खाई लगातार चौड़ी हो रही है। एक ओर अत्यधिक संपन्न वर्ग है, जिसके पास संसाधनों और अवसरों की प्रचुरता है, वहीं दूसरी ओर करोड़ों लोग बुनियादी आवश्यकताओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बेरोजगारी, असुरक्षित रोजगार और कम वेतन ने विशेष रूप से युवाओं के सामने गंभीर संकट खड़े कर दिए हैं। इसी संदर्भ में सम्मानजनक कार्य और मजबूत सामाजिक सुरक्षा तंत्र की आवश्यकता सामने आती है। पेंशन, स्वास्थ्य बीमा, बेरोजगारी सहायता और खाद्य सुरक्षा जैसी व्यवस्थाएं केवल कल्याणकारी योजनाएं नहीं बल्कि सामाजिक स्थिरता और भरोसे की आधारशिला हैं।

भारत में सामाजिक न्याय का विचार गहरे संवैधानिक मूल्यों से जुड़ा है। संविधान की प्रस्तावना सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की गारंटी देती है जबकि मौलिक अधिकार और राज्य नीति के निदेशक सिद्धांत असमानताओं को कम करने और कल्याणकारी राज्य की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। स्वतंत्रता के बाद से आरक्षण नीति, सामाजिक कल्याण योजनाएं, शिक्षा और स्वास्थ्य में सार्वजनिक निवेश तथा कौशल विकास और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। बावजूद इसके, क्षेत्रीय असमानताएं, शहरी-ग्रामीण विभाजनऔर लैंगिक विषमता जैसी चुनौतियां आज भी बनी हुई हैं। **योगेश कुमार गोयल**

## आपकी बात

### युवाओं का पलायन रोकना जरूरी

युवाओं को शिक्षा पूरी करने के बाद नौकरी की तरफ भागने के बजाय रोजगार देने वाला बनना चाहिए और इसके लिए उद्यमिता बहुत जरूरी है। कोरोना महामारी ने इतनी आर्थिक तबाही मचायी है कि हर तरफ बेरोजगारी और रोजगार का संकट दिख रहा है।

वैसे महामारी ने पूरी दुनिया में रोजगार का बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। करोड़ों लोगों की नौकरियां जा चुकी हैं और आगे न जाने कितने करोड़ लोगों को बेरोजगार होना पड़े। ऐसे में यह जरूरी है कि जब भी कोरोना का संकट खत्म हो तो रोजगार के लिहाज से जरूरी उद्यमों को आगे बढ़ाया जाये ताकि बेरोजगारी का संकट खत्म हो सके।

यह बात पूरी तरह से स्पष्ट है कि सरकार सबको रोजगार नहीं दे सकती है और बड़ी कंपनियों में जिस तरह आधुनिक तकनीकी मानव श्रम का स्थान ग्रहण कर रही है उसमें सबको नौकरी मिलना मुश्किल है। ऐसे में युवाओं को रोजगार के लिए उद्यमिता अपनानी होगी ताकि वे रोजगार प्रदाता बनकर देश में बेरोजगारी की समस्या के समाधान में वाहक बन सकें। देश में युवाओं को प्रशिक्षण देकर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास मिशन चल रहा है लेकिन अधिकांश युवक कौशल प्रशिक्षण के बाद भी स्वरोजगार अपनाने के बजाय नौकरियों की तलाश में लगे रहते हैं। इससे बेरोजगारी की समस्या के समाधान में कोई खास मदद नहीं मिलती है।

प्रदेश में लाखों युवक रोजगार की तलाश में है और जब सरकारी नौकरियों में आवेदन मांगे जाते हैं तो चपरासी पद के कुछ पदों के लिए लाखों आवेदन आते हैं। लेकिन देखा जाये तो ज्यादातर को रोजगार नहीं मिलता है, लेकिन इसके बावजूद भी युवक उद्यमिता के बजाय पहली प्राथमिकता सरकारी नौकरी को देते हैं। हाल के वर्षों में जिस तरह सरकारी नौकरियों में छुट्टियां बढ़ी हैं और आकर्षक वेतन हुआ है उसके कारण युवक सुरक्षित और आरामदेह नौकरी को ज्यादा तरजीह देते हैं बनिस्पत रोजगार करने के। युवाओं की यह मनःस्थिति जब तक बदलेगी नहीं तब तक यह शायद ही कौशल विकास मिशन का लाभ मिले। सरकार को हर युवक को रोजगार से जोड़ने की पहल करनी चाहिए।

तकनीकी के इस युग में लगातार रोजगार के मौके घट रहे हैं। जो युवा तकनीक में दक्ष नहीं हैं उनके लिए अपना रोजगार बचाना कठिन हो गया है। इसलिए सरकार को तकनीकी दक्षता के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षण अभियान चलाना चाहिए ताकि लोगों को तकनीक फ्रेंडली बनाकर उनकी कुशलता को बढ़ाया जा सके।

**कृष्ण मोहन शुक्ला, गोण्डा**

### सबको मिलें समान अवसर

सामाजिक न्याय का विचार हमें आत्ममंथन का अवसर देता है कि क्या हमारी नीतियां अंतिम पंक्तिपर खड़े व्यक्ति तक पहुंच रही हैं, क्या शिक्षा और रोजगार के अवसर वास्तव में समान हैं, और क्या विकास का लाभ संतुलित रूप से बंट रहा है? सामाजिक न्याय की लड़ाई किसी एक देश या सरकार की नहीं बल्कि वैश्विक सहयोग और सामूहिक प्रयास की मांग करती है।

किसी भी देश की सच्ची प्रगति तभी संभव है, जब कोई भी पीछे न छूटे। समावेशन और सशक्तीकरण केवल शब्द नहीं बल्कि रोजमर्रा के निर्णयों, नीतियों और सामाजिक व्यवहारों में उतारने योग्य जिम्मेदारी हैं। जब हर व्यक्ति को समान गरिमा, अवसर और सुरक्षा मिलती है, तभी न्याय कागजों से निकलकर जीवन की वास्तविकता बनता है और एक अधिक मानवीय, समावेशी तथा न्यायपूर्ण विश्व का निर्माण संभव हो पाता है।

**दिनेश मिश्र, बस्ती.**

संक्षेप

## शिकायतों के निस्तारण में न हो लापरवाही

अयोध्या। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में गुरूवार कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न ग्रामों एवं शहरी क्षेत्रों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं।

जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि जनता की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाए तथा शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न हो।

जनता दर्शन में मुख्य रूप से भूमि विवाद, राजस्व संबंधित प्रकरण, पेंशन, विद्युत, जलापूर्ति, सड़क मरम्मत, स्वास्थ्य सुविधा तथा जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे सामने आए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक मामले की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा की जाए और शिकायतकर्ता को निस्तारण की जानकारी समय से उपलब्ध कराई जाए।

# फैजाबाद बार एसोसिएशन का वार्षिक बजट



**अयोध्या।** फैजाबाद बार एसोसिएशन अयोध्या का वार्षिक आय-व्यय का वर्ष 2026 तक का बजट ध्वनि मतों से गुरूवार को पारित किया गया। बार एसोसिएशन अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्रा की अध्यक्षता में गत बुधवार से शुरू हुए वार्षिक बजट पर चर्चा शुरू हुई जो गुरूवार को तीन घंटे से अधिक समय तक चली बैठक में आखिरकार सर्व सम्मति से पारित हो गया। बार एसोसिएशन के मंत्री शैलेन्द्र जायसवाल व कोषाध्यक्ष अशोक दूबे ने बताया कि गुरूवार को पारित बजट में वकालतनामें में 200 रुपए की बढ़ोत्तरी की गयी है। यह बढ़ोत्तरी शुक्रवार से शुरू होगी। बता दें इसके पहले वकालतनामा 300 रुपए में अधिवक्ताओं को मुहैया कराया जाता था। वहीं अधिवक्ताओं की पुत्री के विवाह में अब 31 हजार रूपया दिया जायेगा।

**● वकालतनामा अब बिकेगा 500 रुपए में, वकीलों की मृत्यु पर परिवार को मिलेगी सात लाख रुपये की धनराशि**

कन्याधन में बढ़ोत्तरी 10 हजार रुपए की किया गया है। इसके पहले कन्याधन के रूप में 21 हजार रूपया दिया जाता था। अधिवक्ताओं के मृत्यु पर उनके परिवार को अब 5 लाख रुपए से बढ़ाकर 7 लाख रुपए कर दिया गया है। अधिवक्ताओं को दी जाने वाली मेडिकल सहायता में एक लाख रुपए से बढ़ाकर दो लाख रुपए दिया जायेगा। वहीं इंडियन बैंक के बगल जो दुकाने खाली हैं उसको शीघ्र ही किरायेदारों को आवंटित किया जायेगा। इसके लिए समाचार पत्रों में सूचना भी प्रकाशित कराया जायेगा। इसके अलावां चार चपरासी, एक स्वीपर व एक स्टोनों की नियुक्ति भी शीघ्र किया जायेगा तथा नया जनरेटर भी खरीदने का प्रस्ताव है। इसके अलावां आचार्य नरेन्द्र देव सभागार में स्टेज पर नई मेज व लकड़ी की कुर्सी व डायस बनवाया जायेगा इसके लिए तीन लाख रुपए खर्च किया जायेगा। अधिवक्ता चंदा कम्प्यूटराइज किया जायेगा।इससे अधिवक्ताओं को लाइन में खड़ा नहीं होना पड़ेगा। अधिवक्ताओं का सामूहिक बीमा कराया जायेगा।

अधिवक्ताओं की संख्या बढ़ने से भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है इसके लिए शासन व जनप्रतिनिधियों से मिलकर शेड़ो का हटवा कर मल्टी स्टोरो पक्के शेड का निर्माण करवाया जायेगा। वहीं अधिवक्ताओं का चंदा न बढ़ने से अधिवक्ताओं ने कार्यसमिति को धन्यवाद दिया है। यह वार्षिक बजट 8 जनवरी से 31 दिसम्बर 2026 तक का है। बैठक में एआरओ के कोर्ट का एक माह के लिए वहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में वार्षिक बटज पारित होने पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्र ने हर्ष व्यक्त करते हुए अधिवक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। बैठक में बार एसोएिशन के पूर्व अध्यक्ष अरविंद सिंह, संजीव दूबे, विजय बहादुर सिंह, विपिन मिश्र, सूर्य नारायण सिंह, शोभनाथ त्रिपाठी, रामशंकर यादव, दूधनाथ मिश्र, सौरभ मिश्र, नवीन मिश्र, मंसूर इलाही, राजेश यादव, राजेश उपाध्याय, अजय वर्मा, अखण्ड यादव, आत्मजीत यादव, रणधीर पाण्डेय, मनोज सिंह, पंकज द्विवेदी, सहजराम यादव, गिरीश कुमार तिवारी, प्रदीप चैबे, राजेश श्रीवास्तव, , आनन्द श्रीवास्तव, हनुमान प्रसाद सिंह, मोहम्मद एहसान, हरि प्रसाद तिवारी, आदि मौजूद रहे।

## आचार्य नरेन्द्र देव को श्रद्धांजलि देने के साथ हुआ चिंतन शिविर का समापन



**बाराबंकी।** गांधी भवन में लोकतंत्र सेनानी कल्याण समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय चिंतन शिविर का समापन मे कुल 13 प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुये। जिसमें पांच राज्य सरकार, पांच भारत सरकार से और तीन प्रस्ताव राजनीतिक दलों से संबंधित है। इन प्रस्तावों में लोकतंत्र सेनानी सम्मान राशि की वृद्धि के मामले में विधान परिषद उत्तर प्रदेश की राय को तत्काल प्रभाव से लागू करने और पेंशन से अतिरिक्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को मिलने वाली सभी सुविधाएं लोकतंत्र सेनानियों को देने की सरकार से मांग की गई है। समापन सत्र की शुरूआत महात्मा गांधी की मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर हुई। तदोपरान्त भारतीय समाजवाद के पुरोधा आचार्य नरेन्द्र देव के चित्र और स्वतंत्रता संग्राम का अहिंसक अस्त्र चरखा के समक्ष शीश झुकाया गया। इस अवसर पर रामसेवक यादव, लोकतंत्र सेनानी नरेश शर्मा, आर0पी अवस्थी, कान्ति वाजपेयी, सहदेव सिंह, रामअधार यादव, राम प्रकाश शर्मा, धीरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, समिति संरक्षक राजनाथ शर्मा, ज्ञान सिंह यादव, प्रमोद वाजपेयी, पाटेश्वरी प्रसाद, मृत्युंजय शर्मा, धनंजय शर्मा, साकेत मौर्य, सत्यवान वर्मा, विजय कनौजिया, अंकित शर्मा, मनीष सिंह, रणंजय शर्मा मौजूद रहे।

## परिवहन मेला आज और कल आयोजित होंगे

**बहराइच ।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि वाहन स्वामियों को बार-बार कर भुगतान की जटिल एवं समय-साध्य प्रक्रिया से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा परिवहन कर प्रणाली में व्यापक सुधार कर एक मुश्त कर ढांचे को लागू किया गया है। यह व्यवस्था तकनीकी रूप से वाहन पोर्टल पर लाइव हो गयी है। भाड़े या पारिश्रमिक पर संचालित दोपहिया मोटर साईकिल, तिपहिया मोटर कैब एवं मैक्सी कैब सन्निर्माण उपस्कर यान/विशेष प्रयोजन यान माल वाहन, राज्य परिवहन उपक्रम के स्वामित्वाधीन सार्वजनिक सेवा यान आदि के सम्बंध में उत्तर प्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम 1997 की धारा-4 में संशोधन करते हुए एक मुश्त कर ढांचे को लागू किया गया है ए.आरटीओ ने बताया कि एकमुश्त कर व्यवस्था से संबंधित नियमों, कर निर्धारण की प्रक्रिया, कर गणना, भुगतान की विधि एवं समय-सीमा के संबंध में वाहन स्वामियों एवं विभिन्न ट्रॉसपोर्ट संगठनों को विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से परिवहन कार्यालय परिसर में 20 एवं 21 फरवरी को परिवहन मेले का आयोजन किया गया है। परिवहन मेले में वाहन स्वामियों की शंकाओं का समाधान करते हुए, मौके पर ही आवश्यकतानुसार कर भुगतान/समायोजन की सुविधा प्रदान की जायेगी।

## मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक




**बहराइच** ।मिशन शक्ति 5.0ह्व अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया।

## साइबर टीम ने जागरूकता अभियान चलाया




**बहराइच।** बहराइचराष्ट्रीय साइबर जागरूकता अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक महोदय बहराइच के आदेश के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय बहराइच ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी जी के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी नगर महोदय श्री नारायण दत्त मिश्रा जी के कुशल निर्देशन में श्री रघुकुल विद्यापीठ बनकटा पयागपुर जनपद बहराइच में लगभग 200-250 लोगों को मोबाइल फोन व सोशल मीडिया पर बने आई-डी को टू-स्टेप वेरीफिकेशन व मोबाइल में इंस्टाल महत्वपूर्ण एप्स में कठिन पासवार्ड लगाने तथा मोबाइल में आने वाले लिंक्स व एपीके फाइल्स से बचने व अन्य साइबर फ्रॉड इत्यादि से बचाव हेतु एवं उच्चाधिकारीगण द्वारा प्राप्त निदेशों से भली भांति अवगत कराकर जागरूक किया गया तथा किसी के साथ होने साइबर फ्राड होने पर नेशनल क्राइम रिपोटिंग पोर्टल के टोल फ्री नं0 1930 के प्रयोग के बारे बताया

## गर्भवती महिला ने ब्लेड से खुद फाड़ लिया पेट , हालत गंभीर



**बहराइच ।** जिले के बौंडी थाना क्षेत्र में स्थित नन्दवल ग्राम में गर्भवती महिला आज दोपहर प्रसव पीड़ा हुई जिसके चलते वो बुरी तरह तड़पने लगी इसी दौड़ना उसने ब्लेड से पेट फाड़ लिया चीख सुनकर पड़ोस में रहने लोग उसके घर पहुंचे तो सभी के होश उड़ गए महिला के शरीर से खून बह रहा था । मामले की जानकारी पर महिला की मां मौके पर पहुंची ग्रामीणों की मदद से उसे स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया ।प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। नन्दवल ग्राम की रहने वाली महिला ननकई उम्र 35 वर्ष के पति की छह माह पूर्व मौत हो चुकी है ।उस समय ननकई गर्भवती थी ।गुरुवार को उसे प्रसव पीड़ा शुरू हुई तो घर में कोई नहीं था काफी दर्द होने के चलते उसने ब्लेड से अपना पेट फाड़ लिया ।चीख सुनकर पड़ोस के लोग उसके घर पहुंचे तो उसकी हालत देख सभी के होश उड़ गए ।महिला को इलाज के लिए फखरपुर स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया चिकित्सकों ने उसका प्रसव कराया इस दौरान उसने बेटी को जन्म दिया ।वही महिला की हालत गम्भीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल भेज दिया ।महिला ने बताया कि प्रसव पीड़ा न बर्दाश्त होने के चलते उसने पेट फाड़ लिया था ।जिला अस्पताल में भी हालत में सुधार न होने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया ।

## दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष का कारावास और अर्थदंड लगा

बहइराइच ।पीठासीन अधिकारी श्री अरविन्द कुमार गौतम ( अरख/ढडउरड अउळ) बहराइच द्वारा घटना कारित करने वाले अभियुक्त को दण्डित किया गया ।वादिनी मुकदमा द्वारा थाना स्थानीय को सूचना दी गयी कि उनके पति सिलसिले मजदूरी लखनऊ में है तथा दिनांक 10.08.2023 को दोपहर करीब 01 बजे मेरी पुत्री( पीडिता ) अपने खेत में निराई कर घर वापस आ रही थी कि इशितयाक पुत्र भगेले उर्फ सलीम ने मेरी पुत्री को गांव के पास गन्ने के खेत में घसीट कर ले गया तथा मेरी पुत्री के साथ दुष्कर्म किया ।जिसके सम्बन्ध में थाना बौण्डी में वादिनी द्वारा दिये गये लिखित प्रार्थना पत्र के आधार पर मु0अ0सं0 293/2023 धारा 376( 3 ), 506 भा०दं०सं० व ३ पॉक्सो एक्ट बनाम इशितयाक पंजीकृत किया गया ।तत्कालीन विवेचक श्री अन्जनी कुमार राय द्वारा साक्ष्य संकलन, गवाहों की गवाही व विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्त इशितयाक उपरोक्त के विरुद्ध आरोप-पत्र दिनाँक 03.09.2023 को प्रेषित किया गया तथा माननीय न्यायालय द्वारा आरोप दिनांक 10.10.2023 को विरचित किया गया।*पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ के आदेश के क्रम एवं पुलिस अधीक्षक बहराइच महोदय के निर्देशन में ₹ऑपरेशन कन्विक्शन" के अन्तर्गत चिन्हित अपराधों में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा अधिकतम/त्वरित दण्डात्मक कार्यवाही हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम मे उक्त अभियोग मे माननीय न्यायालय/पीठासीन अधिकारी श्री अरविन्द कुमार गौतम ( अरख/ढडउरड अउळ) द्वारा प्रभारी थाना बौण्डी, मॉनीटरिंग सेल पुलिस कार्यालय बहराइच, सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता श्री सन्त प्रताप सिंह तथा कोर्ट मोहर्रिर हे0का0 राहुल यादव तथा थाना पैरोकार का0 का0 अरविन्द चौरसिया की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप दिनांक को दोषी अभियुक्त इशितयाक पुत्र भगेले उर्फ सलीम उपरोक्त को दण्डित किया गया ।

# रामनगरी सोलर सिटी बनने की ओर अग्रसर, एक किलोवाट माइक्रो इन्वर्टर सिस्टम का शुभारंभ




**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या अब आध्यात्मिक नगरी के साथ-साथ ह्यसोलर सिटीह्न के रूप में भी अपनी पहचान मजबूत कर रही है। गुरुवार को कृष्णा सोलर इंडस्ट्री द्वारा 1 किलोवाट माइक्रो इन्वर्टर सोलर सिस्टम का भव्य उद्घाटन त्रिमूर्ति होटल में किया गया। यह कंपनी टाटा पावर सोलर की अधिकृत चैनल पार्टनर हैं।कार्यक्रम का आयोजन कंपनी के डायरेक्टर उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में गिरीश चंद्र त्रिपाठी (महापौर, अयोध्या) उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में संजीव सिंह (भाजपा जिलाध्यक्ष, अयोध्या) एवं राजेश प्रताप सिंह (हेड यूनियन प्रेसिडेंट) की गरिमामयी उपस्थिति रही। टाटा पावर सोलर की ओर से यूपी रीजनल हेड शिव लाल, यूपी मार्केटिंग हेड हिमांशु राय तथा यूपी सेल्स हेड आशुतोष त्रिपाठी भी मौजूद रहे। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।यूपी रीजनल हेड शिव लाल एवं यूपी सेल्स हेड आशुतोष त्रिपाठी ने 1 किलोवाट माइक्रो इन्वर्टर सोलर सिस्टम का औपचारिक प्रस्तुतीकरण करते हुए बताया कि यह तकनीक उच्च दक्षता, बेहतर सुरक्षा और अधिक ऊर्जा उत्पादन क्षमता से युक्त है। उन्होंने जानकारी दी कि 1 किलोवाट सोलर सिस्टम के लिए दो पैनल लगाए जाएंगे, जिसके लिए छत पर लगभग 80 से 100 वर्ग फीट स्थान आवश्यक होगा। यह पूरा प्रोजेक्ट लगभग 70-75 हजार रुपये के आसपास स्थापित हो जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 45 हजार सब्सिडी अनुदान के रूप में उपभोक्ता को वापस दी जाएगी। एक किलोवाट का सोलर सिस्टम प्रतिदिन लगभग 25 यूनिट तक विद्युत उत्पादन करने में सक्षम है। कंपनी की ओर से यह भी घोषणा की गई कि अति गरीब उपभोक्ताओं को 1 किलोवाट सिस्टम पर अतिरिक्त 20 प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी।महापौर गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा, अयोध्या तीर्थ और आध्यात्मिक नगरी के रूप में विश्व पटल पर स्थापित हो चुकी है। अब हमारा लक्ष्य इसे स्वच्छ, हरित और ऊर्जा आत्मनिर्भर ह्यसोलर सिटीह्न के रूप में विकसित करना है। सौर ऊर्जा अपनाने से न केवल बिजली बिल में कमी आएगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी अहम योगदान मिलेगा। आने वाले समय में अयोध्या नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश ही नहीं, देश के लिए उदाहरण बनेगी। उन्होंने कृष्णा सोलर इंडस्ट्री की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि निजी क्षेत्र की भागीदारी से हर घर तक सौर ऊर्जा पहुंचाना आसान होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा, केंद्र और प्रदेश सरकार नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## मनरेगा बचाव मुद्दे को लेकर जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन



**बाराबंकी।** मनरेगा बचाव को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन के नेतृत्व मे कांग्रेसियो ने महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट शिव कुमार वर्मा को सौपा। ज्ञापन मे मनरेगा में किये गये बदलावों की तत्काल वापसी, काम के संवैधानिक अधिकारों की पूर्ण बहाली, न्यूनतम वेतन 400 रुपए किये जाने की मांग की है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि जब तक वर्तमान सरकार संवैधानिक रूप से मंगे पूरी नही करती। तब तक कांग्रेस पार्टी इस लड़ाई को सड़क से लेकर सदन तक करती रहेगी। ज्ञापन देने वालो मे नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, अजीत वर्मा, मोहम्मद इजहार, इरफान कुरैशी, राम हरख रावत, वीरेन्द्र यादव, सना चैधरी, राजेन्द्र गोस्वामी, राजकुमार सोनी, रमेश कश्यप आदि मौजूद रहे।

## काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे शिक्षक

अयोध्या। काली पट्टी बांधकर करेंगे शिक्षण कार्य, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई मिल्कीपुर में आयोजित समीक्षा बैठक में उपस्थित शिक्षकों के मध्य की गई घोषणा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष एवं प्रांतीय ऑडिटर नीलमणि त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि डॉक्टर चक्रवर्ती सिंह ने ब्लॉक इकाई प्राथमिक शिक्षक संघ की समीक्षा बैठक की एवं संघर्ष समिति के उपस्थित सदस्यों के बीच 2011 से पहले जो शिक्षकों पर टीईटी थोपी गई है इसके बारे में आंदोलन की रणनीति की गई जिला अध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि 23 फरवरी 25 फरवरी तक शिक्षक बहा में काली पट्टी बांधकर विरोध जताएंगे जिला मंत्री डॉक्टर चक्रवर्ती सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि एवं शिक्षक समाज इसका पुं व शिक्षिकाओं से भारी संख्या में आंदोलन में प्रतिभा करने की अपील की गई ।

## जिला जज ने जागरूकता और सेवा शिविर की तैयारी व्यवस्था का किया निरीक्षण



**बाराबंकी।** जी0आई0सी0 ऑडिटोरियम मे आगामी 22 फरवरी को आयोजित किए जाने वाले मेगा वृहद विधिक जागरूकता एवं सेवा शिविर की तैयारियों की स्थिति का जनपद न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष प्रतिमा श्रीवास्तव ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश ने आयोजन से जुडी व्यवस्थाओ का अवलोकन करते हुये साफ सफाई, स्टाल, मंच सज्जा, पानी, जलपान, लाभकारियों को दिये जाने वाले लाभ इत्यादि की तैयारियों के लिए अपना सम्पूर्ण योगदान दिये जाने के लिए प्रेरित किया। तथा जागरूकता व सेवा शिविर को एक उत्सव की तरह मनाने के लिए सभी का आह्वाहन किया।

इसके अतिरिक्त राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 2.0 के अंतर्गत विभिन्न न्यायालयों से संदर्भित किए जाने वाले वादों को सुलह समझौता केंद्र पर प्रेषित करने की तिथि को विस्तारित करते हुये 7 मार्च, 2026 तक किया गया है। इस अवसर पर अपर जिला जज व नोडल अधिकारी मेगा कैम्प श्रीकृष्ण चंद्र सिंह, सिविल जज सी0डि0 व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शिवानी रावत, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, राकेश सिंह मौजूद रहे।

## श्रीराम लीला दशहरा मंदिर परिसर में विधि-विधान से अभिषेक, हवन-पूजन कर मनाया गया उत्सव



**बाराबंकी।** श्रीराम लीला दशहरा मन्दिर परिसर मे 11वां वार्षिक उत्सव विधि-विधान से अभिषेक, हवन-पूजन तथा विशाल भंडारे के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की जानकारी देते हुये श्री राम लीला सेवा समिति के महामंत्री शिवकुमार वर्मा ने बताया कि यह वार्षिक उत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है। बल्कि सामाजिक समरसता, सेवा और सहयोग की भावना को भी सशक्त करता है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्यक्रम को भव्य एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराया गया। अभिषेक एवं हवन प्रातः 10 बजे से शुरू हुआ। एवं भोग एवं प्रसाद वितरण विशाल भंडारा दोपहर 2 बजे से देर रात्रि तक चला। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पंडित प्रमोद पाठक ने बताया कि यह आयोजन धार्मिक परंपराओं के संरक्षण, सामाजिक एकता एवं सेवा भाव के प्रसार का संदेश देता है। उत्सव के दौरान भजन-कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से वातावरण भक्तिमय हुआ। कार्यक्रम में अनिल अग्रवाल, संतोष जायसवाल, राजेश गुप्ता, अंकित गुप्ता गोलू, मुन्ना सोनी, प्रशांत सिंह, पुरुषोत्तम टंडन, अभिनव, राजा, राजीव पाठक, पामेश, मीड़िया प्रभारी नितेश मिश्रा मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई गौ संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न



**बहराइच ।** बुधवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनपद स्तरीय गौ संरक्षण समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने निर्देश दिया कि वर्ष 2026-27 हेतु भूसा खरीद के लिए टेण्डर की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जाय जिससे जनपद में गेहूॅ की मढ़ाई प्रारम्भ होने से पूर्व भूसा क्रय करने की दर स्वीकृत हो जाय। डीएम ने कहा कि समय से पूर्व भूसा की दर निर्धारित हो जाने से गोआश्रय स्थलों हेतु आसानी के साथ कृषकों भूसा क्रय किया जा सकेगा। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों से यह भी अपेक्षा की कि जनपद के सक्षम एवं बड़े कृषकों को भूसा दान करने हेतु भी प्रेरित किया जाय।डीएम श्री त्रिपाठी ने निर्देश दिया कि जनपद में संचालित समस्त गौ आश्रय स्थलों को सी.सी.टी.वी. कैमरों से आच्छादित कर उनके लिंक को जिला मुख्यालय पर स्थापित कमाण्ड सेन्टर से जोड़कर सभी गौशालाओं की प्रभावी निगरानी की जाय। डीएम ने सुझाव दिया कि कैमरे इस प्रकार से स्थापित किये जायें कि गोआश्रय स्थल के प्रमुख स्थान जैसे गोदाम, प्रवेश द्वार, चरही इत्यादि की बेहतर ढंग से मानीटरिंग किया जा सके। डीएम ने कहा कि कामण्ड सेन्टर पर गो आश्रय स्थलों की निगरानी के लिए आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित किये जाएं।

डीएम ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि छुट्टा गोवंशों को गोआश्रय स्थलों में संरक्षित कराया जाय। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि दूरस्थ क्षेत्रों में जहां पर आवागमन सुगम न होने तथा कम गोवंश संख्या वाले संरक्षण केन्द्रों को आस-पास के गोवंश केन्द्रों में शिफ्ट कराकर शासन की मंशानुरूप संचालन सुनिश्चित कराया जाय। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि गोआश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों की संख्या के सापेक्ष फण्ड जनरेट कर बेहतर से बेहतर प्रबन्धन सुनिश्चित करें।

## कोमल बचपन को सुसंस्कृत, सुसंवर्धित और सुसज्जित करना हम सभी का परम



जिला संवाददाता

**मसौली, बाराबंकी।** ब्लॉक संसाधन केंद्र बड़ागांव में बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वाधान में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि हमारे बच्चे केवल हमारे नहीं, अपितु राष्ट्र के भविष्य हैं।

उनके कोमल बचपन को सुसंस्कृत, सुसंवर्धित एवं सुसज्जित करना हम सभी का परम उत्तरदायित्व है। सम्पूर्ण बेसिक शिक्षा परिवार एक ही नाव पर सवार है और हमारी आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों एवं शिक्षकों का यह पावन दायित्व है कि यह नाव कभी डगमगाए नहीं, अपितु सफलता के तट तक निरंतर अग्रसर होती रहे। कार्यक्रम में कोलोकेटेड आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व ब्लॉक के निपुण बच्चों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रशास्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम मे खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव, बाल विकास परियोजना अधिकारी पारुल शुक्ला ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर महेंद्र यादव, खंड शिक्षा अधिकारी मसौली जैनेंद्र कुमार, आदित्य वर्मा, नूर मोहम्मद, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, राजेश कुमार यादव सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सुपरवाइजर मौजूद रहे।

## निर्माणाधीन मार्ग का स्थिति का जायजा लेने पहुंचे जिलाधिकारी



**बाराबंकी।** शहर में बस स्टैंड से जनेस्मा कॉलेज होते हुए रेलवे स्टेशन तक बन रही सड़क का जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने पैदल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पूरे निमार्णाधीन मार्ग का स्थिति का जायजा लेते हुये सम्बधितो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। 1.5 किमी मार्ग का निर्माण एवं चैड़ीकरण कार्य अवस्थापना निधि से कुल लागत लगभग 308.51 लाख रुपये कराया जा रहा है। परियोजना के तहत सड़क का चैड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण, दोनों ओर नाली निर्माण, इंटरलॉकिंग, स्ट्रीट लाइट लगाना, हरित पट्टी, पौधारोपण तथा सौंदर्यीकरण के कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही सड़क को व्यवस्थित और चैड़ा बनाने के लिए आरओडब्ल्यू से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही भी की जा रही है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कार्य मानक की विशिष्टताओं के अनुरूप और व्यवस्थित तरीके से हों तथा निर्माण कार्य समय पर पूरा किया जाए। इस मौके पर उपजिलाधिकारी नवाबगंज आनंद कुमार तिवारी, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद संजय कुमार शुक्ला, कार्यदायी संस्था अभियंता सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

संक्षेप

## विधिक साक्षरता और जागरूकता शिविर आयोजित



डलमऊ रायबरेली ।विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर पी यल वी के द्वारा आयोजित किया गया आज दिनांक 19 फरवरी 2026 को राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के एक्शन प्लान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार वृहद मेगा शिविर के उपलक्ष में तहसील डलमऊ के अंतर्गत शंभू मुखिया स्मृति विद्यालय कनहा विकासखंड डलमऊ प्रधानाचार्य कंचन लता की अध्यक्षता में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।उक्त अवसर पर शिक्षक गण बालक बालिकाएं आदि की उपस्थिति में पी यल वी लालता प्रसाद रज्जन कुमार जंग बहादुर के द्वारा 22 फरवरी को होने वाली मेगा शिविर के बारे में व बालक बालिकाओं के कानूनी अधिकार के विषय में नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 व 14 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में विधिक जानकारियां दी गई। उक्त शिविर में बालक बालिकाएं लगभग 90 लोग उपस्थित रहे।

## युवाओं को स्वरोजगार का मौका, गारंटी-फ्री ऋण कैंप

सुलतानपुर (वीओएल)। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र, सिविल लाइन्स में सुबह दस बजे से सीएम-युवा क्रेडिट कैंप का आयोजन किया गया है।शिविर का उद्देश्य शिक्षित युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना है।योजना के तहत पात्र युवाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए पांच लाख तक का ब्याजमुक्त एवं गारंटी-फ्री ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर में मौके पर ही पंजीकरण एवं आवेदन की सुविधा रहेगी। साथ ही अग्रणी बैंकों के प्रतिनिधि ऋण से संबंधित शंकाओं का समाधान करेंगे। इसके अलावा सीएम-फेलो द्वारा आवेदन भरने में युवाओं को निशुल्क सहायता भी प्रदान की जाएगी। शिविर में आवेदन करने वाले युवाओं को आधार कार्ड, पैन कार्ड, शैक्षिक प्रमाणपत्र (कम से कम आठवीं उत्तीर्ण), निवास प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, पासपोर्ट फोटो तथा प्रस्तावित व्यवसाय की संक्षिप्त प्रोजेक्ट रिपोर्ट साथ लाने होंगे। उपायुक्त उद्योग नेहा सिंह ने जनपद के अधिक से अधिक युवाओं से शिविर में पहुंचकर योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

## कार इनाम का झांसा देकर ठगे रुपये, साइबर थाने में शिकायत

सुलतानपुर (वीओएल)।जनपद में साइबर ठगी का एक नया मामला सामने आया है।हलियापुर थाना क्षेत्र के ग्राम गौरा परानी निवासी रामसुख तिवारी ने साइबर क्राइम थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उन्हें डाक द्वारा एक रजिस्ट्री पत्र मिला, जिसमें कार इनाम निकलने की बात लिखी थी। पीड़ित के अनुसार पत्र भेजने वाले का नाम धीरू कुमार अंकित था।इसके बाद ठगों ने कंपनी चार्ज और अन्य औपचारिकताओं का हवाला देकर अलग-अलग खातों में रुपये मंगाए। रामसुख तिवारी का कहना है कि ठगों ने खुद को कंपनी का कर्मचारी बताकर कई खातों में पैसे ट्रांसफर कराए। अब उन्हें न तो पैसा मिल रहा है न ही कार साइबर थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्जकर लिया गया है।

## 28 साल बाद मारपीट के दो आरोपी बरी

सुलतानपुर (वीओएल)।मारपीट के एक मामले में गुरुवार को सीजेएम नवनीत सिंह ने फैसला सुनाया। सीजेएम ने मामले में आरोपी बनाए गए लंभुआ कोतवाली के माली का पूरा गोपालपुर मधैया गांव के सत्य नारायण व परमानंद को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता लाल बहादुर यादव ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ आरोप साबित नहीं हो पाया है। आरोपियों पर गांव के विजय बहादुर को 13 मार्च 1997 को आम के पेड़ से बांधकर पिटाई करने का आरोप लगा था। आरोप था कि प्रेमनाथ के ट्रैक्टर की बैट्री चोरी होने का बहाना बनाकर विजय बहादुर को आरोपियों ने मारा-पीटा था।

# पुलिस अधीक्षक के निरीक्षण में दीवान नहीं खोल पाये राइफल

## शस्त्रों के रखरखाव में कमी देखकर नाराज हुए एसपी



लालगंज रायबरेली ।पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने लालगंज कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने की समस्त गतिविधियों की जांच की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण समय पर किया जाए।पुलिस अधीक्षक में सबसे पहले बैरिक और भोजन मेस का निरीक्षण किया। उन्होंने साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने कानिर्देश दिया। बैरिक के पास स्थित भगवान शिव की मूर्ति को भी व्यवस्थित करने का निर्देश दिया।इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने शस्त्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने दीवान सुशील यादव से एस एल आर राइफल को खोलने का निर्देश दिया लेकिन दीवान सुशील यादव खोल नहीं पाये ।हालांकि प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने राइफल को खोलकर थाने की इज्जत बचाई। पुलिस अधीक्षक ने शस्त्रों और उसके अंदर चेंबर के नंबरों का मिलान भी किया। शस्त्रों की साफ सफाई और रखरखाव से जिले के एसपी नाखुश दिखे, उन्होंने कहा कि थाने का प्रत्येक शस्त्र तुरंत चलने की स्थिति में होना चाहिए। उन्होंने महिला सुरक्षा और सड़क दुर्घटनाओं पर भी सख्त निगरानी की बात कही।एसपी ने कहा कि जिले में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है और लापरवाह थानेदारों पर गाज गिरेगी। उन्होंने थानों में महिला हेल्प डेस्क, बैरक और मेस की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और लंबित शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर जोर दिया ।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता के निदेर्शानुसार एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा के कुशल मार्गदर्शन में महिला कल्याण विभाग टीम द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत विकास खण्ड हरचन्दपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय टांडा एवं उच्चध्प्राथमिक विद्यालय शोरा तथा विकास खण्ड सतांव के सार्वजनिक विद्यालय जूनियर हाईस्कूल स्कूल दरीबा, प्राथमिक विद्यालयध्आंगनबाड़ी केंद्र दरीबा एवं प्राथमिक विद्यालय, सोईठा में जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रमों में महिला कल्याण विभाग द्वारा सभी को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए हुए बताया गया कि बाल विवाह करने से बच्चों का शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास पूर्णतया नहीं हो पता है, जिससे बालक एवं बालिकाओं का पूरा जीवन अंधकारमय बीतता है। बाल विवाह बच्चों का बचपन छीन लेता है और उनकी खुशहाली को खतरे में डाल देता है 18 साल से कम उम्र में शादी करने वाली लड़कियों के घरेलू हिंसा का शिकार होने की संभावना ज्यादा होती है और उनके स्कूल में बने रहने की संभावना भी कम होती है। बाल विवाह करना एक कानून अपराध है यदि कोई भी व्यक्ति बाल विवाह करता है तब उसको 1 लाख रुपए जुमार्ने 2 वर्ष तक का कठोरतम कारावास या फिर दोनों से दंडित किया जाएगा। परिवार ,समाज, समुदाय एवं देश के प्रत्येक नागरिक को बाल विवाह रोकने हेतु सक्रिय सहभागिता के साथ बाल विवाह का अंत करना होगा तभी बाल विवाह मुक्त भारत संभव हो सकेगा। विवाह करने की उम्र लड़की की 18 वर्ष से अधिक तथा लड़के की उम्र 21 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए। इसी दौरान उपस्थित छात्रध्छात्राओं को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ भी दिलाई गई।

## कार-बाइक की भीषण टक्कर, खाई में गिरी कार, आधा दर्जन घायल

अमेठी ।तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर देखने को मिला। गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत रिजर्व पुलिस लाइन के पास तेज रफ्तार कार और बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी और पेड़ से टकराकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार व बाइक सवार मिलाकर करीब छह लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल बाइक सवार युवक को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया, जबकि कार सवार घायलों का जिला अस्पताल में इलाज के बाद घर भेज दिया गया।

## सहायक अध्यापक की संदिग्ध मौत, घर के भीतर फंदे से लटका मिला शव

अमेठी। थाना क्षेत्र के रायपुर फुलवारी मोहल्ले में बुधवार देर रात एक सरकारी शिक्षक का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक अमेठी रवि सिंह के अनुसार मृतक की पहचान 46 वर्षीय राम प्रकाश वर्मा पुत्र लल्लन वर्मा निवासी रायपुर फुलवारी के रूप में हुई है। वह प्रतापगढ़ जनपद के प्राथमिक विद्यालय गौहानी में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात थे। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक राम प्रकाश वर्मा मूल रूप से संग्रामपुर थाना क्षेत्र के बढ़ईपुर गांव के निवासी थे। उन्होंने रायपुर फुलवारी में मकान बनवा रखा था। बताया जा रहा है कि पिछले एक सप्ताह से वह घर में अकेले रह रहे थे, जबकि परिवार के अन्य सदस्य बढ़ईपुर गांव में थे। उनके तीन बच्चे हैं। परिजनों के अनुसार बुधवार को फोन करने पर उनका मोबाइल रिसीव नहीं हुआ। कई बार प्रयास के बाद भी संपर्क न होने पर परिजन चिंतित हो उठे और घर पहुंचे। दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी कोशिश के बाद भी दरवाजा न खुलने पर पड़ोस की छत से अंदर झांककर देखा गया तो वह फंदे से लटके मिले। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार मृतक शिक्षक कुल तीन भाई थे और उनका पूरा परिवार संग्रामपुर के बढईपुर मजरे मिश्रौली बड़गांव में रहता था।

## पत्नी को कर देकर तड़पाया फिर मार डाला

अमेठी ।जनपद में खौफनाक वारदात सामने आई है ,जिले के गौरीगंज थाना क्षेत्र के पूरे रामदीन गांव में एक प्राइमरी स्कूल के टीचर उमाकांत शुक्ला पर अपनी पत्नी चेतना की करेंट लगाकर हत्या करने का सनसनीखेज आरोप लगा है। लोहरता के रहने वाले उमाकांत और चेतना की शादी साल 2014 में पारिवारिक रजामंदी से हुई थी. शादी के कुछ समय बाद ही उमाकांत की सरकारी प्राइमरी टीचर के रूप में नियुक्ति हुई थी ।मृतका के परिजनों का आरोप है कि टीचर बनने के बाद उमाकांत का उसके ही स्कूल में तैनात एक शिक्षामित्र महिला के साथ प्रेम प्रसंग शुरू हो गया था ।जैसे ही चेतना को पति के अफेयर की खबर लगी, उसने विरोध शुरू कर दिया. आरोप है कि इसके बाद से उमाकांत ने चेतना को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था। उमाकांत और चेतना का एक 6 साल का बेटा भी है. पति-पत्नी के आपसी विवाद और इस वारदात के बाद मासूम के सिर से मां का साया छिन गया है ।चेतना के पिता कृष्ण कुमार पांडे ने आरोप लगाया कि दामाद पहले कुछ नहीं करता था, लेकिन टीचर बनने के बाद बेटी को सताने लगा और अंत में उसे करेंट देकर मार डाला ।

## एंटी करप्शन टीम ने नलकूप विभाग के लिपिक को 15 हजार रुपये रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

गौरीगंज, अमेठी। एंटी करप्शन टीम ने गुरुवार को नलकूप विभाग में तैनात लिपिक एहसान अहमद को 15 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के बाद आरोपी को मुंशीगंज थाने ले जाकर पूछताछ की जा रही है तथा आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार पीपरपुर गांव निवासी चालक बृजेश सिंह 21 जनवरी 2026 को सेवानिवृत्त हुए थे। सेवा संबंधी देयकों के भुगतान के लिए वह विभागीय कार्यालय के चक्कर लगा रहे थे। आरोप है कि भुगतान प्रक्रिया आगे बढ़ाने के एवज में लिपिक ने 15 हजार रुपये की मांग की थी। पीड़ित की शिकायत पर एंटी करप्शन टीम ने मामले का सत्यापन कर जाल बिछाया। तय योजना के तहत जैसे ही आरोपी ने कार्यालय में रिश्वत की रकम ली, टीम ने उसे मौके पर पकड़ लिया। तलाशी में घूस की राशि भी बरामद कर ली गई।

## लापता युवक की लाश मिलने पर परिजनों सहित ग्रामीणों ने पोस्टमॉर्टम के दूसरे दिन काटा बवाल

सलोन,रायबरेली ।लापता युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने पर परिजनों सहित ग्रामीणों ने पोस्टमार्टम के दूसरे दिन बवाल काटाना शुरू कर दिया ।गुरुवार को सलोन ऊँचाहार मार्ग पर शव रखकर रोड जाम कर दिया ।युवक के लापता होने पर पुलिस की ओर से खोजबीन करने में बरती गई लापरवाही और नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी न होने के चलते गुरुवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा ।नाराज परिजनों ने मृतक मोहित पुत्र गेंदालाल की लाश को सलोन ऊँचाहार मार्ग पर रखकर पुलिस के विरुद्ध नारेबाजी शुरू कर दी ।इधर मार्ग जाम की सूचना पर सलोन डीह नसीराबाद थानों की फोर्स घटना स्थल पर पहुँच गई ।परिजनों का आरोप था कि लापता युवक की खोजबीन के लिए पुलिस से जब मदद मांगी गई तो उसे थाने से दरोगा ने गाली देकर भगा दिया गया ।जिन लोगो के विरुद्ध बेटे के लापता होने की शिकायत की गई थी ।पुलिस उन्हें थाने पर लाकर छोड़ देती है ।वही मार्ग जाम की सूचना पर सीओ सलोन के साथ एसडीएम भी पहुँच गए ।एसडीएम द्वारा आर्थिक सहायता आवास कालोनी के आश्वाशन देने पर नाराज परिजनो का गुस्सा शांत हुआ। एसडीएम चन्द्र प्रकाश ने बताया कि मृतक के परिजन गरीब है ।उनके द्वारा आवासीय पट्टा एवम दोषियों पर कार्यवाही की मांग की गई है ।उन्हें दोनों मांगो पर आश्वाशन देकर मार्ग जाम बहाल कराया गया है ।सीओ सलोन यादवेन्द्र बहादुर ने बताया कि जांच उपरांत दोषियों पर कार्यवाही होगी।

## राना बेनी माधव बक्स सिंह सभागार परिसर में भव्य मंदिर स्थापना पूजन



रायबरेली ।भगवान शिव एवं आदि शक्ति माँ जगदम्बा की कृपा से राना बेनी माधव बक्स सिंह सभागार परिसर में भूत-भावन के रूप में पूर्व दिशा में भगवान शिव परिवार एवं पश्चिम दिशा में माँ दुर्गा जी के मंदिरों का जीर्णोद्धार कर भव्य स्वरूप प्रदान किया गया है। इन दोनों मंदिरों में बाबा भोलेनाथ एवं आदि शक्ति माँ भगवती की मूर्ति स्थापना का तीन दिवसीय भव्य कार्यक्रम 18 फरवरी से 20 फरवरी तक चल रहा है। 18 फरवरी (बुधवार) को फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष प्रतिपदा पर प्रातः 9 बजे से स्थापना पूजन आरंभ हुआ ।19 फरवरी को प्रातः 8 बजे से पूजन शुरू हुआ। दोपहर 12 बजे भगवान शिव परिवार एवं माता रानी की भव्य बरात निकाली गई, जिसमें समिति के सदस्यों के साथ साकेत नगर के स्थानीय निवासी भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। बरात में उत्साह और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला ।शुक्रवार (20 फरवरी) को प्रातः 9 बजे से स्थापना पूजन कार्यक्रम संपन्न होगा। इसके बाद दोपहर 12 बजे विशाल कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा। इसके तुरंत बाद 1 बजे सभागार परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन होगा। इस अवसर पर यजमान की भूमिका में मदन बाजपेई अपनी पत्नी के साथ रहेंगे। कार्यक्रम में पूर्व प्राचार्य डायट जय प्रताप सिंह, राम बली सिंह, राजन कछवाह, महेंद्र कछवाह, महेंद्र अग्रवाल, डॉ. रवि प्रताप सिंह, शिवम सिंह, विकास सिंह, राम राज सिंह, डॉ. आर.एन. सिंह, डॉ. अभिषेक द्विवेदी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## हार्वेस्टर खरीद में धोखाधड़ी, महिला से मारपीट व धमकी

सुलतानपुर (वीओएल)। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के कमनगढ़ में हार्वेस्टर खरीद के नाम पर धोखाधड़ी और महिला से मारपीट का मामला सामने आया है। प्रमिला सिंह ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि 2021 में उनके हार्वेस्टर को खरीदने के लिए 3.50 लाख रुपये देकर मशीन ले ली गई, लेकिन शेष रकम आज तक नहीं दी गई। पीड़िता के अनुसार हार्वेस्टर की कीमत 7 लाख 80 हजार रुपये तय हुई थी। आरोप है कि अखण्डनगर निवासी अमितधीर सिंह उर्फ लालबाबू सिंह और अजीत सिंह आठ अप्रैल 2021 को हार्वेस्टर लेकर चले गए थे। महिला का कहना है कि नौ जनवरी 2026 को बकाया रकम मांगने पर अजीत सिंह, संजय सिंह और अमितधीर सिंह ने गाली-गलौज कर धक्का दिया और लात-घूंसों से मारपीट की। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। महिला ने बताया कि आरोपियों ने हार्वेस्टर को कबाड़ी के हाथों बेचने की बात भी कही। अखण्ड नगर पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# होमगार्ड संभाल रहे डलमऊ में ट्रैफिक

## व्यापार पर ब्रेक, जनता परेशानः डलमऊ में ट्रैफिक प्रबंधन पर उठे सवाल

जिला संवाददाता



**डलमऊ रायबरेली।** नगर पंचायत क्षेत्र डलमऊ इन दिनों लगातार जाम की समस्या से जूझ रहा है। रायबरेली रोड स्थित जगतपुर तिराहा, मुराईबाग चैराहा, इलाहाबाद रोड और मकनपुर तिराहे पर दिनभर वाहनों की लंबी कतारें लगना आम बात हो गई है। स्थानीय लोगों और व्यापारियों का कहना है कि भारी वाहनों की आवाजाही बढ़ने से यातायात व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है, जिससे हालात और बिगड़ रहे हैं। बताया जाता है कि लालगंज क्षेत्र में स्थित गंगासी गंगा पुल के क्षतिग्रस्त होने के बाद से बड़े और भारी वाहनों का रूट डलमऊ की ओर मोड़ दिया गया है। इससे डलमऊ गंगा पुल पर ट्रैफिक का दबाव कई गुना बढ़ गया है। परिणामस्वरूप कस्बे के भीतर डंपर, ट्रक और अन्य भारी वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं। बुधवार को यूपी बोर्ड की प्रथम पाली की परीक्षा समाप्त होने के बाद मुराईबाग चैराहे पर अचानक जाम लग गया। देखते ही देखते डलमऊ-लालगंज और डलमऊ-ऊंचाहार मार्ग पूरी तरह प्रभावित हो गए। जाम में एंबुलेंस और स्कूल वाहन भी फंस गए, जिन्हें काफी मशक्कत के बाद निकाला जा सका। राहगीरों के लिए पैदल सड़क पार करना तक मुश्किल हो गया। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि रोजाना लगने वाले जाम से कारोबार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ग्राहकों का आवागमन बाधित होने से बिक्री पर असर पड़ रहा है। कई बार दो-दो घंटे तक यातायात ठप रहने की स्थिति बन जाती है। क्षेत्रीय नागरिकों का यह भी कहना है कि व्यस्त समय में चैराहों पर पर्याप्त पुलिस बल की मौजूदगी नजर नहीं आती। कुछ स्थानों पर यातायात संचालन की जिम्मेदारी होमगार्ड्स के भरोसे देखी जाती है। हालांकि इस संबंध में जब कोतवाली प्रभारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पर्याप्त पुलिस स्टाफ उपलब्ध है और विद्यालयों की छुट्टी व व्यस्त समय में नियमित रूप से ड्यूटी लगाई जाती है। यदि किसी समय मौके पर कर्मचारी नजर नहीं आए हों तो संभव है वे आसपास ड्यूटी पर रहे हों। नगरवासियों का कहना है कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए ट्रैफिक प्रबंधन की ठोस और दीर्घकालिक योजना बनाए जाने की आवश्यकता है, ताकि कस्बे को जाम की समस्या से राहत मिल सके और आमजन, व्यापारी व छात्र-छात्राएं सुगमता से आवागमन कर सकें।

## श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का पांचवां दिन श्रद्धा व भक्ति में सराबोर

अमेठी। जनपद अमेठी के ब्लॉक भादर अंतर्गत अयोध्या नगर के नगरडीह में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के पांचवें दिन श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए। अयोध्या से पधारे सुप्रसिद्ध कथावाचक अखिलेश शास्त्री जी ने अपने मुखारविंद से पंचम दिवस पर भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। कथावाचक ने श्रीकृष्ण की बाल लीला, पूतना उद्धार एवं गोवर्धन लीला का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान की लीलाएं केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जीवन को धर्म, सत्य और करुणा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने बताया कि पूतना उद्धार प्रसंग हमें यह संदेश देता है कि प्रभु शरण में आने वाले का उद्धार निश्चित है, चाहे वह किसी भी भाव से क्यों न आया हो। वहीं गोवर्धन लीला के माध्यम से प्रकृति संरक्षण और अहंकार त्याग का संदेश दिया गया। कथा के दौरान भजनों और संकीर्तन से पूरा पंडाल भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालु ह्लराधे-राधेह्व और ह्लजय श्रीकृष्णह्व के जयघोष के साथ कथा श्रवण करते रहे। महिलाओं और पुरुषों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही तथा कई श्रद्धालु पूरे समय ध्यानमग्न होकर कथा का रसपान करते दिखे। इस धार्मिक आयोजन के मुख्य यजमान कृष्ण मुरारी दूबे द्वारा कथा महोत्सव का आयोजन कराया जा रहा है।

## राजनीति विज्ञान प्रायोगिक परीक्षा 21 और 23 फरवरी को होगी

सुलतानपुर (वीओएल)। राणा प्रताप पीजी कॉलेज के राजनीति विज्ञान विषय के बी.ए. पंचम सेमेस्टर की संस्थागत एवं सप्लीमेन्ट्री) की मौखिकी/प्रायोगिकी परीक्षा दिनांक 21 फरवरी दिन शनिवार और एमए तृतीय सेमेस्टर की प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षा 23 फरवरी सोमवार को महाविद्यालय में प्रातः 10:00 बजे से कला संकाय के राजनीति विज्ञान विभाग में सम्पन्न होगी। आंतरिक परीक्षक डॉ. अंजना सिंह ने कहा कि सम्बन्धित छात्र-छात्राएं अपने परिचय-पत्र, प्रवेश-पत्र एवं रिसर्च प्रोजेक्ट की फाइल के साथ निर्धारित तिथि एवं समयानुसार राजनीति विज्ञान विभाग में उपस्थित हों। परीक्षा छूट जाने पर सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं छात्र-छात्राओं की होगी।

## दुष्कर्म केस में पीड़िता की गवाही दर्ज

सुलतानपुर (वीओएल)।दुष्कर्म के मामले में गुरुवार को पीड़िता की गवाही कोर्ट में दर्ज की गई। पीड़िता से बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने जिरह की। पीड़िता की जिरह पूरी नहीं होने पर फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम के न्यायाधीश राकेश ने अगली सुनवाई के लिए शुक्रवार की तिथि नियत कर दी है।कुड़वार थाने के एक गांव के आरोपी विशाल तिवारी पर छह जनवरी 2024 को गांव की महिला के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म करने का आरोप है। आरोपी पर पीड़िता की अश्लील फोटो वायरल करने का भी आरोप है।

## शांति व्यवस्था और जनता को न्याय प्राथमिकताः थानाध्यक्ष



सुलतानपुर (वीओएल)। बुधवार देर शाम पुलिस अधीक्षक ने तबादला एक्सप्रेस चलाया था, जिसमें पुलिस लाइन में रहे उप निरीक्षक संदीप त्रिपाठी को कूरेभार की कमान सौंपी थी। गुरुवार को कूरेभार थाने में नवागत थानाध्यक्ष संदीप त्रिपाठी ने औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस दौरान उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि शासन और विभाग की मंशा के अनुरूप कार्य करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। थानाध्यक्ष त्रिपाठी ने कहा कि थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना और फरियादियों को न्याय दिलाना उनकी प्रमुख जिम्मेदारी रहेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि थाने पर आने वाली प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना और पुलिस-जनता के बीच बेहतर संबंध बनाना भी उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि थाने पर आने वाले फरियादियों को अनावश्यक इंतजार नहीं करना पड़ेगा और वे बेझिझक अपनी समस्या बता सकते हैं। पुलिस उनकी समस्याओं का हरसंभव समाधान करने का प्रयास करेगी। थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में अशांति फैलाने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। सामाजिक सद्भाव बनाए रखने वालों का सम्मान किया जाएगा, जबकि आपराधिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बटोही रिसार्ट में कल आयोजित होगा रीमाकन-2026 का आठवां संस्करण

## आईएमए एवं आईएसीएम के संयुक्त तत्वावधान में विशेषज्ञ चिकित्सकों के व्याख्यान




रायबरेली ।इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) रायबरेली शाखा एवं इंडियन एसोसिएशन ऑफ क्लीनिकल मेडिसिन (आईएसीएम) के संयुक्त तत्वावधान में रीमाकन-2026 का आठवां संस्करण 21 फरवरी को प्रातः 9:30 बजे से स्थानीय बटोही रिसोर्ट में आयोजित किया जा रहा है ।यह वार्षिक चिकित्सा सम्मेलन विगत कई वर्षों से रायबरेली में सफलतापूर्वक आयोजित हो रहा है। जिसमें रायबरेली सहित आसपास के जिलों के चिकित्सक बड़ी संख्या में भाग लेते हैं।

इस वर्ष भी रीमाकान 2026 में सभी लेक्चर प्रातः 9:30 बजे से शुरू होकर शाम 5:30 बजे तक अनवरत चलते रहेंगे। प्रथम सेशन प्रातः 9:30 बजे से शुरू होगा ।इस कार्यक्रम का निर्देशन डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह के द्वारा किया जाएगा ।प्रातः 9:30 बजे से 10:00 बजे तक इंसुलिन विद ओरल रूट ए न्यू ब्रेक थ्रू विषय पर डॉ अरुण पांडे डीएम एंडॉक्रिनलॉजी लखनऊ एंडोक्राइन डायबिटीज एवं थाइरॉएड क्लिनिक सेक्रेटरी डायबिटीज सपोर्ट वेलफेयर सोसाइटी द्वारा इस विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया जाएगा। इसी सेशन में प्रातः 10:00 बजे से दूसरा लेक्चर एप्रोच टू अ केस ऑफ थ्रांबोसाइटोपेनिया विषय पर डॉक्टर अंशुल गुप्ता डायरेक्टर हेमेटो ऑकोलॉजी एंड बोन मैरो डिसऑर्डर्स, मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के द्वारा इस विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया जाएंगे ।इस सेशन के चेयरपर्सन डॉ राजेश गप्ता डॉ केपी वर्मा और डॉ महेंद्र मीणा जी रहेंगे। दूसरा सेशन प्रातः 10:30 बजे से शुरू होगा। इस सेशन का निर्देशन डॉक्टर पूजा द्विवेदी द्वारा किया जाएगा। इस सेशन में 10:30 बजे फाइब्रोस्कन रेलीवेंस एंड इंटरप्रिटेशन विषय पर डॉ आलोक कुमार सिंह कंसल्टेंट मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ एवं प्रातः 11:00 बजे से डीलिंग विद ई डी विषय पर डॉक्टर परितोष तिवारी बहराइच से अपने व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे। इस सेशन के चेयरपर्सन डॉ सत्य प्रकाश डॉ रजत पांडे एवं डॉक्टर मानवेंद्र सिंह होंगे। तीसरा सेशन अपराह्न 12:00 से शुरू किया जाएगा। इस सेशन का निर्देशन डॉ श्वेता वर्मा द्वारा किया जाएगा। इस सेशन में 12: 00 बजे अप्रोच टू मसल्स डिसऑर्डर इन डे टू डे ओपीडी विषय पर डॉ विमल पालीवाल , प्रोफेसर न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट एसजीपीजीआई, इसी सेशन में दूसरा लेक्चर क्लीनिकल एप्रोच टू ए केस आफ एनीमिया विषय पर डॉ एके गुप्ता एमडी मेडिसिन पूर्व विभागाध्यक्ष डिपार्टमेंट ऑफ मेडिसिन एसएनएमसी आगरा, इसी सेशन में तीसरा लेक्चर मैनेजमेंट आफ हाइपरटेंशन कोमारबिटीज विषय पर डॉ अर्पित गुप्ता डीएम नेफ्रोलॉजी विवेकानंद हॉस्पिटल लखनऊ के द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किए जाएंगे। इस तीनों सेशन के चेयरपर्सन डॉक्टर एस के जैन डॉक्टर आनंद त्रिपाठी डॉ बृजेश सिंह एवं डॉ अनिरुद्ध मुखर्जी जी रहेंगे। इस सेशन के पश्चात उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# मंडलायुक्त, एडीजीपी ने अधिकारियों संग रंगोत्सव को लेकर बैठक

जिला संवाददाता

**मथुरा।** तहसील गोवर्धन के अंतर्गत नगर पंचायत बरसाना में आयोजित विश्व प्रसिद्ध लडडू होली एवं लठामार होली की तैयारियों के संबंध में बरसाना स्थित लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन सभागार में अपर पुलिस महानिदेशक श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ, मंडलायुक्त नगेन्द्र प्रताप, पुलिस उप-महानिरीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। 24 फरवरी 2026 को बरसाना में लडडू होली, 25 फरवरी को बरसाना में लठामार होली तथा 26 फरवरी को नन्दगाँव में लठामार होली की व्यवस्थाओं के संबंध समीक्षा हुई।

बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने अवगत कराया कि बरसाना को 7 जोन व 18 सेक्टर में विभाजित किया गया है। बरसाना हेतु 56 पार्किंग स्थल तथा 94 बैरियर बनाए जा रहे है। 13 स्थलों पर स्वास्थ्य केंद्र तथा 05 दो पहिया एम्बुलेंस लगाई जाएंगी। बरसाना में 5 वॉचटावर तथा 5 स्थानों पर अग्निशमन व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। अपर पुलिस महानिदेशक श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ ने सख्त निर्देश दिए कि सोशल मीडिया पर पैनी नजर बनाए रखे, 24 घंटे सोशल मीडिया पर निगरानी सुनिश्चित करे तथा अफवाह फैलाने वालों पर तत्काल कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मियों, स्वास्थ्य कर्मियों, विद्युत कर्मियों आदि के पास जारी करे तथा उन्हें यूनीक ड्रेस दी जाए, जिससे आसानी से उक्त कर्मचारी पहचान में आ जाए।

उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि आवारा पशुओं को पकड़े तथा निराश्रित गौवंशों को गौशालाओं में पहुंचाए। उन्होंने सभी पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सभी अपने व्यवहार में विनम्र, सरल एवं सहज रहे। उन्होंने निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपर पुलिस महानिदेशक ने निर्देश दिए कि पुलिस विभाग जगह




जगह पर बैनर/ पोस्टर लगाए जिसमें महत्वपूर्ण नंबर प्रदर्शित हो, जैसे 1090, 1930, 112, कंट्रोल रूम नंबर आदि।

अपर पुलिस महानिदेशक जी ने निर्देश दिए कि मेला क्षेत्र में एंटी रोमियो स्क्वाड को भी तैनात करे। मंडलायुक्त नगेन्द्र प्रताप ने निर्देश दिए कि समस्त जर्जर भवनों को हटाए, सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करे, नकली/गंदा/केमिकल युक्त रंग का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित करे, नकली/ गंदा /केमिकल युक्त रंग को बेचने वालों पर कार्यवाही सुनिश्चित करें। समस्त ई-रिक्शा का चिन्हीकरण करते हुए उन्हें निर्धारित रूट दिया जाए। उन्होंने कहा कि सभी पार्किंग में प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, रैंप, साइनबोर्ड, पी0ए0 सिस्टम आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

बैठक में अवगत कराया है कि जनपद मथुरा के विभिन्न प्रमुख मन्दिरों पर प्रकाश व्यवस्था/विद्युत सजावट का कार्य किया जा रहा है। फसाड लाईटिंग का कार्य श्रीराधारानी मन्दिर बरसाना तथा नन्द मन्दिर नन्दगाँव में किया जा रहा है। पुलिस उप महानिरीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने भी कहा कि सभी कर्मचारी एवं अधिकारी श्रद्धालुओं, पर्यटकों एवं दर्शनार्थियों से विनम्र रहे। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने अधिशासी अधिकारी बरसाना एवं मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रमुख मार्गों, गलियों एवं चैक की पेंटिंग, लाइटिंग एवं साज सज्जा की उत्कृष्ट व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में अवगत कराया है कि रंगोत्सव 2026 के अन्तर्गत जनपद मथुरा के विभिन्न स्थलों पर प्रवेश द्वार की स्थापना की जा रहे है, जिसमें बरसाना में 05, नन्दगाँव में 04 तथा जनपद में कुल 23 द्वार बनाए जा रहे है। रंगोत्सव 2026 के अन्तर्गत जनपद मथुरा के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर 12 सेल्फी प्वाइंट की स्थापना की जा रही है, जिसमें बरसाना में 5 एवं नंदगांव में 2 सेल्फी प्वाइंट बनाए जा रहे है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने निर्देश दिए कि पार्किंगों हेतु दिशा सूचक चिन्ह लगाए जाए तथा अधिकारी भ्रमण करते हुए पार्किंगों में लाइट, पेयजल, शौचालय, रैंप, साइनबोर्ड आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। बैठक में डीएफओ वेंकट श्रीकर पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ0 पंकज कुमार वर्मा, एस पी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत, एस आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन धीरेंद्र प्रताप सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## यूपीडा औद्योगिक गलियारे में भूमि आवंटन शुरू, लापरवाह बैंकों को सीडीओ की चेतावनी

**फिरोजाबाद।** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जनपद के औद्योगिक विकास और युवाओं के स्वरोजगार पर मुख्य रूप से चर्चा की गई।औद्योगिक गलियारा यूपीडा द्वारा विकसित किए जा रहे कॉरिडोर के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया आधिकारिक तौर पर शुरू कर दी गई है। सीडीओ ने पारदर्शिता के साथ आवंटन के निर्देश दिए। जलेसर रोड औद्योगिक क्षेत्र में 132 केवीए उपकेंद्र की स्थापना और श्रमिकों के लिए ईएसआई अस्पताल के प्रस्ताव पर मंथन हुआ। ककरऊ कोठी से कांच उद्योग तक की स्ट्रीट लाइटें चालू कर दी गई हैं।युवा उद्यमी योजना जनपद में 2000 के लक्ष्य के सापेक्ष 4158 युवाओं ने आवेदन कर भारी उत्साह दिखाया है। अब तक 1430 लाभार्थियों को ऋण वितरित कर स्वरोजगार से जोड़ा जा चुका है। ?सीडीओ ने शून्य प्रगति वाली बैंक शाखाओं और लंबित आवेदनों पर सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित प्रबंधकों को कठोर कार्यवाही की चेतावनी दी है।बैठक में एडीएम विशु राजा उपायुक्त उद्योग और विभिन्न औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मुंसिफी वापस लाने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन,सौंपा ज्ञापन



**शिकोहाबाद।** मुंसिफी वापस लाओ संघर्ष समिति ने 170 वर्ष पुरानी मंसिफी को वापस लाने के लिए अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर मंसिफी को वापस लाने की मांग करते हुए एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने कहा कि मंसिफी की इमारत 100 वर्ष से अधिक पुरानी होने के कारण

अस्थाई रूप से मुंसिफी की अदालतों को 2004 में जनपद न्यायालय शिफ्ट कर दिया गया था। आज भी मंसिफी शिकोहाबाद के नाम से चल रही है। वर्षों बीतने के बाद भी नई बिल्डिंग नहीं बनी है।जिससे शिकोहाबाद, सिरसागंज, जसराना क्षेत्र की जनता को न्याय के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। 9 सितम्बर 2019 को जिला जज ने जिम्मेदार न्यायिक अधिकारियों, स्टाफ के साथ आकर मुंसिफी शिकोहाबाद का निरीक्षण किया। अधिवक्ताओ को नई बिल्डिंग निर्माण का आश्वासन दिया था। लेकिन अभी तक न बिल्डिंग बनी है और अदालते वापस होकर शिकोहाबाद में शिफ्ट हुई है। अधिवक्ताओं ने मुसिफी शिकोहाबाद की नई बिल्डिंग बनने तक अस्थाई रूप से मुंसिफी शिकोहाबाद की चार अदालतो को जनपद न्यायालय से पुनः शिकोहाबाद में शिफ्ट कराए जाने की मांग की है। साथ ही नई इमारत के लिए धन भी जारी करने की मांग की है।इस दौरान ब्रजेश चन्द्र यादव , कपिल श्रीवास्तव, के पी सिंह महेश कुलश्रेष्ठ, दिनेश सिंह, हरिकान्त, विनय यादव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे।

## दो दिन पूर्व नहर में नहाने आया किशोर डूबा, पीएसी के जवान किशोर को खोजने में जुटे

**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद में दो दिन पूर्व नहर में नहाने आया किशोर छिछामई गांव के पास नहर में डूब गया। किशोर के नहर में डूबने से परिवार में कोहराम मच गया। परिजन दो दिन तक नहर में शव को ढूंढते रहे लेकिन परिजनों को सफलता नहीं मिली। उसके बाद गुरुवार को पीएसी के गोताखोर ने किशोर को खोजने का अभियान चलाया। समाचार लिखे जाने तक किशोर का कोई सुराग नहीं लगा है।लवकुश ( 14 ) पुत्र रामचंद्र निवासी रेलवे स्टेशन रोड मक्खनपुर कक्षा 7 में पढ़ता था। वह अपने साथी फैजान, शिवा के साथ दो दिन पूर्व भोगनीपुर ब्रांच छिछामई गांव के पास नहर में नहाने आया था। फैजान भी कक्षा 7 में लवकुश के साथ पढ़ता था। नहाने के दौरान किशोर नहर के मध्य में पहुंचकर अचानक से वह पानी में डूब गया। किशोर के नहर में डूबते ही उसके दोस्तों में अफरा तफरी मच गई। किशोर के नहर में डूबते ही दोनों किशोर चुपचाप घर चले गए। शिवा, फैजान ने डर के कारण लवकुश के परिजनों को घटना की कोई जानकारी नहीं दी। जब किशोर घर नहीं पहुंचा तो परिजन उसे खोजने में जुट गए। लेकिन किशोर का कोई सुराग नहीं लगा। उसके बाद बुधवार को थाना मक्खनपुर में किशोर के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। उसके बाद परिजनों लवकुश के साथ आए दोस्तों से पूछा तब घटना की जानकारी हुई। उसके बाद थाना प्रभारी चमन शर्मा ने गुरुवार को गोताखोर को मौके पर बुलाकर तलाशी अभियान शुरू कराया। टीम वोट के माध्यम से किशोर की तलाश में जुट गई। समाचार लिखे जाने तक किशोर का कोई सुराग नहीं लगा है। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। उसके माता पिता का रो रोकर बुरा हाल हो रहा है। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक चमन शर्मा ने बताया कि किशोर की तलाश की जा रही है। अभी तक उसका सुराग नहीं लगा है।

## आगरा से दिल्ली तक ईएमयू ट्रेन चलाने को रेल मंत्री के नाम भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री को दिया ज्ञापन

**आगरा।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय नयी दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत कुमार गौतम को भारतीय जनता युवा मोर्चा मनकामेश्वर मंडल के पूर्व मंडल महामंत्री कृष्णा कुमार ने आगरा फोर्ट रेलवे स्टेशन से ईदगाह, अछनेरा, मथुरा, फरीदाबाद, निजामुद्दीन के रास्ते नयी दिल्ली तक एक जोड़ी नई लोकल ईएमयू ट्रेन चलाऐ जाने के सम्बन्ध में भारत सरकार के केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नाम ज्ञापन सौंपा गया। पार्टी संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत कुमार गौतम ने भाजपा युवा मोर्चा मनकामेश्वर मंडल महानगर आगरा के पूर्व मंडल महामंत्री कृष्णा कुमार को जल्द से जल्द रेल मंत्री से उचित कार्यवाही कराने का भरोसा दिया। कृष्णा कुमार ने कहा कि इस ट्रेन के चलने से आगरा की जनता को काफी राहत मिलेगी।

## श्री कृष्ण लीला समिति के महिला उत्थान केंद्र में वितरित हुए कंप्यूटर एवं सिलाई-कढ़ाई के प्रमाण पत्र

**आगरा।** श्री कृष्ण लीला समिति द्वारा संचालित महिला उत्थान समिति केंद्र पर कंप्यूटर एवं सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण पूर्ण करने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्रमाण पत्र मुख्य अतिथि समाज सेविका श्रुति सिन्हा और रितु गोयल द्वारा वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ावा देना और उन्हें रोजगार के बेहतर अवसरों से जोड़ना रहा। समाज सेविका श्रुति सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में कौशल ही सबसे बड़ी पूंजी है।

उन्होंने कहा कि जब महिलाएं शिक्षित और आत्मनिर्भर बनती हैं, तो पूरा परिवार सशक्त होता है। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रमाण पत्र केवल कागज का दस्तावेज नहीं, बल्कि उनके आत्मविश्वास और परिश्रम का प्रतीक है। उन्होंने सभी महिलाओं को निरंतर सीखते रहने और अपने कौशल को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रेरित किया।समिति अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने बताया कि श्री कृष्ण लीला का मंचन वर्ष 1924 से वाटर वर्क्स के पास गोशाला प्रांगण में निरंतर किया जा रहा है। वर्ष 2005 में स्वर्गीय विनोद कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में कृष्ण लीला मंचन को नए स्वरूप में प्रारंभ किया गया और तब से समिति निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।उन्होंने बताया कि यह प्रमाण पत्र महिलाओं को रोजगार प्राप्त करने में अत्यंत सहायक सिद्ध हो रहे हैं और कई महिलाएं प्रशिक्षण के बाद सफलतापूर्वक नौकरी प्राप्त कर चुकी हैं। महामंत्री विजय रोहतगी ने बताया कि महिलाओं की आवश्यकताओं और वर्तमान समय की मांग को देखते हुए समिति द्वारा कुछ और व्यावसायिक कोर्स प्रारंभ करने पर भी विचार किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक महिलाओं को लाभान्वित किया जा सके। कार्यक्रम में शिक्षिका सीमा सिंह और खुशबू द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया। बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इस अवसर पर शेखर गोयल, अशोक गोयल, अनूप गोयल, विनीत सिंघल, गिर्राज बंसल, ब्रजेश अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, केके अग्रवाल, लक्ष्मण प्रसाद शर्मा, केसी अग्रवाल, आशु रोहतगी आदि उपस्थित रहे।

## एसटीएफ पुलिस अधीक्षक का युवा अधिवक्ता संघ ने किया अभिनंदन

आगरा। युवा अधिवक्ता संघ आगरा मंडल के द्वारा आगरा मंडल के एसटीएफ पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किए जाने एवं आगरा मंडल में बड़ी वारदातों को अंजाम देने वाले कुख्यात अपराधियों, नकली दवा के सिंडिकेट को कानूनी रूप से ध्वस्त करने को लेकर सम्मानित किया। इस अवसर पर युवा अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नितिन वर्मा ने कहा कि एसटीएफ के अपर पुलिस महानिदेशक के निर्देशन में आगरा इकाई की पुलिस अधीक्षक के द्वारा अपराधियों के विरुद्ध जो सख्त कार्य प्रणाली अपनाई गई है, वह काबिले तारीफ है।

आमतौर पर बड़े सिंडिकेट ताकत एवं रुतबे के बल पर बचकर निकल जाते हैं परंतु आगरा एसटीएफ इकाई ने नकली दवा के सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया हाल ही में उत्तर प्रदेश एसटीएफ के द्वारा कई बड़े अपराधों के खुलासे किये जिसके लिए बहुत जल्द एसटीएफ के अपर पुलिस महानिदेशक अमिताभ यश का भी नागरिक अभिनन्दन किया जायेगा। कार्यक्रम में संघ के महासचिव मनोज गुर्जर, के पी सिंह यादव, रिंकू यादव, अभय सिंह, देव गौतम, प्रवेन्द्र कुमार, एसपी बघेल, कृष्णा कौशल, उदयवीर, राजेंद्र प्रसाद, दीपक धामी, सिकन्दर सहेरा उपस्थित रहे।

## संस्कृति विवि में विशेषज्ञ वक्ता ने बताए कैरियर के अवसर



**मथुरा।** संस्कृति स्कूल आफ एग्रीकल्चर द्वारा ह्वएग्रीकल्चर ग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट के लिए करियर के मौकेह्व विषयक एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ वक्ता ने विद्यार्थियों को बताया कि कृषि क्षेत्र में स्नातक और परास्नातक की डिग्री लेने के बाद कैरियर के लिए कौन-कौन से मौके उपलब्ध हैं। इस उपयोगी कार्यक्रम के दौरान आईएसएबी, ग्रेटर नोएडा के संस्थापक सुरभ पांडे ने बताया कि आज के दौर में कृषि क्षेत्र में बहुत तेजी से बदलाव आ रहा है। कृषि क्षेत्र में नए-नए शोध और नए-नए प्रयोग किए जा रहे हैं।

विशेषज्ञ वक्ता सुरभ पांडे ने स्किल डेवलपमेंट, इंडस्ट्री एक्सपोजर, इंटर्नशिप, कम्युनिकेशन स्किल और कॉम्पिटिटिव एग्जाम की तैयारी के महत्व पर भी जोर दिया।

स्टूडेंट्स को एग्रीकल्चर इंडस्ट्री की बदलती मांगों को पूरा करने के लिए इनोवेशन, प्रॉब्लम-सॉल्विंग एबिलिटी और प्रैक्टिकल नॉलेज पर फोकस करने के लिए बढ़ावा दिया। उन्होंने क्लाइमेट-स्मार्ट एग्रीकल्चर, सस्टेनेबल खेती के तरीके, एग्री-एक्सपोर्ट पोटेंशियल और वैल्यू-चेन डेवलपमेंट जैसे उभरते ट्रेंड्स पर अपनी राय शेयर की। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आपको नौकरी ढूंढने के स्थान पर स्वयं उद्यमी बनकर तमाम लोगों को नौकरी देने वाला बनने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा करके आप अपना और तमाम और विद्यार्थियों का भला कर सकेंगे।

कार्यक्रम के अंत में एक एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 100 स्टूडेंट्स ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बीएससी (एग्रीकल्चर) के छात्र श्रीयांश गुप्ता ने प्रथम स्थान, दूसरा स्थान छात्रा महक अग्रवाल (बायोटेक्नोलॉजी) को और तीसरा स्थान छात्र वाई. नागा बाबू रवेंद्र बीएससी( एग्रीकल्चर) ने हासिल किया। प्रोग्राम का अंत स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर के डीन डॉ. कंचन कुमार सिंह के धन्यवाद भाषण के साथ हुआ, जिन्होंने मिस्टर सुरभ पांडे को उनकी कीमती जानकारी के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने संस्कृति यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. सचिन गुप्ता, सीईओ मैडम डॉ. मीनाक्षी शर्मा और वाइस चांसलर डॉ. एम. बी. चेट्टी को भी कार्यक्रम को सफल बनाने में उनके लगातार सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

## एसएसपी ने पचोखरा थाने का किया निरीक्षण



**टूंडला।** थाना पचोखरा में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद ने वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान थाने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा महिला पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत भी किया गया।इस दौरान उन्होंने सर्व प्रथम निरीक्षण शस्त्रागार का मुआयना किया, जहां सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गईं। इसके बाद उन्होंने मैस का निरीक्षण किया, जिसकी साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक मिली। इस अवसर पर एसएसपी सौरभ दीक्षित ने बताया कि पचोखरा थाने का वार्षिक निरीक्षण संतोषजनक रहा और सभी चीजें सही मिलीं। उन्होंने थाने की अन्य व्यवस्थाओं का भी बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद पुलिस कप्तान ने महिला शक्ति पुलिसकर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर एसपी सिटी रवि शंकर प्रसाद, क्षेत्राधिकारी टूंडला अरुण कुमार चौरसिया, पचोखरा थाना प्रभारी अमित तौमर के अलावा बड़ी संख्या पुलिस स्टॉफ मौजूद रहा।

# ना सुनो गर बुरा कहे कोई



जिला संवाददाता

**मथुरा।** एएचएम स्कूल चंदन वन में मिर्जा गालिब के इंतकाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में याद करते हुए ब्रजवासियों ने उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अधिवक्ता तनवीर अहमद खान ने कहा कि बृजवासी मिर्जा गालिब को उसके जन्म दिवस पर बार-बार याद करते हैं।

उस महाकवि का चमत्कार ही कुछ ऐसा है जिसके काव्य को भुलाया नहीं जा सकता शताब्दियाँ जिसको दोहराती रहेंगी और जिस पर शोधकर्ता अपने शोध ग्रंथ प्रस्तुत करते रहेंगे। संचालक प्रिंसिपल जिया उल हक ने कहा कि हमें भारत भूमि के महान कवियों जैसे कालिदास, अमीर खुसरो, कबीर,गालिब, टैगोर,सरोजिनी नायडू, महादेवी वर्मा और अब्दुल रहीम खान खाना को बार-बार याद करते रहना चाहिए ताकि हमारे आने वाली नस्ल देश के साहित्य इसका गुणगान करते रहें। मुख्य वक्ता डॉ.जैड हसन ने ना सुनो गर बुरा कहे कोई ,ना कहो गर बुरा करे कोई ।रोक लो गर गलत चले कोई, बख्श दो गर खता करे कोई काव्य पाठ पुस्तुत किया। जिस पर उन्होंने श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी।डॉक्टर अबरार ने गालिब की गरीबी का जिक्र किया। गफ्फार अब्बास एडवोकेट व निसार खान ने मिर्जा गालिब के पुस्तकालय की दीवार पर लगे चित्र देखें और उसकी पोशाक को देखकर आश्चर्य चकित रह गए। सुलेमान व मुजफ्फर साहब ने गालिब की घरेलू जिंदगी को अंदर से झांक कर देखा।इस मौके पर अब्दुल रहमान,हमीद खान,लाला पहलवान,हबीब अंसारी,राशिद खान, शाहिद खान एवं बुरहान मौजूद रही।

## लूटेरों को पुलिस ने मुठभेड़ में पकड़ा

मथुरा। फरह में कुण्डल लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले लुटोरों को पुलिस ने देर रात मुठभेड़ के दौरान घायल कर गिरफ्तार किया है। घटना में आरोपी रवि को पुलिस पहले की पकड़ चुकी है। सीओ रिफाइनरी अनिल कपरवान ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से आगरा और मथुरा के फरह क्षेत्र में कुंडल लूट की घटनाएं हो रही थीं, जिसमें अपराधी अलग-अलग वाहनों का इस्तेमाल कर रहे थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कार्य कर रही फरह पुलिस टीम ने ईशान कॉलेज के पास घेराबंदी की, तो वांछित अभियुक्त गांव सूमपुरा निवासी महेंद्र ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में अभियुक्त घायल हो गया, जिसे उपचार को अस्पताल भेजा गया है। अभियुक्त के पास से लूट के चार हजार रुपये, एक तमंचा, कारतूस और वारदात में प्रयुक्त टेंपो बरामद हुआ है। इसके साथी और शातिर अपराधी रामजीत की तलाश में दबिश दी जा रही है। उसके आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है तथा विधिक कार्रवाई की जा रही है। पूर्व में गिरफ्तार रवि ने पूछताछ में बताया था कि फरह का हिस्ट्रशीटर रामजीत और महेन्द्र के साथ कुण्डल लूट की ।

## 50 हजार की रंगदारी मांगने हत्या की धमकी देने वाले को किया गिरफ्तार




**टूंडला।** थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा 50 हजार रुपए की रंगदारी मांगने और न देने पर जान से मारने की धमकी देने वाले वांछित अभियुक्त को अवैध असलहा व मोबाइल सहित गिरफ्तार किया है। दिनांक 18/02/2026 को प्रिंस पुत्र विनोद कुमार उर्फ पप्पू निवासी मौहम्मदाबाद थाना टूण्डला द्वारा थाना पर तहरीर दी गयी कि अभियुक्त सोनू पुत्र रमेशचन्द्र निवासी मौहम्मदाबाद थाना टूण्डला द्वारा उसके फोन पर मैसेज भेजकर 50 हजार रुपये की रंगदारी माँगी गयी है और ना देने पर उसको जान से मारने की धमकी दी गयी है। जिसके सम्बन्ध में थाना टूण्डला पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त सोनू पुत्र रमेशचन्द्र को बन्ना रोड पर चबूतरे वाले पीपल के पेड के पास से 1 अवैध तमंचा 01 जिन्दा कारतूस व एक मोबाइल सहित गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया है।

# शारदीय नवरात्र तक मिल सकती है ,आगरा एयरपोर्ट को नये सिविल एंक्लेव की सौगातः श्रीकृष्ण गौतम




**टूंडला।** सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्रीनई सिविल एंक्लेव की सौगात शारदीय नवरात्र तक मिल सकती है। मत्स्य पशुधन,दुग्ध एवं पंचायती राज प्रो.एस.पी सिंह बघेल की अध्यक्षता में आगरा हवाई अड्डा सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई। भारत सरकार के नागरिक एवं उड्डयन मंत्रालय द्वारा नामित सदस्य के रूप में प्रतिभाग लेने वाले श्रीकृष्ण गौतम ने बताया कि नई सिविल एंक्लेव की सौगात शारदीय नवरात्र तक मिल सकती है। 55 फीसदी निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। केंद्रीय मंत्री के साथ एयरपोर्ट सलाहकार समिति के सदस्यों ने निर्माण स्थल का निरीक्षण भी किया। प्रोफेसर बघेल ने आगामी रुपरेखा बताते हुए कहा कि आगरा से गोवा, सूरत,गुवाहाटी जम्मू कश्मीर एवं बौद्ध सर्किट वाराणसी के लिए फ्लाइट शुरू कर इन शहरों को जोड़ा जाएगा। सिविल एंक्लेव में 19 चेक इनकाउंटर 22 डिजी यात्रा डिवाइस और 3 एयरोब्रिज जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। 442 करोड़ लागत बनने वाले नई सिविल एंक्लेव का क्षेत्रफल 144.07 एकड़, 600वाहन मल्टी स्पेस एवं सरफेस पार्किंग स्थल,ग्रीन एनर्जी हेतु 500 किलो वाट का सोलर प्लांट 12 एलिवेटर 06 एस्केलेटर तथा 33 ई वी चार्जिंग पॉइंट भी रहेंगे। बैठक में विवेक कुमार शर्मा, निदेशक विमानपत्तन संयोजक हवाई अड्डा सलाहकार समिति द्वारा यात्री सुविधाओं की प्रगति से अवगत कराया गया। आगरा प्रशासन के प्रतिनिधि अपर आयुक्त नगर निगम अपर जिलाधिकारी राजस्व वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारी, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के मुख्य सुरक्षा अधिकारी, इंडिगो एयरलाइंस के स्टेशन मैनेजर तथा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## पानी की टंकी से टकराकर गोवर्धन ड्रेन में गिरी कार, तीन भाइयों समेत चार की मौत

**मथुरा।** मगोर्रा थाना क्षेत्र के नगला देविया गांव के मोड़ पर बीती रात किसी अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दिए जाने के बाद अनियंत्रित होकर कार रजवाहे में जा गिरी। कार सवार चार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों और पुलिस की मदद से कार को बाहर निकला गया।

मगोर्रा थाना क्षेत्र के गांव नगला देविया में बुधवार रात साढ़े आठ बजे बड़ा हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर मोड़ पर पानी की टंकी से टकराने के बाद गोवर्धन ड्रेन में गिर गई। ड्रेन में पानी अधिक था। पूरी कार डूब गई। उसमें सवार चार लोग भी डूब गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीणों ने ड्रेन में छलांग लगाकर सभी को बाहर निकाला, लेकिन तब तक चारों की मृत्यु हो चुकी थी। ग्रामीणों का कहना है कि ड्रेन के पास मोड़ पर एक पानी की सीमेंट से बनी टंकी है। तेज रफ्तार कार इसी टंकी से टकरा गई और फिर अनियंत्रित होकर ड्रेन में घुस गई। ड्रेन में पानी अधिक था। पूरी कार पानी में डूब गई। ग्रामीणों ने शोर सुना तो कुछ ने ड्रेन में छलांग लगाई और कुछ ने पुलिस को सूचना दी। करीब 45 मिनट की मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने उन्हें बाहर निकाला, तब तक चारों की मृत्यु हो चुकी थी।

ट्रैक्टर की मदद से रस्सी डालकर कार को ड्रेन से बाहर निकाला गया। कार के नंबर के आधार मृतकों की पहचान महावन थाना क्षेत्र के प्रेम नगर निवासी राहुल, अमित, मोहित के रूप में हुई। एक की पहचान नहीं हो पाई है। एसपी देहात सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि यह सभी किसी कार्यक्रम में शामिल होने डीग की ओर जा रहे थे। तभी कार 10 फीट गहरी ड्रेन में गिर गई। ड्रेन में पानी का बहाव तेज था। गोवर्धन थाने के एसआई हरेंद्र मलिक ने बताया कि पता चला है कि तीनों मृतक एक ही परिवार के हैं और आपस में भाई लगते हैं।

संक्षेप

## जाइडस का पेपेअर'टीएम लॉन्च

नयी दिल्ली। जाइडस लाइफसाइंसेज लिमिटेड ने पेपेअर'टीएम लॉन्च किया है। यह भारत का पहला किफायती ऑसिलेटिंग पॉजिटिव एक्सपायरेटरी प्रेशर डिवाइस है, जिसमें 3-रेज़िस्टेंस सिस्टम दिया गया है। यह डिवाइस सीओपीडी, अस्थमा और ब्रोन्किइक्टेसिस से पीड़ित मरीजों में छाती की जकड़न कम करने, बलगम साफ करने और सांस लेने में सुधार करने में मदद करता है। पेपेअर'टीएम एक इनोवेटिव, ड्रग-फ्री, हैंडहेल्ड डिवाइस है, जिसका डिजाइन पेटेंटेड है। भारत में 90 लाख से अधिक मरीज गंभीर सांस के रोगों से पीड़ित हैं। इन मरीजों में अत्यधिक और लगातार बलगम बनना एक आम समस्या है, जिसके लिए रोजाना उपयोग योग्य एयरवे क्लीयरेंस समाधान की आवश्यकता होती है।

## कैंब्रियनएज.एआई ने नॉलेज पार्टनर की भूमिका निभायी

नयी दिल्ली। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में कैंब्रियनएज.एआई को नॉलेज पार्टनर के रूप में शामिल किया गया। इस चर्चा में यह बताया गया कि कंपनियों को अपने कर्मचारियों को एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) का सही इस्तेमाल सिखाना चाहिए। सिर्फ टूल्स जानना पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह समझना जरूरी है कि एआई के नतीजों पर कब भरोसा करना है और कब इंसान की मदद लेनी चाहिए। भारत में प्रतिभा और उत्साह दोनों हैं, लेकिन सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि कर्मचारियों को एआई में व्यावहारिक अनुभव कितनी जल्दी मिलता है। कैंब्रियनएज.एआई एक एआई आधारित प्लेटफॉर्म है, जो सामग्री बनाने, वितरण, शोध और विश्लेषण में मदद करता है। इसमें एआई काम करता है, लेकिन इंसान रचनात्मक नियंत्रण बनाए रखते हैं।

## सनफीस्ट यिप्पी का नया कैंपेन लॉन्च

नयी दिल्ली। अपनी शांत छवि के लिए जाने वाले जसप्रीत बुमराह ने अपना वह पक्ष दिखाया है, जिसे प्रशंसक कम ही देख पाते हैं। वह सनफीस्ट यिप्पी के नया कैंपेन में, जो ब्रांड के आइकॉनिक मैजिक मसाला वेरिएंट पर केंद्रित है, मस्तीभरे, चुटीले और पूरी तरह अपने असली अंदाज में नजर आए। ओगिल्वि द्वारा तैयार किए गए इस मैजिक मसाला कैंपेन में बुमराह पूरी तरह खुलकर यिप्पी नूडल्स के एक बाउल का आनंद लेते नजर आते हैं, जहां वह उस पल में पूरी तरह डूबे हुए हैं। मैजिक मसाला के बोल्ड और परिचित स्वाद में खोते हुए, बुमराह अपने पहले कभी न देखे गए अवतार में इस विचार को जीवंत करते हैं कि सबसे बेहतरीन फूड मोमेंट वही होते हैं, जब आप ऐसे खाओ जैसे कोई देख नहीं रहा हो।

## अडोबी ने पेश किये फ्लैगशिप उत्पाद

नयी दिल्ली। अडोबी ने अपने फ्लैगशिप उत्पाद पेश किये और इंडिया ए.आई इंपैक्ट समिट में घोषणा की कि कंपनी द्वारा भारत में प्रतिभाओं की अगली पीढ़ी को ए.आई संचालित क्रिएटिविटी और प्रोडक्टिविटी प्रदान करने के लिए सामरिक निवेश किया जाएगा। ए.आई लोगों द्वारा कंटेंट तैयार करने, विचारों को साझा करने, बिजनेस खड़ा करने और अपनी कल्पनाओं को जीवंत बनाने के तरीके में परिवर्तन ला रहा है। अडोबी की उद्योग में अग्रणी एप्लीकेशन, जैसे Firefly, Photoshop और Acrobat अगली पीढ़ी को ए.आई पर आधारित करियर के लिए तैयार कर रही हैं। स्टूडेंट्स भारत में संबद्ध उच्च शिक्षण संस्थानों में अब ये एप्लीकेशन निशुल्क इस्तेमाल कर सकेंगे।

## जावा 42 आइवरी रंग में लॉन्च

नयीदिल्ली। जावा येजदी मोटरसाइकिल्स में नियो-क्लासिक सेगमेंट की शुरूआत करने वाली मोटरसाइकिल जावा 42 अब नए आइवरी रंग में पेश की गई है। यह नया पेस्टल शेड दुनिया भर में बढ़ती उस पसंद को दर्शाता है, जिसमें लोग सांस्कृतिक शोर से राहत पाने के लिए नरम और सुकून देने वाले रंग चुन रहे हैं। यह ट्रेंड 2026 के कलर ऑफ द ईयर में भी दिखाई देता है। 42 नंबर की रेट्रो लिवरी और डेकल्स नई जावा 42 आइवरी को एक शांत लेकिन अलग पहचान देते हैं। जावा 42 ने 2018 में क्लासिक मोटरसाइकिल की परिभाषा बदल दी। इसने दिखाया कि भारतीय राइडर एक सच्चे नियो-क्लासिक से क्या उम्मीद कर सकता है। अपने बोल्ड डिजाइन, मजबूत परफॉर्मेंस इंजीनियरिंग, सुरक्षा और राइडर-फर्स्ट फीचर्स के साथ जावा 42 आज भी एकरूपता का तोड़ है।

# सेंसेक्स में 1236 अंकों की गिरावट




मुंबई। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बाद व्यापक बिकवाली होने से बृहस्पतिवार को घरेलू शेयर बाजारों में भारी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स I,236 अंक टूट गया जबकि निफ्टी 365 अंक लुढ़क गया।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स तीन सत्रों से जारी तेजी पर विराम लगाते हुए I,236.11 अंक यानी 1.48 प्रतिशत टूटकर 82,498.14 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 365 अंक यानी 1.41 प्रतिशत लुढ़ककर 25,454.35 अंक पर आ गया।

सेंसेक्स की कंपनियों में इंटरग्लोब एविएशन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, अदाणी पोर्ट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा, आईटीसी लिमिटेड, पावर ग्रिड के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट रही। अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने वैश्विक निवेशक धारणा को प्रभावित किया, जिससे बाजार में व्यापक बिकवाली देखने को मिली। कच्चे तेल के साल के उच्चतम स्तर के करीब पहुंच जाने से मुद्रास्फीति संबंधी चिंताएं बढ़ीं और होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आपूर्ति बाधित होने की आशंका के चलते बाजार में अस्थिरता बढ़ी। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.02 प्रतिशत बढ़कर 71.07 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, बुधवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने I,154.34 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे जबकि घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) भी 440.34 करोड़ रुपये के शुद्ध लिवाल रहे। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 1.71 प्रतिशत नीचे आया जबकि छोटी कंपनियों का स्मालकैप 0.98 प्रतिशत के नुकसान में रहा। क्षेत्रवार सूचकांकों में रियल्टी खंड में सर्वाधिक 2.54 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई जबकि बिजली खंड में 2.22 प्रतिशत, पूंजीगत उत्पाद खंड में 2.18 प्रतिशत और सेवा खंड में 2.11 प्रतिशत की गिरावट रही। इस चौतरफा गिरावट का नतीजा यह हुआ कि बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों के कुल बाजार पूंजीकरण में 6,79,210.1 करोड़ रुपये की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। ईरान पर अमेरिकी हमले की बढ़ती आशंका को देखते हुए निवेशकों ने जोखिम से परहेज किया। इससे कच्चा तेल एक प्रतिशत से अधिक चढ़ गया जबकि सोने एवं चांदी में भी एक प्रतिशत तक की तेजी रही। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.02 प्रतिशत बढ़कर 71.07 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

# चांदी 18000 रुपये की छलांग के साथ 2.6 लाख पर, सोना मजबूत



नयी दिल्ली। देश की राजधानी में बृहस्पतिवार को बहुमूल्य कीमती धातुओं की कीमतों में सात प्रतिशत से ज़्यादा की बढ़ोतरी हुई। चांदी जहां 2.6 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई, वहीं सोना 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम की ऊंचाई पर पहुंच गया। यह उछाल वैश्विक रुख तथा अमेरिका एवं ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच सुरक्षित निवेश वाली संपत्तियों की मांग में बढ़ोतरी की वजह से आया।

स्थानीय बाजार के जानकारों के मुताबिक, चांदी बुधवार के 2,46,000 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद स्तर से 18,000 रुपये या 7.32 प्रतिशत बढ़कर 2,64,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर मिलाकर) हो गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी I,950 रुपये या 1.24 प्रतिशत बढ़कर I,58,650 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) हो गया। पिछले सत्र में यह I,56,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर चांदी 1.03 प्रतिशत बढ़कर 77.97 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी, जबकि सोना थोड़ा बढ़कर 4,991.24 डॉलर प्रति औंस पर था। ईरान के खिलाफ संभावित अमेरिकी सैन्य कार्वाई की बढ़ती अटकलों के बीच भू-राजनीतिक जोखिम बढ़ने के कारण सुरक्षित निवेश परिसंपत्तियों की मांग में नई लहर से समर्थन पाकर बृहस्पतिवार को सोने की कीमतें बढ़कर लगभग 5,000 डॉलर प्रति औंस हो गईं। उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन के बीच नई बातचीत के विफल होने से भी वैश्विक अनिश्चितता फिर से बढ़ गई है, जिससे निवेशक सुरक्षित निवेश वाली परिसंपत्तियों में आवंटन बढ़ा रहे हैं। निवेशक अमेरिकी जीडीपी और व्यक्तिगत खपत खर्च (पीसीई) मुद्रास्फीति आंकड़े सहित मुख्य वृहद आर्थिक आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं, जो आने वाले महीनों में फेडरल रिजर्व की ब्याज दर की उम्मीदों को आकार दे सकता है।

## यूरोपीय संघ को भारत के कृषि उत्पाद और वाहन निर्यात में वृद्धि

नयी दिल्ली। भारत के कृषि उत्पाद और मोटर वाहनों का निर्यात यूरोपीय बाजारों में अपनी पहुंच बढ़ा रहा है और अप्रैल-दिसंबर, 2025 के दौरान इसमें अच्छी वृद्धि दर्ज की गई है।

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। आंकड़ों से पता चलता है कि वित्त वर्ष 2025-26 के पहले नौ महीनों के दौरान वैश्विक वाहन निर्यात में भारत के 19.3 अरब डॉलर में से, यूरोपीय संघ (ईयू) का हिस्सा अप्रैल-दिसंबर, 2024 के 9.8 प्रतिशत से बढ़कर 11.6 प्रतिशत हो गया। यूरोपीय संघ को निर्यात अप्रैल-दिसंबर, 2024 के 1.6 अरब डॉलर से बढ़कर अप्रैल-दिसंबर, 2025 में 2.2 अरब डॉलर हो गया। भारत ने हाल ही में यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौता के लिए बातचीत पूरी होने की घोषणा की है। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में इस क्षेत्र से दुनिया को भारत का निर्यात भी 16.8 अरब डॉलर से बढ़कर 19.3 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह, ईयू को भारत के मछली, कॉफी, चाय, मसाले, अनाज, गोंद और रेजिन के निर्यात में भी इस दौरान अच्छी वृद्धि दर दर्ज की गई है। अनाज का निर्यात अप्रैल-दिसंबर, 2024 के 18.1 करोड़ डॉलर से बढ़कर अप्रैल-दिसंबर, 2025 में 33.9 करोड़ डॉलर हो गया है। व्यापार समझौते के तहत शून्य-शुल्क पहुंच से इन उत्पादों के निर्यात में और बढ़ोतरी होगी।

## इसी साल बनने लगेगा दुर्लभ स्थायी चुंबक



नयी दिल्ली। कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत में इसी साल से दुर्लभ पृथ्वी स्थायी चुंबक का उत्पादन शुरू हो जाएगा, जो इलेक्ट्रिक वाहन एवं नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण खनिजों में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक अहम कदम होगा। दुर्लभ पृथ्वी स्थायी चुंबक का उपयोग इलेक्ट्रिक वाहन, पवन चक्कियों, इलेक्ट्रॉनिक्स, वैमानिकी और रक्षा क्षेत्रों में व्यापक रूप से किया जाता है। रेड्डी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत सरकार दुर्लभ पृथ्वी तत्वों के आयात पर निर्भरता कम करने के लिए ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि इस क्रम में इसी साल भारत में स्थायी चुंबकों का उत्पादन शुरू हो जाएगा। यह घोषणा ऐसे समय में आई है जब भारत नियोडिमियम और प्रासियोडिमियम जैसे दुर्लभ पृथ्वी तत्वों की आपूर्ति सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

खान मंत्रालय ने इसके लिए अन्वेषण ब्लॉकों की नीलामी करने के साथ पुनर्चक्रण सुविधाओं को भी मंजूरी दी है। फिलहाल भारत में महत्वपूर्ण खनिजों के प्रसंस्करण के लिए पर्याप्त इकाइयों की कमी है और यह एक बड़ी चुनौती है। इसके समाधान के लिए सरकार आंध्र प्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र और गुजरात में महत्वपूर्ण खनिज प्रसंस्करण संयंत्र पार्क स्थापित करने की तैयारी में है। रेड्डी ने कहा कि गुजरात सरकार ने इस दिशा में कार्य शुरू कर दिया है, जबकि आंध्र प्रदेश भी आगे बढ़ने को तैयार है। उन्होंने कहा कि वह जल्द ही ओडिशा और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्रियों से भी इन संयंत्रों की स्थापना पर चर्चा करेंगे। यदि पूर्ण मूल्य संवर्धन शृंखला विकसित नहीं की गई तो भारत प्रसंस्कृत महत्वपूर्ण खनिजों के लिए अन्य देशों पर निर्भर बना रहेगा।

## आंध्र प्रदेश में 29 हजार करोड़ रुपये के निवेश के 27 प्रस्तावों को मंजूरी

अमरावती। आंध्र प्रदेश निवेश संवर्धन बोर्ड की बैठक में 29,000 करोड़ रुपये से ज़्यादा के निवेश वाले 27 परियोजनाओं को मंज़ूरी दी गई है।

बुधवार देर रात एक सरकारी बयान में कहा गया, मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की अध्यक्षता में हुई 15वीं राज्य निवेश संवर्धन बोर्ड (एसआईपीबी) की बैठक में[8230] 29,021 करोड़ रुपये के निवेश वाले 27 परियोजनाओं को मंज़ूरी दी गई।

प्रशासन में बदलाव पर ज़ोर देते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक परियोजनाओं से जुड़े सभी मामलों में व्यवसाय करने की गति नीति ही मार्गदर्शक सिद्धांत बनी रहनी चाहिए। बयान में कहा गया है कि 15 एसआईपीबी बैठकों में, आंध्र प्रदेश ने नौ लाख करोड़ रुपये से ज़्यादा के निवेश को मंज़ूरी दी है, जिससे 8.5 लाख से ज़्यादा नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। नायडू ने ज़ोर देकर कहा कि गूगल, आर्सेलरमित्तल और बीपीसीएल जैसी दिग्गज कंपनियों की विशाल परियोजनाएं विचाराधीन हैं और अधिकारियों को यह पक्का करने का निर्देश दिया गया है कि सरकार की तरफ से कोई रुकावट न आए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रियों की एक समिति को कंपनियों को ज़मीन के आवंटन पर नज़र रखनी चाहिए और अगर कोई कंपनी काम शुरू नहीं करती है।

## एलआईसी म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया डायवर्सिफाइड टेक्नोलॉजी फंड

मुंबई। एलआईसी म्यूचुअल फंड ने एलआईसी एमएफ टेक्नोलॉजी फंड के लॉन्च की घोषणा की है। यह एक थीमैटिक इक्विटी स्कीम है, जिसे भारत के बढ़ते तकनीकी परिदृश्य में व्यापक एक्सपोजर प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसका दायरा पारंपरिक आईटी सेवाओं से आगे तक होगा। इसका न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) 20 फरवरी को खुलेगा और 6 मार्च को बंद होगा। उसके बाद स्कीम 19 मार्च से निरंतर सब्सक्रिप्शन और रिडेम्पशन के लिए दोबारा खुलेगी। फंड का प्रबंधन करण दोशी और जयप्रकाश तोशनीवाल द्वारा संयुक्त तौर पर किया जाएगा। इसे बीएसई टीईसीके टोटल रिटर्न इंडेक्स पर बेंचमार्क किया जाएगा। एलआईसी एमएफ टेक्नोलॉजी फंड का उद्देश्य पारंपरिक आईटी-केंद्रित योजनाओं से अलग हटकर टेक्नोलॉजी से संचालित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश करने का है, आम बजट 2026-27 ने सेमीकंडक्टर के विकास और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रति सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को पुनः पुष्ट किया है।

## फोक्सवैगन इंडिया की एसयूवी टायरॉन आर-लाइन लॉन्च

मुंबई। फोक्सवैगन इंडिया ने अपनी नई लग्जरी एसयूवी टायरॉन आर-लाइन की शुरूआती कीमत रुपये 46,99,000 (एक्स-शोरूम) घोषित कर दी है। यह कार उन भारतीय ग्राहकों के लिए बनाई गई है जो एक ऐसी गाड़ी चाहते हैं जो उनकी लाइफस्टाइल और महत्वाकांक्षाओं से मेल खाती हो। शानदार डिजाइन, दमदार परफॉर्मेंस, इस्तेमाल में आसान, स्मार्ट टेक्नोलॉजी और बेमिसाल आराम के साथ, एसयूवी टायरॉन आर-लाइन आपकी हर उम्मीद और जरूरत को पूरा करने के लिए तैयार है। अपने दमदार आर-लाइन स्टाइल और शानदार इंटीरियर के साथ, यह कार फोक्सवैगन के खास डिजाइन डीएनए की पहचान है। यह न सिर्फ लक्जरी देती है, बल्कि रोजाना इस्तेमाल के लिए भी उतनी ही आरामदायक है।

## इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट भारत को वैश्विक एआई रूपांतर के केन्द्र में मजबूती से रखता है : चांडक

नई दिल्ली। अशोक चांडक प्रेसिडेंट व सीईओ - आईईएसए ने कहा इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026, एआई, सेमीकंडक्टर रणनीति और विश्वसनीय वैश्विक टेक्नोलॉजी साझेदारियों के मेल में एक महत्ववपूर्ण पल है। 20 से ज्यादा राज्य प्रमुखों, 60 मंत्रियों, 500 ग्लोबल एआई लीडरों और 3,00,000 से ज्यादा आगंतुकों के साथ, यह समिट भारत को वैश्विक एआई रूपांतर के केन्द्र में मजबूती से रखता है खासकर ग्लोबल साउथ में।

## ब्रिटानिया जिम जैम ने पेश की मार्वल-प्रेरित रोमांचक रेंज

नयी दिल्ली। मार्वल सुपर हीरोज हमेशा एक्शन के केंद्र में रहते हैं। इसी हाई-एनर्जी दुनिया को आपके हाथों तक लाते हुए, ब्रिटानिया जिम जैम ने मार्वल-थीम्ड स्पेशल एडिशन पैक्स के लॉन्च की घोषणा की है, जिनके डिजाइन एपिक स्टोरीटेलिंग और लार्जर-देन-लाइफ कैरेक्टर्स से प्रेरित हैं। ब्रिटानिया जिम जैम और ब्रिटानिया जिम जैम पॉप्स में लॉन्च की जा रही इस नई रेंज में फैन-फेवरेट कैप्टन अमेरिका, थॉर, आयरन मैन, डेडपूल और वूल्वरिन शामिल हैं। हर पैक अपने सिग्नेचर बोल्ड ग्राफिक्स और आकर्षक विजुअल संकेतों के साथ मार्वल फैंस को आकर्षित करेगा – कैप्टन अमेरिका की शील्ड और थॉर के हैमर से लेकर आयरन मैन के सूट, डेडपूल की ट्विन कटानाज और वूल्वरिन के क्लॉज तक, हर आइकॉनिक एलिमेंट आपके अनुभव में एक मजेदार ट्विस्ट जोड़ता है।

# असम अपने स्वयं के कर राजस्व से चुकायेगा वेतन बिल : हिमंत शर्मा

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य के इतिहास में पहली बार, असम वित्त वर्ष 2026-27 में कर्मचारियों के वेतन और पेंशन बिलों का भुगतान पूरी तरह से अपने स्वयं के कर हस्तांतरण से करने में सक्षम होगा।

असम विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान शर्मा ने यह भी घोषणा की कि राज्य की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2027-28 तक 10 लाख करोड़ रुपये की हो जाएगी। यह उपलब्धि राज्य द्वारा निर्धारित लक्ष्य से दो साल पहले ही हासिल कर ली जाएगी। उन्होंने सदन को बताया कि पिछले वित्त आयोगों के हस्तांतरण में असम की हिस्सेदारी कम हो रही थी और यह लगभग तीन प्रतिशत पर टिकी थी। लेकिन 16वें वित्त आयोग ने देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में राज्य के योगदान के आधार पर हिस्सेदारी तय की है। इसके परिणामस्वरूप, हमारा हस्तांतरण बढ़कर 3.25 प्रतिशत हो गया है। शर्मा ने कहा कि 2026-27 में असम को कर हस्तांतरण के रूप में लगभग 50,000 करोड़ रुपये मिलेंगे। हम अपने कर्मचारियों के वेतन और पेंशन का भुगतान पूरी तरह से कर राजस्व के माध्यम से कर सकेंगे।

## एआई स्मार्टफोन को 'प्री-रिजर्व' करने वाले को विशेष लाभों की घोषणा

नयी दिल्ली। सैमसंग ने आज अपने आगामी एआई स्मार्टफोन को प्री-रिजर्व करने वाले ग्राहकों के लिए विशेष लाभों की घोषणा की। प्री-रिजर्व करने वाले ग्राहकों को 256जीबी से 512 जीबी तक का मेमोरी अपग्रेड मुफ्त दिया जाएगा। सैमसंग का अगला एआई फोन 25 फरवरी को सैन फ्रांसिस्को, कैलिफोर्निया में आयोजित होने वाले 'गैलेक्सी अनपैक्ड' इवेंट में पेश किया जाएगा। ग्राहक 25 फरवरी तक 999 रुपये की रिफंडेबल टोकन राशि जमा करके नए गैलेक्सी एस सीरीज डिवाइस को प्री-रिजर्व कर सकते हैं। प्री-रिजर्वेशन की सुविधा Samsung.com, सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स, Amazon.in, Flipkart.com और देशभर के प्रमुख रिटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध है।

# पेज एक का शेष

## एआई विजन

वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप सक्षम बन सकें। अपनी पोस्ट में मुख्यमंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि प्रदेश में एआई आधारित समाधान एक मिलियन से अधिक कृषक परिवारों की कृषि उत्पादकता बढ़ाने में सहायक बन रहे हैं। इसके अतिरिक्त राजस्व प्रबंधन, आंतरिक सुरक्षा और स्मार्ट गवर्नेंस में तकनीक आधारित पारदर्शिता को सुदृढ़ किया जा रहा है, जिससे प्रशासन अधिक प्रभावी, उत्तरदायी और जन-केंद्रित बन रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश, भारत के सुरक्षित, संप्रभु और स्केलेबल एआई भविष्य के निर्माण में मजबूत और रणनीतिक भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश का लक्ष्य केवल तकनीकी उन्नति नहीं, बल्कि ऐसी एआई व्यवस्था विकसित करना है जो मानवता के हित में कार्य करे और समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाए। उल्लेखनीय है कि दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विजन पेश करते हुए एआई को मानव केंद्रित और जिम्मेदार बनाने पर जोर दिया है।

## 600 किमी

2027 तक शुरू करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है, जिसके बाद दोनों शहरों के बीच यात्रा समय आधे से भी कम रह जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की यह यात्रा केवल तकनीकी जिज्ञासा तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे उत्तर प्रदेश में आधुनिक परिवहन ढांचे के विस्तार की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रदेश में पहले ही एक्सप्रेसवे, मेट्रो और क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम जैसे परियोजनाओं के जरिए गतिशील इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है। ऐसे में मैग्लेव जैसी भविष्य की तकनीक का प्रत्यक्ष अनुभव नीति निर्माण और दीर्घकालिक योजना के लिए उपयोगी माना जा रहा है। जापानी विशेषज्ञों के अनुसार इस ट्रेन में सुपरकंडक्टिंग मैग्नेट व अत्याधुनिक गाइडवे सिस्टम का उपयोग किया गया है, जो इसे उच्च गति के साथ स्थिरता और सुरक्षा भी प्रदान करता है। फिलहाल ट्रायल चरण में संचालित यह ट्रेन जापान की तकनीकी क्षमता और नवाचार की मिसाल मानी जा रही है। मुख्यमंत्री की प्रस्तावित यात्रा को भारत-जापान सहयोग के व्यापक परिप्रेक्ष्य में भी देखा जा रहा है। हाईस्पीड रेल, स्मार्ट मोबिलिटी और सतत परिवहन के क्षेत्र में सहयोग से उत्तर प्रदेश समेत देश के परिवहन नेटवर्क को नई दिशा मिलने की संभावना जताई जा रही है। जापान की मैग्लेव ट्रेन में सीएम योगी का यह सफर न केवल तकनीकी प्रगति का अनुभव होगा बल्कि तेज, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था की भावी तस्वीर को भी करीब से देखने का अवसर प्रदान करेगा।

## नये अवसरों

एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा। मोदी ने कहा, हमें एआई को खुला आकाश देना है, लेकिन साथ ही लगाम अपने हाथ में रखनी है। प्रधानमंत्री ने जीपीएस का उदाहरण देते हुए कहा कि यह उपकरण दिशाओं के बारे में सुझाव देता है लेकिन अंतिम निर्णय उपयोगकर्ता का ही होता है। मोदी ने कहा मानवता आज एआई को जिस दिशा में ले जाएगी, उसी से हमारा भविष्य तय होगा। उन्होंने बच्चों की सुरक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि एआई का क्षेत्र बच्चों के लिए सुरक्षित होना चाहिए और परिवार के मार्गदर्शन में इसका इस्तेमाल होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया में दो तरह के लोग हैं- एक वे जो एआई में डर देखते हैं और दूसरे वे जो एआई में समृद्धि देखते हैं। उन्होंने कहा, मैं गर्व और जिम्मेदारी के साथ कहता हूं कि हमें इसमें डर नहीं दिखता। भारत एआई में समृद्धि देखता है, भारत एआई में भविष्य देखता है। भारत एआई में प्रतिभा, ऊर्जा क्षमता और नीतिगत स्पष्टता के साथ अवसर और आने वाले कल की रूपरेखा देखता है। उन्होंने कहा, हमारे पास प्रतिभा भी है। हमारे पास ऊर्जा क्षमता और नीतिगत स्पष्टता भी है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि इस शिखर सम्मेलन में भारत की तीन कंपनियों ने अपने एआई मॉडल और ऐप्लिकेशन पेश किए हैं। ये मॉडल हमारे युवाओं की प्रतिभा को दर्शाते हैं। ये उन समाधानों को भी दिखाते हैं जो भारत दुनिया को दे रहा है।

## भारत-फ्रांस

सभी डिजिटल उपकरणों को समावेशी दृष्टिकोण की तरफ निर्देशित करने की आवश्यकता बढ़ती जा रही है। यहां एआई इम्पैक्ट समिट में अपने संबोधन में मैक्रों ने कहा कि फ्रांस और भारत संप्रभु एआई विकसित करने के लिए एक साझा दृष्टिकोण रखते हैं, जिसका उद्देश्य पृथ्वी की रक्षा करना और सभी के लिए समृद्धि को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा ऐसे समय में जब तनाव बढ़ रहा है, हमारे सभी डिजिटल उपकरणों को इस समावेशी दृष्टिकोण की तरफ निर्देशित करने की आवश्यकता और भी बढ़ गई है।

## एआई में प्रगति

मदद करने की क्षमता है। उन्होंने साथ ही कहा कि कृत्रिम मेधा जितना किसी भी प्रौद्योगिकी ने उन्हें बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित नहीं किया। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट को संबोधित करते हुए गूगल एवं अल्फाबेट के सीईओ ने एआई के लिए एक महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण की रूपरेखा प्रस्तुत की, इसे हमारे जीवनकाल का सबसे बड़ा बदलाव बताया और सरकारों, कंपनियों एवं संस्थानों से इस प्रौद्योगिकी को साहसपूर्वक एवं जिम्मेदारी से आगे बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा यह हमारे जीवनकाल का सबसे बड़ा वैश्विक बदलाव है।

## अब रविवार को

कार्यालय पहुंच पाते हैं। इन परिस्थितियों को देखते हुए पंजीकरण सेवाओं को सुभल और पारदर्शी बनाने के लिए समय में परिवर्तन किया गया है। महानिरीक्षक की तरफ जारी शासनादेश के संदर्भ में लखनऊ के सहायक आयुक्त स्टांप द्वितीय रमेश कुमार की ओर से कहा गया कि सदर तहसील में जहां पर पांच उपनिबंधक कार्यालय हैं वहां पर एक उप निबंधक कार्यालय एक बजे से रात आठ बजे तक खुलेगा। रजिस्ट्री के लिए आनलाइन अपाइंटमेंट एक बजे से सात बजे तक लिया जा सकेगा। शेष उपनिबंधक कार्यालयों में पहले की तरह ही दस बजे से पांच बजे कार्य होगा। इसी तरह सदर तहसील में ही किसी एक उपनिबंधक कार्यालय को रोस्टर के अनुसार रविवार को दस बजे से पांच बजे तक खोला जाएगा।

## अंतिम चरण में

है। महानिदेशक ने कर्तव्य निभाते हुए शहीद हुए जवानों को याद किया और आश्वासन दिया कि सीआरपीएफ उन बलिदानियों के परिजन के साथ खड़ा रहेगा। इस अवसर पर सिंह ने 61 पदक, आठ ट्राफी और एक प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। पिछले एक वर्ष में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थापित अग्रिम सैन्य चौकियों में से सर्वश्रेष्ठ चौकी को भी महानिदेशक से प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुआ। परेड की कमान कमांडेंट स्तर के अधिकारी दीपक ढौंडियाल ने संभाली। सीआरपीएफ की 87 वर्षगांठ परेड से पहले डीजी परेड आयोजित की गई। शनिवार को आयोगिज वर्षगांठ परेड में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल होंगे। ये दोनों कार्यक्रम पहली बार पूर्वोत्तर हिस्से में आयोजित किए जा रहे हैं।

## पुलिस मुठभेड़

गए अन्य आरोपियों की पहचान कोटा, राजस्थान के विनोद उर्फ बीनू प्रजापति और उत्तर प्रदेश के बरेली के करीम खान के रूप में हुई। बरामद वस्तुओं में I,46,100 रुपये नकद के साथ अंगूठियां, लॉकेट, झुमके और अन्य आभूषण शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से पिस्तौल और कारतूस समेत अन्य हथियार भी जब्त किए गए। एसपी ने कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस ने भी अभियान में सहायता की।

## समस्याओं का

स्थानीय पर्यटन को भी नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगी। चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार केवल एक समन्वयक के रूप में कार्य कर रही है, जबकि यात्रा की वास्तविक सफलता का श्रेय स्थानीय समुदाय को जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के विजन को साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड इस लक्ष्य की प्राप्ति में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देगा। उन्होंने महिला सशक्तिकरण को राज्य की प्राथमिकता बताया और कहा कि स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार उपलब्ध कराना सरकार का लक्ष्य है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो सके। मुख्य सचिव आनन्द वर्द्धन ने जानकारी दी कि शिविरों के माध्यम से प्रमाण पत्र, पेंशन और राजस्व जैसी सेवाएं तत्काल उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिन प्रकरणों का समाधान तुरंत संभव नहीं है, उन्हें ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कर एक निश्चित समय सीमा के भीतर हल किया जा रहा है। इस अवसर पर यमुनोत्री विधायक संजय डोभाल, राज्य मंत्री रामसुंदर नौटियाल, भाजपा मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, जिलाधिकारी प्रशांत आर्य और पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय सहित शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## यमुना एक्सप्रेसवे

डिजिटल नवाचार के अग्रणी केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में अहम कदम है। इटली आधारित वैश्विक कंपनी सिम्प्लास्ट ग्रुप ने उत्तर प्रदेश के यीडा क्षेत्र में 70 करोड़ रुपये के कुल निवेश से ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए उन्नत प्लास्टिक एवं रोटेशनल मोल्डिंग उत्पादों की नई विनिर्माण इकाई स्थापित करने की घोषणा की है, जिसमें 50 प्रतिशत विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) शामिल है। गुरुवार को यीडा के सीईओ राकेश कुमार सिंह ने कंपनी को तीन एकड़ भूमि आवंटन के लिए एलओआई पत्र सौंपा। यह परियोजना भारत-इटली औद्योगिक सहयोग को नई मजबूती प्रदान करते हुए यमुना क्षेत्र को वैश्विक विनिर्माण हब के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। कुल 70 करोड़ रुपये के निवेश से प्रदेश में विदेशी पूंजी प्रवाह बढ़ेगा तथा कुशल, अर्द्ध-कुशल एवं अकुशल श्रमिकों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। वहीं आपूर्तिकताओं, लॉजिस्टिक्स, परिवहन और स्थानीय व्यवसायों के माध्यम से बड़े पैमाने पर अप्रत्यक्ष रोजगार भी उत्पन्न होगा।

## गोरखपुर में

गए हैं। कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अगर कोई दोषी पाया गया तो उसका पंजीकरण रद्द कर दिया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश झा ने इसे गंभीर चूक बताया और कहा कि जांच रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के परीक्षण में जीवाणु संक्रमण की पुष्टि हुई है। कई सर्जरी आयुष्मान भारत योजना के तहत की गईं। मरीजों ने आरोप लगाया कि सर्जरी के कुछ ही घंटों बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई और अगले दिन उनमें जटिलताएं पैदा हो गईं। सबसे अधिक प्रभावित कुछ मरीजों का इलाज अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) दिल्ली और वाराणसी तथा लखनऊ के अस्पतालों में चल रहा है।

अधिकारियों ने कहा कि कई मामलों में, संक्रमण को आगे फैलने से रोकने के लिए डॉक्टरों को संक्रमित आंख को निकालना पड़ा। प्रभावित मरीजों में से एक बेलघाट के कौल्हा गांव के निवासी परदेशी ने कहा कि एम्स दिल्ली के डॉक्टरों ने 17 फरवरी को जांच के दौरान उन्हें बताया कि ऑपरेशन की गई आंख से रोशनी चली गई है। परदेशी ने बताया कि उन्होंने (डॉक्टरों ने) कहा कि रिपोर्ट के आधार पर आंख हटानी पड़ सकती है। गोला की सहवान अली ने कहा कि सर्जरी के एक दिन बाद उनकी हालत खराब हो गई। उन्होंने कहा कि अगले दिन आंख से खून बहने लगा। हमें दिल्ली ले जाया गया। डॉक्टरों ने एक आंख निकाल दी।




# गावस्कर की अभिषेक को सलाह, पारी के शुरू में एक्रॉस द लाइन शॉट खेलने से बचें

अहमदाबाद। दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर का मानना है कि अभिषेक शर्मा मौजूदा टी20 विश्व कप में उम्मीदों के दबाव से जूझ रहे हैं और वह चाहते हैं कि यह आक्रामक सलामी बल्लेबाज अपनी पारी की शुरुआत में एक्रॉस द लाइन शॉट खेलने से बचे। अभिषेक ने टूर्नामेंट में अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उनमें वह खाता खोलने में नाकाम रहे हैं।

अमेरिका, पाकिस्तान और नीदरलैंड के खिलाफ वह शुरू में ही आउट हो गए थे। गावस्कर ने स्टार स्पोर्टस से कहा, अभिषेक शर्मा बहुत ही अच्छे इंसान हैं, लेकिन उन पर उम्मीदों का बोझ साफ दिख रहा है। अगर उन्होंने अमेरिका के खिलाफ अच्छी शुरुआत की होती तो बात कुछ और होती। अब बड़े छक्के लगाने वाला शीर्ष बल्लेबाज होने का दबाव उन पर साफ दिख रहा है। उन्होंने कहा



अपनी बल्लेबाजी क्षमता को देखते हुए उन्हें क्रीज पर समय बिताना होगा। उन्हें अपनी पारी की पहली ही गेंद पर चौका या छक्का लगाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। अगर बड़े शॉट खेलने का मन करे तो ठीक है। लेकिन उन्हें एक्रॉस द लाइन शॉट खेलने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। गावस्कर ने कहा कि इस 25 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज को अपनी पारी की शुरुआत में समझदारी से क्रिकेट खेलने की जरूरत है। उन्होंने कहा, एक रन लो और अपना खाता खोलो। चार डॉट बॉल भी मायने नहीं रखतीं। वह बाद में उनकी भरपाई कर सकता है।

उसे शुरुआत में समझदारी से खेलना होगा। एक-दो ओवर क्रीज पर पांव जमाने में बिताओ, फिर अपना स्वाभाविक खेल खेलो। भारत ने बुधवार को शिवम दुबे की 31 गेंदों पर खेली गई 66 रन की पारी और वरुण चक्रवर्ती के 14 रन देकर तीन विकेट की बदौलत नीदरलैंड को 17 रन से हराकर ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। गावस्कर ने दुबे की जमकर तारीफ की और कहा कि बाएं हाथ के इस ऑलराउंडर को अपने खेल में सिर्फ एक शॉट जोड़ने की जरूरत है, जिससे वह बेहद खतरनाक बल्लेबाज बन जाएगा। उन्होंने कहा, शिवम दुबे को गेंदबाजी करना बहुत मुश्किल है क्योंकि उनके पास कई तरह के शॉट खेलने की क्षमता है। आप उन्हें ऑफ स्टंप के बाहर गेंदबाजी कर सकते हैं, लेकिन फिर भी उनमें लॉन्ग ऑन के ऊपर से शॉट लगाने की क्षमता है। वह सिर्फ मिड-विकेट और स्कायर-लेग के ऊपर से शॉट लगाने की कोशिश नहीं करते। वह लॉन्ग ऑफ के ऊपर से भी शॉट लगा सकते हैं।

इस पूर्व कप्तान ने कहा, अगर वह एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से इनसाइड आउट शॉट खेलने पर कड़ी मेहनत करता है तो वह एक बेहद खतरनाक बल्लेबाज बन जाएगा। तब वह गेंद को मैदान के किसी भी हिस्से में मार सकता है। चक्रवर्ती के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए गावस्कर ने कहा कि यह स्पिनर इस प्रारूप में भारत के लिए एक महत्वपूर्ण गेंदबाज है। उन्होंने कहा,



जसप्रीत बुमराह शुरुआत में गेंदबाजी करेंगे। अगर हार्दिक पंड्या शुरुआती ओवरों में एक-दो विकेट ले लेते हैं तो इससे काफी मदद मिलेगी। लेकिन भारत गेंदबाजी में काफी हद तक वरुण के चार ओवरों पर निर्भर रहेगा। सुपर आठ में विपक्षी टीम उनका सामना कैसे करती हैं, यह देखना बेहद दिलचस्प होगा। गावस्कर चाहते हैं कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को होने वाले सुपर आठ के मैच में अर्शदीप सिंह की जगह अक्षर पटेल को अंतिम एकादश में शामिल किया जाए। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अक्षर पटेल सुपर आठ में अंतिम एकादश में वापसी करेंगे। क्या वह अर्शदीप सिंह की जगह लेंगे, यह देखना बाकी है। वाशिंगटन अपनी जगह बरकरार रख पाएंगे या नहीं, इसके बारे में भी पक्के तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता। वाशिंगटन आठवें नंबर पर अच्छी बल्लेबाजी कर सकते हैं और मुझे लगता है कि उन्हें इसका फायदा मिल सकता है।

भारत ने बुधवार को शिवम दुबे की 31 गेंदों पर खेली गई 66 रन की पारी और वरुण चक्रवर्ती के 14 रन देकर तीन विकेट की बदौलत नीदरलैंड को 17 रन से हराकर ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। गावस्कर ने दुबे की जमकर तारीफ की और कहा कि बाएं हाथ के इस ऑलराउंडर को अपने खेल में सिर्फ एक शॉट जोड़ने की जरूरत है, जिससे वह बेहद खतरनाक बल्लेबाज बन जाएगा। उन्होंने कहा, शिवम दुबे को गेंदबाजी करना बहुत मुश्किल है क्योंकि उनके पास कई तरह के शॉट खेलने की क्षमता है।

आप उन्हें ऑफ स्टंप के बाहर गेंदबाजी कर सकते हैं, लेकिन फिर भी उनमें लॉन्ग ऑन के ऊपर से शॉट लगाने की क्षमता है। वह सिर्फ मिड-विकेट और स्कायर-लेग के ऊपर से शॉट लगाने की कोशिश नहीं करते। वह लॉन्ग ऑफ के ऊपर से भी शॉट लगा सकते हैं। इस पूर्व कप्तान ने कहा, अगर वह एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से इनसाइड आउट शॉट खेलने पर कड़ी मेहनत करता है तो वह एक बेहद खतरनाक बल्लेबाज बन जाएगा।

# बेनेट, रजा की शानदार पारी से जीता जिम्बाब्वे

## ग्रुप की शीर्ष टीम बनी जिम्बाब्वे टी20 विश्व कप के सुपर आठ में प्रवेश किया

एजेंसी

कोलंबो। ब्रायन बेनेट के अर्धशतक और कप्तान सिकंदर रजा की 45 रन की पारियों के दम पर जिम्बाब्वे ने श्रीलंका को बृहस्पतिवार को छह विकेट से हराकर अपराजेय रहते हुए ग्रुप की शीर्ष टीम के रूप में टी20 विश्व कप के सुपर आठ में प्रवेश किया। कठिन पिच पर जीत के लिये 179 रन के लक्ष्य के जवाब में जिम्बाब्वे ने 19.3 ओवर में चार विकेट पर 182 रन बनाये। बेनेट 48 गेंद में 63 और रजा 26 गेंद में 45 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों टीमें ग्रुप बी से सुपर आठ में पहुंच चुकी है और लीग चरण में आस्ट्रेलिया को हराने वाली जिम्बाब्वे के प्रदर्शन ने सभी को चौंका दिया है। जिम्बाब्वे ने पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 55 रन बना लिये थे। सलामी बल्लेबाज बेनेट और ताडी मारूमानी ( 26 गेंद में 34 रन ) ने टीम को शानदार शुरूआत दी। दोनों ने पहले विकेट के लिये 8 . 3 ओवर में 69 रन बनाये।

मारूमानी को दुनिथ वेलालागे ने रिटर्न कैच लेकर पवेलियन भेजा। रियान बर्ल ने 12 गेंद में 23 रन बनाये लेकिन दासुन शनाका की गेंद पर विकेट गंवा बैठे। इसके बाद रजा और बेनेट ने मोर्चा संभाला। रजा ने दिलशान मदुशंका को 15वें ओवर में लगातार दो छक्के लगाये। इसके अगले ओवर में स्पिनर महीष तीक्षणा को एक छक्का और एक चौका लगाया। रजा को 19वें ओवर में दुशान हेमंता ने आउट किया और दो गेंद बाद ताशिंगा मुसेकिवा भी पवेलियन लौट गए। आखिरी ओवर में जिम्बाब्वे को आठ रन चाहिये थे और टोनी मुनियोंगा ने तीक्षणा को छक्का लगाकर जिम्बाब्वे खेमे में खुशी का संचार कर दिया। इससे पहले धीमी पिच पर बीच के ओवरों में श्रीलंका के बल्लेबाजों को परेशानी आई और वे सात विकेट पर 178 रन ही बना सके। पहले बल्लेबाजी करते



हुए श्रीलंका की शुरूआत अच्छी रही। सलामी बल्लेबाज कुसल परेरा (22) और पाथुम निसांका ( 62 ) ने 4 . 5 ओवर में 54 रन बनाये। बायें हाथ के बल्लेबाज परेरा सहज नहीं दिखे लेकिन तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी को उन्होंने दो चौके लगाये। वह हालांकि मुजरबानी के बाउंसर पर पूल शॉट खेलने के प्रयास में शॉर्ट फाइन लेग पर ग्रीम क्रेमर को कैच दे बैठे। श्रीलंका के बल्लेबाजों ने पावरप्ले में एक विकेट पर 61 रन बना लिये थे लेकिन इसके बाद रनगति धीमी पड़ गई। जिम्बाब्वे के स्पिनरों सिकंदर रजा , क्रेमर, रियान बर्ल और वेलिंगटन मसाकाजा ने मेजबान बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। अगले चार ओवरों में सिर्फ 21 रन बने। इस बीच कुसल मेंडिस का विकेट भी गिरा जो 20 गेंदों में 14 रन ही बना सके। वहीं पिछले मैच में आस्ट्रेलिया के खिलाफ शतक बनाने वाले निसांका ने 34 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। वह क्रेमर की गेंद पर रिवर्स स्वीप लगाने के प्रयास में टोनी मुनिनोगा को कैच दे बैठे। पवन रत्नायके ने 25 गेंद में 44 रन बनाये और ब्राड इवांस को 19वें ओवर में दो चौके और एक छक्का जड़कर श्रीलंका को 150 रन के पार पहुंचाया। आखिरी दो ओवरों में 30 रन बने। वहीं दूसरी ओर पूर्व गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने भारत की टी20 विश्व कप में लगातार चार जीत का जिक्र करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि यह सिर्फ जीत हासिल करने की बात नहीं है बल्कि यह मायने रखता है कि टीम कैसे जीतती है क्योंकि इन मुकाबलों में चार अलग अलग खिलाड़ियों ने प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार हासिल किए जिससे टीम की गहराई और टीमवर्क का पता चलता है। भारत ने लगातार चार जीत से ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया और सुपर आठ में जगह बनाई।

म्हाम्ब्रे ने कहा कि अब तक मिली चुनौतियां टीम को टूर्नामेंट के अहम दौर में आगे बढ़ने में मदद करेंगी। म्हाम्ब्रे ने यहां एमसीए-बीकेसी मैदान पर एमआई जूनियर के छठे सत्र के लांच के मौके पर कहा, एक बात यह है कि भारतीय टीम जिस तरह से खेल रही है। मुझे लगता है कि वे जिस तरह का क्रिकेट खेल रहे हैं, वह शानदार है। उन्होंने कहा, उन्होंने जो कौशल दिखाया है, वह शानदार है। एक जीतना होता है और एक आप कैसे जीतते हैं। हमारे लिए यह जीतने वाली बात नहीं है, यह बस इस बात पर निर्भर करता है कि हमने ये मैच कैसे जीते हैं। म्हाम्ब्रे ने कहा कि भारत ने टूर्नामेंट में कुछ चुनौतीपूर्ण पलों का सामना किया है और उनका मानना है कि ये अनुभव खिलाड़ियों को सतर्क बनाए रखेंगे और आगे आने वाली मुश्किल चुनौतियों के लिए बेहतर तरीके से तैयार करेंगे। पूर्व भारतीय खिलाड़ी ने कहा, मुश्किल पल आए हैं। अमेरिका के खिलाफ मैच इसका उदाहरण था जिसमें तीन, चार विकेट गिर गए। सूर्यकुमार यादव ने शानदार पारी खेली और टीम को जीत तक ले गए। अच्छी बात यह है कि सभी ने योगदान दिया है। पिछले चार मैच में चार अलग-अलग खिलाड़ी प्लेयर ऑफ द मैच रहे हैं।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया श्रृंखला एक-एक से बराबर

कैनबरा। जॉर्जिया वोल ( 88 ) और बेथ मूनी ( 46 ) के बीच पहले विकेट के लिए 128 रन की रिकॉर्ड साझेदारी की बदौलत ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने बृहस्पतिवार को यहां दूसरे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत को 19 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। वोल और मूनी की पहले विकेट की साझेदारी भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी भागीदारी रही जिससे मेजबान टीम ने पांच विकेट पर 163 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने शानदार शुरुआत की लेकिन इसके बावजूद 20 ओवर में नौ विकेट पर 144 रन ही बना सकी जिसमें हरमनप्रीत कौर ने 36, स्मृति मंधाना ने 31 और शेफाली वर्मा ने 29 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए एश्ले गार्डनर ने 22 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि किम गार्थ, अनाबेल सदरलैंड और ऑस्ट्रेलिया की कप्तान सोफी मोलिनू को दो-दो विकेट मिले।



श्रृंखला निर्णायक मुकाबला शनिवार को एडिलेड ओवल में खेला जाएगा। भारत का स्कोर नौवें ओवर में एक विकेट पर 65 रन था लेकिन मेहमान टीम ने आखिर में सात रन के अंदर छह विकेट गंवा दिए। शेफाली ( 23 गेंद में पांच चौके ) की तेज शुरुआत के बाद मंधाना भी खुलकर खेल रही थीं। दोनों भारतीय सलामी बल्लेबाजों ने पावरप्ले में 54 रन बना लिए थे। लेकिन मोलिनू ने शेफाली को पगबाधा आउट करके भागीदारी का अंत किया और गार्डनर ने जेमिमा रोड्रिग्स ( 04 ) का अहम विकेट लिया। लगातार दो विकेट गिरने से भारत की रन गति धीमी पड़ गई। जल्द ही मंधाना के रूप में तीसरा विकेट गिरा जब वह गार्थ की गेंद पर मूनी को कैच दे बैठीं। भारतीय टीम ने तीन विकेट पर 71 रन बना लिए थे। तब कप्तान हरमनप्रीत और ऋचा घोष ( 19 ) ने मिलकर चौथे विकेट के लिए 55 रन जोड़े। हालांकि रन रेट बढ़ता जा रहा था जिससे भारतीय खिलाड़ियों को जोखिम उठाने का खामियाजा भुगतना पड़ा। हरमनप्रीत को 17वें ओवर की दूसरी गेंद पर गार्थ ने आउट किया और तीन गेंद बाद घोष भी गार्डनर की गेंद पर स्टंप आउट हो गईं। भारत की उम्मीदों को एक और बड़ा झटका तब लगा जब 18वें ओवर में गार्डनर ने दीप्ति शर्मा ( शून्य ) को सदरलैंड के हाथों कैच कराया जिससे भारत का स्कोर छह विकेट पर 128 रन हो गया। इससे पहले सलामी बल्लेबाज वोल और मूनी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने अच्छी शुरूआत की। अरुंधति रेड्डी ने एक बार फिर अच्छा प्रदर्शन किया और ऑस्ट्रेलिया की दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट किया। हालांकि उन्होंने पारी की आखिरी गेंद पर एशले गार्डनर ( नाबाद 10 ) का कैच छोड़ दिया। उन्होंने चार ओवर में 30 रन देकर दो विकेट झटके। सपाट पिच पर वोल और मूनी ने भारतीय गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाते हुए 14.5 ओवर में 128 रन जोड़े। मूनी अपने अर्धशतक से चार रन पहले आउट हो गईं। वोल और मूनी ने भारत के खिलाफ महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में ऑस्ट्रेलिया की पहले विकेट के लिए 115 रन की साझेदारी को बेहतर बनाया जो मार्च 2020 में मेलबर्न में एलिसा हीली और मूनी की जोड़ी ने बनाई थी। दाएं हाथ की बल्लेबाज वोल ने शुरू से ही आक्रामक रूख अख्तियार और मूनी ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। वोल ने भारत की खराब गेंदबाजी का पूरा फायदा उठाते हुए अपनी पारी के दौरान 11 चौके और एक छक्का लगाया।

## संक्षेप

### वैष्णवी आईटीएफ ओपन के क्वार्टर फाइनल में

बेंगलुरु। भारत की वैष्णवी अदकर ने बृहस्पतिवार को यहां आठवीं वरीयता प्राप्त माई होनतामा को तीन सेट तक चले रोमांचक मुकाबले में हराकर आईटीएफ वुमैन्स ओपन डब्ल्यू100 के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इक्कीस साल की वैष्णवी ने जापान की प्रतिद्वंद्वी को 2-6, 6-4, 7-6(8) से हराया और अब उनका सामना ऑस्ट्रेलिया की चौथी वरीय टेलाह प्रेस्टन से होगा। इससे पहले सहजा यमलापल्ली को ऑस्ट्रेलिया की शीर्ष वरीय तालिया गिब्सन से 0-6, 0-6 से हार का सामना करना पड़ा। मैच में मधुमक्खियों के झुंड के आने से 20 मिनट की देरी हुई। हालांकि मधुमक्खियों ने किसी खिलाड़ी, अधिकारी या दर्शकों को नहीं काटा।

### शीर्ष वरीय बंथिया-डोंस्की युगल के क्वार्टर फाइनल में

नयी दिल्ली। भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल बृहस्पतिवार को यहां दूसरे दौर में इटली के छठे वरीय फेडेरिको सिना से हारने के बाद एटीपी दिल्ली ओपन से बाहर हो गए। युगल ड्रॉ में भारत के सिद्धांत बंथिया और बुल्गारिया के अलेक्जेंडर डोंस्की की शीर्ष वरीय जोड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई।

दुनिया में 225वें नंबर पर काबिज 18 साल के सिना ने 297वीं रैंकिंग के नागल को एक घंटे 40 मिनट में 6-4, 6-4 से शिकस्त दी। ब्रिटेन के तीसरे वरीय जे क्लार्क और पांचवें वरीय ओलिवर क्रॉफर्ड और जापान के आठवें वरीय रियो नोगुची ने सीधे सेटों में अपने मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

# विरोधियों के लिए चुनौती बने तिलक व ईशान किशन



एजेंसी

अहमदाबाद। भारतीय टीम के सहायक कोच रयान टेन डोएशे ने इस बात पर सहमति जताई कि बाएं हाथ के बल्लेबाजों वाले शीर्ष क्रम के लिए विपक्षी टीमों का सही रणनीति बनाना और फिंगर ( उंगलियों के ) स्पिनरों के खिलाफ बल्लेबाजों का संघर्ष टी20 विश्व कप के सुपर आठ में भारत के सामने दो अहम मुद्दे होंगे।

डोएशे ने नीदरलैंड के खिलाफ अंतिम लीग मैच में भारत की जीत के बाद पत्रकारों से कहा कि खिताब के प्रबल दावेदार ने अभी तक एक भी मैच ऐसा नहीं खेला है जिसमें उसका पूरी तरह से दबदबा रहा हो। भारत के शीर्ष तीन बल्लेबाजों में अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और तिलक वर्मा शामिल हैं। यह तीनों बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और डोएशे ने स्वीकार किया कि इससे विपक्षी टीमों के लिए उनके खिलाफ रणनीति बनाना आसान हो गया है। प्रतिद्वंद्वी टीमें अभिषेक शर्मा सहित शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने के लिए पावरप्ले में ऑफ स्पिनरों का इस्तेमाल कर रही हैं। अभिषेक इस टूर्नामेंट में तीन मैच में खाता भी नहीं खोल पाए हैं जबकि कुछ समय पहले तक वह अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में थे। नीदरलैंड के ऑफ स्पिनर आर्यन दत्त ने बुधवार को पावरप्ले में तीन ओवर फेंके और अभिषेक और किशन को आउट किया। डोएशे का मानना है कि भारत को उंगलियों से गेंदबाजी करने वाले स्पिनरों के खिलाफ अपने खेल में बड़े सुधार की जरूरत है।

घरेलू टीम को दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज के खिलाफ सुपर आठ मैचों में उंगलियों से गेंदबाजी करने वाले स्पिनरों से निपटने का तरीका ढूंढना होगा। उन्होंने कहा, इससे टीमों को भारत के खिलाफ रणनीति बनाने में आसानी हुई है। हमारे पास शीर्ष तीन में ज्यादा विकल्प नहीं हैं। हमारे पास संजू सैमसन बेंच पर बैठे हैं और आगामी मैचों को देखते हुए अगर हम उंगलियों के स्पिनरों को देखें तो इस मामले में हमारा सामना न्यूजीलैंड से होगा। डोएशे ने कहा, हमारे पास कुछ ऐसे गेंदबाज हैं जो उंगलियों से स्पिन गेंदबाजी करते हैं।

वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के पास भी अगर हम मार्करम को शामिल करें, तो इस तरह के गेंदबाज हैं। लेकिन कुल मिलाकर हमें लगता है कि ये हमारे सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं और हम टीम में बाएं हाथ के अधिक बल्लेबाजों से काम चला लेंगे। नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने दिल्ली में अपनी राउंड आर्म ऑफ स्पिन गेंदबाजी से भारतीय बल्लेबाजों को चकमा दिया था, जिसके बाद पाकिस्तान के उस्मान कादिर, सलमान आगा और साइम अयूब कोलंबो में भारतीय बल्लेबाजों पर दबाव बनाने में कामयाब रहे। डोएशे ने कहा कि जब गेंद थोड़ी रुक-रुक कर आ रही हो तो बल्लेबाजों को उंगलियों के स्पिनरों के खिलाफ खेलने का तरीका ढूंढना होगा।

टी20 विश्व कप के अगले चरण में सुधार के क्षेत्रों के बारे में बात करते हुए डोएशे ने कहा, मैं ऑफ स्पिन नहीं कहूंगा, मैं फिंगर स्पिन ( उंगलियों के स्पिनर) कहूंगा। अगर आप आंकड़ों की बात करें, तो मुझे लगता है कि पाकिस्तान ने पिछले मैच में 14 ओवर फिंगर स्पिनरों से करवाए। मेरा अनुमान है कि शायद उन्होंने चार विकेट लिए और 78 रन दिए। यह अच्छे आंकड़े नहीं हैं। डोएशे ने कहा, अगले तीन मैच में भी हमें फिंगर स्पिन गेंदबाजी का सामना करना पड़ेगा और उसे देखते हुए मुझे लगता है कि हमें इस पर ध्यान देना होगा।



# वेस्टइंडीज की इटली पर आसान जीत

एजेंसी

कोलकाता। कप्तान शाई होप के आकर्षक अर्धशतक तथा तेज गेंदबाज शामार जोसेफ के चार विकेट और चार कैच की मदद से वेस्टइंडीज ने गुरुवार को यहां इटली को 42 रन से हराकर टी20 विश्व कप के ग्रुप सी में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा। वेस्टइंडीज के बल्लेबाज अनुकूल दिख रही पिच पर इटली के स्पिनरों के सामने खुलकर नहीं खेल पाए लेकिन उसने होप ( 46 गेंद पर 75 रन) के अर्धशतक की बदौलत छह विकेट पर 165 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। इसके जवाब में इटली की टीम 18 ओवर में 123 रन पर आउट हो गई। उसका कोई भी बल्लेबाज 30 रन की संख्या तक नहीं पहुंच पाया। वेस्टइंडीज की तरफ से जोसेफ ने 30 रन देकर चार विकेट लिए।

उन्होंने चार कैच भी लपके और इस तरह से वह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक मैच में चार विकेट और चार कैच लेने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। वेस्टइंडीज ने इस तरह से अपना अजय अभियान जारी रखा और ग्रुप सी में शीर्ष पर रहते हुए सुपर आठ में जगह बनाई जहां उसका सामना भारत, दक्षिण अफ्रीका और जिंबॉब्वे से होगा। इटली



ने चार मैच में एक जीत के साथ अपने अभियान का समापन किया। ग्रुप सी से सुपर आठ में जगह बनाने वाली दूसरी टीम इंग्लैंड है। होप की पारी में छह चौके और चार छक्के शामिल हैं। उनके अलावा रोस्टन चेज ( 25 गेंद पर 24 ), शेरफेन रदरफोर्ड ( 15 गेंद पर नाबाद 24 ) और मैथ्यू फोर्डे ( आठ गेंद पर नाबाद 16 ) ही कुछ उपयोगी योगदान दे पाये।

## रणजी के फाइनल में जम्मू कश्मीर व कर्नाट भिड़ेगा

लखनऊ। कर्नाटक ने बृहस्पतिवार को उत्तराखंड के खिलाफ ड्रॉ हुए सेमीफाइनल मैच में पहली पारी की बढ़त के आधार पर 11 साल के अंतराल के बाद रणजी ट्रॉफी के फाइनल में जगह बनाई। कर्नाटक 24 फरवरी से हुबली में होने वाले फाइनल में जम्मू-कश्मीर से भिड़ेगा। कर्नाटक ने पांचवें और आखिरी दिन छह विकेट पर 299 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया और बाकी बचे चार विकेट जल्दी गंवा दिए। इससे पूरी टीम 323 रन पर आउट हो गई और उसकी कुल बढ़त 826 रन हो गई। उत्तराखंड ने अवनीश सुधा ( 66 ), सचिन रावत ( नाबाद 53 ) और अभय नेगी ( नाबाद 57 ) की अर्धशतकों की मदद से कर्नाटक की जीत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इससे टीम ने दूसरी पारी छह विकेट पर 260 रन पर खत्म की।

## सितंबर में आयोजित की जायेगी लद्दाख मैराथन

नयी दिल्ली। विश्व में सबसे ऊंचाई वाले स्थान पर होने वाली प्रतिष्ठित लद्दाख मैराथन इस साल 10 से 13 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। आयोजकों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एआईएमएस से प्रमाणित लद्दाख मैराथन को दुनिया की सबसे चुनौती पूर्ण मैराथन माना जाता है जिसमें सिल्क रूट अल्ट्रा (122 किमी) और खारदुंग ला चैलेंजर अल्ट्रा रेस (72 किमी) आकर्षण का केंद्र होंगे। खारदुंग ला में 17,618 फीट की ऊंचाई पर होने वाली इन दोनों दौड़ में मैराथन और अल्ट्रा मैराथन का अनुभव रखने वाले धावक ही भाग ले सकते हैं। इस मैराथन के लिए पंजीकरण गुरुवार से शुरू हो गए हैं। इसमें भाग लेने के लिए आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। दो अल्ट्रा मैराथन के अलावा इसमें मैराथन ( 42 किमी ), हाफ मैराथन ( 21 किमी ), 11.2 किमी की दौड़ और पांच किमी की दौड़ भी शामिल हैं।

# अभियान का सकारात्मक अंत करना चाहेगा ऑस्ट्रेलिया

एजेंसी

पाल्लेकेले ( श्रीलंका )। अपने ग्रुप के दो महत्वपूर्ण मैच में हार से निराश ऑस्ट्रेलिया शुक्रवार को यहां ओमान की कमजोर टीम के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करके टी20 विश्व कप में अपनी निराशाजनक अभियान का सकारात्मक अंत करने की कोशिश करेगा। सीमित ओवरों के क्रिकेट में छह वनडे और एक टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप खिताब जीतने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम मंगलवार को कैंडी में जिम्बाब्वे और आयरलैंड के बीच मैच बारिश के कारण रद्द होने के बाद अगले दौर में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गई।

इस मैच के रद्द हो जाने से जिम्बाब्वे को एक महत्वपूर्ण अंक मिला जिससे उसने श्रीलंका के साथ ग्रुप बी से सुपर आठ में प्रवेश कर लिया। कुछ प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल होने से अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका के खिलाफ बल्लेबाजी में कुछ दम दिखाया लेकिन उसके गेंदबाज फिर से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। उसे इससे पहले जिम्बाब्वे के खिलाफ उलटफेर का शिकार होना पड़ा था। यही कारण है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने टीम के स्वदेश लौटने पर उसके प्रदर्शन की गहन समीक्षा करने का फैसला किया है। ऑस्ट्रेलिया के इस निराशाजनक प्रदर्शन में कुछ खिलाड़ियों के चोटिल होने के अलावा उसके



खराब खेल और चयन को लेकर कुछ फैसलों का भी योगदान रहा।

यह 2009 के बाद पहला अवसर है जबकि ऑस्ट्रेलिया की टीम ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाई।

# ब्रिटेन की पुलिस ने किया एंड्रयू को गिरफ्तार

## वह एंड्रयू माउंटबेटन विंडसर के आचरण की पुलिस जांच में सहयोग करने के लिए तैयार

लंदन। ब्रिटेन की पुलिस ने बृहस्पतिवार को महाराजा चार्ल्स तृतीय के छोटे भाई एंड्रयू माउंटबेटन-विंडसर को सार्वजनिक पद पर रहते हुए कदाचार के संदेह में गिरफ्तार किया है। उन पर यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन के साथ संबंध रखना का आरोप भी है।

टेम्स वैली पुलिस ने कहा कि बर्कशायर और नॉरफॉक में पूर्व प्रिंस से जुड़े ठिकानों पर तलाश अभियान जारी हैं, जबकि वह पुलिस हिरासत में है। पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्ति का नाम नहीं बताया है, लेकिन ऐसी खबर है कि इस गिरफ्तारी में एंड्रयू शामिल हैं। एंड्रयू का बृहस्पतिवार को जन्मदिन भी है और आज वह 66 वर्ष के हो गये। टेम्स वैली पुलिस के सहायक मुख्य कांस्टेबल ओलिवर राइट ने कहा कि गहन मूल्यांकन के बाद, हमने सार्वजनिक पद पर रहते हुए कदाचार के इस आरोप की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा, इस कथित अपराध की जांच करते समय यह महत्वपूर्ण है कि हम निष्पक्षता और अखंडता बनाये रखें। उन्होंने कहा कि हम इस मामले में जनता की व्यापक रुचि को समझते हैं और उचित समय पर विस्तृत जानकारी प्रदान करेंगे।



ब्रिटेन के कानून के अनुसार, किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस के पास अपराध होने का संदेह करने के लिए उचित आधार और संबंधित व्यक्ति को गिरफ्तार करना आवश्यक मानने के लिए ठोस आधार होना चाहिए। इससे पहले, जब एक दशक पहले तत्कालीन सरकार के व्यापार विभाग में पूर्व व्यापार दूत के रूप में कार्यकाल के दौरान एंड्रयू के खिलाफ लगे आरोपों के बारे में पूछा गया, तो ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने बीबीसी से कहा कि कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं है। स्टार्मर ने कहा, जिसके पास भी कोई जानकारी हो, उसकी जानकारी देनी चाहिए। इसलिए, चाहे वह एंड्रयू हो या कोई और, जिसके पास भी प्रासंगिक जानकारी हो, उसे संबंधित निकाय को बताना चाहिए। इस विशेष मामले में, हम एप्स्टीन की बात कर रहे हैं, लेकिन ऐसे कई अन्य मामले भी हैं। उन्होंने कहा, मेरी राय में, महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा के किसी भी पहलू से संबंधित जानकारी रखने वाले किसी भी व्यक्ति का यह कर्तव्य है कि वह आगे आए, चाहे वह कोई भी हो। उन्होंने कहा, हमारी व्यवस्था के मूल सिद्धांतों में से एक यह है कि कानून के समक्ष सभी समान हैं और कोई भी कानून से ऊपर नहीं है तथा यह वास्तव में महत्वपूर्ण है कि इसे हर जगह लागू किया जाए। उन्होंने कहा, यही सिद्धांत है। यह एक पुराना सिद्धांत है, यह हमारे देश, हमारे समाज का एक बहुत महत्वपूर्ण सिद्धांत है और यह इस मामले में भी उसी तरह लागू होता है, जैसे किसी अन्य मामले में होता है। यह गिरफ्तारी पिछले कुछ हफ्तों में सामने आए कई चौंकाने वाले आरोपों के बाद हुई है, जब अमेरिकी कांग्रेस द्वारा एप्स्टीन फाइल को जारी किया गया था। बकिंघम पैलेस ने इस महीने की शुरुआत में एक बयान जारी कर कहा था कि वह एंड्रयू माउंटबेटन विंडसर के आचरण की पुलिस जांच में सहयोग करने के लिऐ तैयारै है।

एंड्रयू से पिछले साल महाराजा द्वारा प्रिंस और ड्यूक ऑफ यॉर्क की सभी शाही उपाधि वापस ले ली गई थी। एंड्रयू ने कोई गलत कृत्य करने से इनकार किया है। यह मामला अभी भी सक्रिय है, इसलिए किसी भी प्रकाशन के दौरान सावधानी बरतें ताकि अदालत की अवमानना से बचा जा सके।

# एआई कंपनियों, भारतीय नवोन्मेषकों का संकल्प समावेशी एवं जिम्मेदार एआई को बढ़ावा देना: वैष्णव

नयी दिल्ली। कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़ी अग्रणी कंपनियों और भारत के नवोन्मेषकों ने नयी दिल्ली फ्रंटियर एआई इम्पैक्ट कमिटमेंट्स के तहत रोजगार सहित विभिन्न नीतिगत मुद्दों के समर्थन में वास्तविक दुनिया में एआई के उपयोग की समझ बढ़ाने तथा बहुभाषी और संदर्भ-आधारित मूल्यांकन को मजबूत करने का संकल्प किया है।



केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के निष्कर्षों की घोषणा करते बृहस्पतिवार को हुए कहा कि नयी दिल्ली फ्रंटियर एआई इम्पैक्ट कमिटमेंट्स के तहत अग्रणी एआई कंपनियां और भारत के नवोन्मेषक जैसे सर्वम, भारतजन, यानी और सोकेट...एक साझा दृष्टिकोण के साथ स्वैच्छिक प्रतिबद्धताओं के समूह पर सहमत हुए हैं जो समावेशी एवं जिम्मेदार एआई को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा, यह पहल एआई के काम करने के तरीके पर ग्लोबल साउथ नीत दृष्टिकोण के निर्माण में भारत को अग्रणी बनाएगी जो नवाचार को समानता एवं वास्तविक प्रभाव के साथ संतुलित करती है। मंत्री ने बताया कि इस संकल्प के तहत कंपनियों ने दो महत्वपूर्ण प्रतिबद्धताएं की हैं। पहली, वास्तविक दुनिया में एआई के उपयोग की समझ को बढ़ाना। इसके लिए गुमनाम एवं समेकित आंकड़ों के आधार पर रोजगार, कौशल व आर्थिक बदलाव जैसे विषयों पर साक्ष्य-आधारित नीतिनिर्माण का समर्थन किया जाएगा। वहीं दूसरी प्रतिबद्धता है, एआई प्रणालियों के बहुभाषी व संदर्भ-आधारित मूल्यांकन को मजबूत करना, ताकि एआई विभिन्न भाषाओं, संस्कृतियों एवं वास्तविक उपयोग परिदृश्यों में प्रभावी ढंग से काम कर सके, खासकर ग्लोबल साउथ (विकासशील) देशों में। वैष्णव ने कहा कि ये प्रयास मिलकर ऐसे एआई के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं जो केवल शक्तिशाली ही नहीं बल्कि समावेशी, विकासोन्मुखी और वैश्विक रूप से प्रासंगिक भी हो।

संक्षेप

## भारत-न्यूज़ीलैंड ने बागवानी पर चर्चा की

नयी दिल्ली। भारत और न्यूज़ीलैंड ने बृहस्पतिवार को बागवानी क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की, जिसमें भारतीय बाज़ार में कीवी रूटस्टॉक फल का आयात भी शामिल है। एक सरकारी बयान के अनुसार, भारत और न्यूज़ीलैंड ने बागवानी सहयोग पर साझा कार्यसमूह (जेडब्ल्यूजी) की पहली बैठक बुलाई। यह 12 मार्च, 2025 को दोनों देशों के बीच हस्ताक्षर किए गए सहमति सहयोग के तहत एक अहम कदम है। भारत और न्यूज़ीलैंड की जेडब्ल्यूजी बैठक की सह-अध्यक्षता कृषि विभाग के संयुक्त सचिव प्रिय रंजन और न्यूज़ीलैंड की तरफ से द्विपक्षीय संबंध एवं व्यापार विभाग के डिविजनल मैनेजर , स्टीव एन्सवर्थ ने की। बयान में कहा गया कि बैठक में दोनों तरफ के वरिष्ठ अधिकारी और तकनीकी विशेषज्ञ, बागवानी क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए एक साथ आए, जिसमें कीवी फल और पिप फल (सेब और नाशपाती) के विकास पर खास ध्यान दिया गया। रंजन ने बताया कि कीवीफल को भारत के लिए एक प्राथमिक फसल के तौर पर पहचाना गया है। कीवीफल कार्ययोजना के तहत खास ध्यान क्षेत्र पर बात की, जिसमें उत्कृष्टता केंद्र बनाना, बेहतर बाग प्रबंधन और उत्पादकता बढ़ाना, अच्छी गुणवत्ता के रूटस्टॉक और पौध सामग्री तक पहुंच, फसल कटाई बाद के प्रबंधन और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना शामिल है।

# असम दौरे के दूसरे दिन चाय बागान नामघर गये भाजपा अध्यक्ष नवीन

गुवाहाटी। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने असम के डिब्रूगढ़ जिले में एक चाय बागान का बृहस्पतिवार को दौरा किया तथा अथक परिश्रम और समर्पण के जरिए इस पेय पदार्थ को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए श्रमिकों की सराहना की। यह राज्य में नवीन के दौरे का दूसरा दिन है।

चाय बागान में नवीन के साथ केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, भाजपा की असम इकाई के अध्यक्ष दिलीप सैकिया और राज्य के संस्कृति मंत्री बिमल बोरा भी थे। नितिन नवीन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, असम के चाय बागानों ने अपनी असीम प्राकृतिक सुंदरता के लिए दुनियाभर में ख्याति प्राप्त की है और असम चाय ने अपने उत्कृष्ट स्वाद एवं बेहतरीन गुणवत्ता के लिए अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाईहै। यह चाय बागान श्रमिकों के अथक परिश्रम और समर्पण का परिणाम है और उनके दृढ़ संकल्प एवं प्रतिबद्धता ने हमेशा असम को गौरवान्वित किया है। इससे पहले, भाजपा अध्यक्ष ने राज्य के अन्य पार्टी नेताओं के साथ सोनोवाल के डिब्रूगढ़ स्थित आवास पर नाश्ता किया।

# जीवंत ग्राम कार्यक्रम के दूसरे चरण की शुरुआत करेंगे शाह

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सीमावर्ती गांवों के व्यापक और सतत विकास को सुनिश्चित करने के लिए तैयार किये गये जीवंत ग्राम कार्यक्रम (वीवीपी) के दूसरे चरण की शुक्रवार को शुरुआत करेंगे, जिसमें 15 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 1,954 सीमावर्ती गांव शामिल हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि वीवीपी का दूसरा चरण केंद्र द्वारा वित्त पोषित योजना होगी, जिसके लिए वित्तीय वर्ष 2028-29 तक 6,839 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।



केंद्रीय मंत्री असम के कछार जिले के नाथनपुर से इस कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। बयान में कहा गया है, इसका उद्देश्य आवश्यक बुनियादी ढांचे में सुधार करना, बुनियादी सेवाओं तक पहुंच बढ़ाना और स्थायी आजीविका के अवसर पैदा करना है, जिससे विकसित भारत 2047 की परिकल्पना के अनुरूप सुरक्षित और समृद्ध सीमावर्ती समुदायों का विकास हो सके। केंद्र सरकार द्वारा 15 फरवरी, 2023 को वीवीपी कार्यक्रम को मंजूरी दी गई थी, जिसमें अरुणाचल प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, उत्तराखंड और लद्दाख राज्यों के 19 जिलों में उत्तरी सीमा से सटे 46 ब्लॉक के 662 चयनित गांवों को शामिल किया गया था। गृह मंत्रालय द्वारा वीवीपी के पहले चरण के तहत 3,431 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली 2,558 परियोजनाओंकार्यों को मंजूरी दी गई थी और जागरूकता अभियान, स्वास्थ्य और पशु चिकित्सा शिविर, मेले और त्योहार और पर्यटन को बढ़ावा देने समेत 8,500 से अधिक गतिविधियां शुरू की गई हैं। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने तीन फरवरी को लोकसभा में एक लिखित जवाब में कहा था कि सरकार ने दो अप्रैल, 2025 को दूसरे चरण को मंजूरी दे दी थी जिसमें 15 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 1,954 सीमावर्ती गांवों को व्यापक विकास के लिए चिह्नित किया गया है। बयान में कहा गया है, इन गांवों को सशक्त बनाकर, यह कार्यक्रम निवासियों को राष्ट्र की आंख और कान के रूप में कार्य करने में सक्षम बनाता है, जिससे सीमा सुरक्षा और आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान मिलता है।

# पेड़ लगाने को एक बड़ा आंदोलन बनाने की जरूरत : चौहान

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को पर्यावरण बचाने और जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए पेड़ लगाने को एक बड़ा आंदोलन बनाने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया। वह हर दिन कम से कम एक पौधा लगाने के अपने वादे के पांच साल पूरे होने पर एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

चौहान ग्रामीण विकास मंत्री भी हैं। उन्होंने 19 फरवरी, 2021 को नर्मदा जयंती के मौके पर अमरकंटक में रुद्राक्ष और साल के पौधे लगाकर इस हरित पहल की शुरुआत की थी। मंत्रालय ने पिछले पांच साल में 6,000 से ज़्यादा पौधे लगाए हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, चौहान ने घोषणा किया कि उनके दोनों मंत्रियों द्वारा आयोजित किए जाने वाले सभी कार्यक्रम पौधे लगाने से शुरू होंगे। उन्होंने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद



(आईसीएआर) के अधिकारियों को भी ऐसा ही करने का निर्देश दिया। ऐसे कार्यक्रम में खास लोगों के सम्मान में पौधे दिए जाने चाहिए। अपने वादे के पांच साल पूरे होने पर, मंत्री ने पेड़ लगाने को एक बड़ा आंदोलन बनाने के लिए एक मंच बनाने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया और कहा कि वह इस दिशा में काम करेंगे। चौहान ने कहा कि जलवायु परिवर्तन दुनिया भर में एक बड़ी चिंता बन गया है। हमें जलवायु परिवर्तन के बुरे असर से निपटने के लिए कदम उठाने की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार कोशिश कर रही है और कई कदम उठाए हैं, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि धरती मां की रक्षा करना पूरे समाज और हर नागरिक की ज़िम्मेदारी है। मंत्री ने कहा कि अगर पेड़ होंगे तो पर्यावरण सुरक्षित रहेगा। पर्यावरण की रक्षा का सबसे असरदार तरीका जंगल और हरियाली बढ़ाना है। चौहान ने कहा कि उन्होंने यह वादा पांच साल पहले किया था। उन्होंने कहा कि अब, पेड़ लगाने के लिए एक बड़ा मंच बनाने की ज़रूरत है जो समाज के सभी वर्गों को साथ ले सके। चौहान ने लोगों से अपने जन्मदिन पर कम से कम एक पौधा लगाने की अपील की। इस कार्यक्रम में आईसीएआर के महानिदेशक एम एल जाट, पर्यावरणवादी अनिल जोशी आदि भी मौजूद थे।

# अनिल का शीर्ष अदालत में हलफनामा, बिना इजाजत देश नहीं छोडूंगा

नयी दिल्ली। रिलायंस (एडीएजी) के चेयरमैन अनिल अंबानी ने उच्चतम न्यायालय में हलफनामा देकर कहा है कि वह बिना पूर्व-अनुमति के देश नहीं छोड़ेंगे और एजेंसियों के साथ जांच में पूरा सहयोग करेंगे। यह मामला अनिल धीरूभाई अंबानी समूह (एडीएजी) द्वारा कथित रूप से 40,000 करोड़ रुपये की बैंकिंग एवं कॉरपोरेट धोखाधड़ी से जुड़ा है। शीर्ष अदालत में दायर हलफनामे में अंबानी ने कहा कि उनका देश छोड़ने का कोई इरादा नहीं है और न ही उनकी कानूनी प्रक्रिया से बचने की कोई मंशा है। अंबानी ने कहा कि मैं शपथ लेकर कहता हूं कि मैंने जुलाई, 2025 से मौजूदा जांच शुरू होने के



बाद से भारत नहीं छोड़ा है और फिलहाल देश से बाहर जाने का मेरा कोई इरादा नहीं है।

उन्होंने साथ ही वादा किया कि यदि उन्हें किसी काम से विदेश जाना पड़ा तो वह उससे पहले अदालत की अनुमति लेंगे। मैं पूरी ईमानदारी से जांच में एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग कर रहा हूं और आगे भी ऐसा करना जारी रखूंगा। अंबानी ने यह हलफनामा पूर्व नौकरशाह ईएएस सरमा की उस अर्जी के जवाब में दिया है, जिसमें एडीएजी, अनिल अंबानी और समूह की कंपनियों से जुड़े कथित बड़े बैंकिंग और कॉरपोरेट घोटाले की निष्पक्ष, तुरंत और बिना किसी भेदभाव के जांच की अपील की गई है। हलफनामे में कहा गया कि उन्हें प्रवर्तन निदेशालय ने 26 फरवरी, 2026 को पेश होने के लिए बुलाया है। उन्होंने उस तारीख को पेश होने और जांच में शामिल होने का वादा किया है। अंबानी ने कहा कि मैं अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग करने का वादा करता हूं, साथ ही प्रक्रिया में स्पष्टता सुनिश्चित करूंगा।

इंटरटेनमेंट...

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर 'घूसखोर पंडत' नाम हटाया

मुंबई। मनोज बाजपेयी की फिल्म घूसखोर पंडत का नाम बदल दिया गया है। फिल्ममेकर नीरज पांडेय ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट दाखिल करके इसकी जानकारी दी। जिसमें बताया गया कि फिल्म का विवादित टाइटल हटा दिया गया है। अब इसका कहीं इस्तेमाल नहीं होगा। नया नाम अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन जो भी रखा जाएगा, वह पुराने नाम जैसा या उससे मिलता-जुलता नहीं होगा। नीरज पांडेय ने कोर्ट

**फिल्ममेकर नीरज पांडेय बोले – नया टाइटल अभी तय नहीं, कहानी के अनुसार रखा जायेगा**

में बताया कि नया नाम फिल्म की कहानी और उद्देश्य को सही ढंग से दिखाएगा और कोई गलत मतलब नहीं निकलेगा। इसके अलावा पुराने नाम से जुड़े सभी पोस्टर, ट्रेलर और प्रचार सामग्री भी पहले ही हटा दी गई है। दरअसल 12 फरवरी को पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने फिल्ममेकर और ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स को फिल्म का नाम बदलने का आदेश दिया था। याचिकाकर्ता अतुल मिश्रा ने फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की मांग की है। नेटफ्लिक्स ने 3 फरवरी 2026 को मनोज बाजपेयी की 'घूसखोर



पंडत' का ऐलान भी टीजर रिलीज करके किया गया था। लेकिन जैसे ही इसका टीजर जारी किया गया तो इसके टाइटल को लेकर विवाद शुरू हो गया है। लोग सड़कों पर उतर गए। इसके बाद यह मामला कोर्ट तक पहुंच गया। टीजर में मनोज बाजपेयी सीनियर इंस्पेक्टर अजय दीक्षित के किरदार में नजर आ रहे हैं, जिन्हें दिल्ली में 'पंडित' के नाम से जाना जाता है। फिल्म में उन्हें एक बदनाम पुलिस अधिकारी के रूप में दिखाया गया है। टीजर के मुताबिक, दीक्षित 20 साल पहले एसआई के रूप में भर्ती हुए थे और अपने किए गए कारनामों की वजह से उन्हें बार-बार डिमोट किया गया। अलग-अलगह जगहों पर ब्राह्मण समाज ने नेटफ्लिक्स की 'घूसखोर पंडत' के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। इसके अलावा मुंबई के वकील आशुतोष दुबे का आरोप है कि 'पंडत' जैसे सम्मानजनक शब्द को भ्रष्टाचार के साथ जोड़ना न केवल गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि इससे पूरे समुदाय की गरिमा को ठेस पहुंचती है। नोटिस में कहा गया है कि यह फिल्म जानबूझकर एक समुदाय की छवि को खराब करने की कोशिश कर रही है।

यह केवल क्रिएटिव फ्रीडम नहीं है बल्कि कला के नाम पर किसी समुदाय की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाना है। उनका कहना है कि फिल्म का नाम केवल सनसनी फैलाने के इरादे से रखा गया है, जिसमें सामाजिक संवेदनशीलता की अनदेखी की गई है। इसके साथ ही, वकील ने फिल्म का नाम बदलने की मांग भी की है। फिल्म का टीजर और उससे जुड़ा सभी प्रमोशनल कंटेंट नेटफ्लिक्स इंडिया के सोशल मीडिया अकाउंट्स और यूट्यूब से हटा दिया गया।

## फुल स्टॉप जरूरी पर प्यार को कॉमा दें

मुंबई। मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी की अपकमिंग रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दो दीवाने शहर में' कल यानी कि 20 फरवरी 2026 को रिलीज होने वाली है। मृणाल और सिद्धांत ने हाल ही में दैनिक भास्कर से खास बातचीत की। मृणाल जहां खुद से प्यार करना, धीमी जिंदगी और भावनात्मक संतुलन की बात करती हैं, वहीं सिद्धांत इंडस्ट्री में जजमेंट, भाषा के कॉम्प्लेक्स और अपनी जड़ों पर गर्व का खुलकर जिक्र किया। मृणालः मेरे लिए वह वही समय और वही मुकाम था, जब यह चीज मेरी जिंदगी में होनी थी। मुझे लगता है कि मेरे भीतर बहुत सारी जटिलताएं, असुरक्षाएं और डर थे। लेकिन आज उन्हीं कमजोरियों को मैंने अपनी ताकत बना लिया है। मृणालःशुरूआत में मुझे बहुत डर लगता था कि अगर मैं हिंदी या अंग्रेजी में बात करूंगी, तो मेरी मराठी एक्सेंट सामने आ जाएगी।

## रोहित शेट्टी हाउस फायरिंग केस

**मुंबई।** फिल्ममेकर रोहित शेट्टी के घर पर फायरिंग के मामले में जानकारी सामने आई है कि आरोपी दीपक शर्मा को फरार आरोपी शुभम लोंकर की ओर से 15 लाख रुपए देने का वादा किया गया था। सीएनएन न्यूज18 की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि दीपक को सिर्फ रोहित शेट्टी के घर के बाहर गोलियां चलाने के लिए कहा गया था। इसके लिए उसे 50 हजार रुपये एडवांस दिए गए थे, जबकि बाकी 14.50 लाख रुपए बाद में देने की बात थी। पूछताछ में दीपक शर्मा ने यह भी कबूल किया कि उसने पैसों के लिए फायरिंग करने की हामी भरी थी। उसने बताया कि उस पर 8 लाख रुपये का कर्ज था।

# फिल्म 'टॉक्सिक' का टीजर आज होगा रिलीज

**मुंबई।** साउथ इंडस्ट्री के सबसे बड़े स्टार यश की बहुप्रतीक्षित फिल्म टॉक्सिकः ए फैरिटेल फॉर ग्रोन-अप्स का टीजर रिलीज होने की तारीख आखिरकार सामने आ गई है। फिल्म के निमार्ताओं ने पुष्टि की है कि 20 फरवरी सुबह 9:30 बजे इसका टीजर आधिकारिक तौर पर लॉन्च किया जाएगा। इससे पहले फैंस में अफवाहें थीं कि मेकर्स फिल्म

**19 मार्च 2026 को रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' से बॉक्स ऑफिस क्लैश तय**

की रिलीज डेट आगे बढ़ा सकते हैं, लेकिन अब सब कुछ तय हो चुका है। टीजर पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया गया है, जिसमें यश खून से सना हुआ मैदान में खड़े दिखाई देते हैं। हाथ में बोतल लिए, बफीर्ले मैदान के बीच उनका रुख कुछ अलग ही अंदाज बयां करता है। पोस्टर को




देखकर ही फैंस में जानलेवा कहानी की उम्मीद और बढ़ गई है। फिल्म 19 मार्च 2026 को बड़े पर्दे पर दस्तक देने के लिए तैयार है और उसी दिन रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' भी रिलीज हो रही है, जिससे बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त टक्कर देखने को मिल सकती है। यह फेस-ऑफ इंडस्ट्री के लिए भी एक बड़ा इवेंट बनता दिख रहा है। 'टॉक्सिक' को गीतू मोहनदास डायरेक्ट कर रही हैं और यह कहानी उस शख्स के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसने खौफ, खून और धोखे से अपना साम्राज्य खड़ा कर रखा है। इस फिल्म का निर्माण ङ्श्ठ प्रोडक्शंस के बैनर तले हुआ है और यह एक हाई-एंड एक्शन ड्रामा के रूप में पेश की जा रही है। फिल्म में यश के अलावा कियारा आडवाणी, नयनतारा, हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया, रुक्मिणी वसंत, टोविनो थॉमस, अक्षय ओबेरॉय, डैरेल डिसिल्वा, सुदेव नायर जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। इस स्टारकास्ट और कहानी की वजह से पहले ही काफी चर्चा बनी हुई है। यश के फैंस सोशल मीडिया पर काफी उत्साहित हैं और वे टीजर के आने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। टीजर रिलीज के साथ ही फिल्म का प्रोमोशन और भी जोर पकड़ सकता है।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com